PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATES

1965

(FEBRUARY- MARCH- APRIL SESSION)

VOL. I Nos. 1-8

(PART I)

Dated :-

23rd February, 1965

24th February, 1965

25th February, 1965

26th February, 1965

27th February, 1965

2nd March, 1965.

3rd March, 1965. (Morning Sitting)

3rd March, 1965 (Afternoon Sitting)

....

Punjab Vidhan Sabha Debates

23rd February, 1965

Vol. I—No. 1

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Tuesday, the 23rd February, 1965

Price Rs. 2.10 Paise.

ERRATA

TO

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATES VOL. I, NO. 1, DATED THE 23RD FEBRUARY, 1965.

Read	*For*	*Page*	*Line*
कमीशन	कम ` शन	(1)9	5
कानफ्रेंस	कानफेस	(1)10	3
गवर्नमेंट	गर्वमैंट	(1)24	22
among	an ong	(1)42	9

PUNJAB VIDHAN SABHA

Tuesday, the 23rd February, 1965

The Vidhan Sabha met in the Assembly Chamber, Sector 1, *Chandigarh, at* 9 *a.m. of the Clock. Mr. Speaker* (*Shri Harbans Lal*) *in the Chair.*

QUESTION HOUR (DISPENSED WITH)

श्री बलरामजी दास टंडन : स्पीकर साहिब, क्या आज Question Hour नहीं होगा ?

श्री अध्यक्ष : नहीं । बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट को सुन लें। Everything is clear in it (No. Please hear the report of the Business Advisory Committee. Everything is clear in it.)

REPORT OF THE BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

Mr. Speaker : I have to report to the House the time-table fixed by the Business Advisory Committee in regard to the different items of business. The Committee at its meeting held on the 22nd February, 1965, has made the following recommendations—

The Committee, after some discussion, recommended that the business in the House be transacted as follows on the days mentioned against each :—

Tuesday, the 23rd February, 1965 ...	(i) There will be no Question Hour. (ii) Obituary references to the deaths of the late— (1) Sardar Partap Singh Kairon ex-Chief Minister, Punjab ; (2) Shri H.C. Dasappa, Union Minister for Industry and Supplies ; (3) Chaudhri Baru Ram, ex-M.L.A (4) Shri M.R. Sachdev, Lt. Governor of Goa, Daman and Diu, and adjournment of the House thereafter.
Wednesday, the 24th February, 1965..	(i) Presentation of the Supplementary Estimates (Second Instalment), 1964-65. (ii) Discussion on Governor's Address. (*As already notified*)
Thursday, the 25th February, 1965 ..	Non-official Business.
Friday, the 26th February, 1965 (1.30 P.M. to 6.00 P.M.)	Discussion and Voting of Supplementary Estimates (Second Instalment), 1964-65.

[Mr. Speaker]

Saturday, the 27th February, 1965 (9.00 A.M. to 1.30 P.M.)	Discussion on Governor's Address
Sunday, the 28th February, 1965 ..	Holiday. 2
Monday, the 1st March, 1965 ..	Off day.
Tuesday, the 2nd March, 1965 (2.00 P.M. to 6.30 P.M.)	Discussion on Governor's Address.
Wednessday, the 3rd March, 1965—	
(i) First sitting (9.00 A.M.) ..	(i) Question Hour. (ii) Presentation of Budget Estimates, 1965-66 at 10.00 A.M.
(ii) Second sitting (1.00 P.M. to 4.30 P.M.)	(i) There will be no Question Hour. (ii) Discussion on Governor's Address.
Thursday, the 4th March,1965— (i) First sitting (9.00 A.M. to 1.30 P.M.)	(i) Question Hour. (ii) Appropriation Bill on the Supplementary Estimates (Second Instalment), 1964-65.
(ii) Second sitting (3.00 P.M. to 6.30 P.M.)	(i) There will be no Question Hour. (ii) Non-official Business.

Consideration of the further programme will be taken up later.

2. List of Questions meant for 23rd February, 1965 will be taken up on the 27th February, 1965.

The Committee then adjourned to meet again on Tuesday the 23rd February, 1965 immediately after the adjournment of the House on that day.

Chief Minister (Shri Ram Krishan) : Sir, I beg to move—

That this House agrees with the recommendations contained in the Report of the Business Advisory Committee.

Mr. Speaker : Motion moved—

That this House agrees with the recommendations contained in the Report of the Business Advisory Committee.

श्री बलरामजी दास टंडन (अमृतसर शहर, पश्चिम) : स्पीकर साहिब, पहली बात तो यह है कि अगर आज यह रिपोर्ट पेश होनी थी तो फिर क्वैस्चन आवर भी होना चाहिए था ; अगर क्वैस्चन आवर आफ किया गया था तो यह रिपोर्ट भी यहां आज पेश नहीं होनी चाहिए थी। लेकिन जो अब किया गया है ठीक नहीं किया गया है ।

दूसरी बात यह है कि आज बजट सैशन के शुरू में ही जो बिज़नैस एडवाइज़री कमेटी की पहली मीटिंग हुई है उस की रिपोर्ट में यह फैसला सुना दिया गया है कि दो दो सिटिंगज़ इस सभा की होंगी। यह निहायत ही गलत बात है। पिछले सैशन के खत्म होने के बाद 50/60 मैम्बरान ने चीफ मिनिस्टर साहिब और चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेट्री साहिब को लिख कर दिया था कि बजट सैशन को जल्दी शुरू किया जाए ताकि बाद में भगदड़ न मचे। कई स्टेटस मे तो इस महीने

के पहले हफता में बजट सैशन शुरू हो चुका है लेकिन यहां पर अब चौथे हफ्ते में शुरू हो रहा है। इस के बाद फिर सरकार कहेगी कि 31 मार्च नजदीक आ रही है इस लिए बजट जल्दी पास करना है। अगर सरकार ने इसी तरह करना है कि सैशन भी लेट शुरु करना है, दो दो सिटिंगज रखनी हैं और सारी बिजनैस को रश थरू करना है तो यह बहुत अनुचित बात है। जहां तक डब्ल सिटिंग्ज़ रखने का सवाल है हम इस की पुरजोर अलफाज में मुखालिफत करते हैं और मांग करते हैं कि दो दो सिटिंग्ज़ की बजाए एक एक सिटिंग ही हो।

बाबू बचन सिंह (लुध्याना उत्तर) : स्पीकर साहिब, हम समझते थे कि बदले हुए हालात में नई मिनिस्ट्री एक अच्छे ढंग से काम करेगी और अच्छी ट्रैडीशनज़ कायम करने की कोशिश करेगी लेकिन हमें इस सैशन के शुरू में ही बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि निहायत ही गलत ढंग और तर्ज़ से चलने की कोशिश की जा रही है। पंजाब के बारे में हमेशा से ही यह कहा जाता रहा था कि "it is the Punjab" और जब यह कहा जाता था तो इस का यह मतलब लिया जाता था कि यहां पंजाब में कोई कायदा कानून नहीं चलता, पुलिस राज चलता है और जमहूरियत नहीं चलती है। अब आप देखें कि बजट सैशन के शुरू में ही जब यह भाग दौड़ मच गई है तो हम किस तरह से बहस कर सकते हैं और काम एटमसफियर में काम चल सकता है। मुझे अफसोस है उन मैम्बर साहिबान पर जिन्होंने बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में इस फैसला को कबूल किया कि दो दो सिटिंग्ज एक दिन में की जाएं। यह निहायत गलत बात है और इस से ज्यादा गलत बात और कोई नहीं हो सकती। अगर सैशन के आखरी दिनों में कोई खास हालात पैदा हो जाएं और कोई एमरजैंसी आ जाए तो दो सिटिंग्ज़ रखना समझ में आ सकता है लेकिन अब सैशन के आगाज में ही हमें कहा जा रहा है कि एक दिन में दो दो सिटिंगज होंगी। आखिर इस का क्या मतलब है? यही कि यह मिनिस्ट्री ज्यादा देर तक असैम्बली को बिठाए रखना नहीं चाहती। अगर यह कहा जाए कि बजट 31 मार्च तक पास होना जरूरी है तो उस के लिए आखरी दिनों में डबल सिटिंग्ज के बारे में सोचा जा सकता है या कहीं डिस्कशन को करटेल करने की बात की जा सकती थी लेकिन आगाज में ही हमारे पीछे लठ ले कर पड़ गए हैं कि डब्ल सिटिंग्ज करेंगे। यह इस बात की निशानी है कि हमारी मिनिस्ट्री जो डैमोक्रेसी का दावा करती फिरती है वह गलत है। कभी कहते हैं कि हम डैमोक्रेटिक सोशलिज्म लाएंगे लेकिन यह लोगों को कैसे डैमोक्रेटिक सोशलिज्म देंगे जब कि खुद असैम्बली के हकूक पर छापा मारा जा रहा है। हम इस फैसले को कबूल करने के लिए तैयार नहीं हैं।

Mr. Speaker : The hon. Chief Minister is going to reply to the Debate on the motion that this House agrees with the recommendations contained in the Report of the Business Advisory Committee.

मुख्य मन्त्री (श्री राम किशन) : स्पीकर साहिब, मुझे अफसोस है कि पहले जिस दिन हमारे साबिक नेता सरदार प्रताप सिंह कैरों के अफसोसनाक........

बाबू बचन सिंह : आन ऐ प्वाइंट आफ आर्डर, सर। यहां पर तो बिज़नैस एडवाइज़री कमेटी की रिपोर्ट पर बात हो रही है लेकिन यह दूसरी बात कर रहे हैं। इस की इस से क्या रैलेवैंसी है? (शोर)

मुख्य मन्त्री : मैं अर्ज़ कर रहा था कि उस दिन जब ट्रिब्यूट पे करने के लिए इकटठे हुए थे (शोर)

चौधरी देवी लाल : आन ऐ प्वायंट आफ आर्डर, सर। यहां पर इस रिपोर्ट के ऊपर क्रिटीसिजम चल रहा है। बेहतर होगा अगर आप बिज़नैस एडवाइज़री कमेटी के मैम्बरान को सारी चीज़ ऐकसप्लेन करने के लिए टाइम दें कि किन हालात में ऐसा किया गया है।

Mr. Speaker : The hon. Chief Minister is replying to the Debate on the motion in regard to the adoption of the Report of the Business Advisory Committee.

डाक्टर बलदेव प्रकाश : आन ऐ प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहिब, चीफ मिनिस्टर साहिब ने हमारे प्वायंटस का जवाब दिए बगैर ओबिचुयरी रैफरेंस टेक अप कर लिए हैं। अगर सैंटीमैंटल अपील करके ही बिज़नैस एडवाइज़री कमेटी की रिपोर्ट पास करानी हो तो अलग बात है। मैं समझता हूं कि यह गलत बात है। हम हाउस की किसी भी दिन दो सिटिंग कभी भी बर्दाशत नहीं करेंगे। मैं समझता हूं कि आपोजीशन यह बात बर्दाशत नहीं करेगी।

मुख्य मन्त्री : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था और मैं हाऊस में इस बात को दोबारा ज़ोरदार श्ब्दों में दोहराना चाहता हूं कि जहां तक इस सरकार का सम्बन्ध है, यह सरकार इस सदन की पार्लियामैंटरी रिवायात को पूरी तरह बरकरार रखना चाहती है। यह सरकार इस सूबे के अन्दर डैमोक्रेसी को मजबूत करना चाहती है। बिज़नैस एडवाइज़री कमेटी में जो रिपोर्ट तैयार की गई वह यूनैनिमसली तैयार की गई। यह भी रिवायत है कि बिज़नैस एडवाइज़री कमेटी की रिपोर्ट पहली फुरसत में हाऊस में पेश होनी चाहिए। इस लिए यह रिपोर्ट आज पेश की गई है। मैं आशा रखता हूं कि हाउस सारी पार्लियामैंटरी रिवायतों को मद्देनजर रखते हुए और डैमोक्रेसी को मज़बूत बनाने के लिए इस रिपोर्ट को मंज़ूर करेगा।

स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा इस हाउस को बताना चाहता हूं कि यह सरकार असैम्बली के इजलास को फेस करने से किसी तरह से कतराती नहीं है। (तालियां) (प्रशंसा) अगर हाउस चाहे तो हम असैम्बली का इजलास मई या जून तक ले जाने के लिए तैयार हैं। हम हाउस में हर एक चीज़ को फेस करने के लिए तैयार हैं। (तालियां) इस प्रोग्राम को तबदील करने के दो कारण हैं। पहली चीज़, आज का दिन स्वर्गीय सरदार प्रताप सिंह कैरों को श्रद्धांजलि देने के लिए निश्चित किया गया है। सरदार प्रताप सिंह कैरों की अचानक ही हत्या कर दी। इस लिए प्रोग्राम में चेंज करनी पड़ी है। दूसरी बात यह है कि शिवरात्री के लिए छुट्टी की है। मैं जानता हूं कि माननीय सदस्य इस के लिए खुद अखबारों में और अन्य स्थान पर छुट्टी देने की आवाज उठाते हैं। उस के मुताबिक हाउस को एडजर्न करने का

फैसला बिजनैस एडवाइजरी कमेटी में किया गया है। दो दिन ही दो सिटिंगज का सम्बन्ध है। स्पीकर साहिब, मैं आप की मार्फत हाउस को यकीन दिलाना चाहता हूं कि यह सरकार किसी बात को हाउस में फेस करने से हिचकिचाती नहीं है और हर एक चीज को फेस करने के लिए तैयार है। पंजाब में डैमोक्रेसी को मजबूत करना चाहती है। (तालियां) हम ऐसी चीज करना चाहते हैं जिस से राष्ट्र की जड़े मजबूत हों और सारी पार्लियामेंट्री रिवायात को बरकरार रखना चाहते हैं। मैं आशा रखता हूं कि हाउस बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट को यूनेनीमसली मंजूर करेगा।

डाक्टर बलदेव प्रकाश : आन ऐ प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहिब, मामला तो बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट का है लेकिन चीफ मिनिस्टर साहिब राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए बातें करने लग पड़े हैं। क्या यह बहस के साथ सम्बन्ध रखती है ?

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ, ਸਰ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਨੂੰ ਬਹੁਤ ਅਫਸੋਸ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਰਿਪੋਰਟ ਉਤੇ ਬਹਿਸ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਬਿਜ਼ਨੈਸ ਅਡਵਾਇਜ਼ਰੀ ਕਮੇਟੀ ਨੇ ਯੂਨੈਨੀਮਸਲੀ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਆਨਰੇਬਲ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਕਮੇਟੀ ਵਿਚ ਕੁਝ ਦਿੱਕਤਾਂ ਆਈਆਂ ਸਨ, ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਸ਼ਿਵਰਾਤਰੀ ਦੀ ਛੁੱਟੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਸਮਝੀ ਗਈ ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦੀ ਸਿਫਾਰਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਸ ਕਾਰਨ ਪ੍ਰੋਗ੍ਰਾਮ ਅਪਸੈਟ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ।

ਦੂਜੇ, ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਹਾਊਸ ਕੁਝ ਦੇਰ ਪਹਿਲਾਂ ਬੁਲਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਤਾਂ ਕੋਈ ਦਿੱਕਤ ਪੇਸ਼ ਨਾ ਆਉਂਦੀ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਹ ਗੱਲ ਮੰਨ ਲਈ ਹੈ ਕਿ ਹਾਊਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਜਿੰਨੀ ਦੇਰ ਚਾਹੁਣ ਸੈਸ਼ਨ ਜਾਰੀ ਰੱਖਿਆ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਸ ਐਸ਼ੋਰੈਂਸ ਨੂੰ ਮੁੱਖ ਰੱਖਦੇ ਹੋਏ ਮੈਂ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਅਪੀਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਬਹਿਸ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਨ ਤਾਕਿ ਅਗਲੀ ਕਾਰਵਾਈ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ। ਮੈਂ ਇਸ ਪੱਖ ਵਿਚ ਹਾਂ ਕਿ ਹਾਊਸ ਦੀਆਂ ਦੋ ਸਿਟਿੰਗਜ਼ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ।

डाक्टर बलदेव प्रकाश : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहिब, मुझे बहुत अफसोस है कि चीफ मिनिस्टर साहिब ने हाउस में गलत आर्गूमेंटस दी हैं। यह कहा गया है कि रिपोर्ट में हाउस को शिवरात्री के कारण एडजर्न करने की सिफारिश की गई है। उस के लिए तो सरकार ने शनिवार ले लिया है। इस लिए उन की यह आर्गूमेंट किस तरह से फिट बैठती है ?

श्री अध्यक्ष : जब भी बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट हाउस में पेश हो तो क्वैस्चन यह है कि उस पर कम से कम डिसकशन या डिसकशन नहीं होनी चाहिए।

(**कुछ आवाजें** : ऐसा कोई कानून नहीं है।)

रूलज आफ प्रोसीजर ऐंड कंडक्ट आफ बिजनैस के रूल 37 के मुताबिक बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की रिपोर्ट पर आधा घंटा बहस हो सकती है। उस रिपोर्ट पर एक माननीय सदस्य पांच मिनट बोल सकता है। इस कमेटी में तमाम ग्रुपस के नुमायंदे

[श्री अध्यक्ष]
शामिल होते हैं। इस लिए ख्याल यह किया जाता है कि इस रिपोर्ट पर कम से कम डिस्कशन या डिस्कशन नहीं होनी चाहिए।

(The convention is that discussion on the report of the Business Advisory Committee is limited or it is not discussed when it is presented in the House

The report of the Business Advisory Committee can however be discussed for half an hour under Rule 37 of the Rules of Procedure and Conduct of Bussiness of the Assembly. An hon. Member can speak for 5 minutes on that report. I may point out that representatives from all groups in the House are included in this Committee. So it is felt that either the minimum possible discussion should take place on the report or there should be no discussion on it at all.)

चौधरी देवी लाल : आन ऐ प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहिब, मैं भी बिजनैस एडवाइज़री कमेटी का मेम्बर हूं। इस नाते से मेरा फर्ज बन जाता है कि मैं भी अपने विचार हाउस में रखूं और हाउस को जो गलत फहमी हो गई है उस को दूर करने की कोशिश करूं। कमेटी में हमें मुश्किलें आईं, उन को मद्देनजर रखते हुए हम नें ठीक फैसला किया है। हमारे सामने शनिवार का सवाल आया था और उस के साथ यह भी बात सामने आई थी कि रशियन डैलीगेशन हाउस की प्रोसीडिंगज को वाच करना चाहता है। इस लिए मुनासिब समझा कि शनिवार को सेशन किया जाए। दूसरे फिनांस मिनिस्टर साहिब का भी मैसेज आया था। शिवरात्री की भी छुट्टी होनी चाहिए। हम ने यही मुनासिब समझा कि दो दिन की छुट्टी होनी चाहिए। यह फैसला बहुत सोच समझकर किया गया था। अगर हमारे किसी भी दोस्त को कोई गलतफहमी हो गई है तो हम उस गलतफहमी को दूर करने की कोशिश करेंगे और उसे डिटेलज में एक्सप्लेन भी कर देंगे। टाइम तो बहुत कम है और पांच मिनट में सब कुछ बताया नहीं जा सकता है इस लिए हम अपने साथियों को बाद में एक्सप्लेन कर देंगे। हम ने सारे हालात को देख कर ही यह रिपोर्ट तैयार की है और मैं चाहता हूं कि हाउस इस रिपोर्ट को मंजूर करे।

कामरेड राम प्यारा: आन ऐ प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहिब, हमें हाउस के प्रोग्राम को चेंज करने में कोई इतराज नहीं है। हम ने पहले ही हाउस के प्रोग्राम को सामने रखते हुए कोर्टस की डेटस फिक्स कराई हैं ताकि हम हाउस की बहस में हिस्सा ले सकें। कोर्टस नें तो अपनी मर्ज़ी से चलना है और उन्होंने हाउस के बदले हुए प्रोग्राम को कंसिडर नहीं करना होता है। मैं ने इसी लिए अपनी पेशियां शनिवार को रखवाई हुई हैं। मैं चाहता हूं कि हाउस की कार्यवाही शनिवार को न रखी जाए ताकि हम अपना केस कोर्टस में प्लीड कर सकें।

Mr. Speaker : Your personal difficulties will be removed.

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहिब, हमारी भी पर्सनल डिफीकल्टीज़ हैं। उन का भी ख्याल रखा जाना चाहिए। हम भी अपने केसिज़ की डेट्स कोर्टस में शनिवार को फिक्स करवाई हुई हैं ताकि वहां पर जाकर अपने केसिज़ को प्लीड कर सकें। मैं चाहता हूं कि हाउस की सिटिंग शनिवार को न की जाए।

Mr. Speaker : Question is—

That this House agrees with the recommendations contained in the Report of the Business Advisory Committee.

(*After ascertaining the votes of the Members present by voices, Mr. Speaker gave an opinion. The opinion was challenged. The bells were sounded. The Question was put again and carried by a voice vote.*)

The motion was declared carried.

(GOVERNOR'S ADDRESS
(*Copy laid on the Table of the House*)

Mr. Speaker : In pursuance of Rule 18 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Punjab Legislative Assembly, I have to report that the Governor had addressed Members of both the Houses of the State Legislature assembled together on the 22nd February, 1965, under Article 176 (1) of the Constitution.

A copy of the Address is laid on the Table of the House.

दोस्तो,

अपना ओहदा संभालने के बाद इस राज्य के विधान मण्डल के सामने भाषण देने का यह मेरा पहला मौका है। विधानमण्डल के दोनों सदनों के एक साथ इकट्ठा होने के इस मौके पर मैं आप सब को और खासकर उनको जो पिछले ज़िमनी चुनावों में कामयाब होकर आए हैं, मुबारिकबाद देता हूं। मैं यह चाहता हूं कि आपकी कार्रवाई हर तरह से सफल रहे।

आपको मालूम है कि पिछले साल मई में हिन्दुस्तान किस बड़ी मुसीबत से दो चार हो चुका है। आज पंडित जवाहर लाल जी इस दुनिया में नहीं हैं, जिस के सुख और चैन की तलाश में, उन्होंने अपनी ज़िंदगी लगा दी। उन का इस दुनियां से उस वक्त उठ जाना, जिस वक्त उन की हम को बड़ी जरूरत थी हमारी बहुत बड़ी महरूमी है। उनकी ज़ात से हमारा नाम दुनियां में ऊंचा हुआ और रोशन हुआ और उन का नामेनामी दुनिया अपनी तारीख़ में हमेशा सुनहरी लफज़ों में महफूज़ रखेगी।

2. राज्य में सरकारी सरगर्मियों और आगे अपनाई जाने वाली नीतियों का ज़िक्र करने से पहले, मैं यह बताना चाहता हूं कि राज्य के पिछले मुख्य मन्त्री, सरदार प्रताप सिंह कैरों और उनकी कार में तीन साथियों के हाल ही के अफ़सोसनाक कतल पर मुझे और मेरी सरकार को गहरा सदमा तथा दुःख हुआ है। सरदार प्रताप सिंह कैरों ने देश और इस राज्य की कई सालों तक जो सेवा की, उससे हम सभी अच्छी तरह वाकिफ़ हैं।

हमें इस वहशियाना कतल से गहरा दुःख हुआ है। मेरी सरकार और मैं इस खौफ़नाक जुर्म करने वाले कमीने अपराधियों को पकड़ने और सजा देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे ।

देश की रक्षा

3. जैसा कि आप सब जानते हैं कि चीन की तरफ से गंभीर खतरा अभी तक बना हुआ है, इसलिए हमें अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए तैयार रहना है और हम अपनी कोशिशों में किसी प्रकार की ढील नहीं कर सकते और न ही ऐसी ढील करनी चाहिए। हमारे राज्य के लोगों का हौसला बुलन्द है और मुझे यकीन है कि किसी भी हर जरूरी कुर्बानी के लिए यह काबिलेतारीफ़ हौसला ऐसा ही कायम रहेगा जैसा कि अब है। अपने देश की रक्षा के इस पवित्र काम के रास्ते में हम कभी भी कोई रुकावट नहीं आने देंगे। इसलिए, जैसा आप जानते ही हैं कि सरकार को कुछ देर पहले उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी पड़ी जिन्होंने ऐसी ताकतों के साथ गठजोड़ कर लिया था जो हमारे देश की अखंडता, हमारे लोगों की एकता और उनके हौसले पस्त करने की कोशिश में थे। इस के साथ ही हमें अपने फ़ौजियों की कुर्बानियों का पूरा पूरा एहसास रहा है और हम उनकी और अपने साबका फौजियों की भलाई के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं।

राजनीतिक पीड़ित या देश की आजादी की खातिर तकलीफ और नुकसान उठाने वाले लोग

4. आप सहमत होंगे कि इसी तरह उन राजनीतिक पीड़ितों की भलाई की तरफ भी हमें लगातार ध्यान देना चाहिए, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया और इसमें नुकसान उठाया। हमारी सरकार उन्हें इसके लिए पैसे की जरूरी इमदाद और उनके बच्चों को तालीमी सहूलियतें देती रही है और देती रहेगी।

एग्जेक्टिव से ज्युडीशियरी की अलहदगी

5. सरकार ने राज्य के शासन में ज्यूडीशियरी को एग्ज़ेक्टिव से अलग करने का निश्चय किया था। यह बड़ी तसल्ली और खुशी की बात है कि यह तारीखी काम २ अक्तूबर, 1964 को महात्मा गान्धी की सालगिरह के इतिहासिक दिन के मौके पर शुरू किया गया। इस तरह पंजाब ज्यूडीशियरी और एग्ज़ेक्टिव कार्रवाई अलहदगी एक्ट, 1964, के लागू होने से एक नया युग शुरू हुआ है। जाबता फ़ौजदारी के तहत सिर्फ़ पुलिस से सम्बन्ध रखने वाले काम--जैसे गैरकानूनी भीड़ों पर काबू पाना या नामी अपराधियों के खिलाफ़ रोकथाम के लिए कार्रवाई करना, अब एग्ज़ेक्टिव मजिस्ट्रेटों के पास रह गए हैं, जबकि ताजीरात-हिन्द और दूसरे कानूनों के तहत जुर्मों के सम्बन्ध में सारे ज्यूडीशियल (न्यायिक) मुकदमों का काम मुकम्मल तौर पर ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट ही करेंगे। पंजाब का यह एक्ट दूसरे राज्यों के इसी तरह के एक्टों के मुकाबले में कई पहलुओं से बेहतर है, और मुझे यकीन है कि इससे राज्य में जमहूरी जीवन-ढंग को फलने-फूलने और इंसाफ को मज़बूत बनाने में भारी मदद मिलेगी। मेरी सरकार ने भारत के विधान की दफा पचास की हिदायत को अमली जामा पहनाने के लिए एक बहुत बड़ा कदम उठाया है ताकि किसी

डर और लिहाज और सीधे या ग़ैर-सीधे सरकारी रसूख या दबाव के शक के बग़ैर सिर्फ इंसान और इंसान के बीच ही नहीं, बल्कि सरकार और शहरियों के बीच भी, इंसाफ किया जा सके। आप यह मानेंगे कि कानून की हकूमत कायम करने और इंसाफ देने के बारे में जन-साधारण का इंसाफ में विश्वास मज़बूत बनाने के लिए यह एक बड़ा कदम है।

पंजाब शासन सुधार कमीशन

6. राज्य सरकार ने पंजाब शासन सुधार कमीशन मुकर्रर करके एक और अहम कदम उठाया है। यह कमीशन पंजाब की सरकारी एजेंसियों और महकमों के कामकाज के तरीकों और बन्दोबस्त की जांच-पड़ताल के बाद रिपोर्ट देगा और उस में ऐसी तबदीलियों की सिफारिश करेगा जिनसे काबलियत और किफ़ायत बढ़ेगी और सरकारी कामकाज को बेहतर ढंग से निपटाया जा सकेगा। इस कमीशन के मुकर्रर किए जाने से यह बात साफ़ ज़ाहिर हो जाती है कि मेरी सरकार लोगों की भलाइ के लिए काम काज में देरी को दूर करने, काबलियत को बढ़ाने और सरकारी प्रबन्धक ढांचे को तेज़ करने के लिए कितनी ख्वाहशमन्द है।

दास कमीशन रिपोर्ट

7. मैं दास कमीशन रिपोर्ट के नतीजे के तौर पर की गई कार्रवाई के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। मुख्य मन्त्री ने इसके बारे में पिछले 24 सितम्बर को विधान सभा में एक बयान दिया था। उसके बाद इस काम केलिए खास तौर पर लगाए गए अफ़सर श्री कृष्णास्वामी ने दास कमीशन रिपोर्ट से सम्बंधित मामलों के बारे में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। उसकी सिफ़ारिशों के आधार पर कुछेक अफ़सरों को फ़र्द-जुर्म दी गई और कुछेक की जवाब-तलबी भी की गई। सरकार ने अफ़सरों के जवाबों पर विचार कर लिया है और आगे की जरूरी कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें से कुछ मामले मुनासिब महकमाना जांच-पड़ताल केलिए एक आला आई. सी. एस. अफ़सर को सौंप दिए गए हैं, जिसे केन्द्रीय सरकार से लिया गया है। कुछ दूसरे मामलों में, सरकार की नाराज़गी की सूचना सम्बन्धित अफ़सरों को दे दी गई है। एक स्पैशल कमेटी भी बनाई गई है जो इस बात की पड़ताल करेगी कि जिन मामलों के बारे में दास कमीशन ने खिलाफ़ राय दी थी या जिनका दास कमीशन रिपोर्ट के नतीजों और विचारों के सम्बन्ध में श्री कृष्णास्वामी की बाद की जांच-पड़ताल के दौरान पता चला, वे कानून के मुताबिक कहां तक जायज़ और मुनासिब थे। जिन कर्मचारियों के जवाब तसल्लीबख्श पाए गए, उनके खिलाफ़ इलज़ाम छोड़ दिए गए हैं।

जैसा कि मुख्य मन्त्री ने इस सदन में 24 सितम्बर, 1964 को पहले एलान किया था कि सरकार, जहां जरूरी होगा, मुनासिब कार्रवाई करने में कोई झिझक नहीं करेगी। सरकार का इससे ज़यादा सख्त कार्रवाई करने या ऐसी कार्रवाई करने का कोई विचार नहीं, जिससे बदले की भावना ज़ाहिर हो।

चौकसी कमीशन

8. मेरी सरकार ने राज्य में लोक जीवन और शासन से भ्रष्टाचार को खत्म करने के आदर्श को सामने रखा हुआ है। इसलिये केन्द्र की सरकार की तरह ही यहां भी

एक चौकसी कमीशन कायम किया गया है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस कमीशन के पूरी तरह काम शुरू करते ही हमारे शासन और लोक जीवन में इसकी पूरी सराहना की जायेगी।

डिप्टी कमीशनरों और पुलिस सुपरिन्टैंडेंटों की कानफेंस

9. मैं मुफ़ाद-आमा (लोक-हित) के कुछेक बहुत ही अहम मामलों का भी मुख्तसर तौर पर ज़िक्र करना चाहूंगा, जिनपर दिसम्बर, 1964 के पहले हफ़्ते में हुई डिप्टी कमिश्नरों और पुलिस सुपरिन्टैंडेंटों की कानफ्रेंस में ख़ास तौर पर विचार किया गया था। मंत्रि-मण्डल के मन्त्री और सेक्रेटेरियट के सभी अहम अफ़सर इसमें शामिल हुए। इस कानफ्रेंस में की गई सिफ़ारिशों के आधार पर, ज़िलों में मौजूदा तालमेल कमेटियों को फिर से तरतीब देकर इन्हें 'लोक-सम्पर्क' और शिकायत कमेटियां' कहा जायगा। अब ये कमेटियां और ज्यादा नुमाइंदा हैसियत रखती हुई बड़े पैमाने पर काम करेंगी। राज्य के सदर मुकाम पर शिकायतों से सम्बन्ध रखने वाला एक डायरेक्टर मुकर्रर किया जाएगा और इसी तरह हर जिले के सदर मुकाम पर शिकायत-अफ़सर काम करेंगे। नए प्रबन्ध में लोगों की शिकायतें जल्दी से जल्दी दूर करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

खेती-बाड़ी की पैदावार बढ़ाने के लिये ज़िला अफ़सरों को भी खास तौर पर ज़रूरी ड्यूटियां सौंपी गई हैं क्योंकि देश की भलाई को ध्यान में रखते हुए इस पर ज्यादा से ज्यादा ज़ोर दिया जाना चाहिए।

राज्यों के बीच सम्बन्ध

10. हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू व काश्मीर के पड़ोसी राज्यों के साथ हमारे बहुत दोस्ती के सम्बन्ध रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप मेरी सरकार की इस तयशुदा नीति के साथ सहमत होंगे कि राज्यों के बीच सभी मसलों को आपसी बातचीत से हल किया जाए। इसी नीति के अनुसार हमने नारर्दन ज़ोनल कौंसिल (उत्तरी क्षेत्रीय परिषद) की आठवीं मीटिंग में हुए इस अहम फैसले को मान लिया कि राज्य की प्रबन्धक सेवाओं के कर्मचारियों को माल और पुलिस के महकमों के कामों और हिसाब-किताब रखने की ट्रेनिंग देने के लिए तीन ज़ोनल इदारे कायम किए जाएं। इसलिए जहां तक इस राज्य का सम्बन्ध है, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, फिलौर में ऐसी ही एक सांझी संस्था क़ायम करने के लिए कदम उठाए गए हैं। हमने पड़ोसी राज्यों के साथ जैसे अच्छे सम्बन्ध कायम किए हैं, वैसे ही हमने राज्य में खेती-बाड़ी, तिजारत और सनअत का काम करने वाले लोगों से सम्बन्ध बनाए रखने के लिए भी कदम उठाए हैं। इसलिए जनवरी के पिछले महीने में व्यापारियों की एक खास कानफ्रैंस बुलाई गई ताकि बिक्री-टैक्स की चोरी की रोकथाम और व्यापारियों की आम तकलीफ़ों के दूर करने केलिए उपाय सोचे जा सकें। इस बारे में तालमेल बनाए रखने के लिए एक सांझी कमेटी बनाई गई। सरकारी सतह पर काश्तकारों की भी इसी तरह की एक कानफ्रैंस बुलाई गई।

खुराक और कीमतें

11. पिछले साल के दौरान हमारे राज्य को दो बड़े नाज़ुक मसलों का सामना करना पड़ा। उनमें से एक था बढ़ती हुई क़ीमतों का और दूसरा बाढ़ों का। क़ीमतों की बढ़ती

तो भारत **भर में** हुई है, जिसको रोकने के लिए, फिर भी, मेरी सरकार ने इस राज्य में हर मुमकिन कोशिश की। हमने अपनी तंगी के बावजूद संकट वाले दूसरे राज्यों की मदद करना अपना फर्ज समझा। इसलिए भारत सरकार के कहने पर देश के बड़े लाभ के लिए हमारी सरकार कमी वाले दूसरे राज्यों को बीज के मक़सद के लिए 60,000 टन गेहूं भेजने के लिए मान गई। जब दिसम्बर, 1964 में हलात ऐसी थी कि राज्य लाभ के लिए चने, मक्की, जवार और बाजरे की बरामद बन्द करना जरूरी थी तो इन अनाजों के बाहिर भेजने पर फौरन पाबन्दी लगा दी गई।

अब सस्ते अनाज की लगभग 6,000 दुकानें राज्य के देहाती और शहरी इलाक़ों में गेहूं का आटा बेच रही हैं। जहां कहीं भी ऐसी और दुकानों की ज़रूरत है, वहां इन्हें खोला जा रहा है। सस्ते अनाज की ये दुकानें ग़रीब तबके की मदद करने के साथ-साथ कीमतों को बढ़ने से भी रोकती हैं। बड़े बड़े शहरों में कंज़्यूमर कोआपरेटिव (उपभोक्ता सहकारी) स्टोर खोले गए हैं और इन स्टोरों की 153 परचून दुकानें भी चल रही हैं। आम ज़रूरत की चीज़ों और सूती कपड़े की बिक्री के लिए भी सस्ती दुकानें चालू की गई हैं। राज्य में 300 से ज़्यादा कर्मचारियों वाले बहुत से सनअती इदारों ने अपने कर्मचारियों के फ़ायदे के लिए सस्ते भाव वाली दुकानें खोली हैं। चण्डीगढ़, नंगल तथा शिमला में सस्ते भाव वाली सरकारी दुकानें आम लोगों की ज़रूरतों को पूरा कर रही हैं।

लोगों की खास इमदाद के लिए हमारी सरकार ने विदेशी गेहूं के लगातार आते रहने की पूरी कोशिश की। राज्य को सितम्बर, 64 में मिलने वाली विदेशी गेहूं की मिक़दार 6,000 टन से बढ़ा कर दिसम्बर, 1964 में 28,000 टन कर दी गई थी। और इस साल जनवरी में इसे बढ़ाकर 35,000 टन करवा दिया गया। उम्मीद है कि इस राज्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विदेशी गेहूं लगातार आती रहेगी। हमने लोगों को जायज़ कीमतों पर आटा मुहैय्या करने के लिए, देसी गेहूं के सरकारी स्टाक में से भी गेहूं दिया है।

इन सभी क़दमों से हमारे राज्य में कीमतों के गिरने में मदद मिली है। चावल तथा चीनी की सप्लाई की हालत अब तसल्लीबख्श है। दानेदार चीनी की सप्लाई की कमी को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश से खंडसारी मंगवाई गई, ताकि इसे लोगों और दुकानों को बांटा जा सके। हमारा आगे से के लिए 1.5 लाख टन गेहूं तथा 20,000 टन चावल का रिज़र्व स्टाक जमा करने का इरादा है, ताकि साल भर सप्लाई जारी रखी जा सके।

कर्मचारियों को सहूलियतें

12. आमतौर पर सभी कर्मचारियों पर और खास कर कम आमदनी वाले कर्मचारियों पर, महंगाई का भारी असर पड़ा है। आप इस बात को मानेंगे कि सरकारी कर्मचारियों की काबलियत व ईमानदारी का आधार बहुत हद तक उनके हौसले पर होता है। इसलिए, सरकार के वास्ते यह बहुत ही चिन्ता का मामला था, और वह सरकारी कार्मचारियों को कुछ सहूलियतें देने के सवाल पर गौर कर रही थी। इस के नतीजे के तौर पर हमारे नपे-तुले साधनों के बावजूद भी उन्हें रियायतें दी गई हैं,

जिनपर लगभग 5 50 करोड़ रुपए का खर्च होगा। चौथे दर्जे के सभी कर्मचारियों की तंख्वाह बढ़ा दी गई है। अब सारे देश में, इस राज्य के मेहतर को दूसरे राज्यों के मेहतरों से ज्यादा तंख्वाह मिलती है। दूसरी सहूलियतों में महंगाई भत्ता बढ़ाना, महंगाई भत्ते को तंख्वाह में मिलाना, सफ़र भत्ता और रोज़ाना भत्ता बढ़ाना, 25,000 से ज्यादा आबदी वाले शहरों में, सभी दर्जों के उन सरकारी कर्मचारियों को मकान-किराया-भत्ता देना शामिल है जिनके पास सरकारी मकान नहीं है। इसके साथ साथ परिवार-पेंशन-स्कीम के तहत और सहूलियतें दी गई हैं। भारत सरकार में दी गई रियायत की ही तरह, अगर सरकारी कर्मचारी की कम से कम पांच साल लगातार नौकरी करने के बाद, मौत हो जाय तो उसके परिवार को हर महीने कम से कम 25 रुपए और ज्यादा से ज्यादा 150 रुपए पेंशन दी जाएगी। पांच सौ रुपए तक माहवार तंख्वाह लेने वाले सरकारी कर्मचारियों को वाजिब दामों पर गेहूं की खरीद में मदद देने के लिए ब्याज के बगैर कर्ज़े दिए जाएंगे। इस कर्ज़े की ज्यादा से ज्यादा रक़म 200 रुपए होगी और इसे आसानी से वापिस की जा सकने वाली क़िस्तों में वसूल किया जाएगा।

आपसी सलाह मशवरे केलिए प्रबन्धक ढांचा

13. यह एक बड़ी ग़ैर-मुनासिब बात है कि सरकारी कर्मचारी अपनी मांगों को पूरा करने के लिए आन्दोलन के ढंग अपनाएं। इसलिए राज्य सरकार इस सुझाव पर विचार कर रही है कि सरकार और इसके कर्मचारियों के बीच मालिक और मुलाज़िम के तौर पर आपसी सलाह-मशवरे के लिए ठीक ढंग का प्रबन्धक ढांचा कायम किया जाए।

खेती-बाड़ी की पैदावार

14. खेती-बाड़ी की पैदावार बढ़ाना ही कीमतों को बढ़ने से रोकने केलिए एक कारगर तरीका है। इसलिए, खेती-बाड़ी की तरक्की की तरफ मेरी सरकार खास तौर पर ध्यान दे रही है। चालू साल के दौरान खेती-बाड़ी में काफ़ी तरक्की हुई है। खेती की पैदावार बढ़ाने के लिए सरकार ने हाल ही में कीड़ेमार दवाइयां, पोटास-खाद और गेहूं गाहने की मशीनों की बिक्री पर रियायतें दी हैं। सरकार ने बढ़िया किस्म के बीज खरीदने के लिए थोड़ी मियाद वाले कर्ज़े देने का प्रबन्ध किया है। पिछले साल बांटे गये बीजों के मुकाबले में इस साल तीन गुना अधिक बीज बांटे गए। इस साल खाद, बढ़िया औज़ार, पौधों के बचाव के सामान, और कीड़ेमार दवाइयां मुहैय्या करने के प्रोग्राम को भी काफी बढ़ावा दिया गया। डीज़ल इंजनों से चलाए जाने वाले ट्यूबवैल और पम्पिंग-सेट लगाने केलिए भी मदद दी जा रही है। खेती-बाड़ी के कामों केलिए इस्तेमाल किए जाने वाले ट्यूब-वैलों और पम्पिंग-सैटों की बिजली पर ड्यूटी हटा दी गई। अब पहले से 80,000 एकड़ ज्यादा रक़बे में सिंचाई की जाने लगी है।

पिछले साल कपास, तिलहन और चावल के पैकेज-प्रोग्राम (सघन कार्यक्रम) शुरू किए गए थे। अब इन्हें राज्य के दूसरे मुनासिब इलाकों पर भी लागू कर दिया गया है। 58 ब्लाकों (खंडों) के अन्दर 10 लाख एकड़ के रक़बे में भी गेहूं का पैकेज-प्रोग्राम

शुरू कर दिया गया है। हमारी नीति यह है कि जहां तक हो सके, इन पैकेज-प्रोग्रामों को दूसरे इलाकों में भी शुरू किया जाए।

हमने फ़ैसला किया है कि भूमि विकास व बीज कार्पोरेशन क़ायम की जाए। इसका मक़सद उस बंजर ज़मीन को खेती के काबिल बनाना है, जिसमें खेती की जा सकती है। इसका मक़सद यह भी है कि बीज-फ़ार्म खोले जाएं। यह भी विचार है कि ज़रायती-सनअत-कार्पोरेशन क़ायम की जाए जिस से किसानों को खेती-बाड़ी के औज़ार मिलते रहें।

विकास, पंचायत, खेती-बाड़ी और सहकारिता के महकमों में ज्यादा सम्पर्क और ताल-मेल पैदा करने के लिए अब ज़रायती पैदावार व देहाती विकास कमिश्नर को यह ज़िम्मेदारी सौंपी गई है कि वह ज़रायती पैदावार को बढ़ाने के लिए राज्य के प्रबन्धक ढाचे का चार्ज संभाले और काम की रफ्तार तेज़ करे। काफी सोच-विचार के बाद यह फैसला किया गया है कि हर ज़िले के लिए, फिर ज़िले के हरेक ब्लाक के लिए, फिर ब्लाक के हरेक ग्रामसेवक के सर्कल के लिए और अन्त में हरेक ग्राम सेवक के हल्के मे नॉन पैकेज-ब्लाक वाले इलाकों के कम से कम ५० किसान परिवारों और पैकेज-ब्लाक वाले इलाके के 80 परिवारों के लिए फ़सलवार योजनाएं तैयार की जाएं इसका मक़सद यह है कि किसानों को अपनी-अपनी ज़मीनों के बारे में फ़सल की योजना बनाने के लाभ का एहसास कराया जाए। मुझे आशा है कि इस तरह के उठाए गए कदमों और बीज, खाद और कीड़ेमार दवाई वग़ैरा के ज्यादा इस्तेमाल से खेती-बाड़ी की पैदावार का निशाना पूरा हो जाएगा।

राज्य में ज़रूरी अनाजों की पैदावार की लागत का तफ़सीलवार अंदाजा तैयार करने के लिए एक कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी के सदर श्री उज्जलसिंह हैं। यह कमेटी ऐसी पालिसी भी तय करेगी जिससे काश्तकारों को वाजिब कीमतें मिलती रहें। मुझे उम्मीद है कि इस कमेटी की सिफ़ारिशें बहुत जल्द मिल जाएंगी और इस से हम सब को काफ़ी मदद मिलने की आशा है।

बाग़बानी

15. बाग़बानी और सब्ज़ियां उगाने को, माली मदद और तकनीकी रहनुमाई से बढ़ावा दिया जा रहा है। बाग़बानी की तरक्की के प्रोग्राम की पहाड़ी इलाकों में खास अहमियत है, क्योंकि इस इलाके में फलों की काफी पैदावार हो सकती है। इस तरफ हम खास ध्यान दे रहे हैं। इसलिए फलों की पैदावार उगाने का काम नई घाटियों में भी शुरू किया जा रहा है।

ज़मीन को बर्बाद होने से बचाना

16. ज़मीन को बर्बाद होने से बचाना एक और अहम काम है जिसे हमारी सरकार ने शुरू कर रखा है। 1963-64 के दौरान 20,000 एकड़ ज़मीन को बर्बाद होने से बचाया गया था। उम्मीद की जाती है कि चालू साल मे 40,000 एकड़ ज़मीन को बर्बाद होने से बचाया जाएगा।

पशु-पालन

17. पशु-धन की तरक्की के लिए, ज्यादा दूध देने वाले पशुओं के वास्ते और गऊशालाओं को दूध केन्द्रों और नसल-सुधार केन्द्रों में बदलने के लिए खास इमदाद के तौर पर रकमें दी जा रही हैं। हिसार के मवेशी-फर्म को बहुमुखी पशु-पालन व जरायती फार्म बनाने का विचार है, जहां इस दोहरे मतलब वाले हरियाणा।थरपारकर सांडों की नसल तैयार करने के इलावा अनाज और चारे के बढ़िया किस्म के बीज भी पैदा किए जाएंगे। राज्य में पशुओं, सूअरों और भेड़ों के विकास के लिए, खास विकास प्रोग्राम के तहत कई स्कीमों पर विचार किया जा रहा है, जो "क्रैश" प्रोग्राम के तौर पर मशहूर हैं। जिला अमृतसर, रोहतक और लुधियाना के इलाकों के पशुओं की तरक्की पर जोर देने के लिए तीन विकास ब्लाक कायम किए जाने हैं।

जंगलात

18. जंगलात के महकमे ने पहाड़ी और रेतीले इलाकों में जंगलों के विकास और ज़मीन को बर्बादी से बचाने के लिए अपना काम जारी रखा। इसके इलावा यह महकमा, सड़कों, नहरों और रेलवे पटरियों के साथ साथ 2,000 मीलों में दरख्त लगाएगा। यह महकमा 162 मीलों में ऐसे दरख्त भी लगाएगा जो बाढ़ रोकने का काम देंगे। तेजी से बढ़ने वाले दरख्तों, खासकर सफेदे और पोपलर के दरख्त लगाने पर ज़ोर दिया जाएगा इसके इलावा जिन इलाकों से भाखड़ा और पौंग बांध में पानी बहकर आता है, उनमें ज़मीन को बर्बाद होने से बचाने के लिए जोरदार कोशिश की जा रही है।

पहाड़ी इलाकों का विकास

19. हमारी सरकार ने पहाड़ी इलाकों की तरक्की की तरफ खास ध्यान दिया और जरायती पैदावार, बढ़िया बाग़बानी, सड़कें बनाने, पशुओं की नसल सुधारने और जंगलात के आधार पर चलने वाली सनअतों कायम करने के प्रोग्राम शुरू किए। मशीनों से लकड़ी काटने का काम कुल्लू के जंगलों में पहली बार शुरू किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लकड़ी काटी जा सके और इस से सनअतो को भी ज्यादा से ज्यादा लाभ हो। हम अख़बारी काग़ज़ का कारखाना भी लगाना चाहते हैं। दो हज़ार एकड़ ज़मीन पर हर मौसम में फल देने वाले पौधे लगाए गए हैं। ज़िला कांगड़ा में उठान-सिंचाई की तरफ खास ध्यान दिया गया है। इसके नतीजे के तौर पर भड़ोली और नादौन में उठान-सिंचाई योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और ऐसी ही पांच योजनाएं चलाई जा रही हैं।

लाहौल और स्पिती की तरक्की

20. योजना के निशानो के अनुसार, लाहौल और स्पिती के सरहद्दी इलाको की तरक्की का प्रोग्राम विधिपूर्वक मुकम्मल किया जा चुका है। इन इलाकों में सड़कें और एक गांव से दूसरे गांव तक जाने वाले रास्ते बनाकर और नालों पर पुर बांधकर पहुंचने की कठिनाई बहुत हद तक दूर हो गई है और आने-जाने के साधनों में भी सुधार हुआ है। इस तरह इन दूर-दराज़ के इलाकों में रहने वाले लोगों का जीवन पंजाब के बाकी इलाकों के लोगों के जीवन के साथ पूरी तरह घुल-मिल गया है जिसके नतीजे के तौर पर तरक्की की रफ्तार तेज हो गई है।

हरियाणा की तरक्की

21. जहां तक हरियाणा के इलाके का सम्बन्ध है, मेरी सरकार का एक स्पैशल कमेटी बनाने का इरादा है जो इस इलाके की जल्दी से जल्दी हर पहलू से समूची तरक्की केलिए सुझाव देगी।

सिंचाई और बिजली

22. पिछले साल के दौरान हमारी सरकार ने सिंचाई के साधनों के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने की तरफ खास ध्यान दिया है। आरज़ी रजबाहों को ज्यादा लम्बे अर्से केलिए चालू रहने दिया गया, जिससे चावल की फ़सल को काफ़ी लाभ पहुंचा। मेरी सरकार ने एक कमेटी बनाई है जो इस बात का सुझाव देगी कि हमारी फ़सलों की क़िस्म को ध्यान में रखते हुए सिंचाई के साधनों का किस तरह बेहतर इस्तेमाल किया जाए। पश्चिमी-जमना-नहर और गुड़गांव नहर बनाने के काम में भी कुछ तरक्की हुई है। बरवाला शाखा के बनाने का काम भी शुरू किया जा रहा है। इन प्रॉजेक्टों के तहत आने वाले इलाकों को बहुत लाभ पहुंचेगा। हम देहाती इलाक़ों में ट्यूब-वैलों और पम्पिंग सैटों को बिजली देने की ज़रूरत को पूरी तरह से महसूस करते हैं ताकि ज़रायती पैदावार बढ़ाने के प्रोग्राम को कामयाब बनाया जा सके। चूंकि बदकिस्मती से कनैक्शन देने में देरी होने के कारण जितनी सिंचाई हो सकती थी, उतनी नहीं हो रही, इसलिए मुश्किलों के बावजूद इस साल के दौरान 5,000 से ज्यादा ट्यूब-वैलों को बिजली दी जाएगी। इन ट्यूब-वैलों और पम्पिंग सैटों में खपत होने वाली बिजली पर से ड्यूटी हटा दी गई है और सरकारी ट्यूब-वैलों से सींचे जाने वाले इलाकों से सिंचाई का खर्च आबियाने के मुताबिक लिया जा रहा है। देहातों को बिजली देने की योजनाओं को और जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं।

बहुत से इलाकों में आने वाली बाढ़ों और सेम की रोक-थाम केलिये ज़ोरदार कोशिशें जारी रखी गईं। चालू साल के आखिर तक इस मद्द पर 29 करोड़ रुपए खर्च होने का अन्दाजा है जबकि पहले-पहल तीसरी योजना में इस केलिए 15 करोड़ रुपए रखे गए थे। अगर हमें अपने राज्य और इसके ज़रायती साधनों को क़ायम रखना है तो पंजाब में सेम की रोक-थाम बहुत ज़रूरी है। इस केलिए हमें केन्द्रीय सरकार से पूरी मदद मांगनी पड़ी है और आशा है कि हमें यह सहायता ज़रूर मिल जायेगी।

हमारे इंजीनियरों ने प्रोग्राम के मुताबिक राजस्थान नहर की तामीर का काम मुकम्मल कर लिया है और पहली जुलाई, 1964 से नहर चालू हो गई है। कौमी तरक्की के काम में यह नहर हमेशा राज्यों के आपसी सहयोग की एक जिन्दा मिसाल बनी रहेगी। भाखड़ा के बड़े बांध के मुकम्मल होने से 63 लाख एकड़ फुट पानी जमा किया जा सकेगा, और 31 लाख एकड़ ज़मीन की सिंचाई हो सकेगी और सस्ती पन-बिजली पैदा की जा सकेगी। इसके बाद अब सरकार ब्यास दरिया के पानी को इस्तेमाल करने केलिए ज़ोरदार कोशिश कर रही है। पौंग के मुकाम पर 380 फुट ऊंचे बांध पर जल-भंडार बनाया जाएगा जिससे बारहमासी नहरों में 30,000 घन फुट फ़ी सेकेंड पानी

छोड़ा जा सकेगा। इससे 55 लाख एकड़ ज़मीन ज़रखेज़ हो जाएगी जिस में ज़रूरी अनाज की और दूसरी तिजारती फ़सलों की पैदावार की जा सकेगी। हमारी यह ख्वाहिश है और हमें पूरा यकीन है कि हमारी यह कड़ी मेहनत और कुरबानी जल्द ही फल लाएगी।

बाढ़ और अकाल के सम्बन्ध में सहायता

23. इस राज्य में बाढ़ें लगभग हर साल आती हैं और बदकिस्मती से हर साल इन से फसलों और मकानों को बहुत नुकसान होता है। पिछले साल की बाढ़ें आम सालों की बाढों के मुकाबले में वक्त से पहले ही जुलाई और अगस्त के महीनों में आ गई। इन से कुल मिल कर 15 जिलों को बहुत नुकसान पहुंचा। रोहतक, गुड़गांव, संगरूर, फिरोजपुर, हिसार, करनाल और अमृतसर के जिलों में तो बहुत ही ज्यादा तबाही हुई। जिला रोहतक में पहले भी लगातार कई सालों से बाढ़ें आती रही हैं, और इस बार भी इस ज़िले में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। शायद आप को याद होगा कि पहले अकाल सहायता कोड के मुताबिक लोगों को बड़ी मामूली सहायता मिल पाती थी। अब वक्त और जरूरतें बदल गई हैं। लोक कल्याणकारी राज्य की जिम्मेंदारियों को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने हर जगह बाढ़-पीड़ितों की फ़ौरी और पूरी मदद की। बाढ़ से नुकसान उठाने वाले इलाकों में खुराक, मकान, चारा और जिन्दगी की दूसरी जरूरतों का प्रबंध करने के लिए 1,31,49,300 रुपए मंजूर किए गए, जिस में डाकटरी इलाज और पशुओं के इलाज के लिए सहायता भी शामिल है। इन इलाकों में तकावी कर्ज़ों के लिए 95,60,000 रूपए मंजूर किए गए। इस के इलावा मदद के तौर पर मालिये और आबियाने में माफ़ी दी गई। सरकारी रकमों की वसूली को मुलतवी कर दिया गया और बिजली खर्चों की माफी भी दी गई। गांव की आबादियों से पानी निकालने के लिए लिए पम्पिंग सैट दिए गए और बाढ़ से घिरे गांवों को किश्तियां मुफ़त सप्लाई की गईं। ऐसे गावों में खुराक और डाकटरी मदद का प्रबंध करने के लिए गुड़गांव और रोहतक जिलों में बड़े कैम्प कायम किए गए। बाढ़-पीड़ित इलाकों के जरूरतमन्द गांवों में पीने का पानी मुहैयया करने के लिये नलके लगाए गए। इन इलाकों में 'केअर' (पंजाब) ने दस लाख पौंड खुराक (कार्नमील) और तीन लाख पौंड दूध पाउडर मुफ़त बांटने के लिए मुहैय्या किया। बाढ़-सहायता की शकल में लिंक-नालियों के निर्माण के लिए 75 लाख रुपए की रकम रखी गई। बाढ़-पीड़ित इलाकों में मकान बनाने के लिए कर्जों की शकल में एक करोड़ रूपए की रकम रखी गई। रोहतक और गुड़गांव जिलों के बाद की बाढ़ों से बचाने के लिए कुछ अहम फैसले किए गए हैं। राजस्थान और उत्तर प्रदेश के राज्यों ने आपस में फैसला किया है कि दोनों राज्यों में उजीना नाले के बहाव को जरूरत के मुताबिक ठीक कर लेने पर राजस्थान सरकार उस नाले में से पहले फ़ैसला किए गए 299 घन-फुट फ़ी सेकंड पानी की बजाए 600 घन फुट फ़ी सेकंड पानी के निकास की इजाजत देगी। राजस्थान और उत्तर प्रदेश में नाले बनाने का काम अब और तेज़ कर दिया जाएगा। नजफ़गढ़ नाले में पानी के निकास को 900 घन-फुट फ़ी सेकंड से बढाकर 3,000 घन फुट फ़ी सेकंड कर दिया जाएगा। पहले धासा बांध से 450 घन फुट पानी फ़ी

सेकंड छोड़ा जा सकता था, अब फी सेकंड 3,000 घन फुट तक पानी छोड़े जा सकने के लिए काम शुरू कर दिया गया है।

बाढ़ों से इस तबाही के इलावा, बारिश की कमी के कारण इस साल के शुरू में हिसार, गुडगांव, रोहतक और महेंद्रगढ़ के जिलों में सूखा पड़ने की हालत पैदा हो गई। सूखे से नुकसान उठाने वाले लोगों को मदद पहुंचाने के लिए 37,06,000 रुपए की रकम मंजूर की गई।

अगरचे सरकार ऐसे संकटों से हुए हर एक नागरिक के सारे नुकसान को तो पूरा नहीं कर सकती, फिर भी राज्य सरकार से जो कुछ भी बन पड़ा, इस ने अपने साधनों को ध्यान में रखते हुए पूरी लगन के साथ किया। भारत सरकार के प्रधान मंत्री, केन्द्रीय ख़जाना मंत्री, केन्द्रीय खुराक और खेती मन्त्री, केन्द्रीय सिंचाई और बिजली मंत्री ने इस राज्य में बाढ़ों और सेम से पैदा होने वाली हालत का जायजा लेने के लिए हमारे राज्य का दौरा किया। मेरी सरकार इस दिलचस्पी और हमदर्दी के लिए उनकी शुक्रगुज़ार है और उन से इस बारे में ठोस मदद हासिल करने की उम्मीद रखती है।

24. यह काफी तसल्ली की बात है कि जायज रक़बे की तशखीस का काम, जो कि हमारे ज़मीन-सुधार-प्रोग्राम का एक अहम क़दम है, सारे राज्य में लगभग पूरा हो चुका है। ज़ायद करार दिए गए रक़बे में से 1,33,284 स्टैण्डर्ड एकड़ रक़बा 70,414 योग्य मुज़ारों को अलाट किया गया है और 64,284 स्टैण्डर्ड एकड़ रक़बा उन आदमियों ने खरीद लिया जिन के पास ज़मीन बिल्कुल नहीं थी या बहुत थोड़ी थी। इस के इलावा 20,229 मुजारों को 1,32,855 साधारण एकड़ ज़मीन की मलकियत के हक मिल गए। पूर्वी पंजाब ज़मीन इस्तेमाल एक्ट, 1949 के मुताबिक 1,16,917 एकड़ ज़मीन 8,123 हरिजनों, 1,511 ग़ैर-हरिजनों, 8 हरिजन कोआपरेटिव सोसाइटियों और 36 ग़ैर-हरिजन कोआपरेटिव सुसाइटियों को पट्टे पर दी गई। योजना के मुताबिक 1965-66 के आखिर तक चकबन्दी का काम पूरा हो जाएगा।

ज़ैलदारों और इनामदारों की प्रथा को, जिसपर अकसर एतराज किया जाता था, अब उसे और आनरेरी (अवैतनिक) सब-रजिस्ट्रारों की प्रथा को भी खत्म कर दिया गया है। सिर्फ ज़ैलदारों और इनामदारों की प्रथा खत्म करने से सरकारी खजाने को 5,35,400 रुपये की सालाना बचत हुई है। ज़ैलदारों की तरह, 'नेगी' की प्रथा भी सिर्फ कुल्लू जिले में थी। अब उसे भी खत्म कर दिया गया है।

योजनाबन्दी

25. हमें योजनाबन्दी की तरफ भी अब खास ध्यान देना है क्योंकि हमारे सारे विकास प्रोग्राम का आधार इसी पर ही है। ये प्रोग्राम हमारे आर्थिक ढांचे के लिये बहुत अहम हैं। इस लिये इन में लोगों की बुनियादी जरूरतों की तरफ खास ध्यान देना चाहिये। शुरू में 1964-65 की सालाना योजना के लिये 55.50 करोड़ रूपये की

रकम खर्च की जानी थी लेकिन इस साल के दौरान यह रक़म बढ़ाकर 61.29 करोड़ रूपये कर दी गई क्योंकि बाढ़ की रोकथाम, ज़रायती प्रोग्राम और डाक्टरी तालीम के लिये और ज्यादा धन जुटाना ज़रूरी हो गया था। 1961—64 तक के दौरान 119.24 करोड़ रुपये खर्च होने का अंदाज़ा था, लेकिन यह असली खर्च बढ़ कर 122.62 करोड़ रुपये हो गया। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि ब्यास प्राजैक्ट पर धन जुटाने के तरीके में तरमीम कर दी गई और इसके नतीजे के तौर पर पंजाब की देनदारी बढ़ गई। जहां तक 1965-66 की सालान योजना का सम्बन्ध है, योजना कमिशन के मश्वरे से यह फ़ैसला किया गया था कि इस पर 60.11 करोड़ रुपये का खर्च किया जाये। इससे राज्य की तीसरी योजना पर कुल खर्च 231.39 करोड़ रुपये के मूल अनुमान की जगह 244.02 करोड़ रुपये हो जायेगा और राज्य को अपने साधनों से 100 करोड़ रुपये की जगह 113.02 करोड़ रुपये देने होंगे। भारत सरकार ने भी चालू साल के दौरान खेती बाड़ी की तरक्की के खास प्रोग्रामों के लिये 1.36 करोड़ रुपये और ज्यादा इमदाद के तौर पर दिये हैं।

राज्य की चौथी योजना तैयार करने का काम जारी रखा गया। इस के लिये फ़िल-हाल 500 करोड़ रुपये खर्च करने का विचार है। लेकिन राज्य सरकार की तरफ से जुटाये जाने वाले साधनों और केन्द्रीय सरकार की तरफ से मिलने वाली इमदाद का पूरा पता चलने पर, इस अनुमान में तरमीम कर ली जायेगी। राज्य की चौथी योजना के अहम मकसद ये होंगे कि ज़रायती पैदावार को तेज़ी से बढ़ाया जाये। सनअती विकास की तरफ ज्यादा ध्यान देते हुए राज्य के आर्थिक ढांचे का विस्तार किया जाये और लोगों की सामाजिक-आर्थिक हालत को बेहतर बनाया जाये। योजनाओं के प्रोग्रामों के सम्बन्ध में एक जांच यूनिट कायम किया गया है, जो इस बात का जायजा लेगा कि इनका लोगों के रहन-सहन, खप्त और रोज़गार पर क्या असर पड़ा है और विभिन्न वर्गों को कहां तक लाभ पहुंचा है। यह इस बात का भी जायजा लेगा कि इनसे आम लोगों की सामाजिक और आर्थिक हालत कहां तक सुधरी है। इससे राज्य सरकार को चौथी पंच-साला-योजना तैयार करने में मदद मिलेगी। चौथी योजना की स्कीमों को अमल में लाने के लिये जो कार्रवाई पहले की जानी चाहिये, उसका ठीक तरह जायज़ा ले लिया गया है। इस मकसद केलिये 1965-66 में 1.15 करोड़ रुपये की और रक़म रखी जा रही है।

पुलिस

26. जहां तक देश में शान्ति बनाये रखने का सम्बन्ध है, राज्य में अमन-अमान कायम रहा और जुर्म की हालत अच्छी तरह से काबू में रही। यह बड़ी खुशी की बात है कि गुरूद्वारा तथा पंचायत समितियों के सभी चुनाव शान्ति से हुए। घिनौने जुर्म भी आगे से कम हुए हैं। यह बात इससे ज़ाहिर होती है कि साल 1964 के दौरान कतल की 536, डकैती की 2 और राहज़नी की 53 वारदातें हुई जबकि पिछले साल कतल की 539, डकैती की 5 और राहज़नी की 57 वारदातें हुई थीं। इसकी

औसत पिछले पांच सालों से तरतीबवार 545.2, 4.4 और 60 रही है । आम जनता का सहयोग हासिल करने और उनकी शिकायतों का जल्दी से जल्दी और तसल्लीबख्श ढंग से निपटारा करने के सम्बन्ध में पुलिस ने खास तौर पर जोर दिया। पुलिस में भ्रष्ट और नापसंद कर्मचारियों के खिलाफ मुहिम जारी रखी गई। इन बातो का नतीजा यह हुआ कि पुलिस अब पहले से लोक सेवा का और अच्छा साधन बन गई है । पुलिस के लिए यह एक बड़े फखर की बात है कि 1964 में टोकियो (जापान) में होने वाली ओलिम्पिक खेलों में हाकी के लिये भारत की तरफ से जो आदमी चुने गये, उनमें से छः आदमी पुलिस के थे। इस बार भारत की टीम ने हाकी के लिए सोने का तमगा जीतकर अपने खोए हुए वकार को फिर से बहाल कर दिया।

पंजाब की हथियारबन्द पुलिस हमेशा की तरह पंजाब-पाकिस्तान सरहद पर बड़ी चौकस रही । इसका नतीजा यह हुआ है कि सरहदी इलाक़ों में रहने वाले उन लोगों का हौसला बढ गया है, जो ऐन सरहद तक अपने खेतों में काश्त करते हैं।

ग़ैर-फ़ायदेमन्द खर्चों को खत्म करने और राज्य की कई स्कीमों में महकमों के अन्दर ही अदल-बदल करके बचत करने के विचार से पंजाब होम-गार्ड के ढांचे का जायज़ा लिया गया और यह फैसला किया गया कि होम-गार्ड के दूसरे यूनिट यानी मौजूदा ग्राम-रक्षा-दल को खत्म कर दिया जाये और होम-गार्ड का एक ही यूनिट रहने दिया जाये जाए इससे चालू माली साल के दौरान लगभग 22,75,430 रुपए की बचत हुई है।

ट्रांसपोर्ट परिवाहिन

27. ट्रांस्पोर्ट के हमारे प्रोग्राम के मुताबिक दिसम्बर, 1964 में 46 नई बसें खरीदी गईं और टूट फूट के कारण पहली बसों की जगह जनवरी, 1965 में 100 बसें और लाई गईं। इस तरह अब पंजाब रोडवेज़ की बसों की कुल तादाद 1,140 हो गई है। मुसाफिरों की सहूलियत के लिये नई किस्म के 11 छोटे बस-स्टाप बनाए गए हैं, जहां पर लाइन में खड़े होने वालों के लिए शेड होंगे। अमृतसर, करनाल और रोहतक में बसों के लिए तीन बड़े अड्डे बनाये जा रहे हैं, जहां ज़रूरी सहूलियतें मुहैय्या की जायेंगी। शिमला, नंगल, पठानकोट और मोगा में बस-स्टैन्ड बनाने की योजना को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। पंजाब रोडवेज़ की कार्य-प्रणाली को सुधारने के लिए पुरानी गाड़ियों की पूरी मुरम्मत की जा रही है, नाकारा गाड़ियों को बदला जा रहा है और नई गाड़ियां खरीदी जा रही हैं। इस मक़सद के लिए 200 से ज्यादा बसें या तो हासिल की जा चुकी हैं या हासिल की जा रही हैं।

सनअतें

28. सनअतों के सम्बन्ध में हमारे राज्य में सिर्फ दो केन्द्रीय प्राजैक्ट अलाट किये गए हैं। इन पर लगभग 30 करोड़ रुपये की पूंजी लगेगी। तीन पांच साला योजनाओं के दौरान केन्द्रीय प्रोजैक्टों के लिये 2,130 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लगनी थी। यह रकम इस पूंजी का 1.4 फी सदी है । चूंकि हमारा हिस्सा बिल्कुल ही थोड़ा है, इसलिए मेरी सरकार ने केन्द्रीय सरकार से कहा है कि वह इस राज्य में बिजली की बड़ी मशीनरी बाल बेरिंग और भारी कम्प्रैसर और पम्पों के तीन प्राजैक्ट क़ायम करें ।

22 मिलों को 2,57,272 तकलियों के लिए अब तक लाइसैन्स जारी किये जा चुके हैं। इन में से पांच नई सूत कताई मिलें चालू कर दी गई हैं। चीनी के भी तीन सहकारी कारखानों में चालू साल के दौरान काम शुरू हो चुका है। फौलादी ट्यूबों के एक कारखाने के इलावा, एक ऑटोमोटिक (अपने आप चलने वाला) गियर प्लांट, शीशे का सामान बनाने का एक कारखाना, और फौलाद ढलाई के तीन कारखाने भी लगाये जा रहे हैं। पब्लिक सैक्टर में डली लोहे का प्राजैक्ट कायम करने के लिए एक मुफ़स्सिल और सिलसिलेवार प्रोग्राम बनाया गया है। इस पर कुल 4.5 करोड़ रूपये खर्च होंगे। प्राजैक्ट कायम करने के संबंध में शुरू का काम काफ़ी हद तक पुरा हो चुका है। एक मशहूर ब्रिटिश फर्म से मिलकर लैन्डरोवर गाड़ियां बनाने के वास्ते लाइसेंस लेने के लिए भी हमने लिखा हुआ है।

देहाती और घरेलू दस्तकारियों की तरक्की के लिए कई कारगर स्कीमें तैयार की गई हैं ताकि देहाती और पहाड़ी इलाके के लोगों को मुनासिब रोज़गार मिल सके। राज्य में हथ करघे वालों को सूती धागा सप्लाई करने के लिए उकलाना में कताई का एक सहकारी कारखाना लगाया जा रहा है। मरे हुए पशुओं का ठीक ढंग से इस्तेमाल करने के लिए भी बड़े पैमाने पर प्रोग्राम बनाया गया है। मुर्गी-पालन को तरक्की देने के लिए पंजाब मुर्गी-पालन कार्पोरेशन क़ायम की गई है, जो पचास लाख रुपये तक खर्च कर सकेगी।

एक सनअती-विकास-कार्पोरेशन कायम करने का विचार है ताकि नये सनअती इदारों को इस बात की गारंटी मिल सके कि सरकार इनकी हिस्सा-पूंजी में शमूलियत करती रहेगी। कार्पोरेशन सरकारी प्राजैक्टों की देखभाल भी करेगी।

जहां तक माल को राज्य से बाहर भेजने का सम्बन्ध है, मेरी सरकार का इरादा है कि इसे बढ़ावा देने के लिए आला अख्तियारों वाला एक सलाहकार बोर्ड बनाया जाए ताकि बरामद की ओर ज्यादा तरक्की के लिए नीतियां तय की जा सकें। अमृतसर, लुधियाना, जालन्धर, जगाधरी, बटाला, पानीपत और फरीदाबाद में बरामद करने वालों के लिए स्थानीय चैम्बर कायम किये जा रहे हैं। इन चैम्बरों से स्टेट बरामद चैम्बर बनाया जाएगा। जो भारत सरकार की तरफ से बनाये गए इण्डियन बरामद फैडरेशन के साथ संबद्ध होगा। हरी चाय की पैदावार की तरफ खास तौर से ध्यान दिया जायेगा ताकि उसे अफरीकी मुल्कों को भेजकर मुनाफा हासिल किया जा सके।

पिछले साल के दौरान मेरी सरकार ने कारखानादारों और सनअत से सम्बन्ध रखने वाले दूसरे माहिरों की एक खास कानफ्रेंस बुलाई। इस कानफ्रेंस से सरकार और सनअती इदारों के बीच आपसी मेल-जोल और ताल-मेल पैदा करने में मदद मिली है।

सनअती ट्रेनिंग

29. सनअती ट्रेनिंग के महकमे ने सनअती ट्रेनिग इदारों में 6,608 ज्यादा सीटों का प्रबन्ध किया। इन्स्ट्रूमैन्ट टैक्नॉलोजी और इलैक्ट्रॉनिक टैक्नालोजी के दो नये कोर्स औरतों के सरकारी पॉलिटैक्निक, चण्डीगड़ में शुरू किये जायेंगे।

कोआपरेशन (सहकारिता)

30. कोऑप्रेटिव तहरीक की और ज्यादा तरक्की हुई है। इन सोसाइटियों के 3 लाख नये मैम्बर बने हैं। इस साल के दौरान एक और प्राइमरी लैण्ड मॉरगेज बैंक खोला गया। मेरी सरकार का ज़रायती पैदावार के कैश-प्रोग्राम के तहत देहाती कोआप्रेटिव गोदाम बनाने का इरादा है। कंज्यूमर स्टोरों (उप-भोक्ता स्टोरों) का ज़िक्र पहले भी किया जा चुका है। उनकी बहुत तेजी से तरक्की हुई है। अगले साल के दौरान ऐसे और कंज़्यूमर स्टोर खोलने पर विचार किया जा रहा है।

तालीम

31. मुफत और लाज़मी प्राइमरी तालीम की स्कीम को 1965-66 के दौरान भी अमल में लाया जायेगा। इस स्कीम के तहत 10,11 साल की उमर के बच्चे भी आ जायेंगे। यह बड़ी खुशी की बात है कि इस राज्य के विद्यार्थियों के अन्दर डिसिप्लिन की भावना किसी भी दूसरे राज्य के मुकाबले में ज्यादा बेहतर है।

अध्यापकों और दफतरी अमले को मुस्तकिल करने के काम की तरफ खास ध्यान दिया गया और 40,000 हज़ार से ज्यादा ऐसे कर्मचारियों को खाली आसामियों पर पक्का कर दिया गया। अध्यापकों की हालत को बेहतर बनाने और उन्हें ज्यादा सहूलियतें देने के लिए कुछ ठोस कदम उठाए गए। 540 बी० ए० बी० एड० अध्यापकों में से 528 अध्यापक, मास्टरों के ग्रेड के काबिल पाये गये और उन्हें यह ग्रेड दे दिया गया। ज्यादा से ज्यादा अध्यापिकाओं को अपने घरों के पास या उनकी अपनी मर्ज़ी के मुताबिक जगहों पर तैनात किया गया। इससे वे अपने आप को ज्यादा महफूज़ समझने लगी हैं। खराब नतीजों की वजह से अध्यापिकों को सजा देने का जो फार्मूला 1962 में शुरू किया गया था, फिलहाल इस पर अमल करना रोक दिया गया है। सरकारी व गैर-सरकारी आदमियों की एक कमेटी मुकर्रर की गई है, जो इसके बारे में किसी और मुनासिब तरीके का सुझाव देगी।

राज्य की तरफ से गैर-मामूली काबलियत वाले अध्यापकों को दिए जाने वाले इनामो की गिनती 5 से बढ़ा कर 20 कर दी गई है ताकि वे अपने फर्ज़ को निभाने में फखर महसूस कर सकें।

हमीरपुर, ज़िला कांगड़ा में अगले साल से एक सरकारी कालेज खोलने का विचार है, पर यह तभी खुल सकेगा, अगर अगले दो सालों के अन्दर कालेज की अपनी इमारत बनने तक आरजी जगह का प्रबंध हो जाये। ऐसे बच्चों के लिए भी चण्डीगढ़ में एक स्कूल खोला गया है, जिनका दिमाग ठीक तरह से काम नहीं करता। पढ़ाई में होशियार ग़रीब विद्यार्थियों के दिये जाने वाले वज़ीफों की तादाद भी बढ़ा दी गई है।

हम दूसरे राज्यों की तरह सैकण्डरी तालीम का एक बोर्ड कायम करने पर भी विचार कर रहे हैं। एक आला अखितयारों वाली कमेटी मुकर्रर की गई है, जो ऐसे बोर्ड के बनाये जाने के लिए सभी ज़रूरी बातों की तफसील तैयार करेगी। इस तरह मेरी सरकार ने अलग अलग मरहलों पर, तालीम के तरीकों, कोर्सों और मियार को

सुधारने और अध्यापकों की हालत को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं उठा रखी। अध्यापकों की काबलियत और तालीम के मियार के बारे में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इन कमियों को दूर करने के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं।

तकनीकी तालीम

32. चालू साल के दौरान तकनीकी तालीम बढ़ाने और फैलाने की कोशिश जारी रही। पोस्ट-ग्रैजुएट पढ़ाई के सम्बन्ध में स्ट्रक्चरल इंजीनियरी, ऐटोडायनैमिक मशीन के दो नए कोर्स शुरू किए गए। चण्डीगढ़, लुधियाना और पटियाला में सिविल, मकैनिकल, और इलैक्ट्रिकल इंजीनियरी की पढ़ाई के पार्ट-टाइम डिप्लोमा कोर्स शुरू हो गये हैं। इससे इंजीनियरी इदारों और कारखानों के कम तन्खाह पाने वाले कर्मचारियों को अपनी तकनीकी काबलियत बढ़ाने का पहली बार मौका मिलेगा। यह बड़ी खुशी की बात है कि भारत सरकार ने पंजाब इंजीनियरी कालेज को चौथी पांच साला योजना में इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालोजी बनाना मान लिया है। एक और बड़ी अहम बात यह है कि भारत की वाई०एम०सी०ए० की नेशनल कौंसिल ने फरीदाबाद में जर्मन माडल का एक इंजीनियरी इंस्टीट्यूट क़ायम करना मान लिया है।

यह महकमा हायर सैकण्डरी स्कूलों की मदद से, मौजूदा पालिटैक्निकों में ऐसे पायलट जूनियर टैक्निकल स्कूल खोलना चाहता है जिनके सिलेबस पहले के पॉलिटैक्निकों के सिलेबस से बेहतर होंगे। मुझे उम्मीद है कि इस तजरुबे से हायर सैकण्डरी तालीम फायदेमन्द बन जाएगी और इन में तालीम पाकर निकलने वाले लोगों को रोज़गार मिल सकेगा, और इसके बाद वे कारखानों में और काम सीखने के योग्य हो जायेंगे। हमारी यह नीति है कि तकनीकी तालीम की सहूलियतों को इतना बढ़ाया जाए कि ज़रूरत पड़ने पर ऐसे तकनीकी सिखलाई वाले लोग काफी तादाद में मिल सकें।

डाक्टरी इलाज और सेहत

33. लोगों की भलाई का अदर्श सामने रखने वाली किसी भी सरकार के लिए बहुत ज़रूरी है कि वह लोगों को पीने के लिए साफ पानी मुहैय्या करे। इसलिए मेरी सरकार को इस बात का पूरा ध्यान है कि जहां तक हो सके पहाड़ी इलाकों में (खासकर ज़िला कांगड़ा) और इस राज्य के रेतीले इलाक़ों में जल्दी से जल्दी पीने के साफ़ पानी का प्रबन्ध किया जाए। इस संबंध में हरियाणा के लोगों की ज़रूरतों की तरफ भी खास ध्यान दिया जा रहा है।

इस राज्य में डाक्टरी इलाज और सेहत के बारे में सहलितें देने के लिए हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। 1963-64 में डाक्टरी इलाज और सेहत के महकमे के लिए 572 लाख रुपये की रक़म रखी गयी थी। अब 1964-65 में यह रकम बढ़ाकर 616 लाख रूपये कर दी गई है। इस महकमे को नये सिरे से तरतीब देकर सेहत और डाक्टरी विंगों को ज़िला चीफ़ मैडिकल अफ़सरों के मातहत कर दिया गया है। चीफ़ मैडिकल अफ़सरों और डिप्टी चीफ़ मैडीकल अफसरों को दी गई प्राइवेट प्रैक्टिस करने की रियायत अब वापिस ले ली गई है ताकि वे डाक्टरी सहायता और सेहत के मामलों की तरह पूरी

तरह से ध्यान दे सकें। प्राइवेट प्रैक्टिस न करने के बदले उन्हें खास भत्ता दे दिया गया है।

राज्य के पहाड़ी इलाकों के लिए 11 और आयुर्वैदिक दवाखाने भी मंजूर किये गए हैं। चार आयुर्वैदिक सर्कल हस्पताल भी खोले जा रहे हैं। अब औसतन हर पांच मुरब्बा मील के अन्दर डाक्टरी इलाज का एक सेंटर है।

बढ़ती हुई आबादी के मसले को सुलझाने के लिए फ़ैमिली प्लानिंग प्रोग्राम की तरफ खास ध्यान दिया जायेगा। इस बारे में जो कुछ भी किया जाना है, उसके रास्ते में माली मुश्किलों के कारण कोई रुकावट नहीं आने दी जायेगी। इस साल एक स्टेट फ़ैमिली-प्लानिंग-अफ़सर मुकर्रर किया गया है। बढ़ती हुई आबादी को रोकने के लिए चालू साल के दौरान 40,000 आदमियों के ऑपरेशन करने का एक 'क्रैश-प्रोग्राम' शुरू किया गया। इसके अलावा, फ़ैमिली-प्लानिंग के मुताबिक सेहत के बारे में जानकारी बढ़ाने का प्रोग्राम एक बड़े पैमाने पर शुरू कर दिया गया है।

इमारतें और सड़कें

34. सड़कें बनाने का काम जारी रहा। उम्मीद की जाती है कि राज्य में चालू साल के दौरान मौजूदा सड़कों के अलावा तकरीबन 325 मील लम्बी नई सड़कें बन जाएंगी। ग्रैंड ट्रंक रोड पर सतलुज और ब्यास नदियों और दिल्ली-हिसार-सुलेमान की सड़क पर लिसाड़ा नाले के लिए बनाए जाने वाले पुलों के काम में तसल्लीबख्श तरक्की हुई है। ये दोनों बड़े प्राजैक्ट हैं। सरकार ने राज्य के सूखा पड़ने और बाढ़ वाले इलाकों में रोज़गार मुहैय्या करने के लिए सड़क बनाने के खास प्रोग्राम को शुरू कर रखा है। पहाड़ी इलाकों की तरफ पहले ही खास ध्यान दिया जाता रहा है। इन इलाकों में साल 1965-66 के दौरान और सड़कें बनाइ जायेंगी जिनपर तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपये की रक़म खर्च होगी।

लोक निर्माण महकमा और खज़ानों के कलर्कों को ट्रेनिंग

35. पंजाब लोक निर्माण महकमे की शाखाओं के सब-डिवीजनल क्लर्कों और हिसाब-किताब रखने वाले क्लर्कों और खज़ाने में काम करने वाले क्लर्कों को ट्रेनिंग देने के लिए राज्य सरकार ने अप्रैल, 1964 में चण्डीगढ़ में एक एकाउन्ट्स-ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट (लेखा प्रशिक्षण संस्थान) कायम किया। यह उत्तरी भारत में अपनी किस्म का पहला इन्स्टीट्यूट है और इसका प्रिंसिपल इण्डियन आडिट एकाउंट्स सर्विस से लिया गया है। इसने लोक-निर्माण महकमे और खज़ानों के 550 कर्मचारियों को ट्रेनिंग दे दी है। भारत सरकार ने इस इन्स्टीट्यूट को राष्ट्र-मण्डल अफरीकी सहायता की एक खास योजना के तहत तनज़ानिया और यूगांडा (अफरीका) सरकार के कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के लिए एक मुनासिब इदारा करार दिया है। इसके मुताबिक युगांडा के चार सरकारी कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। तनज़ानिया के 15 सरकारी कर्मचारी अभी ट्रेनिंग ले रहे हैं।

राजधानी प्राजेक्ट

36. पिछले कुछ सालों की तरह चालू साल में भी राजधानी प्रॉजैक्टों को दिए जाने वाले धन में कमी कर दी गई। इसके नतीजे के तौर पर राजधानी की तरक्की की रफ़तार कुछ धीमी पड़ गई। फिर भी तामीर के जिस काम को हाथ में लिया गया था, उस पर इस का असर नहीं होने दिया गया। चंडीगढ़ में सड़कों, नालियों के पानी के निकास, मल निकास और पानी की सप्लाई के काम का पहला दौर लगभग पूरा हो चुका है। यह उम्मीद की जाती है कि तीसरी पांच-साला योजना के आखिरी साल में राजधानी प्रॉजैक्ट उन कामों को पूरा करने के लिये और कोशिशें करेगी, जिन्हें तीसरी योजना में शामिल किया गया था।

शहरी व देहाती प्लानिंग

37. शहरी व देहाती प्लानिंग महकमे ने इस बात के लिये पूरी कोशिश की है कि अनुसूची में आई सड़कों के साथ साथ और उन शहरी इलाकों में, जो आबादी के काबिल न हों, नक्शे के बगैर और इजाजत के बिना कोई तामीर न की जाए। बढ़िया नक्शों के मुताबिक शहरी बस्तियों के कायम करने के प्रोग्राम को ठीक तरह से चलाने के लिये 1964 में पंजाब शहरी बस्ती (विकास व कंट्रोल) एक्ट बनाया गया। मकान बनाने की कई तरह की स्कीमों को लागू करने के लिये चालू माली साल में कर्जों और इमदाद के तौर पर 233 लाख रुपए की रकम दी गई है। इस रकम में पिछले साल की बाढ़ों से पीड़ित लोगों को मकान बनाने के लिये खास तौर पर रखा गया एक करोड़ रुपए का कर्ज़ा भी शामिल है। मकान बनाने के प्रोग्राम को खास तौर पर बढ़ावा देने के लिये यह फैसला किया गया है कि एक ऐसा हाउसिंग बोर्ड बनाया जाये जिसे कानूनी हैसियत हासिल हो। इसके बारे में इस साल के दौरान पहले की जरूरी कार्रवाई की जायेगी ताकि यह बोर्ड चौथी पांच-साला योजना के शुरू में काम करने लग जाये।

लोकल गवर्नमैंट स्थानीय सरकार

38. हमारी सरकार ने फैसला किया है कि एक ऐसी कमेटी बनाई जाए जो इस बात का जायजा लेगी कि पूर्वी पंजाब किराया कंट्रोल एक्ट, 1949 को किस तरह अमल में लाया जा रहा है, और यह कमेटी बदलती हुई सामाजिक और आर्थिक हालत को ध्यान में रखते हुए, उस में तरमीम पेश करेगी। 25,000 या इससे ज्यादा आबादी वाले कस्बों में इम्परूवमैंट ट्रस्ट क़ायम करने की पालिसी के मुताबिक सरकार ने यह फैसला किया है कि शिमला और हिसार में भी ऐसे ट्रस्ट कायम किये जाएं। सरकार इम्परूवमैंट ट्रस्ट, अमृतसर के वास्ते उस की तरक्की की स्कीमों को पूरा करने के लिये 30 लाख रुपए का कर्ज़ा हासिल करने में सफल हो गई है। सरकार ने जीवन बीमा कार्पोरेशन से एक करोड़ रुपए का और कर्ज़ा मांगा है ताकि दूसरे ट्रस्टों के पास तरक्की की अपनी स्कीमों को पूरा करने के लिये काफ़ी धन हो जाए। 1964 में 93 म्यूनिसिपल कमेटियों के चुनाव कराए गए। इस साल (1965) में अमृतसर समेत बाकी की 69 म्यूनिसिपल कमेटियों के चुनाव करवाने का विचार है।

लोक सम्पर्क और यात्रा महकमा

39. लोक-सम्पर्क और यात्रा महकमा सरकार के तरक्की के कामों और दूसरी पालिसियों के बारे में लोगों की जानकारी बढ़ाने के लिए सराहनीय काम करता रहा है। पंजाब लोक-सम्पर्क महकमें का पूरी तरह जायज़ा लेने के बाद यह फैसला किया गया है कि महकमे की देहाती-प्रचार-शाखा को तरतीब दी जाए और सदर मुकाम के प्रबन्ध-ढांचे को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाय कि महकमा अपनी ज़िम्मेदारियों को और भी अच्छी तरह से निभा सके। नए भारत की तामीर करने में श्री जवाहर लाल नेहरू के काम को लोगों के सामने रखने के लिए कई नुमायशें की गईं। हमने बम्बई में हुई "हमारा विरसा" नाम की नुमायश में भी हिस्सा लिया और हमने डिफेंस के सिलसिले में "हम और हिमालय" नाम की एक बड़ी नुमायश का भी प्रबन्ध किया। पंजाब में सैलानियों के लिए ज्यादा दिलचस्पी के साधन होने के कारण उन की तादाद में काफ़ी इज़ाफा हुआ है।

फिरोज़शाह की लड़ाई के शहीदों की और बहादुर योद्धा शामसिंह अटारी वाले की याद में ज़िला फिरोज़पुर में फिरोज़शाह के स्थान पर एक यादगार बनाई जाएगी। स्कीम यह बनाई गई है कि पानी के एक तालाब में 112 फुट ऊंची शहीदी पौड़ी बनाई जाए और इस पर घुड़सवार शाम सिंह अटारी वाले का कांसे का बुत बनाया जाए। हुसैनीवाला के स्थान पर शहीद भगतसिंह और उस के साथियों की याद में एक यादगार बनाने का भी विचार है।

समाज कल्याण

40. समाजकल्याण महकमे ने जिसमानी और सामाजिक तौर पर पिछड़े लोगों को लाभ पहुंचाने का अपना प्रोग्राम जारी रखा। इंदिरा-हॉलीडे होम स्कीम के मुताबिक एक और तफ़रीह-घर मुकम्मल होने वाला है। बूढ़े और नाकारा लोगों के लिये रिवाड़ी और जालन्धर में भी दो और आश्रम खोले गए हैं। विचार यह है कि अपाहजों को काम देने के लिए एक ऐसा वर्कशाप खोला जाए जिसमें उनकी रिहायश का भी प्रबन्ध हो। पूर्वी पंजाब बालक एक्ट के मुताबिक मंज़ूरशुदा स्कूल खोलने की स्कीमों का तफ़सीलवार जायज़ा लिया जा रहा है। बुढ़ापा पेंशन-स्कीम, 1964 के शुरू में चालू की गई। इस के मुताबिक अब तक लगभग 3,000 आदमियों को पेंशन दी जा चुकी है। जिन लोगों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है, उन को इस बारे में पहल दी गई है। बाढ़ के कारण नुकसान उठाने वाले देहातों में 17 कल्याण केन्द्र खोल दिए गए हैं ताकि औरतों के मुनासिब रोज़गार मिल सके और किसी काम-धन्धे की सिखलाई दी जा सके जिससे वे इज्ज़त से अपनी रोटी कमा सकें।

हरिजनों और पिछड़ी जातियों के लोगों की भलाई

41. हरिजनों, विमुक्त जातियों और दूसरी पिछड़ी जातियों के लोगों की माली हालत बेहतर बनाने और समाज में उनका दर्जा ऊंचा करने के प्रोग्राम की तरफ खास ध्यान दिया जाता रहा है। आरज़ी टैक्सेशन एक्ट, 1962 से 3.86 करोड़ रुपए की आमदन हुई। यह रक़म ऐसे फंड का आधार बनेगी जिसे 'हरिजन कल्याण फंड' कहा जायगा। बाद में, चौथी पांच-साला योजना के दौरान राज्य की आमदन में से इस फंड में 1.14

करोड़ रुपए की रकम डाली जाएगी। इस से कुल रकम पांच करोड़ रुपये हो जाएगी। इस फंड में से हरिजनों को कर्जे दिए जाएंगे ताकि उन्हें फिर-बसाओ महकमे की तरफ़ से नीलाम की जाने वाली निकासी ज़मीनें खरीदने के लिये सहायता मिल सके। इस के लिये चालू माली साल के दौरान 2.03 करोड़ रुपए की रकम खर्च की जाएगी। हम यह विचार कर रहें हैं कि हरिजनों, विमुक्त जातियों और दूसरी पिछड़ी जातियों के लोगों की भलाई के लिये अब तक किए गए काम का जायज़ा लेने के लिए एक कमेटी बनाई जाए। यह कमेटी इस बारे में भी सुझाव देगी कि कई स्कीमों को पूरी तरह चलाने के लिए कौन कौन से कदम उठाए जाएं। इस बात पर भी विचार किया जा रहा है कि महकमे को नए सिरे से तरतीब दी जाए ताकि इन स्कीमों को अच्छी तरह चलाया जा सके।

मज़दूर भलाई

42. कीमतों के ग़ैरमामूली तौर पर बढ़ने और मज़दूरों की उजरतों के उन के मुताबिक न बढ़ने से 1964 के आखिरी छः महीनों में मज़दूरों में कुछ बेचैनी पाई गई। फिर भी, बीच-बचाओ कराने वाले प्रबन्धक ढांचे ने मालिकों और मज़दूरों के बीच आपसी विश्वास और सद्भावना का माहौल बनाए रखने के लिये पूरी कोशिश की।

उपसंहार

43. इससे पहले मैंने अपनी सरकार के काम-काज और नीतियों पर मोटे तौर पर रोशनी डाली है। पहले बताए गए महकमों के अलावा जिन दूसरे महकमों का ख़ास तौर पर ज़िक्र नहीं किया गया, उन में भी साल के दौरान लगातार तरक्की होती रही है। मैं आप का शुक्रगुज़ार हूं कि मेरे इस भाषण को आपने ध्यान से सुना। जमहूरी समाजवाद के असूलों को सामने रखते हुए मेरी सरकार ने ऐसे सामाजिक और आर्थिक निज़ाम की बुनियाद रखने के लिये पूरी पूरी कोशिश की है, जिसमें इस राज्य के लोगों की खुराक, तालीम और सेहत की अहम ज़रूरतों को पूरा किया जाएगा। इस निज़ाम को लाने के लिये हम कई ऐसे काम कर रहे हैं जिनके मुताबिक हमारी कई तरह की कार्रवाइयां और सरगर्मियां जारी हैं। इन सब का मकसद एक समाजवादी ढांचा कायम करना है जिसमें इस राज्य के सभी लोग शरीक हों और जिस पर हम सब फ़ख्र कर सकें। इस कोशिश में रहनुमाई करने, प्रेरणा और उत्साह देने की सब से पहली ज़िम्मेदारी आप लोगों की है। मैं इस बड़े काम में आपकी जल्द से जल्द कामयाबी के लिये शुभ कामना करता हूं, और मुझे पूरा पूरा विश्वास है कि एकता और मज़बूत इरादे, लगन जोश के साथ काम करते हुए हम ज़रूर बर ज़रूर इस रास्ते पर आगे बढ़ते जाएंगे।

जय हिन्द

ANNOUNCEMENT BY THE SPEAKER

Mr. Speaker : I have to inform the House that Sardar Partap Singh Kairon, a Member of this Sabha, representing Sarhali constituency of Amritsar District has died on the 6th February, 1965.

OBITUARY REFERENCES

मुख्य मन्त्री : स्पीकर साहिब, बतौर लीडर ग्राफ दी हाउस के मेरे जिमे ग्राज यह ग्रफसोसनाक फर्ज है कि मैं उस महान् व्यक्ति सरदार प्रताप सिंह कैरों, जिन्होंने 33 साल तक पंजाब राज्य की मुख्तलिफ तरीकों से सेवा ग्रौर खिदमत की थी, जिन्होंने पूरे ग्राठ साल तक इस हाउस के बतौर लीडर ग्रौर चीफ मिनिस्टर के पंजाब के राज्य प्रबन्ध को चलाया था, उन की ग्रफसोस नाक मृत्यु के सम्बन्ध में ग्रपनी तरफ से ग्रौर इस हाउस की तरफ से ट्रिब्यूट पेश करूं। ग्रौर उन के परिवार को इस हाउस की तरफ से इज़हारे ग्रफसोस ग्रौर हमदर्दी ग्रापकी मार्फत पहुंचाऊं। इस फर्ज़ को मुझे ग्राज ग्रदा करना है। इन के साथ साथ चार ग्रौर साथी जो कि पिछले पांच छ: महीनों में इस हम से जुदा हुए हैं, मेरा इशारा है श्री दसण्पा साहिब, जो कि यूनियन गवर्नमैंट के रेलवे मिनिस्टर थे, चौधरी बारू राम जी जो कि पंजाब ग्रसैम्बली के मैम्बर रहे हैं, श्री एम. ग्रार. सचदेव जो कि पंजाब गवर्नमेंट के चीफ सेक्रेटरी रहे हैं ग्रौर गवा के लैफटीनैंट गवर्नर थे ग्रौर पंजाब ग्रौर हिन्दोस्तान की ग्राज़ादी के जरनैल श्री ग्रात्मा सिंह शेखुपुरा की मृत्यु के बारे में भी इज़हारे ग्रफसोस करता हूं।

जैसा कि ग्रापको ग्रौर सारे हाउस को मालूम है कि सरदार प्रताप सिंप कैरों ने पिछले 33 साल के ग्रन्दर ग्रपने देश की सेवा की है। ग्रापको मालूम है कि किस तरह से उन्होंने यके बाद दीगरे मुसीबतें झेल कर हिन्दुस्तान की ग्राजादी की लड़ाई में ग्रपना ग्रहम पार्ट ग्रदा किया था। यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। ग्रगर मैं यह कहूं कि सरदार प्रताप सिंह कैरों इस माडर्न पंजाब के बिल्डर थे, उन्हों ने पंजाब को स्टेबल गवर्नमैंट दी थी, वे एक एबल एडमिनिस्ट्रेटर थे तो यह बिल्कुल बजा होगा। वे मैन ग्राफ मासिज़ थे ग्रौर उन्हों ने पंजाब के ग्रन्दर रूरल कांशसनैस पैदा की थी। उन्होंने न केवल पंजाब के लोगों को ही बल्कि सारे हिन्दुस्तान के लोगों को डिफैन्स माइंडिड बनाने की कोशिश की थी। वे मैन ग्राफ ग्रायरन विल थे। वे मैन ग्राफ स्टर्लिंग क्वालिटीज़ थे ग्रौर उनकी इस तरह की क्वालिटीज़ थीं जिन को देख कर हम उनके सारे के सारे ग्रबगुणों को नज़रग्रंदाज़ कर जाते हैं। हर एक ग्रादमी के ग्रन्दर कुछ न कुछ खामियां होती हैं ग्रौर कमज़ोरियां भी होती हैं ग्रौर सिफात भी होती हैं 'टू एर इज़ ह्यूमेन'। किसी इनसान की मृत्यु के बाद में उसकी क्वालिटीज़ ग्रौर गुणों की तरफ ज्यादा तवज्जोह देनी चाहिये बजाये इसके कि उसकी खामियों को देखें। दुनिया के ग्रन्दर ऐसा कोई इनसान नहीं है जिस में कोई खामी या कमज़ोरी न हो। जिस में कोई खामी या कमजोरी न हो वह तो देवता हो जाता है, वह इनसान नहीं रहता। जब मैं सरदार प्रताप सिंह कैरों का ज़िक्र करता हूं तो उसकी बहुत ज्यादा सिफात को देखते हुए उसकी खामियों को नज़र ग्रंदाज़ करना पड़ता है। हर एक भाई ग्रौर बहिन ने उस को ट्रिब्यूट ग्रदा किए हैं। मुझे भी उसको श्रद्धांजली ग्रदा करके ग्रपना फर्ज़ ग्रदा करना है। वे एक ग्रेट पैट्रिग्राट थे। जैसे कि मैंने ग्रर्ज़ किया है कि वे एक बड़े एडमिनिस्ट्रेटर थे ग्रौर मैन ग्राफ स्ट्रांग विल थे। पंजाब की नैशनल फोर्स के सिम्बल थे। मेरा उन से पिछले 25 साल

[मुख्य मन्त्री]

से सम्बन्ध है रहा है । सरदार प्रताप सिंह उस ज़माने में पैदा हुए जबकि हिन्दुस्तान में बाल लाल पाल ने आजादी लहर चलाई थी। बाल गंगाधर तिलक ने आज़ादी की लहर हिन्दुस्तान में चलाई थी। जब वे पैदा हुए तो कौन जानता था कि यह बच्चा जवान होकर अपनी जवानी को देश की खातिर लुटा देगा और अपनी जान की बाज़ी लगा कर भी देश की सेवा करेगा। आज जिस तरीके से उन की ब्रूटल असैसिनेशन हुई है, ट्रैजिक डैथ हुई है उसको हिन्दुस्तान के कोने कोने में कन्डैम किया गया है। हर भाई और बहन ने इस कुकर्म को कंडैम किया है। जिस तरह से उन्हों ने पंजाब राज्य को चलाया था उसके लिए हर भाई और बहिन ने खिराजे तहसीन अदा करते हुए इस मर्डर की कन्डैमनेशन की है । उन के अंदर इतनी खूबियां थीं कि वह लोगों के दिल के अंदर घर कर गई थीं । वह एक बहुत पापूलर इनसान था और पापूलर एडमिनिस्ट्रेटर था। जिन हालात के मातहत उस को चीफ मिनिस्टरी से अलग होना पड़ा आज उन को दोहराने की ज़रूरत नहीं है । जिस प्रकार उन्हों ने पंजाब असैम्बली की आठ साल तक बतौर लीडर आफ दी हाउस के रहनुमाई की थी और जिस प्रकार हिन्दुस्तान की आज़ादी के बाद पंजाब की पार्टीशन के बाद बतौर डिवैल्पमैन्ट मिनिस्टर के उन्हों ने पंजाब के लोगों की सेवा की और उनको फायदा पहुंचाया, वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। यह सब बातें किसी प्रकार के बयान की मोहताज नहीं हैं।

स्पीकर साहिब, सरदार कैरों 1901 में पैदा हुए । उस पुराने जमाने में अपनी इबतदाई तालीम कैरों गांव में प्राप्त करके खालसा कालेज, अमृतसर से उन्होंने एफ. ए. पास की और बाद में अमरीका तशरीफ ले गए । वहां पर मिशीगन यूनिवर्सिटी से उन्हों ने पालिटिक्स में एम० ए० की डिग्री हासिल की। उन्हों ने अमरीका में तालिब इल्मी के जमाने में ही इतिहास बनाने की कोशिश की। जैसे कि कहा जाता है 'होनहार बिरवान के चिकने चिकने पात'। उस ज़माने में अमरीका के अन्दर हिन्दुस्तान की आजादी की लड़ाई लड़ने वालों ने गदर पार्टी की बुनियाद रखी थी। सरदार प्रताप सिंह ने उन लोगों से सबक सीखा। उस समय सरदार प्रताप सिंह जी उन लोगों से मिले। उन्हों ने यह भी स्टडी किया कि किस तरह से अमरीका को आजादी मिली थी। उस वक्त के मिशीगन यूनिवर्सिटी के प्रिंसिपल ने सरदार प्रताप सिंह को कहा था: 'ऐसा मालूम होता है कि जिस तरह की आप की सरगर्मियां हैं, जब आप हिन्दुस्तान के अन्दर जाएंगे तो जिस तरह से वहां पर आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही है, इस बात में किसी तरह से भी कोई शको शुबा नहीं कि हिन्दुस्तान पहुंचते ही आपकी जगह जेल में होगी'। सरदार प्रताप सिंह एक तरफ अमरीका में एक मैनुफैक्चरिंग कम्पनी के अन्दर दिन और रात मेहनत से काम किया करते थे, उधर अपनी पढ़ाई किया करते थे और साथ ही हर समय अपने देश की बाबत सोचा करते थे ।

अमरीका से वापिस आने के बाद उन्होंने पंजाब में 'न्यू ईरा' अखबार को ऐडिट किया। उस वक्त मेरी सरदार प्रताप सिंह जी के साथ इतनी वाकफियत नहीं थी लेकिन मेरी मुलाकात उन के साथ पहले पहल सन् 1933 के अन्दर मुलतान जेल में

हुई। उस वक्त की बाबत मैं आप को और, स्पीकर साहिब, आप के द्वारा हाउस को याद दिलाना चाहता हूं कि महात्मा गान्धी के नेतृत्व में हिन्दुस्तान के अन्दर सिविल डिस-ओबीडीएंस मूवमैन्ट चली थी। उस जमाने में यानी सन् 1932 में देहली में कांग्रेस के झंडे तले एक अनलाफुल जलसा हुआ था। इस समय कांग्रेस ने जो प्रस्ताव पास किया उसकी बाबत सारे देश के अन्दर कांग्रेस के तमाम कारकुनों को यह हिदायत दी गई थी कि उस रैजोल्यूशन को जगह जगह पर दुहराया जाये ताकि अंग्रेजों के साथ अमली तौर पर टक्कर ली जाये। उस वक्त यानी सन् 1932 में अमृतसर के अन्दर पंजाब प्राविंशियल पोलिटिकल कान्फ्रेन्स का एक अनलाफुल जलसा हुआ। उस जलसे की सदारत करने के लिये मुनशी हरी राम जी ने मुलतान से आना था। लेकिन उन को वहां पर गिरफतार कर लिया गया। फिर लाला बोध राज जी आगे आए, उन को भी गिरफतार कर लिया गया। इसी तरह से श्री पुरुषोत्तम लाल जी को भी गिरफतार कर लिया गया। उस वक्त इस इनसान के हौसले की आप दाद दें कि सरदार प्रताप सिंह एक होटल में से निकले और सब के देखते देखते उस कान्फ्रैन्स को प्रीज़ाइड किया जिस के लिए क्रिमिनल ला एमैन्डमैन्ट ऐक्ट के अधीन उनको पांच साल के लिये जेल की सज़ा हुई। यह एक निहायत आला दर्जे की कुर्बानी थी जो कि सरदार प्रताप सिंह ने आगे बढ़कर देश के लिए की।

स्पीकर साहिब, इतना ही नहीं,। जिस वक्त महात्मा गान्धी ने 1933 में सिविल डिसओबीडीएंस मूवमैन्ट को वापिस लिया और हिन्दुस्तान के अन्दर प्रोविंशियल अटानोमी कायम हुई तो उस वक्त जो चुनाव हुए थे, पंजाब के अन्दर जो पहले चुनाव हुए थे सन् 1936-37 के अन्दर, उस वक्त सरदार प्रताप सिंह पहली बार पंजाब असैम्बली के मैम्बर चुने गए थे। गो इस बात को नज़र अंदाज़ नहीं किया जा सकता कि जब सरदार प्रताप सिंह अमरीका से वापिस आए थे तो उन्हों ने अकाली पार्टी को कायम किया था। अकाली पार्टी उन दिनों, स्पीकर साहिब, एक एन्टी इम्पीरियलिस्ट ताकत थी। उस वक्त उन्हों ने देश की आजादी के लिये पूरी तरह से काम किया था। सन् 1937 से लेकर सन् 1962 तक वह पांच बार पंजाब असैम्बली के मैम्बर चुने गए। सिर्फ पांच बार असैम्बली का मैम्बर बनने का ही सवाल नहीं है, स्पीकर साहिब, मैं आप की मार्फत हाऊस को याद दिलाना चाहता हूं कि उसके बाद यके बाद दीगरे मुखतलिफ तरह से उन्होंने पंजाब की जी जान से सेवा कीं। पंजाब की पार्टीशन के बाद जब यहां पर सबसे पहली डाक्टर गोपी चन्द भार्गव की वज़ारत बनी तो उसके अन्दर सरदार प्रताप सिंह डिवैल्पमैन्ट मिनिस्टर बने। उसके बाद जब उन्हों ने पंजाब के मुख्य मन्त्री का पद सम्भाला तो जिस तनदेही से उन्हों ने सूबे को तरक्की के रास्ते में आगे ले जाने के लिए कोशिश की वह किसी से छिपी हुई नहीं है। वह आठ साल तक मतवातर पंजाब के मुख्य मन्त्री रहे। इस लम्बे अर्से में, इस में कोई शक नहीं कि लोगों के उन के साथ इखतलाफात भी हो सकते हैं और थे और बहुत से लोग उनके हक में भी थे। इस में भी कोई सन्देह वाली बात नहीं है कि वह मैन आफ लाईक्स ऐंड डिसलाईक्स थे। लेकिन ऐसा होते हुए भी उन के अन्दर अनेक सिफात थीं और कई क्वालिटीज़ थीं जिन

[मुख्य मंत्री]

की वजह से उन्होंने पंजाब पर अपने व्यक्तित्व की एक छाप डाली। सिर्फ पंजाब पर ही नहीं सारे हिंदुस्तान पर उन का अपना एक दबदबा था, एक रौब था और अपने व्यक्तित्व की उन्होंने एक छाप छोड़ी जिसे सारा हिन्दुस्तान पूरी तरह से आने वालों वक्तों में याद रखेगा।

तो, स्पीकर साहिब, मैं यह निवेदन कर रहा था कि सरदार प्रताप सिंह कैरों अपने ज़माने के एक महान व्यक्ति थे। किस तरह की समस्याओं का उन्होंने यके बाद दीगरे अपने तरीके से समाधान किया? उनके समय के अन्दर कई तरह के आन्धी और तूफान आये, स्यासी तूफान उठे लेकिन उस मर्दे मैदान ने, उस लौह पुरुष ने बड़ी जुर्रत के साथ, बड़ी तहम्मल मिज़ाजी के साथ उन सारी परिस्थितियों का मुकाबिला किया और उस पंजाब की किश्ती को जिसे स्टारमी पंजाब कहा जाता था, जिसे प्राब्लम पंजाब कहा जाता था, बड़ी सूझ बूझ के साथ धकेल कर किनारे पर लगाया। यही वजह है कि आज जब कि हम उन को ट्रिब्यूट पे करते हैं तो हम उन्हें एक मिलिटेंट फोर्स के तौर पर याद करते हैं।

सरदार प्रताप सिंह ने न सिर्फ 1932 में ही देश की जंगे आजादी में हिस्सा लिया बल्कि उस के बाद व्यक्तिगत सत्याग्रह में, और उसके बाद जो क्विट इंडिया मूवमैन्ट चली उसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस तरह से पूरे तीस साल के अर्सा में बहुत समय तक बतौर डैटेन्यू जेल में रहे। वह पंजाब प्रोविंशियल कांग्रेस कमेटी के जनरल सैक्रेटरी रहे, पंजाब प्रोविंशियल कांग्रेस कमेटी के प्रैज़ीडैन्ट रहे। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की वर्किंग कमेटी के मैम्बर के तौर पर काम किया और कई पहलुओं में हिंदुस्तान की खिदमत में अपने जीवन को लगाया।

स्पीकर साहिब, मुझे सरदार प्रताप सिंह के साथ क्विट इंडिया मूवमैन्ट के दौरान जेल में रहने का मौका मिला। मुझे उनके साथ कांग्रेस के अन्दर, उनके एक अदना सेवक के रूप में एक कुलीग के रूप में काम करने के कई मौके मिले हैं। पंजाब राज्य में भी मैंने उनके साथ काम किया है। कई बार कई मामलात पर इखतालाफात भी हुआ करते थे लेकिन हम एक दूसरे की राये की कदर करते थे क्योंकि डैमोक्रेसी के अन्दर विचारों में इखतलाफात का होना कोई बड़ी बात नहीं है बल्कि ज़रूरी है। लेकिन असल बात तो यह है कि किस हद तक हम एक दूसरे की राये की कदर करते है ताकि डैमोक्रेसी पूरी तरह से फलती और फूलती रहे। उस लिहाज़ से, मैं समझता हूं कि इस व्यक्ति के अन्दर, इस इनसान के अन्दर इस तरह की क्वालिटीज थीं जिन की हम पूरी तरह से सराहना करते हैं।

स्पीकर साहिब, जैसा कि मैं ने शुरू-शुरू में अर्ज़ किया, सरदार प्रताप सिंह ने पंजाब के अन्दर एक रूरल कानश्यसनैस पैदा कर दी। उन के दिल में पंजाब के किसान के लिए बेहद प्यार था। वह दिन रात यही सोचा करते थे कि पंजाब के किसान को किस तरह से ऊपर उठाया जा सके, पंजाब के गरीब मज़दूर को किस तरह से जिन्दगी में खुशहाल बनाया जाए, किस तरह से पंजाब में रहने वाले गरीब हरिजनों को, पिछड़ी हुई जातियों को,

पिछड़े हुए इलाकों को ऊपर उठाया जाये और उनकी हालत को सुधारा जाये। वह दिन रात इन बातों पर सोचा करते थे।

उस व्यक्ति की सब से बड़ी सिफत यह थी कि वह प्रशासन के अन्दर रैड टैपिज़म और डिले का जानी दुश्मन था। उन्होंने पंजाब के अन्दर रैड टैपिज्म और डिले को दूर करने के लिए पूरी कोशिश की। आज सरदार प्रताप सिंह हमारे दरम्यान मौजूद नहीं हैं लेकिन हम इस बात को नजर अन्दाज़ नहीं कर सकते कि उन्होंने पंजाब में नई जान फूंक दी जिसे हम हमेशा के लिए याद रखेंगे। जैसा कि मैंने शुरू में कहा है, हर आदमी कहीं न कहीं कोई गलती कर जाता है। कोई ऐसा आदमी नहीं जो अपने जीवन में कोई गलती न करता हो। दुनिया के हजारों जरनैलों का इतिहास इस बात का साक्षी है कि उन्होंने भी बड़ी बड़ी गलतियां कीं। कोई जरनैल या नेता ऐसा नहीं होगा जिस ने कोई न कोई गलती न की हो लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि गलतियां भी कई बार नेकनीयती से होती है। कई बार जो फैसले होते हैं उन पर भी ऐडवर्स कमैन्टस होते हैं। सरदार प्रताप सिंह ने उस ज़माने में ऐडमिनिस्ट्रेशन में आकर पंजाब की सेवा की जब कि यहां पर पार्टीशन हुआ था। उस वक्त पार्टीशन की वजह से अपरूटिड पापुलेशन को, अपरूटिड ह्यूमैनिटी को दुबारा ठीक प्रकार से बसाने का मसला कोई आसान मसला नहीं था। लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि बतौर रिहैबिलिटेशन मिनिस्टर के उन्होंने उस वक्त पूरी तरह से यह काम अपने जिम्मे लिया और शानदार तरीके से उसे निभाया। उन्होंने पंजाब के अन्दर बड़े बड़े तूफानों का मुकाबला किया। इस दौरान यहां पर उन के कई बड़े बड़े मुखालिफ भी पैदा हो गए लेकिन आज वह भी उन की इन कामयाबियों की पूरी तरह से सराहना करते हैं।

आज वह सरदार प्रताप सिंह इस हाउस में नहीं है। 6 फरवरी, 1965 को दिन दिहाड़े जिस तरीके से उन का बूटल कत्ल हुआ वह हमारे लिए बड़ी अफसोसनाक बल्कि शर्मनाक बात है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता और मैं इस बात को जानता हूं कि यह पंजाब के ऊपर एक बड़ा भारी स्लर है और हमारी ख्वाहिश होगी, ख्वाहिश ही नहीं बल्कि कोशिश होगी कि इस स्लर को धोएं और कातलों को ढूंढ निकालने की पूरी कोशिश करेंगे। स्पीकर साहिब, मैं आप की मार्फत इस हाउस को यह यकीन दिलाना चाहता हूं कि जहां तक पंजाब राज्य का सम्बन्ध है, हम पूरी तरह से दिन और रात इस बात के लिए कोशिश कर रहे हैं। हमारी सारी मशीनरी इस बात के लिए लगा रखी है कि वह पता करें कि वह कौन ज़ालिम कातिल थे जिन्होंने सरदार प्रताप सिंह की जिन्दगी को इस तरह से हम से छीन लिया। मैं इस समय पूरे वसूक के साथ तो नहीं कह सकता लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि इस समय तक जितने भी लिंक हो सकते थे हमारी पंजाब की पुलिस और एडमिनिस्ट्रेशन ने उन तमाम लिंकस के बारे में पूरी तरह से छान बीन की है और हम आशा रखते हैं कि हम, हमारी पुलिस, हमारी गवर्नमेंट इस सम्बन्ध में जल्दी

[मुख्य मंत्री]

से जल्दी किसी न किसी नतीजे पर पहुंच सकेगी। हम आशा रखते हैं कि सारे सुराग को निकालने में हम कामयाब हो पाएंगे।

स्पीकर साहिब, मैं आप की मार्फत हाउस को यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम इस के अन्दर किसी किसम का दकीका फरोगुज़ाश्त नहीं रखेंगे क्योंकि यह हमारा कर्तव्य है और हमारा फर्ज है। इस के साथ ही साथ मैं सरदार प्रताप सिंह कैरों को ट्रीब्यूट पे करता हूं और साथ ही इस सदन के मेम्बर साहिबान को और पंजाब राज्य की जनता से कहता हूं कि अब वक्त आ गया है कि हम अपने में सोशल कानशसनेस और ड्यूटी की कानश्स-नेस पैदा करें। हमें अपने में सिविक सेंस की कानशसनेस पैदा करने की जरूरत है और मैं आशा करता हूं कि पंजाब के लोग पंजाब सरकार की इस काम में मदद करेंगे।

इस के इलावा, स्पीकर साहिब, मैं आप की मार्फत यह अर्ज करना चाहता हूं कि पंजाब के इस महान् व्यक्ति सरदार प्रताप सिंह कैरों को पंजाब का हर इण्ड-स्ट्रियलिस्ट, हर छोटा बड़ा जमीनदार, हर वर्कर इन दी फैक्टरी, यानी तमाम के तमाम पंजाब के रहने वाले लोग उस महान् व्यक्ति को आज के दिन ट्रीब्यूट पे करेंगे क्योंकि उस महान् व्यक्ति ने पंजाब में इंडस्ट्री को और एग्रीकल्चर को तरक्की देनें के लिए कोई दकीका फरोगुज़ाश्त नहीं रखा था। पंजाब के सब लोग अच्छी तरह से जानते हैं उस ने किस तरह से यहां पर सायंस को और टैक्नीकल एजुकेशन को फैलाया है और एग्रीकल्चर को मार्डन तौर पर चलाने के लिए और सायंस को तरक्की देने के लिए उस ने बेशुमार योजनाएं चलाई थीं। फिर जब चीन ने हिन्दुस्तान पर हमला करने की कोशिश की थी और इस की शान पर हमला करने की कोशिश की थी तो सारे पंजाब को लोगों की तरफ से सरदार प्रताप सिंह ने चीन को ललकार दी थी और सही मानों में उस ने पंजाब के लोगों का सर सारे हिन्दुस्तान के लोगों में ऊंचा किया था और जिस तरह से उस की अगवाई में पंजाब के लोगों ने देश की रक्षा के लिए पैसा दिया था और फौजों के लिए मैन पावर दी थी और इस के लिए पंजाब के लोगों को कानश्स कराया यह किस से छिपी हुई बात है और यह तमाम ऐसी सिफात हैं जिन को कोई भी इनसान भुला नहीं सकता। इस लिए मैं पूरे तौर पर महसूस करता हूं और कह सकता हूं कि सरदार प्रताप सिंह कैरों एक आला दर्जे के पैट्रीयाट थे, बिल्डर आफ दी नेशन थे, एक ऊंचे पाए के थिंकर थे, एक आला दर्जे के नेशलिस्ट थे और एक जर्नलिस्ट थे। यह उन की ऐसी खूबियां हैं जिन को भुलाया नहीं जा सकता। स्पीकर साहिब, पंजाब को तरक्की की राह पर आगे ले जाने के लिए उन्होंने जो योजनाएं शुरू की थी, मैं यकीन दिलाना चाहता हूं कि उन को हम जारी रखेंगे, चाहे वह योजनाएं जिन का सम्बन्ध पंजाब की जनता को ऊपर उठाने के लिए एग्रीकल्चर से है चाहे इण्डस्ट्री से है, जो उन के द्वारा ,शुरू की गई थीं उन को जारी रखना हमारा फर्ज बनता है और हम वह जारी रखेंगे।

इस के साथ ही साथ मैं अपने एक महान् नेता श्री एच० सी० देशप्पा के बारे में कुछ कहना चाहता हूं जो हम से जुदा हो गए हैं और मैं सदन को बताना चाहता हूं कि देश की आजादी की लड़ाई में लड़ने वाले वह एक बहुत पुराने नेता थे जिन्होंने हिन्दोस्तान की रियास्तों के अन्दर प्रजा मण्डल की तहरीक चला कर देश की आजादी की लड़ाई लड़ी थी। वह इतने पुराने नेता थे कि उन्होंने रियास्त मैसूर के अन्दर सब से पहले कांग्रेस कायम की थी और 1939 में वह वहां की कांग्रेस के प्रधान बने थे। वह एक ऐसे नेता थे जिन्होंने महात्मा गांधी के आश्रम पर अपना सारा कुछ लगा दिया था और बैरिस्ट्री पास करने के बाद अपना जीवन देश की सेवा में लगा दिया था। वह मैसूर लैजिस्लेटिव असैम्बली के मेम्बर रहे हैं और उस राज्य में मिनिस्टर रहे थे। फिर वह लोक सभा के मेम्बर बने। वहां एस्टीमेट कमेटी के चेयरमैन रह कर अपने काम के लिए वहां बहुत नाम पाया और बतौर चेयरमैन एस्टीमेट कमेटी उन्हों ने जो ट्रेडीशनज कायम की थीं और रवायतें कायम की थीं वह हिन्दुस्तान के अन्दर सारी असैम्बलियों में और पार्लियामैंट के अन्दर हमेशा के लिए एग्जाम्पल बनी रहेंगी। उन की काबलियत और लियाकत का अन्दाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि वह गवर्नमेंट आफ इन्डिया में पहले मिनिस्टर इनचार्ज रेलवे, फिर मिनिस्टर आफ इरीगेशन और पावर और उस के बाद वह मिनिस्टर फार इण्डस्ट्री एण्ड सप्लाइज़ रहे और बहुत अच्छी कामयाबी के साथ इन्होंने काम किया। 29 अक्तूबर, 1964 को जब उन की अचानक मौत हुई तो वह बतौर मिनिस्टर फार इण्डस्ट्री एण्ड सप्लाई काम कर रहे थे। उन की काबलियत और देश सेवा के बारे में आप वाइस प्रेज़िडेंट डाक्टर ज़ाकर हुसैन के ट्रिब्यूट से जो उन्होंने दिया था, अन्दाज़ा लगा सकते हैं।

The Vice-President, Dr. Zakir Hussain said that in the death of Mr. Dasappa India had lost "a distinguished leader, an able administrator and a veteran parliamentarian." He further said "the noble and inspiring services rendered by Mr. Dasappa during the freedom struggle and the constructive role played by him in actively helping the Government to formulate and implement several welfare projects will be cherished for ever."

इसी तरह से हिन्दुस्तान के प्राइम मिनिस्टर साहिब ने उन की मौत पर जो खराजे तहसीन पेश किया है उस से भी आप उन की देश के प्रति खिदमात का अन्दाज़ा लगा सकते हैं। उन्होंने एक ही फिकरा में उन की खिदमात को सराहना की है।

"One of our ablest members of the Parliament."

Mr. Satyanarain Sinha, Union Minister for Parliamentary Affairs, said Mr. Dasappa was a "balanced politician and the country has become poorer by his death."

स्पीकर साहिब, श्री देशप्पा ने हिन्दुस्तान की आजादी की लड़ाई में और देश आज़ाद होने के बाद इस की रिकन्स्ट्रक्शन में एक बड़ा इम्पार्टेंट पार्ट प्ले किया है इस लिए हमारा यह फर्ज है कि हम अपने उस बड़े नेता का खराजे-तहसीन अदा करें।

[मुख्य मंत्री]

इस के इलावा हमारे एक्स एम० एल० ए० चौधरी बारू राम जी हम से जुदा हो गए हैं। वह जनसंघ की टिकट पर यहां चुन कर आए थे और उन्होंने पंजाब की सोशिल सरविस के क्षेत्र में और इस असैम्बली के अन्दर बड़ी कन्ट्रीव्यूशन की है। वह मई 1918 में पैदा हुए थे। लाहौर डी० ए० वी० कालिज से उन्होंने बी. ए. पास की थी और उस के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी की ला० फेकल्टी से एल० एल० बी० पास की थी। उस के बाद उन्होंने अपने हल्के में रूरल अपलिफट के लिए और सोशिल ईविलज को दूर करने के लिए बहुत काम किया। वह जाट हाई स्कूल कैथल की मैनेजिंग कमेटी के मेम्बर थे और रूरल लोगों की बेहतरी के लिए दिन रात काम करते रहे थे। वह आर्य समाजी थे और बड़े प्रोग्रेसिव व्यूज रखते थे और खास तौर पर उन्होंने विडो रिमैरेज के काम में बड़ा हिस्सा लिया। स्पीकर साहिब, मैं आप की मार्फत उन को ट्रिब्यूट पे करता हूं।

इस के इलावा, स्पीकर साहिब, मुझे दुख से कहना पड़ता है कि श्री एम० आर० सचदेव जो गोवा के लेफटीनेंट गवर्नर थे वह भी हम से जुदा हो चुके हैं। वह एक बड़े ऊंचे पैराए के एडमिनिस्ट्रेटर थे। वह पुराने आई० सी० एसों० में से एक थे और हिन्दुस्तान के अच्छे एडमिनिस्ट्रेटरों में उन का शुमार किया जाता था। वह 12 अक्तूबर, 1903 को पैदा हुए थे और 1928 में आई० सी० एस० के काडर में सरविस जवाइन की थी। उन्होंने बतौर कन्ट्रोलर आफ स्पलाईज बम्बई में काम किया था, फिर बतौर सेक्रेट्री टू गवर्नमेंट पंजाब काम किया था। फिर बतौर पार्टीशन कमिशनर के और चीफ सेक्रेट्री पंजाब गवर्नमेंट के और उस के बाद डाइरेकटर जनरल सप्लाइज़ एण्ड डिस्पोज़ल और सेक्रेट्री टू दी मिनिस्टरी आफ वर्कस हाउसिंग एण्ड स्पलाइज के काम किया। उस के बाद वह बतौर सेक्रेट्री इरीगेशन एण्ड पावर गवर्नमेंट आफ इन्डिया 1963 में रिटायर हुए थे। उन की लियाकत का और दिल से काम करने का अन्दाज़ा गोवा के चीफ मिनिस्टर श्री बण्डोकर के ट्रिब्यूट से लगाया जा सकता है।

The Chief Minister of Goa said "to me his death has come as a personal loss, for to me he was like an elder brother."

सिर्फ यही नहीं बल्कि वह एक बहुत ही डिनेमेक परसनैलिटी थे, एक जलता हुआ शुअला थ। उन्होंने पंजाब राज्य गोवा और सारे देश की बड़ी खिदमत की है। गोवा की जिस तरीके से रीकन्स्ट्रकशन हो रही है और जो कुछ वहां पर अच्छा काम हो रहा है उस का सेहरा सचदेव साहिब को ही था। वहां पर सरकार ने और लीडर आफ दी आपोजीशन ने भी उन की खिदमत को वहुत सराहा था। उन्होंने कहा था

"In the passing away of Mr. Sachdev, Goa has lost a friend—a very good friend indeed".

इस के इलावा डा० राधा कृष्ण ने और दूसरे राष्ट्रीय नेताओं ने भी उन को ट्रिब्यूट पे किया था। पंजाब में उन्होंने चीफ सेक्रेट्री के तौर पर अपने काम से एक गहरी छाप छोड़ी थी, अपनी लियाकत और इन्टेग्रिटी से जो पंजाब को ऊपर उठाने की कोशिश की थी उसे हम सभी कभी नहीं भुला सकते।

स्पीकर साहिब, इस के बाद मुझे सरदार आत्मा सिंह आफ शेखुपुरा का ज़िक्र करना है। यह हिन्दुस्तान की आज़ादी के एक बहुत पुराने जनरैल थे और वह कौन सी तहरीक थी भारत की आज़ादी के हक में जिस में उन्होंने बढ़चढ़ कर हिस्सा न लिया हो। उन्होंने इन सब में बहुत इम्पार्टेंट पार्ट प्ले किया था। मार्शल ला के दिनों से ले कर आज़ादी तक की सारी तहरीकों में वह शामिल रहे। वह शेखुपुरा म्युनिसपैलिटी के प्रधान चुने जाते रहे। उस वक्त की विदेशी हुकूमत ने बार बार कोशिश की कि उन को इस ओहदे से हटाया जाए, बार बार इस मतलब के प्रस्ताव पास करवाए गए मगर वह शेर भी डटा रहा और हाईकोर्ट में चैलेंज करके कामयाबी हासिल करता रहा। वह बड़े अमीर थे और बड़े शाह दिल भी थे। उन्होंने लाखों की दौलत छोड़ी थी। पार्टीशन के वक्त मुझे याद है कि डा. गोपी चन्द भार्गव, लाला जगत नारायण, सेठ सुदर्शन, डा. लहना सिंह और मैं उन के पास गए थे तो उन से माइग्रेशन के सम्बन्ध में बात हुई थी। तब उन्होंने एक बात कही थी कि शेखुपुरा के जिन लोगों-हिन्दु, मुस्लिम और सिक्खों के लिये मैं दिन रात काम करता रहा उन के बिना मैं नहीं जा सकता। हम जानते हैं कि पार्टीशन के वक्त जिस बेरहमी से उन के परिवार का कत्लेआम हुआ और शेखुपुरा में कत्लेआम हुआ वह घलूघारे की याद ताज़ा कराता था। पार्टीशन के बाद उन्होंने जालन्धर में रिहायश अख्तियार की थी। उन से कई बार मिलने का मौका मिला करता था तो पुराने ज़माने की बातें सुनाया करते थे। आज यह शेर भी हम से जुदा हो गया है।

हिन्दुस्तान की आज़ादी हासिल करने के लिये जिन साथियों ने खून दिया था आज वह हम से एक एक कर के जुदा हो रहे हैं। यह वह लोग थे जिन्होंने एक एक सांस हिन्दुस्तान की आज़ादी हासिल करने के लिये लगाया, भारत की स्वतन्त्रता प्राप्त करने के लिये जान की बाज़ी लगाई थी। आज यह हमारा फर्ज़ बनता है कि हम इन सब की याद को ताज़ा करें और उन को अपनी श्रद्धांजलि अर्पण करें। इन अल्फाज़ के साथ में यह प्रस्ताव हाउस के सामने पेश करता हूं :

I beg to move —

That the Punjab Vidhan Sabha expresses its deep anguish and profound grief on the assassination of the former Leader of this House and Chief Minister, Sardar Partap Singh Kairon and while condemning the dastardly act of the cowardly assassins places on record its heartfelt sorrow on his demise, and

That this House expresses its deep condolences on the sad demise of Shri H. C. Dassapa, Union Minister, Shri Baru Ram, former Member of this House, Shri M.R. Sachdev, Lt.-Governor of Goa and formerly Chief Secretary of this State and Sardar Atma Singh Sheikhupura, a veteran fighter for freedom all his life, and

That as a mark of respect to their memory this House may stand adjourned for the day.

ਕਾਮਰੇਡ ਬਾਬੂ ਸਿੰਘ ਮਾਸਟਰ : On a Point of Order, Sir. (ਵਿਘਨ) ਇਹ ਇਸੇ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਹੈ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕੈਰੋਂ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਨਾਲ ਜੋ ਤਿਨ ਬੰਦੇ ਹੋਰ ਮਰੇ ਹਨ—ਸ੍ਰੀ ਬਲਦੇਵ ਕਪੂਰ, ਜੁਆਇੰਟ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਸਾਹਿਬ, ਪੀ. ਏ. ਸਾਹਿਬ ਤੇ

[ਕਾਮਰੇਡ ਬਾਬੂ ਸਿੰਘ ਮਾਸਟਰ]

ਡਰਾਇਵਰ ਸਾਹਿਬ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਵੀ ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਵਿਚ ਜ਼ਿਕਰ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ ਹੁਣ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ ਬਾਰੇ ਵੀ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਘਰ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਭੀ ਹਮਦਰਦੀ ਦਾ ਸੁਨੇਹਾ ਭੇਜਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

मुख्य मन्त्री : हां जायेगा ।

Mr. Speaker : Motion moved —

That the Punjab Vidhan Sabha expresses its deep anguish and profound grief on the assassination of the former Leader of this House and Chief Minister, Sardar Partap Singh Kairon and while condemning the dastardly act of the cowardly assassins places on record its heartfelt sorrow on his demise and the cold-blooded murder of Shri Baldev Kapur and two other companions of Sardar Partap Singh Kairon, and

That this House expresses its deep condolences on the sad demise of Shri H.C. Dassapa, Union Minister, Shri Baru Ram, former Member of this House, Shri M.R. Sachdev, Lt.-Governor of Goa and formerly Chief Secretary of this State and Sardar Atma Singh Sheikhupura, a veteran fighter for freedom all his life, and

That as a mark of respect to their memory this House may stand adjourned for the day.

Sardar Gurnam Singh (Raikot) : Mr. Speaker, Sir, on this solemn occasion on behalf of the Opposition, I join the Leader of the House in this mourning and in extending our sympathies to the bereaved families. Sir, neither praise nor blame of the moment is necessarily the judgement of the future, nor all *Nil Nise Banum*, good words said in obituary speeches, lack objectivity. It is thus that the best and the truest tribute that I can pay to the memory of the late Sardar Partap Singh Kairon, is that he was a son of the moment, as described by Maulana Rumi of Iran. Maulana Rumi exhorts the spiritual, aspirant to be the 'Son of the Moment', *Ibn-ul-waqt*, to make current states of his soul his sole concern for reaching the final goal. It was this road that the late Sardar Kairon took, a road that meanders through nudulating land of politics and that lures the travellers to vistas of the Never-never land of lasting glory and pow r.

This explains all the excitement he has caused, in life as in death. Ever since more than thirty years ago, when he returned to his native land from abroad, he made his political transitions from Godless near communism to steadfast-formal Sikhism, and from Gandhian nationalism to secular socialism, with an ease of a duck taking to water, till he became the most powerful man in the Punjab, exciting passionate loyalties and fierce hatreds. Such are the ways of the world that while he masterfully rode on the crest of the wave that took him by ebb to disgrace, the hand of the assassin has raised him in death to the lime-lights of acclaim wherein alone he was in his true elements.

The Guru truly says —

ਨਰ ਚਾਹਤ ਕਛੁ ਔਰ ਔਰੈ ਕੀ ਔਰੈ ਭਈ ।

(The man proposes one way, and it is disposed of in quite another.) The late Sardar Kairon was all the time, confident within himself that he had the circumstances in his control, and those who lent him all out support from Delhi believed that he was their efficient instrument for silencing the victims of their game of political chess-board to cover up breach of faith

with them and his enemies sought his political destruction to consolidate the gains which they think accrue to them by writing off these opponents.

Who has been the more successful, the politician at Delhi, the communalist in the Punjab, or the late Sardar himself, only the future can tell.

ਵਦੀ ਸੁ ਵਜਗਿ ਨਾਨਕਾ ਸਚਾ ਵੇਖੈ ਸੋਇ

ਸਭਨੀ ਛਾਲਾਂ ਮਾਰੀਆਂ ਕਰਤਾ ਕਰੇ ਸੋ ਹੋਇ।

(Nanak declares : It is the true motivating intenstion that shapes the final outcome, for everyone competes in the game to win the laurels, but the winner is he whom God so chooses).

Sir, we grieve at the passing away of a dynamic, exciting person from the political stage of our State, while we are horrified by the deed of the murderer, the implications of which are far reaching. I join in extending our heartfelt condolences to the bereaved family of the deceased.

We also, today, mourn the death of our other distinguished countrymen, namely, late Shri H.C. Dasappa, Minister for Industry and Supplies, late Mr. Baru Ram, once a Member of this Honourable House, Sardar Atma Singh and late Shri M. R. Sachdev, Lt. Governor of Goa. Their passing away from the public life of our country has left it poorer. We join the Honourable Leader of the House in extending our sympathies and condolences to the bereaved families.

10.00 a.m.

कामरेड राम प्यारा (करनाल) : स्पीकर साहिब, जहां तक सरदार प्रताप सिंह कैरों के कत्ल हो जाने का ताल्लुक है मैं पहले भी इस की मुज़म्मत कर चुका हूं और आज जो चीफ मिनिस्टर ने रेज़ूलेशन इस हाउस में पेश किया है इस से सहमत होता हूं। यह कत्ल लाकानूनी वा इन्तकाम की इन्तहा है। जब इस तरह के वाक्यात होते हैं तो थोड़ा सा इंसान को सोचना पड़ता है कि पहले क्या हो चुका है और आगे हमने क्या करना है। मैं समझता हूं कि इस सरकार की कानूनी और इखलाकी ज़िम्मेदारी है कि कातलों को ट्रेस करे ताकि पता चले कि कत्ल करने वाले कौन थे और किसकी मदद से यह हरकत की गई, ताकि फिर यह वाक्यात न हों, क्योंकि ऐसा होता है कि A politician looks to the next vote whereas a statesman looks to the next generation.

अगर हम पोलीटीकल नुक्तानिगाह से देखें तो हमारा नज़रिया और होगा और दो चार साल आगे तक जाएगा और अगर हम स्टेटसमैन के नुक्तानिगाह से देखें तो इस का आने वाली जैनरेशन पर क्या असर पड़ता है इसको देखना होगा, इस बात का क्या इमेज और इम्पैक्ट आने वाली जनरेशन पर पड़ेगा। इसान बुराई का और अच्छाई का पुतला है और Sins of a man die with him.

सरदार प्रताप सिंह एक मज़बूत परसनैलेटी का आदमी था। इस बात का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि 1936 में जब यह अकाली टिकट पर बाबा गुरुदित्त सिंह कामा गाटा मारू के मुकाबले में जीत कर आए थे। गुरुदित सिंह की मदद के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू पंजाब में आए थे और उन्हें और पंजाब के लोगों को इस बात का अहसास हुआ था कि पंजाब में एक मज़बूत शखसियत आगे आई है। उसी दिन से

[कामरेड राम प्यारा]

पंजाब के लोगों के दिलों पर इनकी छाप पड़नी शुरू हो गई । पंडित जी पर भी इस शख्सियत का बहुत असर हुआ और आखिरी वक्त तक इस शख्सियत की छाप उनके दिल पर रही ।

पंजाब ने बज़ाते खुद बहुत तरक्की की है । इस ने पंजाब से बाहर दूसरे मुल्कों में अपनी जगह पैदा की है । लुध्याना की होज़री ने जापान का मुकाबला किया है । और पंजाब के स्पोर्ट गुड्ज़ ने सारी दुनिया में नाम पैदा किया है । लेकिन पंजाब की ऐक्युमूलेटिव प्राग्रेस का क्रेडिट सरदार प्रताप सिंह कैरों की शख्सियत को दिया जाता है । यह उसकी हिम्मत थी और इस बात का आधार प्रापेगण्डा पर था । और बहुत सारी अचीवमेंट्स थीं जिनके लिए लोगों के दिलों पर इस शखसियत की छाप थी । अगर पंडित जवाहर लाल कलकत्ता जाते थे तो सरदार प्रताप सिंह का चर्चा करते थे, पटना गए तो वहां पर चर्चा किया, मद्रास गए तो वहां पर श्री प्रताप सिंह जी का ज़िक्र किया । पंडित जी के मन पर सरदार कैरों की शखसियत की छाप थी । अगर यह न होती तो आज हालात मुख्तलिफ होते । हमें इन सारी बातों को सामने रख कर देखना है कि इस का इमेज लोगों पर क्या होता है ।

इस के साथ ही दूसरी तरफ भी है कि उनके वक्त कितनी फेवरेटिज़म और नैपोटिज़म थी, सर्विसिज़ में एक टैरर था और कितने ही कत्ल अनट्रेस रह गए थे । इनका क्या इमेज बनेगा । वह ठीक है कि he was a man of decision. He was a man of action. He was a man of boldness.

अगर हम चाहते हैं कि आने वाली नसलों के सामने एक अच्छा नक्शा रखें तो यह ज़रूरी है कि उनके बैड प्वायंट्स को छोड़ दें और गुड प्वायंट्स को सामने रखें ।

मैं सरदार प्रताप सिंह जी की तारीफ करता हूं कि किस दलेरी से उन्होंने हाई कमांड के कहने पर अस्तीफा दे दिया जबकि दास कमीशन ने उनके खिलाफ वरडिक्ट दिया था । यह उनकी वफादारी का एक सबूत था कि मजारेटी के साथ होते भी उन्होंने अस्तीफा पेश कर दिया । यह तो हिसटोरियन का काम है कि वह किस तरह के कामैन्ट्स करें कि जब दास कमीशन ने वरडिक्ट खिलाफ दिया तो इन्होंने अस्तीफा दे दिया । इस से पहली मिसाल हिस्टरी में वारन हेसटिन्गज़ की थी कि जिस वक्त उन्हें इम्पीच किया गया तो मजारेटी उनके साथ थी और यह दूसरी मिसाल है कि मजारेटी इनके साथ थी और इन्होंने अपना अस्तीफा दे दिया । इनका मन डोला नहीं । इन्हें चीफ मिनिस्टरशिप के पद से हटाया गया । फिर उनके लड़के मुकद्दमें में गिरफ्तार हुए । मेरे केस में दो दफा 307/120 बी के तहत इन्हें मेरठ की अदालत में पेश होना पड़ा, चाहे इनकी हाज़री नहीं लगी । इस तरह की सब बातों के होते भी इनका हौसला पस्त नहीं हुआ । लेकिन हम आज बुरे फैक्टर्ज़ को भूल कर और बातों का भी ज़िक्र करने लग जाते हैं । वह वक्त भी था कि एक तरफ तो सैंटर ने कहा कि अस्तीफा दे दो और दूसरी तरफ पंजाब कांग्रस लैजिसलेचर पार्टी ने इनके ऐक्शन को डिसअपरूव किया जिस में श्री भगवत दयाल, पंडित मोहन लाल, चौधरी अमर सिंह और श्री हंस राज शर्मा भी शामिल थे । और

आज किसी बात को इन्तहा तक ले जाना हिपोक्रेसी बन जाता है। यह ठीक है कि जितना जिसका ड्यू हो देना चाहिये। इस तरह double personality one to profess and the other to practise तो हिपोक्रेसी की इन्तहा है। एक तरफ तो इन्होंने उनकी बुराई की और दूसरी तरफ मेमोरियल बनाने की तजवीज़ कर दी। मेमोरियल बनाए जाने चाहिएं उनके जो शहीद हुए, सारी उमर बगैर दाग़ के रहे, उन के जो हमारे नेशनल लीडर्ज़ थे जिन्होंने कुरबानियां कीं। हमें हर बात का रियेलिस्टिक व्यू लेना चाहिये। शहीद की और जगह है दाग़दार की और जगह है। जहां तक उन्होंने पंजाब की डिवैलपमेंट की उसका क्रेडिट उन्हें देना चाहिये। लेकिन जहां तक इस स्टेट को करप्ट किया, खराब किया इस को सामने रख कर एहतिआत रखनी होगी कि आने वाली नसलों पर इस का क्या असर होने वाला है। हम एक ट्रांज़ीशनल पीरियड से गुज़र रहे हैं इस लिए सारी बात को सोचना होगा।

जहां तक कैरों साहिब के कत्ल का ताल्लुक है इसको हरेक कन्डैम करता है। और अगर सरकार नाराज़ न हो तो यह कहूं कि गवर्नमेंट की ज़िम्मेदारी है कि इस बात की पूरी पड़ताल कराए क्योंकि यह कत्ल मोस्ट प्लान्ड था और सरकार की तरफ से जो इन्कवायरी हो रही है वह मोस्ट अनप्लान्ड है। इस में ओवरलैपिंग है। जहां तक गवर्नमेंट की नीयत का ताल्लुक है मैं समझता हूं यह बिल्कुल साफ है। लेकिन मेरी इतलाह के मुताबिक इनवैसटीगेशन जो हो रही है इस में हर अफसर अपना तजरुबा बताता है, जिस का नतीजा यह होता है कि किसी एक कंक्रीट प्वायंट पर हम पहुंच नहीं पाते। जिस तरह कैरों साहिब के कत्ल की स्कीम वैल पलैंड थी उसी तरह हमें भी कात्लों की तलाश के लिये पलैंड स्कीम तैयार करनी चाहिये, जिस से हमें यह ज़ाहर हो कि किस मकसद के तहत ऐसा हुआ। इस बात पर मैं और ज्यादा समय नहीं लेना चाहता और इस बात की ज़िम्मेवारी मैं गवर्नमेंट पर डालता हूं।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਜਜ਼ਬਾਤ ਦਾ ਇਜ਼ਹਾਰ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਕੈਰੋਂ ਵਾਸਤੇ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ, ਜੋ ਖੂਬੀਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਦੇਸ਼ ਲਈ ਕੀਤੀਆਂ ਸੇਵਾਵਾਂ ਬਾਰੇ ਦੱਸੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ, ਮੈਂ ਆਪ ਦੇ ਜਜ਼ਬਾਤ ਨਾਲ ਸਹਿਮਤ ਹਾਂ ਔਰ ਦਿਲੀ ਤੌਰ ਤੇ ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਜਜ਼ਬਾਤ ਨਾਲ ਜੋੜਦਾ ਹਾਂ। 1957 ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ, ਪੈਪਸੂ ਸਟੇਟਸ ਦੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਮਰਜ ਹੋਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਤੋਂ ਈਨਸਪੀਰੇਸ਼ਨ ਲਈ ਹੈ ਆਜ਼ਾਦੀ ਦੀ ਲੜਾਈ ਲੜਨ ਵਾਸਤੇ। ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਦ ਵੀ ਜਦੋਂ ਵੀ ਕਦੇ ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਨਾਲ ਰਹਿਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲਿਆ ਜਾਂ ਕਿਸੇ ਨਾ ਕਿਸੇ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਰਨ ਦਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲਿਆ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਹਮੇਸ਼ਾ ਇਨਸਪੀਰੇਸ਼ਨ ਹੀ ਮਿਲੀ ਹੈ। ਅੱਜ ਵੀ ਜਦੋਂ ਲੋਕ ਭਲਾਈ ਦੇ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ, ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਵਾਸਤੇ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਦੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਦਿਲ ਔਰ ਦਿਮਾਗ਼ ਸ਼ਰਧਾ ਨਾਲ ਝੁਕ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਖੂਬੀਆਂ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ। 1957 ਤੋਂ ਬਾਦ ਜਦੋਂ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਜ਼ਦੀਕ ਕੰਮ ਕਰਨ ਦਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲਿਆ ਹੈ, ਜੇ ਪਿਛਲੇ ਅਠ ਸਾਲ ਵਿਚ ਨਿਗਾਹ ਮਾਰਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਇਕ ਲਮਾ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਇਆ ਜਦੋਂ ਕਿ ਕਿਸੇ

[ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ]

ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਕਮਜ਼ੋਰੀ ਜਾਂ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਘਬਰਾਹਟ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਿਮਾਗ ਤੇ ਵਖਣ ਵਿਚ ਆਈ ਹੋਵੇ । ਮੈਨੂੰ ਉਹ ਵਕਤ ਯਾਦ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਐਜੀਟੇਸ਼ਨਜ਼ ਹੋਈਆਂ ਸਨ ਅਤੇ ਉਹ ਇਹੋ ਜਿਹੀ ਨਾਜ਼ਕ ਸ਼ਕਲ ਇਖਤਿਆਰ ਕਰ ਗਈਆਂ ਸਨ ਕਿ ਕੋਈ ਵੀ ਛੋਟਾ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਟਰ ਕਾਬੂ ਨਹੀਂ ਪਾ ਸਕਦਾ ਸੀ । ਪਰ ਉਹ ਇਸ ਮੌਕੇ ਤੇ ਵੀ ਨਹੀਂ ਝੁਕੇ ਅਤੇ ਆਪਣੀ ਨੀਤੀ ਤੇ ਹੀ ਡਟੇ ਰਹੇ । ਮੈਨੂੰ ਉਹ ਵਕਤ ਵੀ ਯਾਦ ਹੈ ਜਦੋਂ ਚੀਨ ਨੇ ਹਿੰਦੁ-ਸਤਾਨ ਤੇ ਹਮਲਾ ਕੀਤਾ ਸੀ । ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਵਿਚ ਬੜੀ ਘਬਰਾਹਟ ਆ ਗਈ ਸੀ ਪਰ ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਦੀ ਗਰਜ ਬਦਸਤੂਰ ਕਾਇਮ ਰਹੀ । ਮੈਂ ਜ਼ਿਆਦਤੀ ਨਹੀਂ ਕਰਾਂਗਾ ਜੇ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗਰਜ ਦਾ ਹੀ ਹਿੱਸਾ ਸੀ ਜਿਸ ਨੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਗਰਜ ਨੂੰ ਕਾਇਮ ਰੱਖਿਆ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਿਲਾ ਸ਼ੁਬਾ ਇਕ ਬੇਹਤਰ ਐਡਮਨਿਸਟ੍ਰੇਟਰ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਐਡ-ਮਨਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵੱਲੋਂ ਹਰ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਵਿਚ ਕੀਤੇ ਕੰਮਾਂ ਤੋਂ ਸਾਨੂੰ ਇਨਸੈਂਟਿਵ ਮਿਲਦਾ ਹੈ ਉਹ ਆਪਣਾ ਫੈਸਲਾ ਹਰ ਤਰੱਕੀ ਦੇ ਕੰਮ ਵਿਚ ਦਿੰਦੇ ਸਨ, ਜੇ ਕੋਈ ਤਰੱਕੀ ਦੇ ਕੰਮ ਵਿਚ ਰੁਕਾਵਟ ਪਾਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਸਨ ਕਰਦੇ । ਮੈਨੂੰ ਪੂਰਾ ਪੂਰਾ ਭਰੋਸਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਤਰੱਕੀ ਦੇ ਕੰਮਾਂ ਲਈ ਅਪਣਾਇਆ ਤਰੀਕਾ ਬਿਊਰੋਕਰੇਸੀ ਤੋਂ ਉਤੇ ਜਾਕੇ ਵੀ ਠੀਕ ਸੀ । ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਹਰ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਵਿਚ ਇਹ ਅਪਣਾਏ ਹੋਏ ਤਰੀਕੇ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿਸੇ ਵੀ ਐਡਮਨਿਸ-ਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਵਾਸਤੇ ਲਾਭਦਾਇਕ ਸਾਬਤ ਹੋ ਸਕਦੇ ਹਨ । ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਖ਼ੂਬੀਆਂ ਸਨ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਇਤਨੀਆਂ ਨੈਸ਼ਨਲ ਸਪਿਰਿਟ ਦੀਆਂ ਸਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਅੱਗੇ ਮੇਰਾ ਸਿਰ ਝੁਕ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਇਕ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਕੌਮ ਪ੍ਰਸਤੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਕੁਟ ਕੁਟ ਕੇ ਭਰੀ ਹੋਈ ਸੀ । ਉਹ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਤਰੱਕੀ ਦੇ ਰਾਹ ਤੇ ਦੇਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਸੀ ਅਤੇ ਇਸ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਉਠਿਆ ਦੇਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਸੀ, ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਵੱਡਾ ਦੇਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਸੀ । ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਇਖਤਲਾਫ ਰਾਏ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ, ਪਰ ਜੋ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਰਾਏ ਸੀ ਉਹ ਉਸ ਤੇ ਪੂਰੀ ਦਰਿੜ੍ਹਤਾ ਨਾਲ ਚਲਦੇ ਰਹੇ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕਰਦੇ ਰਹੇ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਦਮ ਕਦੇ ਵੀ ਨਹੀਂ ਲੜਖੜਾਏ । ਉਹ ਪੂਰੇ ਦੇਸ਼ ਭਗਤ ਸਨ । ਸਾਰੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਇਕ ਇਕ ਸਟੈਪ ਦਾ ਕੁਦਰਤੀ ਇਨਸੈਂਟਿਵ ਸੀ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੇ ਇਤਹਾਸ ਵਿਚ, ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਇਤਹਾਸ ਵਿਚ ਇਕ ਖਾਸ ਮਾਣ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇਗਾ । ਜਿਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਉਹ ਕਤਲ ਕਰ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਉਸ ਬਾਰੇ ਆਪੋ ਆਪਣੀਆਂ ਬਹੁਤ ਰਾਵਾਂ ਹੋ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ । ਇਹ ਮੁਨਾਸਬ ਨਹੀਂ ਕਿ ਮੈਂ ਇਸ ਕੰਟਰੋਵਰਸੀ ਵਿਚ ਪਵਾਂ । ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਨਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ, ਜਿਵੇਂ ਕਿ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਯਕੀਨ ਦਿਲਾਇਆ ਹੈ ਕਿ ਸੈਂਟਰਲ ਗਵਰਮੈਂਟ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਗਵਰਮੈਂਟ ਮਿਲ ਕੇ ਇਹ ਇਨਵੈਸਟੀਗੇਸ਼ਨ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਹ ਇਸ ਵਿਚ ਜ਼ਰੂਰ ਹੀ ਕਾਮਿਆਬ ਹੋਣਗੇ । ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਦਾ ਕਤਲ ਕੋਈ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਕਤਲ ਨਹੀਂ ਜਿਵੇਂ ਕੋਈ ਹੋਰ ਕਤਲ ਹੋ ਜਾਵੇ । ਇਕ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਲੀਡਰ ਦਾ ਦਿਨ ਦਿਹਾੜੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਤਲ ਹੋ ਜਾਣਾ ਕੋਈ ਮਾਮੂਲੀ ਬਾਤ ਨਹੀਂ । ਇਸ ਦੇ ਪਿਛੇ ਕੋਈ ਬੜੀ ਚੀਜ਼ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ । ਇਕ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਲੀਡਰ ਦਾ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਿਨ ਦਿਹਾੜੇ ਕਤਲ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਣਾ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜਮੂਹਰੀਅਤ ਨੂੰ ਕਮਜ਼ੋਰ ਕਰਨ ਦੀ ਇਕ ਪਾਲੀਸੀ ਹੈ। ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਦੇ ਕਤਲ ਤੋਂ ਇਕ ਇਹੋ ਜਿਹੀ ਚੀਜ਼ ਜ਼ਰੂਰ ਜ਼ਾਹਰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਅੰਦਰ ਕੁਝ ਇਹੋ ਜੇਹਾ ਅਨਸਰ ਜ਼ਰੂਰ ਮੌਜੂਦ ਹੈ ਜੋ ਸਮਾਜ ਦਾ, ਜਮਹੂਰੀਅਤ ਦਾ,

ਸਾਡੇ ਕਨਸਟੀਟਿਊਸ਼ਨਲ ਫੰਡਾਮੈਂਟਲ ਰਾਈਟਸ ਦਾ ਦੁਸ਼ਮਨ ਹੈ । ਉਹ ਅਨਸਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਕਮਜ਼ੋਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਇਹ ਜਮਹੂਰੀਅਤ ਤਦੇ ਠੀਕ ਚਲਾਈ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਹ ਸਮਾਜ ਦੇ ਦੁਸ਼ਮਣਾਂ ਤੇ ਕਾਬੂ ਪਾਇਆ ਜਾਵੇ ਵਰਨਾ ਜਮਹੂਰੀਅਤ ਖ਼ਤਰੇ ਵਿਚ ਪੈ ਸਕਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਤਨੇ ਵੀ ਐਂਟੀ ਸੋਸ਼ਲ ਐਲੀਮੈਂਟਸ ਹਨ ਜੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਕਾਬੂ ਨਾ ਪੈ ਸਕਿਆ ਤਾਂ ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਦਾ ਭਵਿਖ ਖ਼ਤਮ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ । ਮੈਨੂੰ ਭਰੋਸਾ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਗਵਰਮੈਂਟ ਅਤੇ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਸੈਂਟਰਲ ਗਵਰਮੈਂਟ ਮਿਲਕੇ ਕਿਸੇ ਨਾ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਕੇਸ ਦੀ ਤਹਿ ਤੇ ਜ਼ਰੂਰ ਪੁਜਣਗੇ । ਤਾਂ ਜੋ ਆਉਣ ਵਾਲੇ ਸਮੇਂ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਵੀ ਇਹੋ ਜਿਹੀ ਚੀਜ਼ ਕਰਨ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਨਾ ਪਵੇ ।

ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਮੈਂ ਸ੍ਰੀ ਐਚ. ਸੀ. ਦਸਾਪਾ ਜੀ ਦੇ ਸ਼ੋਕਮਈ ਚਲਾਣੇ ਤੇ ਇਸ ਸਭਾ ਨਾਲ ਸ਼ਾਮਲ ਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਉਹ ਵੀ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਇਕ ਉਘੇ ਅਤੇ ਸਿਆਣੇ ਲੀਡਰ ਸਨ । ਸ਼ੁਰੂ ਵਿਚ ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਜੀ ਨਾਲ ਉਹ ਸੇਵਾ ਗਰਾਮ ਵਿਚ ਰਹੇ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਾਰੀ ਦੀ ਸਾਰੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਕੁਰਬਾਨੀਆਂ ਦੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਸੀ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਸ੍ਰੀ ਸੱਚਦੇਵ ਜੀ ਬਾਰੇ ਇਸ ਸ਼ੋਕਮਈ ਪ੍ਰਸਤਾਵ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਹੁੰਦਾ ਹੋਇਆ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜੋ ਖਿਦਾਮਾਤ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਦੇਸ਼ ਵਾਸਤੇ ਅਤੇ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਪੰਜਾਬੀਆਂ ਵਾਸਤੇ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ, ਉਹ ਭੁਲਾਈਆਂ ਜਾਣ ਵਾਲੀਆਂ ਨਹੀਂ । ਸ੍ਰੀ ਬਾਰੂ ਰਾਮ ਜੀ ਵੀ ਸਾਡੀ ਸਭਾ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਰਹੇ ਹਨ । ਉਸ ਇਹ ਅਸੈਂਬਲੀ ਵਿਚ ਆਉਂਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਸਾਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮੌਤ ਤੇ ਬੜਾ ਹੀ ਅਫਸੋਸ ਹੈ । ਅੰਤ ਵਿਚ ਸ੍ਰੀ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ ਜੀ ਸ਼ੇਖੂਪੁਰਾ ਦੀ ਮੌਤ ਤੇ ਵੀ ਮੈਂ ਦੁਖ ਪ੍ਰਗਟ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਨਾਉਂ ਸਾਨੂੰ ਮਾਰਸ਼ਲ ਲਾ ਦਾ ਵੇਲਾ ਯਾਦ ਕਰਾਉਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਉਸ ਵੇਲੇ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਾਡੀ ਆਜ਼ਾਦੀ ਦੀ ਲੜਾਈ ਦੇ ਬਹਾਦਰ ਜਰਨੈਲ ਰਹੇ । ਆਪ ਦੀ ਯਾਦ ਹਿਸਟਰੀ ਵਿਚ ਸਾਨੂੰ ਹਮੇਸ਼ਾ ਤਾਜ਼ਾ ਰਹੇਗੀ । ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਜੀ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਸ੍ਰੀ ਬਲਦੇਵ ਕਪੂਰ ਨੂੰ ਜੋ ਪਹਿਲੇ ਜੁਆਇੰਟ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਆਫ਼ ਇਨਡਸਟਰੀਜ਼ ਸਨ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਦੋ ਹੋਰ ਸਾਥੀ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਕਰਕੇ ਕਤਲ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਮਰਡਰਰ ਨੂੰ ਟ੍ਰੇਸ ਕਰਨ ਵਿਚ ਇਮਦਾਦ ਨਾ ਮਿਲ ਜਾਵੇ, ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸ਼ਧਾਂਜਲੀ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਇਕ ਵਾਰ ਫੇਰ ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰਤਾਪ ਸਿੰਘ, ਸ੍ਰੀ ਐਚ. ਸੀ. ਦਾਸੱਪਾ, ਸ੍ਰੀ ਬਾਰੂ ਰਾਮ, ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ ਸ਼ੇਖੂਪੁਰਾ, ਸ੍ਰੀ ਐਮ. ਆਰ. ਸੱਚਦੇਵ ਜਿਹੜੇ ਸਾਡੇ ਵਿਚੋਂ ਚਲੇ ਗਏ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੈਂ ਸ਼ਰਧਾਂਜਲੀ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਯਾਦ ਵਿਚ ਦੋ ਮਿੰਟ ਖੜ੍ਹੇ ਹੋਕੇ ਪ੍ਰਾਰਥਨਾ ਕਰਾਂਗੇ, ਔਰ ਖਾਮੋਸ਼ੀ ਨਾਲ ਹੀ ਹਾਊਸ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਪਾਸ ਕਰੇਗਾ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਪਰਿਵਾਰਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਸ਼ੋਕ ਪ੍ਰਸਤਾਵ ਦੀ ਕਾਪੀ ਭੇਜ ਦਿੱਤੀ ਜਾਏ ।

ਭਾਉ ਤੇ ਅਨਾਜ ਲੈ ਕੇ ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦਿੰਦੇ ਹੋ ਜਿਹੜੇ ਮੰਡੀਆਂ ਦੇ ਵਿਚ ਬੈਠ ਕੇ ਰਾਜ ਭਾਗ ਨੂੰ ਸਹਾਇਤਾ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਲੇਕਿਨ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਜਦੋਂ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਲੋੜ ਪਏ ਤਾਂ ਉਹ ਕਣਕ 30, 32 ਰੁਪਏ ਮਣ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਹ ਸੁਝਾਉ ਦੇਵਾਂਗਾ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਵਿਚ ਮੰਡੀਆਂ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਿਚੋਂ ਕੱਢ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਦੇ ਦੋ ਫਾਇਦੇ ਹੋਣਗੇ। ਇਕ ਤਾਂ ਸਟੇਟ ਦਾ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਰੁਪਿਆ ਬਚੇਗਾ ਔਰ ਦੂਸਰੇ ਜਿਹੜਾ ਗਰੋਅਰ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਪੂਰੀ ਕੀਮਤ ਮਿਲੇਗੀ। ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ 22 ਰੁਪਏ ਮਣ ਤੋਂ ਘਟ ਘਰ ਕਣਕ ਨਹੀਂ ਪੈਂਦੀ ਮਗਰ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਉਸਦਾ 17, 18 ਰੁਪਏ ਮਣ ਦਾ ਭਾਉ ਮੁਕਰਰ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਵੀ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਟੇਟ ਦੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਰਹਿਣ ਵਾਲੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਖਰੀਦਣ ਦੀ ਸ਼ਕਤੀ ਬਹੁਤ ਘੱਟ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਖਰੀਦ ਸ਼ਕਤੀ ਨੂੰ ਵਧਾਏ। ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ ਜਿਸ ਨੂੰ 22 ਰੁਪਏ ਮਣ ਚੀਜ਼ ਘਰ ਪੈਂਦੀ ਹੋਵੇ ਉਸ ਦੇ ਕੋਲੋਂ 18 ਰੁਪਏ ਮਣ ਖਰੀਦੀ ਜਾਵੇ।

ਹੁਣ ਮੈਂ ਜ਼ਬਾਨ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਚੰਦ ਲਫਜ਼ ਕਹਿਣੇ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਗਿਆਨੀ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਜਿਹੜੀ ਅੱਜ ਤਰਮੀਮ ਦਿਤੀ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਵੇਖ ਕੇ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਕਿਤਨੀ ਕੁ ਇਮਾਨਦਾਰੀ ਦੇ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਗਿਆਨੀ ਜੀ ਨੂੰ ਰੱਬ ਉਦੋਂ ਯਾਦ ਆਇਆ ਜਦੋਂ ਵਜ਼ਾਰਤ ਛੱਡ ਦਿਤੀ। ਅੱਜ ਉਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ 1956 ਤੋਂ ਲੈ ਕੇ 1961 ਤਕ ਜਿਹੜੇ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਸਫਰਰਾਂ ਦੀਆਂ ਪੈਨਸ਼ਨਾਂ ਪੰਜਾਬੀ ਸੂਬੇ ਦੀ ਮੰਗ ਕਰਨ ਦੀ ਵਜਾਹ ਕਰਕੇ ਬੰਦ ਹੋਈਆਂ ਸਨ ਉਹ ਮੁੜ ਕੇ ਬਹਾਲ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਅੱਜ ਮਨਿਸਟਰੀ ਦੀ ਝਾਕ ਖਤਮ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹਿਣ ਲੱਗ ਪਏ ਹਨ ਮਗਰ ਸ਼ਾਇਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚੇਤਾ ਭੁਲ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ 1960-61 ਦੇ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪ ਹੀ ਪੈਨਸ਼ਨਾਂ ਜ਼ਬਤ ਕੀਤੀਆਂ ਸਨ। ਉਦੋਂ ਕਈ ਦਫਾ ਮੈਂ ਅਤੇ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਤਤੱਜੋ ਇਸ ਗਲ ਵਲ ਦਵਾਈ ਸੀ ਕਿ ਚੂੰਕਿ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਸਫਰਰਜ਼ ਨੇ ਪੁਰਾਣੀਆਂ ਖਿਦਮਾਤ ਕੀਤੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬਿਨਾ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੈਨਸ਼ਨਾਂ ਮਿਲੀਆਂ ਸਨ ਇਸ ਕਰਕੇ ਉਹ ਬੰਦ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਮਗਰ ਉਦੋਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੰਨਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਰੂੰ ਲਿਆ ਹੋਇਆ ਸੀ। ਖੈਰ, ਅਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੈਨਸ਼ਨਾਂ ਉਸੇ ਤਾਰੀਖ ਤੋਂ ਮਿਲਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਹੜੀ ਤਾਰੀਖ ਤੋਂ ਬੰਦ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਸਨ।

ਜ਼ਬਾਨ ਦੇ ਮਸਲੇ ਸਬੰਧੀ ਗਿਆਨੀ ਜੀ 1955-56 ਦੇ ਵਿਚ ਕੇਂਦਰੀ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਨਾਲ ਫੈਸਲਾ ਕਰਨ ਲਈ ਗਏ ਸੀ ਕਿ ਸੂਬੇ ਦੀ ਬੋਲੀ ਕੀ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਔਰ ਰੀਜਨਲ ਫਾਰਮੂਲਾ ਲੈ ਕੇ ਆਏ ਸੀ। ਉਦੋਂ ਅਸੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਰੀਜੈਕਟ ਕਰਦੇ ਸੀ। ਲੇਕਿਨ ਗਿਆਨੀ ਜੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਰਿਜਨਲ ਫਾਰਮੂਲਾ ਜਿਹੜਾ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਮੰਨ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਪੰਜਾਬੀ ਸੂਬੇ ਦਾ ਸ਼ਗਨ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ ਰਿਜਨਲ ਫਾਰਮੂਲਾ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਦੇ ਨਾਲ ਲਾਗੂ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਜੇ ਸਰਕਾਰ ਇਮਾਨਦਾਰ ਹੈ ਤਾਂ ਰੀਜਨਲ ਫਾਰਮੂਲਾ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਇੰਪਲੀਮੈਂਟ ਕਰੇ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ ਸੱਚਰ ਫਾਰਮੂਲਾ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਸੀ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਸੀਂ 35 ਮਿੰਟ ਬੋਲ ਚੁਕੇ ਹੋ ਇਸ ਲਈ ਹੁਣ ਬੈਠ ਜਾਓ। (The hon. Member has spoken for 35 minuts. He may, therefore, please resume his seat now.)

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਚੰਗਾ ਜੀ, ਸਿਰਫ 5 ਮਿੰਟ ਹੋਰ ਦਿਓ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਨਹੀਂ 3 ਮਿੰਟ। (No please only 3 minutes more)

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਤਾਂ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਰਿਜਨਲ ਫਾਰਮੂਲਾ ਇਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਲਾਗੂ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਰਿਜਨਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਤੁਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹੀ ਹੋ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ। ਕੰਮ ਬਿਲਕੁਲ ਨਾਕਸ ਅਤੇ ਸਹੀ ਢੰਗ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਕਿ ਇਸ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਅਮਨ ਬਣਿਆ ਰਹੇ, ਪਿਆਰ ਬਣਿਆ ਰਹੇ। ਇਸ ਰਿਜਨਲ ਫਾਰਮੂਲੇ ਨੂੰ ਇਮਾਨਦਾਰੀ ਨਾਲ ਲਾਗੂ ਕਰੋ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ ਲੇਟ ਪਰਾਇਮ ਮਨਿਸਟਰ ਨੇ ਵੀ ਕਿਹਾ ਸੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਹ ਰਾਇ ਸੀ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਜ਼ਬਾਨ ਅਮੂਮਨ ਪੰਜਾਬੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਹਿੰਦੀ ਦਾ ਪੂਰਾ ਸਤਕਾਰ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਜੋ ਸਲੂਕ ਮੌਜਦਾ ਕੈਬਿਨਟ ਨੇ ਪੰਜਾਬੀ ਜ਼ਬਾਨ ਨਾਲ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਕਾਬਲੇ ਮਜ਼ੱਮਤ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜੋ ਸਲੂਕ ਪਿਛਲੇ 5, 6 ਮਹੀਨਿਆਂ ਵਿਚ ਇਸ ਜ਼ਬਾਨ ਨਾਲ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਸ ਵਲ ਮੈਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਤਵੱਜੁਹ ਦਿਲਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਵਜ਼ੀਰੀਆਂ ਸਦਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣਗੀਆਂ। ਹੁਣ ਗਿਆਨੀ ਜੀ ਨੇ ਵੀ ਜੋ ਤਰਮੀਮਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ ਉਹ ਮੈਂ ਪੜ੍ਹੀਆਂ ਹਨ। ਹੁਣ ਉਹ ਤਰਮੀਮਾਂ ਰਾਹੀਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਰਿਜਨਲ ਫਾਰਮੂਲਾ ਅਤੇ ਸੱਚਰ ਫਾਰਮੂਲਾ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਲਾਗੂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਉਹ ਖ਼ੁਦ ਲੈਂਗੂਏਜਿਜ਼ ਦੇ ਵਜ਼ੀਰ ਰਹੇ, ਉਸ ਵਕਤ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਸਾਰੀ ਚੀਜ਼ ਦੀ ਯਾਦ ਨਹੀਂ ਆਈ। ਉਸ ਵਕਤ ਵਜ਼ੀਰੀ ਦੇ ਨਸ਼ੇ ਵਿਚ ਹੀ ਫਿਰਦੇ ਰਹੇ। ਹੁਣ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਖਿਆਲ ਨਾ ਆਉਂਦਾ ਜੇਕਰ ਪੰਜਾਬੀ ਨਾਲ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜ਼ਿਆਜ਼ਤੀ ਨਾ ਹੁੰਦੀ। ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਆਖਰ ਕਿਸ ਦੇ ਫੈਸਲੇ ਦੇ ਨਾਲ ਜੋ ਬੋਲੀ ਡਿਸਟ੍ਰਿਕਟ ਲੈਵਲ ਤੇ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਦੇ ਕੰਮ ਕਾਜ ਲਈ ਰੱਖੀ ਗਈ ਸੀ ਹਟਾ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ ? ਉਹ ਕਿਹੜਾ ਆਦਮੀ ਹੈ ਜਿਸ ਦੀ ਕਲਮ ਦੇ ਹੁਕਮ ਨਾਲ ਇਸ ਨੂੰ ਹਟਾ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ? ਮੈਂ ਵਾਰਨਿੰਗ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਅਮਨ ਨੂੰ ਬਰਬਾਦ ਨਾ ਕਰੋ। ਅਸੀਂ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰਾਂਗੇ। ਇਹ ਸਾਡੀ ਖ਼ੁਦਦਾਰੀ ਤੇ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਸਟ ਹੈ। ਇਹ ਜ਼ਬਾਨ ਸਭ ਦੀ ਸਾਂਝੀ ਜ਼ਬਾਨ ਹੈ। ਕਿਸੇ ਹਿੰਦੂ, ਸਿੱਖ, ਮੁਸਲਮਾਨ, ਈਸਾਈ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰੀ ਬੈਂਚਾਂ ਜਾਂ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੀ ਜ਼ਬਾਨ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਇਸ ਜ਼ਬਾਨ ਨੂੰ ਆਨਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਛੇਤੀ ਕਦਮ ਚੁਕੇ।

ਤੁਸੀਂ ਦੋ ਤਿੰਨ ਚੰਗੇ ਕੰਮ ਵੀ ਕੀਤੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਾਰੀਫ ਕਰਨਾ ਮੇਰਾ ਫਰਜ਼ ਬਣ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਆਨਰੇਰੀ ਮੈਜਿਸਟਰੇਟਾਂ ਤੇ ਇਮਾਨਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਹਟਾ ਕੇ ਇਕ ਸ਼ਲਾਘਾ ਯੋਗ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਦੂਜਾ ਕੰਮ ਤੁਸੀਂ ਫੀਸਾਂ ਘਟਾਉਣ ਦਾ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਇਹ ਚੰਗੇ ਕੰਮ ਕੀਤੇ ਹਨ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਤੁਹਾਡੇ ਲਈ ਪਿਆਰ ਵਧਿਆ ਹੈ। ਇਸੇ ਗੱਲ ਦੀ ਤਵੱਕੁਹ ਮਨਿਸਟਰੀ ਚੇਂਜ ਹੋਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਕਰਦੇ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਨਵੀਂ ਸਰਕਾਰ ਲੋਕ ਭਲਾਈ ਦੇ ਕੰਮ ਕਰੇਗੀ ਅਤੇ ਤਵੱਕੁਹ ਰਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਨੂੰ ਨਾਲ ਲੈ ਸਕੇਗੀ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਨਾਲ ਲੈ ਸਕੇਗੀ ਜਿਸ ਨਾਲ ਸਹੀ ਮਾਨਿਆਂ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਖਿਦਮਤ ਹੋ ਸਕੇ। ਲੇਕਿਨ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਜਲੰਧਰ ਵਿਚ ਰਿਪਬਲਿਕਨ ਪਾਰਟੀ ਦੀ ਲੇਡੀਜ਼ ਤੇ ਲਾਠੀ ਚਾਰਜ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਭੁਲਾਇਆ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦਾ। ਇਸ ਗਲ ਦੇ ਸਬੂਤ ਮਿਲਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਲੇਡੀਜ਼ ਨਾਲ ਹੱਥਾ-ਪਾਈ ਵੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਬਹੁਤ ਸ਼ਰਮਨਾਕ ਗੱਲ ਹੈ। ਇਹ ਇਸ ਲਈ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਹਰੀਜਨ ਸਨ ? ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਸਟੈਂਡਰਡ

ਉਚਾ ਕਰਨਾ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਹਰੀਜਨ ਇਸਤਰੀਆਂ ਨਾਲ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸ਼ਰਮਨਾਕ ਸਲੂਕ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਸਟੈਂਡਰਡ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਘਰਾਂ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਦੇਖੋ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਟੈਂਡਰਡ ਹੈ। ਮੇਰੀ ਭੈਣ ਓਮ ਪ੍ਰਭਾ ਜੈਨ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਬਹੁਤ ਕੁਝ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ (ਵਿਘਨ) ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਇਸ ਭੈਣ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਲੈ ਜਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ, 10 ਦਿਨ ਉਥੇ ਮਹਿਮਾਨ ਰਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਘਰਾਂ ਵਿਚ ਲੈ ਜਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਤਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਕੀ ਸਟੈਂਡਰਡ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਿਰਫ ਕਾਗਜ਼ੀ ਘੋੜੇ ਹੀ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਅਮਲੀ ਤੌਰ ਤੇ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਡਿਸਕਰਿਮੀਨੇਟਰੀ ਸਲੂਕ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਮੈਂ ਇਸ ਦੀ ਮੁਜ਼ੱਮਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਸਿਰਫ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਯਕੀਨ ਦਿਲਾਇਆ ਸੀ ਕਿ ਛੋਟੇ ਸਭ ਹਿਟਲਰ ਖਤਮ ਕਰ ਦਿਤੇ ਜਾਣਗੇ (ਵਿਘਨ)। ਵੱਡਾ ਹਿਟਲਰ ਜੋ ਸੀ ਉਹ ਤੁਸੀਂ ਖਤਮ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਬਲਕਿ ਉਸ ਇਕ ਵੱਡੇ ਹਿਟਲਰ ਨੂੰ ਇਸ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਨੇ ਹੀ ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਸੀ। ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਵਧਾਈ ਉਸ ਵਕਤ ਦੇਵਾਂਗਾ ਜਦੋਂ ਤੁਸੀਂ ਛੋਟੇ ਹਿਟਲਰਾਂ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰ ਦਿਓਗੇ। ਹਰ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਇਹ ਛੋਟੇ ਹਿਟਲਰ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਦਲਾਲ ਬੈਠੇ ਹਨ। ਹਰ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਪਾਰਟੀ ਦਾ ਇਕ ਐਸਾ ਲਿੰਕ ਹੈ ਜੋ ਉਸ ਪਾਰਟੀ ਲਈ ਬਦਮਾਸ਼ ਮੁਹੱਯਾ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਅੱਜ ਹਰ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਤੇ ਐਮ. ਐਲ. ਏਜ਼ ਨੂੰ ਖਤਰਾ ਪੈਦਾ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਕਿਸੇ ਵੀ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਉਡਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਸਦਾ ਖਤਰਾ ਹੈ। ਤੁਹਾਡਾ ਜਨਰਲ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਤਾਂ ਬਿਲਕੁਲ ਸਿਫਰ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਏਥੇ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਹੈ ਹੀ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਇਸ ਲਈ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਤੁਹਾਡੇ ਵਿਚ ਕੋਆਰਡੀਨੇਸ਼ਨ ਤੇ ਕੋਆਪਰੇਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਤੁਹਾਡੇ ਦਿੱਲੀ ਦੇ ਕੰਮ ਹੀ ਖਤਮ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਇਕ ਮਨਿਸਟਰ ਦਿੱਲੀ ਲਈ ਹੀ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰ ਦਿਓ ਜੋ ਉਥੇ ਬੈਠਾ ਬਾਤ ਚੀਤ ਕਰਦਾ ਰਿਹਾ ਕਰੇ। (ਵਿਘਨ) ਅਸੀਂ ਸ਼ੁਕਰ ਮਨਾਇਆ ਸੀ ਕਿ ਕੋਈ ਦਿਹਾਤੀਆਂ ਦੀ ਗੱਲ ਸੁਣਨ ਵਾਲੀ ਸਰਕਾਰ ਵੀ ਆਈ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਜੋ ਅਨਰਥ ਉਸ ਵਕਤ ਦਿਹਾਤੀਆਂ ਨਾਲ ਸੀ ਉਸ ਨਾਲੋਂ ਵੱਧ ਹੁਣ ਹੈ। ਉਹ ਡਿਕਟੇਟਰ ਹੁੰਦਾ ਹੋਇਆ ਕਿਸੇ ਦਾ ਦੁੱਖ ਦੂਰ ਤਾਂ ਕਰ ਦਿੰਦਾ ਸੀ, ਪਰ ਆਪ ਦੇ ਪਾਸ ਕੋਈ ਹੱਲ ਤੇ ਇਲਾਜ ਨਹੀਂ ਹੈ ਅਤੇ ਕਾਗਜ਼ ਹੀ ਫਿਰਦੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ 85 ਫ਼ੀ ਸਦੀ ਆਬਾਦੀ ਦੀਆਂ ਤਕਲੀਫਾਂ ਵੱਲ ਧਿਆਨ ਦਿਓ। ਤੁਸੀਂ ਕਹੋਗੇ ਕਿ ਜੋ ਚਾਰ ਪੰਜ ਚੋਣਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਉਹ ਅਸੀਂ ਜਿਤ ਲਈਆਂ ਹਨ, ਠੀਕ ਹੈ, ਤੁਸੀਂ ਜਿਤ ਲਈਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਸਾਨੂੰ ਵੀ ਪਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਤੁਹਾਨੂੰ ਵੀ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਿਤੀਆਂ ਹਨ। ਹੁਣ ਆਖਰ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਜੇਕਰ ਤੁਹਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਅਗਲੇ ਸਾਲ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਦਾ, ਜੋ ਮੈਂ ਕਹੀਆਂ ਹਨ, ਕੋਈ ਹੱਲ ਤੇ ਇਲਾਜ ਕਰ ਦੇਵੇਗੀ ਤਾਂ ਮੈਂ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਾਰੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਲੋਕ ਇਸ ਧੰਨਵਾਦ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਣਗੇ, ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਵਕਤ ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਇਸ ਧੰਨਵਾਦ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ।

श्री मोहन लाल (बटाला) : डिप्टी स्पीकर साहिबा गवर्नर साहिब, ने अपने ऐड्रेस के शुरू में ही बड़ी दरदभरी आवाज़ और दुख के साथ सरदार प्रताप सिंह कैरों के कत्ल का ज़िकर किया है। ऐसा करना ज़रूरी और मुनासिब भी था। आज़ादी के बाद और महात्मा गांधी के कत्ल के बाद देश में यह निहायत बुरा और शर्मनाक वाक्या हुआ है। ऐसा महसूस किया जाता है कि यह एक कलंक का टीका है जो हमेशा के लिये पंजाब के

[श्री मोहन लाल]

माथे पर लगा रहेगा। सरदार प्रताप सिंह के कत्ल ने हमारी डैमोक्रेसी की दीवारों को हिला दिया है और देश के हर एक कोने से दुख और अफसोस की आवाज़ उठी और देश के हर बड़े बड़े लीडर ने जहां उन को खराजेतहसीन पेश किया वहां बहुत खदशात भी ज़ाहर किये। देश के एक बड़े लीडर ने यह बात भी कही कि यह ऐसी राजनीति हिन्दुस्तान को कहां ले जाएगी। किसी ने यह कहा कि यह सरदार प्रताप सिंह का कत्ल नहीं हुआ बल्कि डैमोक्रेसी का कत्ल हुआ है। किसी ने कहा कि देश में डैमोक्रेसी को खतरा हो गया है किसी ने कहा कि यह कैसा हौलनाक रुहजान हमारी राजनीति में चल पड़ा है जो बड़ा खतरनाक है और पता नहीं हमें यह कहां ले जाएगा और यह कैसी खतरनाक रविश हमारे पालिटिक्स में चल पड़ी है! ज्यूं ज्यूं दिन गुज़रते गए तशवीश बढ़ती ही गई और लोगों का दुख बढ़ता ही गया। आज पूरे 18 दिन कत्ल हुए हो गए हैं लेकिन कोई सुराग अभी तक उसका नहीं मिला है। तफतीश में एक नहीं दरजनों थ्योरीज़ चलीं लेकिन आज तक हमारी पुलिस और एडमिनिस्ट्रेशन किसी नतीज पर नहीं पहुंच सकी हैं। ऐसे हालात में कुदरती बात है कि बहुत से शकूक पैदा हो जाते हैं लोगों के दिलों में। जिन हालात मे यह कत्ल हुआ और इतने अर्से के बाद भी जिस का आज तक कोई सुराग नहीं मिला यह काफी तशवीशनाक बात है। आप मैम्बर साहिबान सब जानते हैं जिन हालात में कत्ल हुआ है लेकिन फिर भी मैं मजमूई तौर पर, मगर मुख्तसर तौर पर वह हालात आप के सामने रखता हूं।

दिल्ली से 20-22 मील के फासले पर यह कत्ल हुआ। यह कत्ल जी. टी. रोड पर हुआ। जहां पर दो तीन मिनट के बाद कोई न कोई कार, बस या ट्रक गुजरता है। इतनी बड़ी सड़क पर दोपहर के वक्त और एक गांव के बिल्कुल करीब जहां पर काफी आबादी है जिस गांव में और सड़क पर काफी संख्या में मज़दूर उस वक्त काम कर रहे थे तो ऐसे मौके पर इतना बड़ा खौफनाक हादसा हुआ। बड़े दुख की बात तो यह है कि जो कत्ल करने वाले थे, वह कई घंटों पहले से ही वहां पर मौजूद थे। वह लोगों से मिले। उन्होंने किसी जगह पर रस पिया और किसी जगह संगतरे बांटे और काफी घंटों तक वह यहां फिरते रहे। दुर्घटना के स्थान से 2 मील के फासले पर पोलीस स्टेशन है। वहां पर पी. ए. पी. की बटालियन है। बहुत लोग वहां से गुज़रे। सब कुछ हुआ लेकिन किसी ने भी उन के बारे में नोटिस नहीं लिया। यह कितनी खौफनाक बात है कि सरदार प्रताप सिंह कैरों की कार को सड़क पर रोक कर उन के दरवाज़े को खोला गया और कितनी बड़ी बेरहमी से चार जानों को तलफ किया गया। इतना बड़ा कत्ल करने के बाद कातल किस तरह आराम से चले गए। हमारे सामने यह बात आती है कि वह 18, 20 मील चले और रात के साढ़े दस बजे तक कई लोगों ने उन को देखा जहां जहां से वह कातिल गुज़रे। जो रिपोर्ट्स आती हैं उन से पता चलता है कि किसी जगह पर उन्होंने चाय पी, किसी जगह पर उन्होंने गुड़ खाया और किसी जगह पर मुंगफली के छिलके भी पोलीस को मिले। वह कई लोगों को मिले। एक स्त्री की रिपोर्ट आती है कि उन्होंने कुछ बोझ उस के सर पर उठवाया। एक स्कूल के बच्चे से उन्होंने बात की। कई जगहों पर लोगों ने उन को देखा। रिपोर्ट यह भी आई कि बहुत थोड़े ही फासले पर पुलिस के साथ मुठभेड़ होती हुई बची। एक जगह पर तो

सिर्फ एक खेत का ही फासला रह गया था। दूसरी जगह से रिपोर्ट आती है कि अगर पुलिस गांव में अपनी कारगुज़ारी करने के लिय मशगूल न होती वहां पर नम्बरदारों और सरपंचों को अपनी हाज़िरी दिखाने के लिये न जाती तो कातल पकड़े जाते। हैरानगी होती है कि उस दुर्घटना की जगह से पोलीस स्टेशन दो मील के फासले पर है। और लोग और एक्सटैंशन ट्रेनिंग सेंटर के लोग भी 20, 25 मिनट में वहां पहुंच जाते हैं लेकिन पुलिस वहां मौके पर जल्दी नहीं पहुंची। शायद मैम्बर साहिबान को पता ही होगा और यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है कि सरकार के दो बड़े कर्मचारी कत्ल के कुछ देर बाद अपनी कार में दिल्ली से आ रहे थे। वह पुलिस स्टेशन में गए। उन का पुलिस के कर्मचारियों से कुछ झगड़ा भी हुआ। उन्होंने पुलिस के कर्मचारियों को वहां पर जाने के लिए मजबूर किया। इन हालात में सरकार को हाउस तथा लोगों को कंफीडैंस में लेना होगा। ऐसी भी इतलाह मिली है कि पुलिस ने कुछ लोगों के कहने के बावजूद भी रिपोर्ट लिखने में टालमटोल की। काफी देर तक इस बारे में रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पुलिस कर्मचारी पुलिस स्टेशन से हादसे के मौके पर जाने के लिये तैयार नहीं थे। जब सरकार के दो बड़े अफसर वहां पर गए उन्होंने पुलिस को समझाया और मजबूर किया, उस के बाद पुलिस मौके पर जाती है। इस बिना पर लोगों को पूछने का हक है कि सरकार ने पुलिस वहां पर किस काम के लिये रखी हुई थी। अगर वह उस वक्त वहां पर इस्तेमाल नहीं हो सकती थी तो हम क्या सोचेंगे। अगर पुलिस और एडमिनिस्ट्रेशन उन को स्वयं ढूढ नहीं सकती थी तो देहली से हैलीकोपटर मंगवाया जा सकता था। वे लोग 10 घंटे तक लगातार बिना खौफ के और आराम तलबी से कई जगहों से गुज़रे। कहीं पर टांगे वाले से झगड़ा किया। तो इस बिना पर हमें यह पूछने का हक हो जाता है कि आप की पुलिस की अकल और दिमाग कहां गई हुई थी। अगर पी. ए. पी. और पुलिस उन कातलों को पकड़ने के लिये घेरा डालती तो आज हमें इस सरकार की नुक्ताचीनी करने का मौका न मिलता और हम नुक्ताचीनी करते भी नहीं। इतनी बड़ी सड़क पर और इतने ज्यादा आदमियों के होते हुए वहां पर कत्ल हो जाएं और कातिल आराम से वहां से निकल जाएं तो ऐसे हालात में सरकार का फर्ज़ हो जाता है कि वह अपनी पोज़ीशन वाज़ेह तौर पर लोगों के सामने रखे। यह मानी हुई बात है और पुलिस भी इस बात से इन्कार नहीं करेगी कि यह मर्डर एक बहुत बड़ी साज़िश का नतीजा है। बयान किया जाता है कि यह साज़िश देहली से बनी, लगातार 4, 5 दिन जितनी भी देर सरदार प्रताप सिंह कैरों दिल्ली में रहे उन की मूवमेंट को वह वाच करते रहे। कातिलों को पता था कि सरदार प्रताप सिंह कैरों किस वक्त चलेंगे और कहां से चलेंगे और किस स्थान पर वह किस वक्त पहुंचेंगे। सारी बात का इन आदमियों को इल्म था। बताया जाता है कि एक कार उन के आगे जा रही थी और शायद एक कार उन के पीछे भी हो [*Mr Speaker in the Chair*] इस के साथ एक जीप भी बताई जाती थी। इस से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि इस साज़िश में काफी लोग हो सकते हैं। अगर सरकार इस साज़िश को पकड़ नहीं सकती है तो इस का असर लोगों के दिलों पर क्या पड़ेगा? लोगों के नुमायंदे यहां हाउस में बैठे हुए हैं। उन के दिलों में किस तरह के विचार आते होंगे? मैं समझता हूं कि पुलीटीकल आदमियों की ज़िन्दगी महफूज नहीं है। सरकार यह बात जानती है कि एडमिनिस्ट्रेशन

[श्री मोहन लाल]
चलाने वालों को काफी मुश्किलातें आती हैं। कई लोग तो उन से नाराज़ भी हो जाते हैं। यह एक स्वभाविक बात है। मैं समझता हूं कि सरकार को डैमोक्रेटिक ढंग से चलाने के लिये नाराज़गी मोल लेनी ही पड़ती है। इन हालात में एडमिनिस्ट्रेशन चलाने वालों की ज़िन्दगी क्या महफूज हो सकती है? कुछ दिन हुए जैसा कि सब को मालूम ही है हमारे एक साथी ने एक शिकायत की थी कि उन की कार के पीछे किसी ने जीप छोड़ी थी। वह सरदार गुरबन्ता सिंह हैं। मैं इस लिये कह रहा हूं कि कुछ लोगों ने उन की बात को मज़ाक में डाल दिया था। लेकिन मैं समझता हूं कि यह बहुत ही सीरियस बात है। इन हालात के मुताबिक हमें सोचना होगा। स्पीकर साहिब मैं आप के द्वारा सरकार का इस ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं। वह यह है कि कत्ल करने वालों की ऐसी हिम्मत क्यों हुई।

वह सरदार प्रताप सिंह जिस के नाम को सुन कर बदमाश से बदमाश कांपता था और जिस के सामने आंख उठाने की किसी की हिम्मत नहीं पड़ती थी उसे उन लोगों को रोज़े रोशन में आबादी के करीब जहां पर इतने लोग हों इतनी हिम्मत कैसे पड़ी कि आराम तलबी से बैठ कर सरदार प्रताप सिंह की कार को रोकने की साज़िश और स्कीम बनाएं और उन को इस ढंग से कत्ल करें। उन को कैसे यह जुरअत हुई? इस की तह में कोई चीज़ है। ऐसा आज लोग समझते हैं कि इस साज़िश में बड़े बड़े लोग हैं उन का हाथ है और जब तक यह साज़िश निकल नहीं आती लोगों का यह शक बना रहेगा। मैं यह बात पूछना चाहता हूं कि क्या वह एटमासफियर, वह वायुमंडल, वह हवा जो सरदार प्रताप सिंह के खिलाफ बना दी गई थी उन के खिलाफ विशियस से विशियस प्रापेगंडा उन को ज़लील करने के लिये किया गया था क्या वह एटमासफियर इस बात के लिये जिम्मेदार नहीं है......

आवाज़ें : तीनों को पकड़ लो, नन्दा, शास्त्री और कामराज तीनों को पकड़ लो।

श्री मोहन लाल : मैं अर्ज़ कर रहा था कि जब कत्ल की रिपोर्ट की गई तो एस.एच.ओ. सरपंच की रिपोर्ट लिखने में झिझकता था। हम ने यह बात बड़े ज़िम्मेदार लोगों से सुनी है कि वह झिझकता था कि मैं क्या जानूं कि सरकार इस कत्ल के सिलसिले में क्या करना चाहती है। अगर एक सब इंस्पेक्टर को भी ऐसा खदशा और अंदेशा हो सकता है कि इस कत्ल के सिलसिले में सरकार क्या करना चाहती है तो उन लोगों के दिल में जिन्होंने सरदार प्रताप सिंह को कत्ल किया, यह ख्याल क्यों नहीं आ सकता कि सरदार प्रताप सिंह के कत्ल का कोई मोल नहीं पड़ेगा? जैसे कि मैं ने पहले भी कहा और अब भी कहता हूं कि सरदार प्रताप सिंह को ज़लील करने के लिये सरकार के ज़िम्मेदार आदमियों की तरफ से इस हद तक यत्न किया गया, मेरी राए में वे लोग उन के कत्ल के सिलसिले में इखलाकी जिमेदारी से नहीं बच सकते। उन्होंने कहा कि सरदार प्रताप सिंह का नाम किताबों से निकाल दो, न सिर्फ ऐसा हुकम ही हुआ बल्कि इस को मुश्तहिर भी किया गया और इस का क्रेडिट भी लिया गया, उस की तस्वीरें निकाल दी जाएं, उन पर स्याही लगा दी जाए। जिस फट्टे पर उस की तस्वीर है वह फट्टा निकाल दिया जाए। जैसे कि आप जानते हैं कि सरदार प्रताप सिंह के घर की तलाशी हुई क्योंकि यह

शक था हमारी पुलिस को कि उन के घर में स्मगल्ड सोना है। यह बात मुझे अफसोस से कहनी पड़ेगी कि इस बात से हमें तशवीश पैदा हुई और आप जानते हैं कि 50 लैजिस्लेटर्ज़ ने चीफ मिनिस्टर साहिब के पास एक रिप्रेज़ेंटेशन भेजा कि इस बात की जांच पड़ताल की जाए और ज़िम्मेदारी ठहराई जाए कि बिना वजह ऐसा क्यों हुआ। अब भी मेरे पास वह चिट्ठी है जो कि चीफ मिनिस्टर साहिब को लिखी गई थी और उस की इक्नालिजमैंट मेरे पास मौजूद है। 50 लैजिस्लेटर्ज़ ने जो चिट्ठी लिखी थी उस में यह भी लिखा था कि आप रिस्पांसिबिलिटी फिक्स करें और हम उम्मीद करते हैं कि हमें भी कान्फीडेंस में लिया जाएगा कि आप ने इस सिलसिले में क्या जांच पड़ताल की है। इन्कवायरी करें और जिम्मेदारी ठहराएं और इस बारे में हमें इत्तलाह दें। 23 अक्तूबर की इक्नालिजमेंट मेरे पास मौजूद है जिस में उन्होंने लिखा था कि matter is being looked into. आज मैं उन से पूछना चाहता हूं कि इस हाउस में पच्चास मैम्बरों की तरफ से गए हुए रिप्रेज़ेंटेशनज़ का क्या यही हशर होता है? हमारी सरकार अच्छी एडमिनिस्ट्रेशन चलाने की और एफीशैंसी लाने की ख्वाहिश रखती है। मैं आप के सामने अच्छी एडमिनिस्ट्रेशन और एफीशैंसी की यह मिसाल रख रहा हूं कि आज तक हमें पता तक नहीं कि कोई इन्कवायरी हुई कि नहीं हुई, किसी आदमी पर इस बात की जिम्मेदारी फिक्स की गई है या कि नहीं की गई, किसी के खिलाफ कोई एक्शन लिया गया है या कि नहीं लिया गया। आज तक हमें इस बारे में कोई इत्तलाह नहीं दी गई। जहां तक हमारी इन्फर्मेशन है कोई एक्शन किसी ने नहीं लिया। जहां एक आदमी इतनी बड़ी हैसियत रखता हो, कन्ट्रोवर्शल ह वह अलग बात है, उसके साथ यह व्यवहार हो जहां पर पच्चास लैजिस्लेटर्ज़ की मांग को हकारत की निगाह से ठुकराया जाता हो वहां पर लोगों के दिल में और फिर उन लोगों के दिल में जो कि सरदार प्रताप सिंह के खिलाफ जज़बा रखते हों, क्या ऐसी बात नहीं आ सकती कि सरदार प्रताप सिंह आज बहुत ही हकीर आदमी बन गया है, अगर उस को रोज़े रोशन में कत्ल भी कर दिया जाए तो कौन पूछेगा? मुझे बड़े अफसोस से आप के नोटिस में यह बात लानी पड़ती है कि अभी अभी दुर्गापुर में जो कांग्रेस का सैशन हुआ वहां पर पंजाब का पैविलियन बनाया गया था। उस पैविलियन में एक डीफैंस कार्नर बनाया गया था, वहां पर कुछ लोगों की तस्वीरें लगाई गई थीं लेकिन उस में सरदार प्रताप सिंह की कोई तसवीर नहीं थी। वह सरदार प्रताप सिंह, जिन्होंने एमर्जैंसी के वक्त इतना काम किया, आप जानते हैं कि वह अपनी सेहत को भी खतरे में डाल कर दौड़े फिरे, नीफा और लद्दाख में गए, वहां पर सोल्जर्ज़ को मिले, अफसरान को मिले और उनके हौसले बढ़ाए, यह बात सुन कर हर आदमी को अफसोस होगा कि उस पेविलियन में जो डीफैंस कार्नर हमारी सरकार की तरफ से बनाया गया था सरदार प्रताप सिंह की कोई तस्वीर नहीं थी। उन लोगों की तस्वीरें तो वहां थीं जो कि दो साल बाद लद्दाख गए, लेकिन सरदार प्रताप सिंह की कोई तस्वीर नहीं लटकाई गई थी।

आवाजें : पंडित जी, उन का नाम क्यों नही लेते?

श्री मोहन लाल : बड़े बड़े आदमी यह बात मानते हैं, मानें भी क्यों न, यह एक हकीकत है कि चीन के हमले के वक्त जिस आदमी ने सारे हिन्दुस्तान को लीड दी डीफैंस एफर्ट में वह सरदार प्रताप सिंह था। (विघ्न) जिस समय उन की भोग की रस्म थी तो चौधरी देवी लाल वहां पर हाज़र थे। उन को मालूम है कि एक सज्जन ने तो यहां तक कहा कि अगर चीन के हमले के वक्त सरदार प्रताप सिंह डीफैंस मिनिस्टर होते तो शायद हमारे देश के यह हालात न होते। एक जिम्मेदार व्यक्ति ने यह अल्फाज कहे थे। तो आज आप को सुनकर अफसोस होगा, हरेक को अफसोस होगा कि क्या हम इस हद तक पहुंच गए कि ऐसे डिफैंस पैविलियन में सरदार प्रताप सिंह की तस्वीर भी न लटकाई जाए? स्पीकर साहिब, हमने वहां पर उन लोगों से पूछा कि क्यों ऐसा है? पंजाब सरकार के पैविलियन पर जो लोग तैनात थे हमने उनसे पूछा कि आज यहां पर सरदार प्रताप सिंह की तस्वीर क्यों नहीं दिखाई देती। जवाब मिला "हुक्म है ऊपर से। इन्सट्रक्शनज़ हैं"। तो आप अन्दाज़ा लगाए कि ऐसे व्यक्ति को ज़लील करने की कोशिश किस हद तक पहुंच गई थी।

कुछ माननीय सदस्य : यह भी तो बताइए कि वहां पर किस किस की तस्वीरें लगी हुई थीं।

श्री मोहन लाल : आप सब जानते हैं। वैसे मैंने अर्ज़ किया कि जो दो साल बाद वहां लद्दाख गए उन की तस्वीरें वहां पर दिखाई गई। वह कौन थे, इस को आप सब जानते हैं। खैर, छोड़िए, मैं इन बातों में ज्यादा तफसील में नहीं जाना चाहता। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता। तो मैं यह कह रहा था कि जहां तक पंजाब के इतने बड़े पालिटीशन के कत्ल का सवाल है, इसमें इखलाकी जिम्मेदारी सरकार के कुछ जिम्मेदार आदमियों की बनती है या नहीं हमें सन्जीदगी से इस बात को सोचना होगा।

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਜਮਨਾ ਨਗਰ ਦੀਆਂ ਦੋ ਕੁੜੀਆਂ ਦੇ ਕਤਲ ਦੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਕਿਸ ਉਤੇ ਬਣਦੀ ਸੀ? *(interruption)*

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਇਹ ਗੌਰਮੇਂਟ ਹੀ ਵੀਕ ਹੈ। ਕਿਧਰ ਗਏ ਤੁਹਾਡੇ ਚੇਲੇ ਚਾਂਟੇ?

श्री मोहन लाल : सात महीने तक लगातार डी-कैरोनाईज़ेशन की एक मुहिम सरकार के जिम्मेदार आदमियों की तरफ से जारी रही। मैं आपोज़ीशन वाले दोस्तों पर इस सम्बन्ध में कोई गिला नहीं कर सकता क्योंकि गवर्नमेंट पार्टी की आलोचना करना, बुरा भला कहना इन का हक है। उन का हक है सरकारी बैंचों पर बैठने वालों की नुक्ताचीनी करना और उन को गिराना, पुलिटिकल लैवल पर गिराना। यह उन का हक है। उन के साथ कोई गिला किसी किस्म का नहीं हो सकता। मेरा गिला तो इस तरफ सरकारी बैंचों पर बैठने वालों से है। जो सरकार की जिम्मेदार पुज़ीशनों पर जो बैठे हुए हैं.....

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਇਹ ਸਭ * * * ਇਕੱਠੇ ਹੋਏ ਹੋਏ ਹਨ। (ਵਿਘਨ)

श्री मोहन लाल : मैं दुहरा कर कहता हूं, स्पीकर साहिब, कि अगर हमने अपनी डैमोक्रेसी को मज़बूत रखना है, अगर हमने डैमोक्रेसी को इन खतरों से बचाना है तो

**Expunged as ordered by the Chair.*

इस कत्ल के लिये इखलाकी तौर पर जिन लोगों की जिम्मेदारी है, उन की इस जिम्मेदारी का हमें निर्णय करना ही होगा।

हमारी सरकार, पंजाब की सरकार, इस कत्ल का सुराग लगाने में अभी तक कामयाब नहीं हुई। इस पर बहुत सी थ्यूरीज़, पता नहीं कितनी थ्यूरीज़ इन्होंने बनाईं। उन पर तफतीश करनी शुरू की। हर रोज इस सिलसिले में हमें विश्वास दिलाया गया, आश्वासन दिये गए। कोई ऐसा दिन नहीं गया होगा जब कि किसी न किसी क्वार्टर से हमें यह विश्वास न दिलाया गया हो कि इस का पता निकालेंगे, एक दिन में पकड़े जायेंगे, दो दिन में पकड़े जायेंगे। एक थ्यूरी चलती है कि इधर गये, दूसरी थ्यूरी दूसरे दिन यह चलती है कि उधर गए थे और तीसरे दिन यह कहा जाता है कि तीसरी तरफ गये थे. वहां पर बैठे थे। फलां कार इस्तेमाल की थी, उस कार का सुराग निकाल लिया है, अब जगह का भी सुराग निकाल लेंगे और कातिल पकड़े जायेंगे, एक दो दिन में पकड़े जाएंगे, हम आप को विश्वास दिलाते हैं, भरोसा दिलाते हैं। इस तरह की बातें की जा रही हैं। लेकिन मैं अर्ज करूंगा कि लोगों को इस प्रकार की एश्योरेंसिज का अब कोई विश्वास नहीं रहा। (आपोजीशन की तरफ से प्रशंसा की आवाजें) मैं इस सिलसिले में यह भी अर्ज करना मुनासिब समझता हूं कि 6 फरवरी को सरदार प्रताप सिंह कैरों का कत्ल होता है और उस के दूसरे दिन यानी 7 तारीख को सरकार का एक जिम्मेदार मनिस्टर, जिसका होम डिपार्टमेंट के साथ कोई सम्बन्ध नहीं, जिसका इस इन्वैस्टीगेशन के साथ कोई ताल्लुक नहीं, सैक्रेटेरियेट की कुर्सी पर बैठा हुआ एक स्टेटमैंट देता है कि यह पुलिटिकल कत्ल नहीं है। अन्दाजा लगाइए कि उसके अगले ही दिन कुछ सरकारी, कुछ जिम्मेदार सरकारी कर्मचारियों के ऐसे बयानात निकलते हैं कि यह जो कत्ल हुआ है इसमें स्यासी हाथ नहीं है, यह स्यासी कत्ल नहीं है।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਕਾਮਰੇਡ ਰਾਮ ਪਿਆਰੇ ਬਾਰੇ ਵੀ ਇਹੋ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਸੀ।

श्री मोहन लाल : तो जिम्मेदार सरकारी कर्मचारियों की तरफ से ऐसे बयानात आए। मैं पूछना चाहता हूं कि उन के पास क्या बेसिज था ऐसा स्टेटमेंट्स देने का? उनके इस प्रकार के स्टेटमेंट देने का आखिर क्या वजह थी? जब सरकार के इतने जिम्मेदार व्यक्ति जिन का इस इन्वैस्टीगेशन के साथ कोई सम्बन्ध नहीं, कत्ल के दूसरे ही दिन इस प्रकार की स्टेटमैंट देते हैं और उस के बाद पुलिस के और जिम्मेदार इन्वैस्टीगेटिंग अफसर, सरकारी कर्मचारी, ऐसे बयान देते हैं कि यह पुलिटिकल कत्ल नहीं है तो मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यह तफतीश को इन्फ्लुएंस करने के लिये ही यह बातें नहीं कही गई थीं? क्या तफतीश का रुख बदलने के लिये यह काफी नहीं था? उसके दो दिन बाद यहां पर तीन, चार आनरेबल लैजिस्लेटर्ज स्टेटमैंट देते हैं कि पुलिटिकल मोटिव कैन नाट बी रूल्ड आउट, इस में पुलिटिकल मोटिव भी हो सकता है तो उस वक्त यह एतराज उठाया जाता है कि उन की यह स्टेटमेंट तफतीश पर असर अन्दाज होती है। लैजिस्लेटर्ज की तरफ से यह स्टेटमैंट नहीं आनी चाहिए थी, यह कहा गया। हैरानगी की बात है कि सरकार का एक

[श्री मोहन लाल]

जिम्मेदार मिनिस्टर, सरकार के ज़िम्मेदार कर्मचारी तफतीश का रुख बदलने के लिये कहें कि यह पुलिटिकल मर्डर नहीं है तो कोई बात नहीं। मगर जब दूसरे सिर्फ यह बात कहें कि इस में पालिटिक्स और पालिटिकल मर्डर की थ्यूरी को रूल आउट नहीं किया जा सकता तो उस पर एतराज किया जाता है। मैं जानना चाहता हूं कि जब मिनिस्टर या ज़िम्मेदार सरकारी अफसरों ने वह स्टेटमैंटस दी थीं तो क्या उस वक्त उन से पूछा गया था, या उन को ऐसा करने से मना किया गया था? क्या उन पर किसी तरह का एतराज किया गया किसी की तरफ से? इसलिए, स्पीकर साहिब, मैं आप के जरिए यह बात वाजिया तौर पर कह देना चाहता हूं कि आज पंजाब की जनता को हमारी पंजाब की सरकार की तरफ से इस कत्ल के बारे में जो तफतीश हो रही है, उस पर कोई विश्वास नहीं है। (आपोजीशन की तरफ से प्रशंसा की आवाजें) यह आवाज जनता में उठ रही है और मैं भी उस आवाज में अपनी आवाज को शामिल करता हूं और सरकार से यह मांग करता हूं कि आप इस तफतीश को छोड़ कर इसे सैंट्रल एजंसी के हवाले कर दो (आपोजीशन की तरफ से प्रशंसा की आवाजें) मैं इस बात को भी जानता हूं कि इस किस्म की इतलाआत अब भी मिलती हैं कि इस सिलसिले में जो थ्यूरीज हमारी सरकार की तरफ से चलीं, वह थ्यूरीज सैंट्रल इन्वैस्टीगेशन एजंसी ने कबूल नहीं की। जरा सोचने की बात है कि हमारी सरकार

1.00 p.m.

जितनी इनवैस्टीगेशन की थ्यूरीज चलाती है। उन में से कई थ्यूरीज़ ऐसी हैं जिन को सैंट्रल इंवैस्टीगेटिंग एजेंसी ने एक्सेप्ट ही नहीं किया। इस से आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि हमारी सरकार की इनवैस्टीगेशन एजंसी कैसे चलती है। इस लिए मैं अर्ज करूंगा अपनी सरकार से कि यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ी है आप पर; आप पर यह एक बहुत बड़ा बोझ आ पड़ा है जिस को यह उठा नहीं सकी और इस के लिए आप के लिए यही बेहतर होगा कि इस अपनी इनवैस्टीगेशन एजेंसी को छोड़ कर यह सैंट्रल एजेंसी के हवाले कर दें ताकि लोगों को विश्वास हो और इस केस की इनवैस्टीगेशन ठीक लाइनों पर हो। स्पीकर साहिब, इस वक्त मैं इस सिलसिले में और भी कई बातें करना चाहता था, लेकिन मेरे सामने जैसा कि मैं समझता हूं कि सिर्फ मेरे सामने ही नहीं, सारे पंजाब के सामने और सारे हिन्दुस्तान के सामने और जहां तक इस लेजिस्लेचर का सम्बन्ध है खास तौर पर इस के सामने सब से बड़ा सवाल यह है। बाकी हमारी स्कीमें तो चलती रहेंगी और उन की इम्पलीमैंटेशन भी होती रहेगी और उन में कमियां भी रहेंगी और उन से तरक्की भी होती रहेगी लेकिन जैसा कि मैंने पहले कहा है, मैं अब फिर दौहरा कर कहता हूं कि अब सवाल यह है कि अगर सरकार लोगों के सामने सुबकदोष होना चाहती है और पब्लिक लाइफ में कानफीडेंस लाना चाहती है तो इसे यह कत्ल और इस कत्ल के पीछे जो साजिश है और उस साजिश के पीछे जिन लोगों का हाथ है उन को नंगा करना होगा।

स्पीकर साहिब, इस वक्त मैं और किसी प्वायंट का जिक्र नहीं करना चाहता

और सिर्फ यह ही बात आप के सामने पेश करने के लिए खड़ा हुआ हूं क्योंकि इस वक्त यही एक सवाल हमारे सामने है। हम तसल्ली चाहते हैं अपनी सरकार से और तसल्ली जिस जरिए से बन सकती है वह मैंने अर्ज कर दिया है।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा (गनौर) : स्पीकर साहिब, गवर्नर एड्रैस पर ट्रेयरी बैंचिज़ की तरफ से मूवर आफ दी रेजोल्यूशन श्रीमती बहन ओम प्रभा जैन ने धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया है और सरदार बलवंत सिंह ने उस की ताईद की है और इस पर अपने ख्यालात का इज़हार किया है और उस के बाद आपोजीशन से हमारे साथी सरदार लछमन सिंह ने काफी बातें आप की विसातत से हाउस के सामने रखीं हैं। उस के बाद अभी पंडित मोहन लाल जी ने स्टेट के ला एण्ड आर्डर के बारे में विद स्पेशल रेफरेंस टू दी मर्डर आफ सरदार प्रताप सिंह कैरों अपने ख्यालात आप के सामने रखे—कोई आध घंटा तक रखे हैं। स्पीकर साहिब, जहां तक स्टटे में ला एण्ड आर्डर की सिचूएशन का ताल्लुक है इस बारे में इस एड्रेस में कुछ फैकट्स एण्ड फिग्रर्ज़ कौलेक्ट कर के दी गई हैं जिन में बताया गया है कि पिछले साल में यहां इतने मरर्डज़ हुए थे और इस साल पहले से दो या तीन मरर्डर्ज़ कम हुए हैं। इसी तरह से डैकुआयटीज के बारे में बताया गया है कि पिछले साल यह इतनी हुई थी और इस साल पिछले साल की निसबत इतनी कम हुई है। लेकिन जहां तक ला एण्ड आर्डर का ताल्लुक है, मैं समझता हूं कि इस बारे में जो कुछ पंडित मोहन लाल जी ने जो अभी कहा है वह ठीक है। जी. टी. रोड पर नेशनल हाईवे पर रसोई गांव के पास, जहां दस गज़ के फासले पर स्कूल है और 15 गज़ के फासले पर सैंकड़ों घरों की आबादी है और वहां एन मौके पर हज़ारों मजदूर काम कर रहे थे और दिन के 12 बजे थे जब सरदार प्रताप सिंह कैरों का कत्ल किया गया था और यह कत्ल भी ऐसे ज़ालमाना ढंग से किया गया है जो कि हकूमत के नाम पर बदनामी का धब्बा है और यह एक ऐसा धब्बा है जो मिटाने से मिट नहीं सकता। चार आदमी कत्ल होते हैं और चार ही आदमी कातल हैं और सब से अफसोसनाक बात यह है — मैं भी जाए वकूआ पर पहुंच गया था और पंजाब की हकूमत के बड़े बड़े अफसरान यानी डी. आई. जी. वगैरा भी वहां पर पहुंच गए थे। वहां पर मैंने जो तमाशा देखा, मैं इसे तमाशा ही कहूंगा, वह यह है कि इन हालात में वहां पर कत्ल हुआ और आज 17 रोज़ हो चुके हैं यानी इतना लम्बा अर्सा बीत चुका है लेकिन अभी तक मर्डर ट्रेस नहीं हो सका; ऐलान रोज़ होते हैं कि जरूर ट्रेस होगा, जरूर ट्रेस होगा लेकिन कुछ पता नहीं, मायूसी कुम्मद। फिर 12 बजे से रात के साढ़े दस बजे तक वह चार कातल पैदल चल कर 20 मील का फासला तै करते हैं, जैसा कि तफतीश बताती है—खेत की एक तरफ कातल जाते हैं और उस की दूसरी तरफ से पुलिस जाती है। यह हालत हुई है वहां पर। स्पीकर साहिब, सरदार प्रताप सिंह कत्ल हो गए और मैं समझता हूं कि वह इस तरह के ज़ालमाना कत्ल से इम्मार्टल हो गए हैं लेकिन इस से हमारी पंजाब की जनता के अन्दर डीमारलाइज़ेशन आ गई है और वह समझने लग गए हैं कि पंजाब के अन्दर अब किसी शहरी की, यहां के किसी सिटीज़न की जिन्दगी सेफ नहीं है। खास

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

तौर पर उन आदमियों की, जिन का पालिटिक्स से दूर का भी वास्ता है। स्पीकर साहिब, सरदार प्रताप सिंह कैरों कोई मामूली आदमी नहीं थे। मैं यह मानने से ज़रा भी नहीं हिचकिचाता हालांकि हम इन्हीं बैंचों से जब वह यहां चीफ मिनिस्टर थे और पंडित मोहन लाल भी मिनिस्टरी में ही थे इस हकूमत की नुकताचीनी करते रहे हैं। इस बात से कोई भी इनकार नहीं कर सकता कि सरदार प्रताप सिंह कैरों एक बहुत बड़े आदमी थे और यहां के साबका चीफ मिनिस्टर थे, उन जैसे आदमी का दिन दिहाड़े कत्ल हो जाना और उन के कातलों का ट्रेस न होना, साफ जाहिर करता है कि यहां ला एण्ड आर्डर की हालत अच्छी नहीं है और उन के कातलों को ट्रेस करने के लिए कोई कनक्रीट स्टेप्स नहीं लिए गए। जो कनक्रीट स्टेप्स नहीं लिए गए वह मैं अर्ज करता हूं। सोनीपत के पास राए पुलिस स्टेशन है। वहां पर जब इस कत्ल की इतलाह पहुंची तो वहां के थानेदार डेढ़ घण्टा तक जुम्बश में नहीं आए और आज तक उस से यह नहीं पूछा गया कि वह यह इतलाह पा कर इतनी देर क्यों मौका पर नहीं पहुंचा और राए में क्या कर रहा था। अब वहां इतने पुलिस अफसरान तम्बू डाले बैठे क्या कर रहे हैं? क्या राए की जमीन उन चार कातलों को अपने अन्दर छिपाए बैठी है जो यह वहां पर अपना डेरा डाले बैठे हैं और आज तक उस थानेदार के खिलाफ इन से कोई ऐकशन नहीं लिया गया। अगर मैं इन की जगह होता तो उस थानेदार को फौरन सस्पेण्ड करता। उसका यह जवाब है कि उस के पास सिर्फ एक सिपाही था। मैं पूछता हूं कि क्या वह गांवों वालों की आन को उभार कर उन की मदद नहीं ले सकता था और उन को साथ लेकर और जितने भी उस के पास सिपाही थे ले कर उन कातलों को नहीं पकड़ा जा सकता था? लेकिन हालत यह है कि उस पुलिस अफसर के खिलाफ आज तक कोई ऐकशन नहीं लिया गया है जिस ने रिपोर्ट भी दर्ज करने से इनकार किया था। वहां अब पुलिस क्या कर रही है? इस बारे में मैं अर्ज करता हूं कि वह लोगों की जेबों पर डाके डालने के सिवा और कुछ नहीं कर रही है। परसों रात की बात यह है कि वहां दो गांव बेरी बाकी पुरा और खीरा पुर की सरहद का झगड़ा हो गया था और वहां का थानेदार अपने साथ बहुत सारे सिपाही ले कर बेरी बाकी पुरा के कई आदमियों को पकड़ कर ले आया है। मैं पूछता हूं कि क्या यह सारी पुलिस वहां इस काम के लिए ही तैनात है कि उस को इन मामलों में इस्तेमाल किया जाए। यहां डायरी तो दी जाती होगी कि वह सरदार प्रताप सिंह के कत्ल की तफतीश कर रहे हैं लेकिन असलियत यह है कि वह वहां पर लोगों को तंग कर रहे हैं। स्पीकर साहिब, मैं ला एण्ड आर्डर के बारे में ज्यादा नहीं कहना चाहता। अगर हकूमत अपना सिर बुलन्द रखना चाहती है तो उन मुलजमों को कचहरी के कटहरे में पेश करे वरना अगर इस में जरा भी गैरत है तो जो इस ने यहां पर झील बनाई है उस में डूब मरे। जो साजिश है चाहे पुलीटीकल है या कुछ और मैं नहीं जानता उस को नंगा करे। मैं एक जिम्मेदार शहरी के नाते इस बात की मांग करता हूं

कि सरदार प्रताप सिंह कैरों के काल्लों को नंगा किया जाए, इस के पीछे जो मुनज्ज़म साजिश है उसको नंगा किया जाए। (विघ्न) नहीं, मुझे इस का कुछ नहीं पता। आप को शायद मालूम हो।

अब मैं एड्रैस की तरफ आता हूं। मुझे इस बात का गिला है कि इस सरकार के पास इस 32-33 सफे के एड्रैस में इस देश के महान नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू जिन का स्वर्गवास पिछले बजट सैशन के बाद हुआ सिवाए इन चार लाइनों के जो कि बाद में एक कागज के टुकड़े पर इस में डाल दी गई और कोई जगह नहीं थी। (विघ्न)। अगर पढ़ा भी जाता तो भी इस सरकार की लापरवाही की एक जिन्दा मिसाल है और उस बड़े नेता की बेइज्जती है।

मैंने इस एड्रैस को बड़े गौर से पढ़ा है और एक दो बार नहीं, तीन बार पढ़ा है। मुझे यह बात निहायत दुख से कहनी पड़ती है कि मैं जिस इलाके को रिप्रेजेंट करता हूं जिसे कि हरियाणा कहते हैं उस के मुताल्लिक सिर्फ चार लाइनें हैं। एक तो यह हैं सफा 12 पर। वह यह है:

> "So far as the Hariana area is concerned, my Government propose to set up a Special Committee for suggesting measures for the quick and integrated development of this area in all respect". और दूसरा है :

> "....The needs of the people in the Hariana area are also receiving very special consideration in this context."

जहां तक इस हरियाणा की डिवैलपमेंट का ताल्लुक है इस के मुतालिक एक कमेटी मुकर्रर करने के लिए ऐलान दो तीन रोज़ हुए हैं किया जा चुका है। जाहिर है कि यह एड्रैस कुछ रोज पहले छप चुका होगा वरना इस में यह कहते कि यह कमेटी मुकर्रर कर दी गई है। जहां तक कमेटियों की तकरीरों का ताल्लुक है मैं समझता हूं it is nothing but a big fraud that is being played on we people. It is nothing but a farce. It is nothing but an eye wash. इस हकूमत को कुर्सी सम्भाले सात महीने हो चुके हैं। मैं ने एक सवाल भी किया था जो कि आज आना था। मैं ने पूछा था कि बताया जाए कि इस हुकूमत के कायम होने के बाद कितनी कमेटियां और कमिशन मुकर्रर किये हैं। मैं समझता हूं कि ज्यादा कमेटियों और कमिशनों का बनाया जाना इस गवर्नमेंट की नाअहलियत का जिन्दा सबूत है। यह हकूमत खुद कोई फैसला नहीं कर सकती। It is a Government of Committees and Commissions. मैं समझता हूं कि सरकार ने यह कमेटी मुकर्रर करके यह एडमिट कर लिया है कि हरियाणा बैकवर्ड है। स्पीकर साहिब दो तीन अक्तूबर को हरियाणा के इलाके के 42 लैजिस्लेटर्ज का एक डैपुटेशन जिस में दोनों तरफ से ही लैजिस्लेटर्ज जो चंडीगढ़ में थे शामिल थे चीफ़ मिनिस्टर साहिब से मिला था। उस में चौधरी हरद्वारी लाल, चौधरी चांद राम, चौधरी सिरी चन्द और मुझ को स्पोकसमैन बनाया गया। हम ने इन से दो मांगें

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

की थीं। एक तो यह कि हमारे इलाके के जो फ्लड के मसले हैं उन का हल किया जाए और दूसरे हरियाणा को जो शिकायात हैं उन के बारे में एक फैक्ट फाइंडिंग कमिशन मुकर्रर किया जाए। अब इन्होंने यह कमेटी मुकर्रर कर दी है नाम रखा है डिवैलपमेंट कमेटी। माफ करें नाम तो धर दिया फूल कुमार और खुशबू नहीं कोंदरे की भी। इस कमेटी में हैं पंडित श्री राम शर्मा—उनका मुझे एहतराम है—चौधरी शेर सिंह, चौधरी हरद्वारी लाल, चौधरी चांद राम और चौधरी घमन्डी लाल। यह पांचों साहिबान तहसील झज्जर के हैं। मैं भी तहसील झज्जर का हूं मगर यह हरियाणा कमेटी तो न हुई झज्जर कमेटी हुई। (तालियां)। मैं समझता हूं it is a Government of indecision with no initiative, with no dash. स्पीकर साहिब, जहां तक हरियाणा की बेकवर्डनैस का ताल्लुक है किसी कमेटी को इस बारे में पता लगाने की क्या जरूरत थी, सारे फैक्टस और फिगर्ज आप के सामने हैं। इस सदन के सामने हैं। तमाम डिपार्टमैंट्स से फिगर्ज आती हैं और मैं इस बारे में 15 मिनट में फैसला कर सकता हूं। मैं पूछता हूं कि जहां तक इस हकूमत का ताल्लुक है चीफ मिनिस्टर साहिब के पास इस बात का क्या जवाब है कि उस सारे रिजन से सिर्फ एक वजीर चौधरी रिजक राम ही हैं। न स्पीकर, न डिप्टी स्पीकर, न चेयरमैन, न डिप्टी चेयरमैन, न चीफ पार्लियामेंट्री सैक्रेटरी और न कोई पार्लियामेंट्री सैक्रेटरी। क्या जवाब है इस का इन के पास? ऐसी बातें करके हमारी रगे गैरत को उभारा जाता है, ललकारा जाता है, ऐसी कमेटियां मुकर्रर कर के। एक विजीलैंस कमिशन मुकर्रर किया गया है। हम ने एक हाई पावर्ड कमिशन की मांग की थी। कहते हैं कि हम हरियाणा की डिवैलपमैंट कर रहे हैं। (विघ्न) यह मजाक की बात नहीं है कुछ साहिबान आयरोनीकली बात करते है, मगर यह मजाक की बात नहीं है। हमारे लिये यह धर्म युद्ध है, हक की लड़ाई है, इनसाफ की लड़ाई है बेइनसाफी के खिलाफ। हम इस बेइनसाफी को बरदाशत नहीं कर सकते। इतने लम्बे चौड़े ऐड्रैस में हमें तीन लाइनें मिलती हैं।

फिर रैवेन्यूज की बात है। जब तो नेफा और लद्दाख की सरहद पर सिर कटाने का सवाल होता है, देश की रक्षा का सवाल होता है हकूमत कहती है कि हरियाणा वालो अपने जवानों को बर्फ में गलाने के लिए भेजो मगर जब इस ऐड्रैस को पेश करने का सवाल होता है तो उन के लिये मुश्किल से तीन लाइनें मिलती हैं। हम ऐसी बातें नहीं बरदाशत कर सकते।

फिर स्पीकर साहिब, जहां तक इन्डस्ट्री का ताल्लुक है सरकार पानीपत में एक पेपर मिल ऐस्टेबलिश करने जा रही थी। पिछली गवर्नमेंट ने इस का फैसला किया था, स्कीम छप चुकी थी, पायातकमील तक पहुंच चुकी थी और किसी कलकत्ता की फर्म से कन्ट्रैक्ट हो चुका था मगर इस के बावजूद इस मौजूदा सरकार ने हमारे जजबात को रौंदते हुए किसी थापर वगैरह कम्पनी से साजिश करके उस को नंगल में

ट्रांस्फर कर दिया। (आपोजीशन की तरफ से शेम, शेम) मैं मांग करता हूं कि (विघ्न) यह किसी दोस्ती या दुश्मनी का ताल्लुक नहीं है, मैं वाक्यात आप के सामने रख रहा हूं। और इस हकूमत को चेतावनी देना चाहता हूं कि अगर यह हकूमत इसी तरह से हम से मजाक करती चली गई तो हम हकूमत के खिलाफ इसी सदन में बगावत बलन्द कर देंगे।

(आपोजीशन की तरफ से तालियां)।

स्पीकर साहिब, मैं मांग करता हूं कि अगर इस हकूमत को ज़रा होश हो, इन में कोई अकल हो और इन का दिमाग टिकाने हो तो पानीपत में पेपर मिल लगाने का फैसला करें जैसे कि पहले इस बात का फैसला किया गया था। रोहतक के अन्दर अरबन इन्डसट्रियल एस्टेट कायम करने का जो फैसला सरकार ने किया था वह अब विदड्रा कर लिया गया है। इस के बारे में 6 तारीख को जो मीटिंग हुई उसमें डिस्ट्रिक्ट इन्डसट्री आफीसर ने बताया कि इस स्कीम को सरकार ने विदड्रा कर लिया है। इसी तरह गनौर के अन्दर 14 करोड़ का सीमलैस ट्यूब्ज़ का कारखाना लगाने का फैसला किया गया था। इसके लिए 197 एकड़ ज़मीन भी एक्वायर कर ली गई और दफा 4 और 6 के अनुसार कारवाई भी कर ली गई लेकिन आगे कुछ नहीं किया गया। इसी तरह गोहाना का इलाका बैकवर्ड है और फलड हिट है लेकिन इस की कोई तरक्की नहीं की गई। इस इलाके को अभी तक सब-डिवीजन नहीं बनाया। फिर कहते हैं कि हमने हरियाना डिवेलपमेंट कमेटी बना दी है। कमेटी तो इस हाउस के सब मेम्बर हैं जिन्होंने हरियाना के बारे में आवाज़ उठाई। इस सदन के इतिहास में यह एक मिसाल है कि असैम्बली और कौंसल के तमाम मेम्बरों ने हरियाना के बारे में आवाज उठाई। अगर इस में कोई झूठ हो तो सब का मुंह बंद कर दो। हमारे एरिया का क्या हाल है। इस को कहीं भी कोई रिप्रिज़ेन्टेशन नहीं दी गई। सर्विसिज में कोई रिप्रिज़ेंटेशन नहीं है। सरकार की तरफ से बजट पास कर दिया जाता है लेकिन इस को इमप्लीमेन्ट करना अफसरान का काम है जहां कि एक भी हमारे इलाके का नहीं। यहां पर सैक्रेटेरियट की दस मन्जला इमारत में और 17 सैक्टर की बिलडिन्ग में ऊपर से नीचे तक आप जा कर देख लें हरियाणा के किसी अफसर की नेम प्लेट नज़र नहीं आएगी। इस लिए मैं यह कहता हूं कि हरियाणा डिवैलपमेंट कमेटी एक फ्राड है, एक फार्स है। इस लिए मैं अर्ज करता हूं कि हमारे इलाके को सर्विसिज में रिप्रिजेन्टेशन देनी चाहिए, वजारत में नुमाइन्दगी देनी चाहिए। उज्जल सिंह कमेटी और हरियाना डिवेलपमेंट कमेटी से क्या बन जाएगा। यहां पर तो बात बात पर कमेटियां बनाई जाती हैं। टैक्सों को बढ़ाना है तो कमेटी, टैक्सों को कम करना है तो कमेटी। कीमतों पर देख रेख करने के लिए कमेटी बना दी। इस के साथ एक एडमिनिस्ट्रेशन रिर्फामज़ कमेटी बना दी गई है और जब तक यह कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी यह पावर इन के हाथ में नहीं रहेगी। कमेटी बनाते वक्त यह कहा जाता है कि इस की रिपोर्ट चार महीने में आ जाए लेकिम कौन 4 महीनों में रिपोर्ट देता है। रिपोर्ट

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

आती है चार साल में। क्यों? इस लिए कि कमेटी के मेम्बरों को टी. ए. मिलता है, डी. ए. मिलता है, तनखाह मिलती है।

फिर, स्पीकर साहिब, आप देखें कि एक सिलैक्शन कमेटी बनाई हुई है हालांकि सैंट्रल सर्विसिज़ रूलज़ बने हुए हैं। इस कमेटी को वसीह इखत्यार दिए हुए हैं। इस में दो फिनांशल कमिशनर हैं। सन 1958 से 1963 तक 75 आदमियों को पी. सी. एस. से आई. ए. एस. बना दिया गया। वह सैंटर ने नहीं बनाए, वह कैबिनट के नहीं बनाए और न ही चीफ मिनिस्टर ने बनाए थे बल्कि सिलैक्शन कमेटी ने बनाए। कितनी हाई पावर्ड कमेटी है। फिर इन नामों को यू. पी. एस. सी. ने अप्रूव किया, गवर्नमेंट आफ इन्डिया ने अप्रूव किया। पर पता नहीं इन्हें क्या सूझी कि एक डिमोशन कमेटी बना दी। आप ने स्टेटसमैन अखबार में पढ़ा होगा कि पंजाब सरकार 75 आई. ए. एस. अफसरों को रिवर्ट कर रही है और फिर पी. सी. एस. बना रही है। इस से पी. सी. एस. अफसरों के दिल में हार्ट बरनिंग है। फिर, स्पीकर साहिब, आम तौर पर कमेटियों को डायरैक्टिव दिया जाता है। सरकारी मुलाजमों के लिए डायरैक्टिव है कि 'नो गवर्नमेंट सरवेन्ट कैन ऐप्रोच दी पालेटिशन'। तो इस हालत में वह क्या करेंगे। यह 55 अफसर डिप्टी सैक्टरी और दूसरी जगहों पर लगाए गए थे तो इनकी लेंग्थ आफ सर्विस को सामने रखा गया, उनके अच्छे काम को सामने रखा गया और उन के मैरिट की बिना पर उन्हें प्रोमोट किया गया। आज वह पिछले पांच-छः साल से आई. ए. एस. चले आ रहे हैं तो इस बात में क्या सैन्स है और क्या जस्टीफिकेशन है कि अब उन्हें रिवर्ट किया जा रहा है। और फिर इस का बात का फैसला दो अफसर ही इस कमेटी में बैठ कर दें तो कितनी बुरी बात है। आई. ए. एस. अफसर सरकार का एक अहम पुरज़ा होते हैं, हकूमत का एक जुज़ हैं जिन से हकूमत चलती है। अब जब कि उनका काम अच्छा हो और सिनसिएरेटी से काम कर रहे हों तो विदाऊट राइम और रिज़न डिमोट कर देना ठीक नहीं। इस कमेटी का यह हाल है कि सी. एम. ने एक चिट्ठी इस कमेटी को लिखी कि "Please send a list of at least 10 persons to be promoted as I. A. S." The wishes of the Chief Minister are thrown in the waste paper basket. रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है और कहा जाता है कि आप को तो पता ही नहीं, आप कहते हैं कि 10 आदमी बढ़ा दो और हम तो 55 आदमियों को रिवर्ट कर रहे हैं। इस हालत में वह अफसर क्या नहीं करेंगे। पालेटिशियंज़ के पास जाएंगे, एम. एल. एज़. का दामन पकड़ेंगे। और जब कोई चारा न देखा तो रिट कर देंगे और हाई कोर्ट से डिगरी ले जाएंगे क्यों कि कोई रूल नहीं कि आप इन्हें डिमोट कर दें। इस के कारण आज सैक्टेरिएट में बहुत बेचैनी है। मुझे उस दिन सैक्रेटेरिएट में जाने का इत्तिफाक हुआ तो वहां पर कहने लगे कि हम तो इस हकूमत से एक्सपैक्ट करते थे कि यह कोई अक्ल की बात करेंगे सरदार प्रताप सिंह कैरों के

डिसलाज होने के बाद। क्योंकि कैरों साहिब स्वर्गवास हो गए हैं इस लिए मैं उस संबंध में कोई हाशियाराई नहां करना चाहता। लेकिन सर्विसिज़ का यह ख्याल था कि नई हकूमत लोगों को अच्छी एडमिनिस्ट्रेशन देगी, ईमानदारी की एडमिनिस्ट्रेशन देगी लेकिन मैं उन्के की चोट से कह सकता हूं कि कोई भी बदलने की चीज इस हकूमत ने नहीं की। थिन्गज़ आर गोइन्ग फराम बैड टू वर्स। ब्योरोक्रेसी का राज आ गया है। अफसर लोग खुले आम कहते हैं कि सच पूछें तो हमारा राज अब आया है। वह कह देते हैं कि इबकी नहीं छोड़ूंगा, जब तक दिल्ली में जाकर सलाह लोगे तुम्हारा कुन्डा कर दूंगा। अगर ब्यूरोक्रेसी को देखना है तो इन सात महीनों की कारवाई को आप देख लें। मैं एक मिनिस्टर को इस सम्बन्ध में कोट करता हूं; उसका नाम तो नहीं लेना चाहता क्योंकि यह शोभा नहीं देता एक बात जो जाइज थी उसके बारे में कहने लगे कि मुझे अफसोस है कि अफसर नहीं मानता अफसर हमें गांठते ही नहीं; मैं ने तो आर्डर जारी कर दिए थे लेकिन नीचे से अफसर ने परवाह तक नहीं की; अब आप आए हैं तो मैं उस से ऊपर के अफसर को लिख रहा हूं। अगर मैं इन की जगह होता तो तीन मिनट तक भी इस कुर्सी पर नहीं रह सकता था। इस तरह की सरकार आप अंदाजा लगाएं किस तरह से चल सकती है। और ज्यादा कहना मुनासिब नहीं होगा लेकिन हालत यही है। अफसरों का राज है और ब्यूरोक्रेसी का बोल बाला है। जहां पर मिनिस्टरों का यह हाल हो वहां पर हमें हकीर होना पड़ता है। आखिर हम लोगों के जजबात की तरजुमानी यहां पर करने आते हैं, लाखों लोगों की नुमाइंदगी करते हैं। लेकिन यह लोग हमें एंठते हैं। लोगों को मजबूर हो कर चन्डीगढ़ में आना पड़ता है। हम उन लोगों के बीहाफ पर अफसरान के पास जाएं और वह परवाह न करें तो यह एक मजाक सा बन कर रह जाता है। इस एडमिनिस्ट्रेशन को ठीक करने की जरूरत है।

अब कुछ जिक्र इलैक्ट्रीसिटी के बारे में करूंगा। मैं स्पीकर साहिब, आप के सामने सरकार की तरफ से तैयार किए हुए फैक्टस एन्ड फिगर्ज रखना चाहता हूं। इन्होंने

1959-60 में 448

1960-61 में 413

1961-62 में 825 और

1962-63 में 815

बिजली के कनैक्शन देहात में दिए और अब इस हकूमत ने 1964-65 में केवल 125 देहात को बिजली दी है। अब आप इस बात से ही अंदाजा लगा सकते हैं कि कहां तक तरक्की की गई है। अफसोस होता है कि जब इस महकमे के मिनिस्टर मेरे मोहत्रम दोस्त चौधरी रिज़क राम जी हों और फिर यह हाल हो। पहले वजीर

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

साहिब ने कहा था कि जिन जिन गांव में से 11 के. वी. लाइन गुज़रेगी वहां पर बिजली दे दी जाएगी लेकिन इस बात को आज तक अमली जामा नहीं पहनाया गया।

(The hon. Member was still in possession of the House when it adjourned.)

1.30 P.M.

Mr. Speaker : The House stands adjourned till 9.30 A.M. tomorrow.

(The Sabha then adjourned till 9.30 a. m. on Thursday, the 25th February, 1965.)

3688 PVS—320—29-6-65—C.P.& S., Pb., Chandigarh

APPENDIX

TO

P.V.S. DEBATES VOL I—NO. 2 DATED THE
24TH FEBRUARY, 1965.

The answer to Assembly Question No. *2246* appearing in the list of Unstarred Question on the 24th February, 1965, in the name of Sardar Ajaib Singh Sandhu, is not ready. The information is being obtained from the Revenue Department. The reply will be submitted as soon as the relevant information has been collected.

Sd/-
Public Works and Welfare Minister.

To

The Speaker,
Punjab Vidhan Sabha, Chandigarh.

U.O, No. 71-AQ-IW(2)-65/Cell., dated 22nd February, 1965.

The answer to the Assembly Question No. 2257 appearing in the list of Unstarred Question on the 24th February, 1965, in the name of Comrade Ram Piara, M. L. A. is not ready.

2. The reply will be submitted as soon as the relevant information has been collected.

Sd/-
Public Works and Welfare Minister.

To

The Secretary,
Punjab Vidhan Sabha, Chandigarh.

U.O. No. 1424-Irri.-Estt-II(4)65., dated the February, 1965 .

The answer to the Assembly Question No. *262 appearing in the list of Unstarred Assembly Questions on the 24th February, 1965, in the name of Shri Sagar Ram Gupta, M. L. A. is not ready. The reply will be submitted as soon as the relevant information has been collected.

Sd/-
Chief Minister, Punjab.

To

The Secretary,
Punjab Vidhan Sabha, Chandigarh.

U.O. No. 2537-SD(I)-65., dated the 22nd February, 1965.

3688 P.V.S.—366—30-6-65—C., P. and S., Pb, Chandigarh.

Punjab Vidhan Sabha Debates

25th February, 1965

Vol. I—No. 3

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Thursday, the 25th February, 1965

Price: Rs. 4 50 Paise.

ERRATA

TO

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATES, VOL. I, NO. 3 DATED THE 25TH FEBRUARY, 1965.

Read	*For*	*Page*	*Line*
Question	Questi n	title	11
हूं कि	कि हूं	(3)4	16
प्वायंट	प्वायेंट	(3)5	6 from below
ਕਾਮਰੇਡ ਬਾਬੂ ਸਿੰਘ ਮਾਸਟਰ	ਕਾਮਰੇਡ ਬਾਬੂ ਸੰਘ ਮਾਸਟਰ	(3)15	8 from below
आइटम्ज़	असेटमज़	(3)15	last but one
पढ़	पड़	(3)16	19
चंगी तरां	चगी त ां	(3)21	14
चौधरी देवी लाल	चाधरी देवी लाल	(3)22	23
डीलें	डील	(3)23	21
अथारिटेटिवली	अथारिटेटिव ी	(3)25	2
साहिब	साहबि	(3)25	5
चाहते	चहाते	(3)25	18
इनफर्मेशन	इनफमशन	(3)25	7 from below
अर्बन	अ न	(3)26	5
Dean Paul H. Appleby	lean Paul H. Appleby	(3)31	2
concerned	oncerned	(3)43	14
ਸੂਬਿਆਂ	ਮਬਿਆਂ	(3)44	23
ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ	ਹਿਦੁਸਤਾਨ	(3)45	2
ਰਿਪਰੇਜ਼ੈਂਟੇਟਿਵਜ਼	ਰਿਪਰੇਟਜ਼ਿੰਟਵਜ਼	(3)45	13
केरल	करेल	(3)46	18
Delete the word 'पक' between the words 'तो' and 'ख़ाह'		(3)52	22

Read	For	Page	Line
of Chairmen	out Chairman	(3)56	8
जाएगा	जएगा	(3)56	11 from below
वोटिंग	वाटिंग	(3)57	4
में	म	(3)59	16
मामले	मामल	(3)60	5 from below
प्रैज़ीडैन्ट	प्रज़ीडेंट	(3)62	14 from below
पिछली	पिछले	(3)65	19
हो	ो	(3)66	12 from below
वहिस	बाहिम	(3)68	3
हो	है	(3)68	4
नाम न लेकर	नाम लेकर	(3)71	last
इन्डायरैक्ट	डायरैक्ट	(3)73	3
ਦੇਣ	ਹੋਣ	(3)73	5 from below
वोट	बोद	(3)75	14
हम	रम	(3)75	20
ਪੰਜਾਬ	ਪੰਜਬ	(3)80	12 from below
ਸਾਡੇ	ਸਾਡੀ	(3)81	3 from below
[ਕਾਮਰੇਡ ਭਾਨ ਸਿੰਘ ਭੌਰਾ]	[ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ]	(3)82	1
ਵ੍ਰਿਪਸ	ਵ੍ਰਿਪਸ਼	(3)82	2
ਆਉਂਦੇ ਹਨ	ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੇ	(3)82	4
उपाध्यक्षा	उपाध्यक्ष	(3)83	23
बनाने	बना	(3)84	9 from below
बागडोर	बाजरे	(3)84	2 from below
pleased to	pleased	Appendix	6
so far	so	Appendix	11

PUNJAB VIDHAN SABHA

Thursday, the 25th February, 1965

The Sabha met in the Vidhan Bhawan, Sector 1, Chandigarh, at 9.30 a.m. of the Clock. Mr. Speaker (Shri Harbans Lal) in the Chair.

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

Principals, Professors and Lecturers in Government Academic Colleges in the State

*7030. **Shri Rup Singh Phul :** Will the Minister for Education and Local Government be pleased to state the number of Principals, Professors and Lecturers, males and females, separately, in the Government Academic Colleges in the State at present together with the number of those among them belonging to the Scheduled Castes ?

Shri Prabodh Chandra : A statement giving the required information is laid on the Table of the House.

Statement showing details of various Officers category-wise in Government Academic Colleges in the State

Serial No.	Category of Officers	No. of Officers		No. of Scheduled Castes Officers	
		Male	Female	Male	Female
1	2	3	4	5	6
1	Principals ...	28	10	Nil	Nil
2	Professors, P.E.S.I. ...	5	1	...	...
3	P.U.E.S.I. Professors ...	13	4	...	...
4	Senior Lecturers ...	148	33	2	...
5	Lecturers ...	773	304	9	...

श्री रूप सिंह फूल : क्या वज़ीर साहिब बताएंगे कि शैडयूल्ड कास्ट्स आफिसर्ज़ की इतनी कम रिप्रैज़ेंटेशन क्यों है ?

मन्त्री : जहां तक पंजाब सरकार का ताल्लुक है हमारी तरफ से तो यह आर्डर्ज हैं कि शैड्यूल्ड कास्ट्स की रिप्रैज़ेंटेशन पूरी की जाये और इस पर सख्ती से अमल किया जाये। मगर देखते हैं कि बावजूद पूरी कोशिश के भी यह कमी पूरी नहीं हो पाती।

श्री रूप सिंह फूल : जो 10 प्रतिशत प्रोमोशन्ज़ दी जाती हैं आया वह उन को दी जाती हैं या नहीं ?

मन्त्री : रूल्ज़ को कोई उलंघना नहीं की जाती, हर चीज़ रूल्ज़ के मुताबिक की जाती है ।

श्री चांद राम : जैसा कि मिनिस्टर साहिब ने फरमाया है कि शैड्यूल्ड कास्ट्स के कैंडीडेट्स इतनी कोशिश के बावजूद भी पूरे नहीं हो पाते । क्या वह जांच करके बताएंगे कि आखिर इस में डिफीकल्टी क्या है ?

मन्त्री : इस की वजह यही है कि शैड्यूल्ड कास्ट्स में अभी तालीम की कमी है जो आहिस्ता आहिस्ता पूरी हो जायेगी ।

चौधरी अमर सिंह : जैसे वज़ीर साहिब ने बताया है कि रूल्ज़ की उलंघना नहीं की जाती, मैं पूछना चाहता हूं कि एक्स-केडर पोस्ट्स में आया रिज़र्वेशन का क्या ख्याल रूल्ज़ के मुताबिक किया गया है ?

Minister : The information supplied to the Assembly Question is based on the officers/officials actually in position and not on the strength. The number of officers belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes is no doubt low but the order of the Government regarding reservation of posts in appointment/direct recruitment are being observed rigidly.

ਸਰਦਾਰ ਅਜਾਇਬ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਇਹ ਦੱਸਣ ਦੀ ਕਿਰਪਾ ਕਰਨਗੇ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਸ਼ੈਡਿਊਲਡ ਕਾਸਟਸ ਲਈ 10 ਫੀ ਸਦੀ ਦਾ ਆਰਡਰ ਹੈ ਆਇਆ ਉਹ ਵੀ ਲਾਗੂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਜਾ ਨਹੀਂ ?

Minister : At present the reservation in the services for Scheduled Castes and Scheduled Tribes is 20 per cent for direct recruits and 9 per cent for posts to be filled by promotion.

ਸਰਦਾਰ ਅਜਾਇਬ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ : ਜਦੋਂ ਕਿ ਡਾਇਰੈਕਟ ਰਿਕਰੂਟਮੈਂਟ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਬਲਕਿ ਪੰਜਾਬ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦੇ ਆਰਡਰਜ਼ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਸ਼ੈਡਿਊਲਡ ਕਾਸਟਸ ਨੂੰ 9 ਫੀ ਸਦੀ ਔਰ ਬੈਕਵਰਡ ਕਲਾਸਿਜ਼ ਨੂੰ 1 ਫੀ ਸਦੀ ਪੋਸਟਾਂ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ, ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਆਇਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਉਤੇ ਲਾਗੂ ਹੈ ?

Minister : Rules are being observed rigidly. There has been no departure from the Government instructions.

ਕਾਮਰੇਡ ਭਾਨ ਸਿੰਘ ਭੌਰਾ : ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬੈਕਵਰਡ ਅਤੇ ਸ਼ੈਡਿਊਲਡ ਕਾਸਟਸ ਨੂੰ ਰੀਲੈਕਸੇਸ਼ਨ ਦੇਣ ਵਾਸਤੇ ਤਿਆਰ ਹਾਂ.........

ਮੰਤ੍ਰੀ: ਭੌਰਾ ਜੀ, ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨਲ ਇਨਸਟੀਚਿਊਸ਼ਨਜ਼ ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ, Government is not prepared to take this risk because the quality of education is already low.

श्री चांद राम : क्या वज़ीर साहिब के सामने शैड्यूल्ड कास्ट्स कमिश्नर की रिपोर्ट है? मैं पूछना चाहता हूं कि आया जिस डिपार्टमैंट में शैड्यूल्ड कास्ट्स कैंडीडेट्स अवेलेबल नहीं हैं क्या उन को पूरा करने के लिये सरकार स्पैशल मेज़र्ज़ एडाप्ट करेगी या नहीं ....

मन्त्री : इस के लिये मुझे नोटिस दरकार है ।

ਲੈਫਟੀਨੈਂਟ ਭਾਗ ਸਿਘ : ਜੇ ਇਹ ਵੇਕੰਸੀਆਂ ਦੇਸ਼ ਵਿੱਚ ਬੰਦੇ ਅਵੇਲੇਬਲ ਨਾ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਫਿਲ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕੀਆਂ ਤਾਂ ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦੱਸਣਗੇ ਕਿ ਆਇਆ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਇਹ ਜਗ੍ਹਾਂ ਖਾਲੀ ਰੱਖੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ ?

ਮੰਤਰੀ : ਟੀਚਰਜ਼ ਤੇ ਪਰੋਫੈਸਰਜ਼ ਦਾ ਇਕ ਫਿਕਸਡ ਨੰਬਰ ਹੈ। ਇਹ ਖਾਲੀ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਰਖੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਪਰ ਇਤਨਾ ਜ਼ਰੂਰ ਖਿਆਲ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਤਨੇ ਵਧ ਗਿਣਤੀ ਦੇ ਹਰੀਜਨ ਮਿਲ ਸਕਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਰੱਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ।

Shri Rup Singh Phul : May I know whether any concrete steps have been taken by the Government to make up the deficiency?

मन्त्री : पिछले 4-5 साल के सटैटिस्टिक्स देखने से पता लगेगा कि जैसे जैसे तालीम की कमी पूरी होती जा रही है हम इस तादाद में आगे बढ़ रहे हैं और यह कमी 3-4 साल के अन्दर पूरी हो जायेगी।

Mid-term transfers of certain officers of the Education Department

श्रीमती जी, हमारा देश एक बहुत ही गरीब देश है और इस के सामने बहुत बड़ी बड़ी समस्याएं हैं जिन को हल करने के लिये बहुत पैसे की जरूरत है । इस लिये हमें देखना चाहिए कि एक पाई भी गैर जरूरी कामों पर खर्च न हो । मैं अर्ज करता हूं कि इस स्टेट में सैकन्ड चैम्बर गैर जरूरी है और इस पर खर्च एक फजूलखर्ची है । लाखों रुपया वैस्ट जाता है और उस से जनता का कोई भला नहीं होता । इस से किसी किस्म की इक्तसादी समस्या भी हल नहीं होती । यह हमारा सब का तजुरबा है कि जो काम इस हाउस में होता है उस का डुप्लीकेशन सैकन्ड चैम्बर में होता है । जो काम हम करते हैं उसी की चर्चा वहां पर होती है । एक आरगूमैन्ट यह दिया जाता है कि लोअर हाउस में अगर किसी काम में गल्ती रह जाए तो ऊपर का चैम्बर उसे दरुस्त कर सकता है, उसमें इसलाह कर सकता है । लेकिन हमारा तजुरबा यह बताता है कि अपर

11.00 a.m.

[पंडित मोहन लाल दत्त]

हाउस इस मकसद के लिये नहीं बनाया गया था। क्योंकि न तो हमारे किए काम को वह रद कर सकते हैं और न ही उस में कोई तरमीम दे सकते हैं। हां, इतना जरूर है कि डीले कर सकते हैं।

इस के इलावा एक आरगूमेन्ट अपर हाउस के हक्क में यह दिया जाता है कि वहां पर हर बात पर गहरा गौरोखज़ होता है। लेकिन मेरा इस सम्बन्ध में यह निवेदन है कि आगे ही जहां तक लैजिस्लेशन का सम्बन्ध है एक लांग ड्रान प्रासिस है। हर बिल पर इस असैम्बली में गौर होता है, डिपार्टमैंट में गौरोखोज़ होता है। फिर यहां पर रिजनल कमेटियां बनी हुई हैं, वहां पर गौर होता है और इनके आगे सब-कमेटियां हैं, उन में भी ग़ौरोखोज़ होता है। फिर दुबारा इस असैम्बली में आता है और इसमें ग़ौर होता है। इस के बाद ही कोई बिल पास किया जाता है। इन हालात में साफ ज़ाहिर है कि सैकन्ड चैम्बर इज़ ए ग्रुप आफ पैरेसाइट्स। स्यासतदानों के लिए तफरीह का एक अखाड़ा है। इस हाउस में दिमागी अयाशी होती है जहां कि हमें ज़रूरत इस बात की है कि ज्यादा से ज्यादा काम हो। मुझे समझ में नहीं आता कि वहां पर क्या काम होता है। देश में हमारी कई समस्याएं हैं। गरीब जनता की क्या आवाज़ है इनकी प्रवाह न करके अपर हाउस को कायम रखा जा रहा है। अगर हम अपर हाउस की बैकग्राऊंड को देखें तो पता चलता है कि कैपिटि-लिस्ट कन्ट्रीज़ में और इम्पीरियलिस्ट कन्ट्रीज़ में प्रिविलिज्ड क्लासों को रिप्रिज़ैंटेशन देने के लिए सैकन्ड चैम्बर कायम किया था। इस तरह से अपर हाउस की शुरुआत हुई और इस का आगाज़ हुआ। हमारे देश में एक बिमारी आ गई है कि हम मग़रबी देशों की तकलीद करते हैं। यह नहीं देखते कि हमारे रिसोरसिज़ क्या हैं और किस चीज़ की सूटे-बिलिटी है। अन्धा धुन्ध मग़रबी देशों की तकलीद करते हैं।

इस के साथ ही यह भी देखने वाली बात है कि सैकन्ड चैम्बर का बनाया जाना हमारी अपनी स्टेट की मर्ज़ी पर है। फिर पता नहीं कि इसकी मनजूरी किस ने की है। यह लोक राज है और हर बात का फैसला लोगों की राए से होना चाहिए। फिर इस बात की मन्जूरी तो लोगों ने नहीं दी। लोग तो इस असैम्बली से भी नालां हैं। एक राज दरबार फिर दूसरा राज दरबार। यह फैट गवर्नमैन्ट है। अपर हाउस बिल्कुल गैर ज़रूरी है और प्रैज़ैन्ट टाइम में नहीं चल सकता। इस के होने से स्पीडी काम नहीं हो सकता। इस अपर हाउस का हमारी स्टेट पर नाजाइज़ बोझ है।

जिस समय हमारा देश आज़ाद हुआ और सन 1952 में पहली असैम्बली बनी तो उस वकत जनता के सही नुमाइन्दे इस के मैम्बर थे। उन्होंने ने रेजोल्यूशन दिया था कि अपर हाउस को हटा दिया जाए। उस वक्त श्री भीम सेन सच्चर चीफ मिनिस्टर थे। उन्होंने रेजोल्यूशन के जवाब में कहा था कि अपर हाउस तो हमारा एक तजुरबा है। हमें इस को आजमाना चाहिए कि यह मुफीद है या नहीं। आप उस वक्त की डिबेट्स का मुलाहज़ा फरमा सकते हैं। मैं हाउस का इस बात में वक्त ज़ाया नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा था कि यह एक तरीका बनाया है काम करने का, अगर मुफीद न हुआ तो इसे बन्द कर देंगे। सन 1952 से आज तक हम ने देखा है कि यह तजुरबा लाभदायक सिद्ध नहीं हुआ, महज़ बर्डन साबित हुआ है। हमारा यह ख्याल था कि नई वज़ारत आई है और इसका नया

जाविया निगाह होगा। हम आशा रखते हैं कि यह सही काम में जुर्रत से काम करेंगे। मैं इस के सम्बन्ध में एक बड़े कन्स्टीच्यूशनिस्ट के विचारों का हवाला देना चाहता हूं। इस ने आईन के मरत्तब करने में बहुत हिस्सा लिया है। यह सरकार के इस काम में एडवाइज़र भी थे। इसका नाम है सर बैनगिल राउ। इन्होंने इन्डियाज़ कन्स्टीच्यूशिन इन मेकिन्ग के सैकन्ड चैप्टर में पेज 280-281 पर लिखा है :

"However we find that almost all the important States of the modern world have Second Chambers and only very few, e.g.. Turkey and Bulgaria, have dispensed with them. It must, however, be pointed out that though Second Chamber are regarded as an essential element of Federal constitutions, they are the exception rather than the rule in the constituent units of a Federation."

यह कि सैकन्ड चैम्बर फैडरल गवर्नमैंट में तो हो सकता है मगर कान्स्टीच्यून्ट यूनिट्स में, जैसा कि हमारी स्टेट्स हैं, नहीं बाहर की एडवांस कन्ट्रीज़ में भी सैकन्ड चैम्बर नहीं हैं। तरक्की याफता मुलकों में भी स्टेट्स में सैकन्ड चैम्बर नहीं हैं। उन की राए यह है :

"In the U.S.S.R. and the Union of South America the legislatures of the constituent units are all unicameral ."

लेकिन यहां पर यह दौरे वस्ती मिडल एज़िज की यादगार को आज बीसवीं सदी में भी कायम कर रहे हैं और अन्धा धुन्ध इस बात की तकलीद कर रहे हैं। यह बात तो हमारी समझ में नहीं आती। हम जब मांग करते हैं कि गरीब के लिये कोई प्राजैक्ट त्यार करो, छोटे मुलाज़मों की तनखाहों को बढ़ाओ क्योंकि महंगाई बढ़ गई है, तो जवाब दिया जाता है कि पैसा नहीं है। लेकिन दूसरी तरफ इस तरह के पैरासाइट्स पर लाखों रुपया फजूल खर्च किया जा रहा है। एक पुरानी ट्रेडीशन को पीटे जा रहे हैं। इस बात के सम्बन्ध में कान्सटीचूएन्ट असैम्बली में भी माननीय सदस्यों ने इसी तरह की राए प्रकट की है। जो विचार उन्होंने वहां पर रखे मैं आप के द्वारा हाउस में रखना चाहता हूं। पार्लियामेंट में सैकन्ड चैम्बर के बारे में श्री के. टी. शाह ने जो विचार प्रकट किये थे मैं भी उन विचारों के साथ सहमत हूं। उनकी दलायल वज़नदार थीं जो झुठलाई नहीं जा सकतीं। उन्होंने फरमाया था :

" Apart from the classic example of the House of Lords, which is a hereditary non-elected body, even where the Second Chambers are elected, they deflect the legislative machinery for one thing; they involve considerable outlay from the public exchequer on account of the salaries and allowances of Members and incidental charges . They only aid party bosses to distribute more patronage, and only help in obstructing or delaying the necessary legislation which the people have given their votes for.

Those who like to defend the Second Chamber are, more often than not, champions of vested interests which find a place in these bodies and as such find occasion rather to defend their own special sectarian or class interests than to help the popular cause.

On the question of Second Chambers, threfore, Sir, I think it is a clear division of political opinion whether or not is the will of the people alone which should prevail or some separate interest or special interests be also allowed a say. It must also be admitted that in the course of centuries in the course of history wherever there have been two chambers, means have been devised to make the popular will eventually prevail."

[पंडित मोहन लाल दत्त]

इन बातों को अगर हम देखते हैं तो मैं समझता हूं कि यह तो सारी किसी सैकन्ड चैम्बर की ज़रूरत ही महसूस नहीं करती बल्कि इन सब ने तो इन को बिल्कुल इनइफैकटिव बना दिया है । इस में रिप्रैज़ैंटेशन जो है वह क्या है ? Representation is the will of the people. और इस बात को लेजिस्लेटिव असैम्बली पूरा करती है । हाउस आफ लार्डज़ आखिर करता क्या है ? वह सिवाय काग़ज़ ले करने के और कोई ठोस काम नहीं करता । मैं कहूंगा कि समझदार आदमियों की जैसे उस हाउस के मुताबिक राये है बिल्कुल इनइफैकिटव अदारा है । यह हमारी डैमक्रेसी में कोई रोल प्ले नहीं करते, यह कोई लोगों की रहनुमाई या उनकी डिवैल्पमैन्ट बिल्कुल नहीं करते । लोगों की रहनुमाई करने की बजाये, उनका कल्याण करने की जगह यह एक डीफैक्टिव रोल प्ले करते हैं । मेरी समझ में यह बात नहीं आती कि यह कैसे अपने आप को अवाम के लीडर समझते हैं । जो अवाम के लीडर हैं वह बखूबी समझते हैं कि वह हाउस न उनका कुछ बिगाड़ सकता है और न उनका कुछ बना ही सकता है । इस लिये मैं आज दरखास्त करूंगा कि यह जो गल्त प्रावीजन है, यह जो सरासर गलत नज़र आ रही है, इस ग़लती को हमें जल्द अज़ जल्द दूर करने की कोशिश करनी चाहिए । इस से हमारे सूबे का भला होगा । इस के इलावा जो गंदी सियास्त को फरोग़ मिलता है वह भी खत्म होता है । अवाम ने हमारे कंधों पर बड़ा भारी बोझ रखा हुआ है । हमें उसका अहसास होना चाहिये और यह जो पावर पालिटिक्स की जड़ है, यह रोज़ की लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए । एक बात मैं और अर्ज़ करनी चाहता हूं । वह यह कि आज यह दो सदन लोगों पर कितना भार है, लैजिस्लेचर का चैम्बर अलग, कौंसिल का चैंबर अलग, कौंसिल में अलग सब-कमेटियां और असैम्बली में उसी काम के लिये अलग सब-कमेटियां । मैं समझता हूं कि यह तो पक खाह मखाह का बोझ है और इस से कोई ठोस काम होता नज़र नहीं आता । इस लिये मैं निवेदन करूंगा कि मुख्य मन्त्री जी हमारी बात को मानते हुए यह खाह मखाह की फज़ूल खर्ची को खत्म करें । वह यह न ख्याल करें कि अपोज़ीशन की तरफ से जो भी सुझाव आये, चाहे वह सही हों या ग़ल्त, यह एक ग़ल्त रवायत है कि इस को मानना ही नहीं है । मैं मुख्य मन्त्री जी से उम्मीद करता हूं कि वह इन रवायात से ऊपर उठ कर आपोज़ीशन की इस नेक और लोक भलाई की बात को कबूल करेंगे । इन अल्फाज़ के साथ मैं इस रैजोल्यूशन की हमायत करता हूं ।

[At this stage Deputy Speaker called upon Shrimati Om Prabha Jain]

चौधरी इंदर सिंह मलिक : यह रैजोल्यूशन चूंकि कामरेड हरदित्त सिंह भट्ठल, सरदार गुरचरन सिंह, श्री जगन नाथ और बाबू बचन सिंह जी की तरफ से मूव किया गया है इस लिये इन में पहले बाबू बचन सिंह जी को बोलने की अजाज़त होनी चाहिए ।

बाबू बचन सिंह (लुधियाना उत्तर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं लेडी मैम्बर के अगेंस्ट इंसिस्ट नहीं करना चाहता अगर अजाजत हो तो पहले मैं कुछ अर्ज करूं । *(Allowed by the Chair)* डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज सवाल यह है कि हकूमत को किस बेहतर से बेहतर तरीका से चलाया जाये । या यह कहें कि अगर बैस्ट लैजिस्लेशन हो तो

कैसे हो। इस के लिये पंजाब के सामने एक बहुत भारी प्राब्लम रहा है और यह प्राब्लम भी उस वक्त रहा है जब कि दोनों रिजन के दरम्यान कुछ आपस में झगड़ा था। गवर्नमैंट आफ इंडिया ने इसका साल्यूशन यह निकाला कि हिंदी रिजन और पंजाबी रिजन बना दिये। इस के लिये दो कमेटियां इसी असैम्बली में से—एक हिंदी रिजनल कमेटी और दूसरी पंजाबी रिजनल कमेटी—बनाई गई और उनको बाकायदा इखत्यारात दिये गये। इन की भी आगे सब-कमेटियां बनीं जिन की रिपोर्ट पर लैजिस्लेचर लेवल पर गौर होता है। इस तरह से हम अपनी यह कमेटियां चला रहे हैं। इस के साथ साथ जहां यह रिजनल कमेटियां चला रहे हैं हमारा यह हाउस भी चल रहा है। यह डुप्लीकेशन ही नहीं बल्कि ट्रिप्लीकेशन का काम हो रहा है। आप देखें कि इसमें कितना वक्त लगता है। कितनी हमारी इस पर एनर्जी वेस्ट होती है आप अंदाजा लगायें। इन तमाम चीज़ों को मद्देनजर रखते हुए भी इस किस्म की दलीलें दी जाती हैं कि यह तो पुराने ज़माने से चल रहा है, यह तो अमरीका में चल रहा है। मैं कहता हूं इस तरह फ्रांस और इंग्लैन्ड वगैरा की मिसालें देनी बिल्कुल गल्त बात है। वह यूनिटरी किस्म की फियूडल गवर्नमैंटस हैं। वहां और बात है मगर यहां पर लोक सभा और राज्य सभा कायम रखना एक गल्त बात होगी। क्योंकि राज्य सभा में जो मैम्बर भेजे जाते हैं वह स्टेटस के रिप्रेज़ैन्टेटिवज़ होते हैं।

इसी तरह अमेरिका में फैड्रल गवर्नमैन्ट बनी तो ऐसा ही एक तजुर्बा किया गया कि हाउस आफ रिप्रज़ैन्टेटिव्ज़ में आबादी के मुताबिक रिप्रेज़ैंटेशन होनी चाहिए। और इसी आधार पर न्यूयार्क जैसी स्टेट्स को यहां $1\frac{1}{2}$ करोड़ या दो करोड़ की आबादी है, एलास्का, जिसकी 5 या 10 लाख के करीब आबादी है और हवाई का ज़जीरा जो बहुत थोड़ी आबादी वाला है, इन सबको एक जैसी रिप्रेज़ैंटेशन प्राप्त है। इसलिए जहां तक लोक सभा का सम्बन्ध है वहां पर स्टेट्स की रिप्रेज़ैंटेशन भी आबादी की बिना पर है।

लेकिन मैं सूबों की 2 चैम्बर्ज़ की बात करना चाहता हूं और इस बात की याद दिलाना चाहता हूं कि हमारे चीफ मिनिस्टर श्री रामकृष्ण जी ने 1952 में क्या कहा था। उन्होंने कहा था," कि जिस वक्त दो चैम्बर्स का सवाल आया तो उस में श्री अम्बेदकर ने और सरदार पटेल ने इस बात पर इंसिस्ट नहीं किया था 2 चैम्बरज़ हर सूबे में होना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि जिस सूबे की मर्ज़ी है दो चैम्बर्ज़ रख ले और जिसकी मर्ज़ी हो एक रख ले। यह तो तजरुबा बतायेगा कि यह कामयाब होते हैं या नहीं। उनकी स्पीच को मैं कोट करता हूं ......

> ".....I can show you the speeches of Dr. Ambedkar and Sardar Patel in which they had declared that they did not insist on second chambers but left it to the representatives of each province to decide the question among themselves. The Punjab decided in favour of the second chamber....."

तो उस वक्त के जो रिप्रेज़ैंटेटिव्ज़ थे पंजाब के, उन्होंने सैकंड चैम्बर बनाने की आज्ञा दी, लेकिन उसमें यह था कि :

> ".....But the drafting Committee also declared that it was an experiment and that if after some time any province wanted to abolish the second chamber it could do so ."

तो ड्राफ्टिंग कमेटी की यह बात बिल्कुल क्लियर थी कि कोई सूबा इसको ऐबालिश करना चाहे तो कर सकता है।

[बाबू बचन सिंह]

जहां तक चीफ मिनिस्टर के विचारों का सवाल है, मुझे खुशी है इस बात की कि यह स्टेट के अन्दर डैमोक्रेसी सही मायनों में कायम करने के लिए सोचते हैं। मैं इनकी जुर्रत की दाद देता हूं कि पिछली मिनिस्ट्री ने जो 3 हजार के करीब ज़ैलदार और इनामदार बनाने का काम किया था, जो ग़ल्त था, उसको इन्होंने दुरुस्त किया। जो पहली मिनिस्ट्री डिक्टेटर कायम करना चाहती थी, वह इन्होंने नहीं होने दिये और स्टेट के खजाने का रुपया जो तनखाहों के रूप में खर्च होता वह इन्होंने बचा लिया। उस फैसले के लिए पंजाब इनका ऋणी है।

इसके इलावा इन्होंने एक काम और किया कि जो आनरेरी मजिस्ट्रेट्स थे जो एक तरह के एजेंट्स थे, उनको भी कान से पकड़ कर निकाल दिया। और यह ऐलान किया कि हम आनरेरी मजिस्ट्रेट्स कायम नहीं करेंगे। जब यह ट्रू डैमाक्रेसी लाना चाहते हैं, तो इनको यह ख्याल करना चाहिए कि आज बीसवीं सदी के दूसरे हिस्से में जो बाईकैमरल सिस्टम है वह बिल्कुल इनकंसिस्टैंट है, इल्लाजिकल है और इसे कोई फायदा नहीं बल्कि सरासर नुकसान है। मुझे खुशी है कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ट्रू डैमोक्रेसी और ट्रू सोशलिज़म लाना चाहते हैं लेकिन वह बातों से तो नहीं आएगी। वह आएगी अमल से। आप गौर फरमायें, डिप्टी स्पीकर साहिबा, कि हमारे पंजाब में जब सन् 1935 का ऐक्ट बना....

चौधरी इंदर सिंह मलिक : कोरम पूरा नहीं है।

(कोरम की घंटी बजी और कोरम पूरा हुआ)।

बाबू बचन सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि सन् 1935 के ऐक्ट में जब यह सवाल पैदा हुआ कि पंजाब में सैकन्ड चैम्बर बनाया जाए या न बनाया जाए तो उस वक्त काऊंसिल में जो हमारे नुमाइंदे थे और जिन्हें कांग्रेस रिऐक्शनरी कहा करती थी, वह यूनियनिस्ट थे। सर सिकन्दर हयात, और सुन्दर सिंह मजीठिया व सर छोटू राम टाइप के आदमी उस में थे। उन्होंने कहा कि हम ग़रीब देश के रहने वाले हैं, हमारे ऊपर रहम करो, हमें सैकंड चैम्बर नहीं चाहिए। सर मनोहर लाल ने साफ इन्कार किया था कि हमें सैकंड चैम्बर नहीं चाहिए। और उस वक्त सैकंड चैम्बर नहीं बना। जरा गौर कीजिए, हमारे जैसे दो सूबे हैं एक राजस्थान और दूसरा गुजरात का सूबा है—तो गुजरात ने यह फैसला दिया था कि हम सैकंड चैम्बर नहीं चाहते, राजस्थान ने कहा कि हम सैकंड चैम्बर नहीं चाहते। लेकिन उजड़ा हुआ पंजाब, तबाहशुदा पंजाब, बदहाल पंजाब जिस में 20 प्रतिशत रिफियूजीज़ की आबादी है और सेम का मारा हुआ है, जिस में $1\frac{1}{2}$ अर्ब से ज्यादा फ्लड्ज़ ने नुकसान किया है, उस पंजाब का चीफ मिनिस्टर अगर यह कहे कि इस सूबे में सैकंड चैम्बर कायम रहे तो मुझे उस पर दुःख होगा और कुछ नहीं क्योंकि मैं तवक्को रखता हूं अपने चीफ मिनिस्टर से और उस की कैबिनेट से कि यह प्राग्रेसिव साबत होंगे और यह लोगों के जजबात का खयाल करेंगे। मैं इस मिनिस्टरी से इतनी तवक्को रखता हूं कि यह इस बात का ध्यान करेंगे कि ऐसे इकदामात उठाए जाएं जिस से हम ट्रू सोशलिज़्म और ट्रू डैमोक्रेसी लाने में आगे कदम बढ़ाएं। अब मैं आप को मिसाल देता

हूं उस वक्त जब कि पंजाब इकट्ठा था। 1935 के एक्ट के तहत उस वक्त किन लोगों को असेम्बली में रिप्रेजैंटेशन दी गई थी क्योंकि काऊंसल तो है ही नहीं थी। जनरल कंस्टीचूएंसीज़ के लिए तो कम्यूनल रिप्रैजेंटेशन थी कि इतने हिन्दू, इतने सिख और इतने मुसलमान या ऐंगलो इंडियन्ज़ होंगे लेकिन जो स्पैशल कंस्टीचूएंसीज़ थीं उन में सब से ज्यादा रिप्रैजेंटेशन लैंड लार्डज़ को दी गई थी ताकि असैम्बली डिबेट्स में उन का नुकसान न हो जाए। तुमनदारों को जिसके माने किलेदार होता है जो कि सिर्फ डेरा गाज़ीपुर में थे और जो हाऊस आफ लार्डज़ के मैम्बरों की तरह बैठते थे उन की पांच सीटें थीं। फिर एक सीट कामर्स वालों को, एक यूनिवर्सिटी को, तीन सीटें लेबर को और चार सीटें औरतों की थीं। जब मैंने इस चीज़ का अनैलिसिज़ किया तो मुझे ऐसा ही दिखाई दिया जैसा कि इंग्लैंड में था। 1935 में पंजाब में वैसा ही इन्तज़ाम था जैसा कि उस वक्त इंग्लैंड में हुआ करता था। राजा को जब ज़रूरत होती थी तो वह कहता था बुलाओ लार्ड्ज़ को, बुलाओ पाद्रियों को, बुलाओ टाऊन्ज़मैन को। वह उन की सलाह लिया करते थे। उन दिनों में भी और आज भी हाऊस आफ कामन्ज़ वाले मेंबर जब हाउस आफ लार्ड्ज़ में जाते हैं तो उन की बहुत बेअदबी होती है। मैं इंग्लैंड की मिसाल इस लिए दे रहा हूं कि हमारे सामने कोई इंग्लैंड की मिसाल न रखे। जहां तक "स्पीकर" लफज़ का ताल्लुक है यह बहुत बेइज़ती का लफज़ है। हकीक़त यह है कि जब क्वीन या किंग ने एड्रैस करना होता है तो वह हाउस आफ कामन्ज़ में नहीं आते, वह हाउस आफ लार्ड्ज़ में जाते हैं। उस वक्त जो हाऊस आफ कामन्ज़ के 600 मेम्बर होते हैं वह डम होते हैं। उनके बिहाफ पर उनके सिर्फ एक रिप्रैज़ैंटेटिव को बात करने की अजाज़त होती है और उस का नाम है "स्पीकर" इस लिए स्पीकर किसी प्रैज़ीडेंट या चेयरमैन का नाम नहीं है। महात्मा गांधी ने राऊंड टेबल कांफ्रेंस में जाकर, जब वह इंडिया के रिप्रैज़ेंटेटिव बन कर गए थे, जो कुछ कहा था वह मैं अर्ज़ करता हूं। उन्होंने कहा था —

India did not need—He used the words 'do not'—services of a second chamber.

महात्मा जी ने तो फैड्रल गवर्नमैंट में भी सैकंड चैम्बर की ज़रूरत नहीं समझी थी। खैर, मैं फैड्रल गवर्नमैंट के सैकंड चैम्बर को इस वक्त डिस्कस नहीं करना चाहता, न उस के हक में न उस के खिलाफ। मैं तो सूबे की गवर्नमैंट को डिस्कस करता हूं, इस में कौन सी दलीलें हैं, कौन सी वजूहात हैं जिन के बेसिज़ पर दूसरे चैम्बर की ज़रूरत है। पुराने ज़माने में तो हो सकता था जिस तरह लैंड लार्ड्ज़ और तुमनदारों को हक दिया था, उन को रिप्रैजेंटेशन दी जाती थी लेकिन आज के ज़माने में जब सोशलिज़्म लाने की बातें करते हैं तो सैकंड चैम्बर बना कर हम प्रोग्रैस को रिटार्ड करने वालों को क्यों रिप्रैज़ेंटेटिव्ज़ बनाएं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप मेरे गवाह होंगे कि इस असैम्बली ने कितने भद्दे से भद्दे कानून बनाए हैं। मैं सिर्फ Consolidation of Land Holding Act की मिसाल देता हूं। इस में जितनी अमैंडमैंट्स आई है अगर किसी और आज़ाद या प्राग्रैसिव मुल्क में इतनी अमैंडमैंट्स आएं तो वहां की लैजिस्लेचर के लिये सब से ज्यादा शर्म की बात होती है। खैर, मैं समझता हूं इनसान का काम है उस से गलतियां होती हैं।

[बाबू बचन सिंह]

मगर एक बात मुझे बताएं हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब कि कभी Consolidation of Land Holdings Act पर कोई तरमीम अपर हाउस ने की है। जब उन का यह फंकशन ही नहीं है, जब उन का काम सिवाए अयाशी के, मौज मेले के, या सिवाए इस के कि वह यहां इकट्ठे हों और वज़ीरों का फेवर्ज़ जिन के लिए राज दरबार हमेशा मशहूर हुआ करते हैं, हासिल करने में ही लगे रहें तो फिर ऐसे सैकंड चैम्बर की क्या ज़रूरत है ?

(Pandit Chiranji Lal Sharma, a member of the Panel out Chairman in the Chair)

मैं एक लैजिस्लेशन की बात नहीं करता, आप पंचायत समितीज़ और जिला परिषद् एक्ट को ले लें, इस में भी अपर हाऊस वालों ने कभी ऐसी तजवीज़ नहीं की जिस पर हम को इखतलाफ हो। अगर उन का काम हां में हां मिलाने का ही है तो उस के लिये एक और बड़ा अच्छा तरीका है। हमारे चीफ़ मिनिस्टर साहिब को वह बात अच्छी लगे तो वह भी पुराने दरबारों की तरह कर लिया करें। ज्वायंट पंजाब में एक फिनांस मिनिस्टर बने थे। वह लायलपुर डिस्ट्रिक्ट में गए और वहां उन्होंने सब दरबारियों को बुला कर बड़ा दरबार सजाया। उसी तरह हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब को भी अगर शौक है तो उसी तरह दरबारियों की एक मीटिंग रख लिया करें। उस से उन की शान भी बन जाया करेगी और सूबे पर बोझ भी नहीं पड़ेगा। मैं जानता हूं कि वह कहेंगे कि इस की बहुत ज़रूरत है। डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं इस की कम्पोज़ीशन बताता हूं। इस में 18 मेंबर तो हम भेजते हैं। देखो यह कैसा मज़ाक है। अगर हम यहां बैठ कर विचार नहीं कर सकते तो वहां क्या खाक विचार करेंगे। मैम्बर तो वही हैं जो यहां पर बहस करते हैं। वही मैम्बर हैं जो इस असैम्बली में बहस करते हैं और वही मैम्बर यानी उन के नुमाइंदे वहां जाकर बहस करते हैं। आखिर यह मजाक नहीं तो और क्या है ? फिर आप देखें 17 मेम्बर म्यूनिसिपल कमेटियों, समितियों और ज़िला परिषदों के वहां जाते हैं। आप बारे बारे जाएं इस सरकार के कि इसने इन लोकल बाडीज में बी. डी. ओज. और एस. डी. एमज. को वोट का हक दिया है। मैं कहता हूं कि इस सरकार को इस बात पर शर्म से डूब मरना चाहिए कि इस डैमोक्रेसी के ज़माने में इस ने नौकरशाही को वोटिंग का हक दिया कि बी. डी. ओज. और एस. डी. एमज. हमारे लिए फैसला करें कि कौन कौन्सल में जाएगा और कौन नहीं जएगा। इसी बात पर आप फखर से कहते हैं कि हम बहुत बड़े डैमोक्रेट हैं ? मैं कहता हूं कि लोकल बाडीज़ के यह 17 नुमाइंदे दर असल लोकल बाडीज़ के नुमाइंदे नहीं हैं बल्कि यह तो बी.डी. ओज और एस. डी. एमज़. के थम इम्प्रैशन्ज होते हैं। वह पुरानी सरकार जिस का सफाया होने पर मुझे न कोई दुख है और न मैं उस के लिए कोई आंसू बहाना चाहता हूं उसकी यह बदनियती थी कि उस ने इन सरकारी नौकरों को वोटिंग का हक दिया। अब आप यह भी गौर फरमायें कि यह लोकल बाडीज़ के नुमाइंदे किस तरह के होते हैं। हमारे लुधियाना शहर की आबादी सैंसिज़ के मुताबिक कोई 2 लाख 64 हजार के करीब है और हमारे साथ ही एक कसबा रायेकोट है जिस की आबादी 10/11 हज़ार है। लेकिन आप गौर फरमायें कि हमारी लुधियाना शहर की 2 लाख 64 हज़ार आबादी के 41 मेम्बर कमेटी के हैं और उधर राएकोट की थर्ड

कलास और पता नहीं फोर्थ कलास कमेटी के यहां की आबादी 10/11 हजार है 13 मेम्बर्ज हैं। अब आप देखें कि कौन सी किस्म का तनासब है कि 2 लाख 64 हज़ार आबादी के 41 मेम्बर्ज जाएं लेकिन 10/11 हज़ार की आबादी के 13 मेम्बर्ज जाएं। इसी तरह आप देखें कि डब्ल वोटिंग का हक दिया गया है। इस से ज़्यादा और क्या बुराई हो सकती है कि एक आदमी को कई कई वोटों का हक दिया गया है। एक दफा समिति के लिए वोट करे, फिर अगर वह टीचर है तो टीचर हलके के लिए भी वोट करे, अगर ग्रैजुएट है तो उस का भी वोट डाले और फिर कमेटी में भी वोट करे। अब और बात देखें कि इन 35 सीटों के बाद चार सीटें टीचर्ज़ और चार सीटें ग्रैजुएटस को दी हैं। मैं कहता हूं कि आप ऐसा क्यों नहीं कर देते कि जो बड़े बड़े जमींदार और सरमायेदार हैं उन के लिए भी सीटें रख दें। मैं पूछता हूं कि अगर टीचर्ज़ को वोट का और अपने नुमायंदे भेजने का हक है तो फिर पुलिस वालों और महकमों के मुलाज़मीन को क्यों नहीं है? 30 हजार के करीब टीचर्ज को अगर हक है तो बाकी $2\frac{1}{2}$ लाख मुलाजमीन को क्यों नहीं है? आपने खुद यह तरीका अपना कर सरकारी कर्मचारियों को इस बात का हक दिया है कि वह लेजिस्लेशन में हिस्सा ले सकें। एक तरफ तो उन को आप यह हक देते हैं कि वह पालेटिक्स में हिस्सा लें लेकिन दूसरी तरफ आप यह कहते हैं कि यह सरकारी मुलाजिम पालेटिक्स में क्यों हिस्सा लेते हैं। मैं कहता हूं कि टीचर्ज़ का नुमाइंदा कौंसल में आता है तो यह तो नहीं कि वह सिर्फ टीचर्ज़ की बात ही करेगा और बाकी दिन मुंह में घुंघनियां डाल कर बैठा रहेगा। जो मेम्बर चुन कर आता है वह सिर्फ टीचर्ज का ही नहीं रह जाता बल्कि वह सारे पंजाब का होता है। और उसे हक है कि वह पालेटिक्स में हिस्सा ले। आप खुद उन को पालेटिक्स में हिस्सा लेने के लिए मजबूर करते हैं। फिर आपने ग्रैजुएट्स को चार नुमाइंदे भेजने का हक दिया है। मैं पूछता हूं कि अगर कोई आदमी एफ़. ए. हो तो उस में कौनसी कमी रूनुमा हो जाती है और ग्रैजुएट हो कर उसे कौन से सुरखाब के पर लग जाते हैं? अगर ऐसी ही बात है तो फिर तो इन चीफ मिनिस्टर साहिब को भी यहां नहीं बैठना चाहिए था क्योंकि वह ग्रैजुएट नहीं हैं। बहुत से मेम्बर भी ऐसे हैं जो ग्रैजुएट नहीं तो फिर उन को भी असैम्बली से बाहर निकाल देना चाहिए। मैं पूछता हूं कि ग्रैजु-एट को कोई सुरखाब के पर लगे हुए हैं जो वह अपने चार नुमाइंदे अलैहदा तौर पर भेजें और बाकी न भेजें। इसी लिए मैं यह कहना चाहता हूं कि इस तरीकाकार को बन्द करो और डैमोक्रेसी की ट्रू स्पिरिट को अपनाओ। डैमोक्रेसी की ट्रू स्पिरिट यही है कि आदमी को एक वोट का ही हक हो और यह नहीं कि वह एक से ज़्यादा वोटिंग करे।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं जिसका आजकल बहुत चर्चा है कि इस सरकार ने दिहातियों का बेड़ा गर्क कर दिया है। मैं भी इस बात से मुतफिक हूं। मेरा इस सरकार से मतलब कांग्रेस सरकार से है। राम किशन सरकार से नहीं है, इस के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। वह कैसे? वह मैं अर्ज करता हूं। एक तरफ तो यह सरकार कहती है कि इन

[बाबू बचन सिंह]

पंचायत समितियों और जिला परिषदों का कोई लैजिस्लेटर और एम. पी. मेम्बर नहीं बन सकता और हम ने भी कहा कि ठीक है, नहीं बनना चाहिए। लेकिन दूसरी तरफ आप ने यह पाबंदी कमेटियों पर नहीं लगाई। मैं कहता हूं कि अगर इन कांग्रेस मैम्बरान में जुर्रत है तो इस बात की शहादत दें कि समितियों के मैम्बरान को अगवा किया गया शराब के दौर चलाए गए और अगली बात मैं नहीं कहता और यह बात असैम्बली के मुताबिक भी उड़ी है कि उनको औरतें भी सप्लाई की गई। (*shame, shame*) यह किस लिए हुआ? इस लिए नहीं कि समिति का मेम्बर बनने का बहुत शौक है बल्कि इस लिए कि समिति का मेम्बर बनने पर वह पंजाब पालेटिक्स में एक नुमाइंयां हैसियत रखता है। जो आज मैजारिटी में हैं वह कोशिश करते हैं कि हमारे ही मैम्बर आंयदा भी कौंसल में जाएं और कौंसल की सीटें काबू करने के लिए यह दौड़ धूप होती है। मैं कहना चाहता हूं कि इन लोकल बाडीज़ को पालेटिक्स में नहीं घसीटना चाहिए। यह तो सिर्फ एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिटस के तौर पर ही चलने चाहिएं। इन का काम तो अपनी अपनी हदूद का सफाई, रोशनी, सेहत वगैरा बातों का इन्तजाम करने का ही होना चाहिए और यहीं इन के काम करने का सही मकसद है। लेकिन क्या वह इस तरीका से अपने इन फरायज़ को अदा कर सकती हैं जिस तरीका से कि आप इन बाडीज़ को चला रहे हैं? कभी नहीं। आज पंजाब में जरायम बढ़ रहे हैं। मुझे अफसोस है कि गवर्नर साहिब के ऐड्रैस में हमेशा यह आंकड़े तोड़ मरोड़ कर दिए जाते हैं और सही तसवीर नहीं दी जाती। आज जितनी पंजाब में ला ऐंड आर्डर की हालत खराब है उतनी कभी नहीं हुई थी। आज पुलिस अफसर बड़े से बड़े जुर्म की रिपोर्ट लिखने की जुर्रत नहीं करते हैं।

Chaudhri Darshan Singh : The hon. Member is referring to law and order. I would submit that law and order has nothing to do with this Resolution.

Mr. Chairman : This is just a passing remark.

Chaudhri Darshan Singh : His entire speech is a passing remark.

ਆਵਾਜ਼ਾਂ : ਇਹ ਵੀ ਗਰੈਜੂਏਟ ਹੈ (ਸ਼ੋਰ)

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਮੈਨੂੰ ਇਜਾਜ਼ਤ ਦਿਉ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਢੁਕਦੀ ਗੱਲ ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਦਸਦਾ ਹਾਂ। ਇਕ ਥਾਂ ਇਕ ਦਫਾ ਹੀਰ ਦਾ ਕਿੱਸਾ ਗਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਸੀ ਅਤੇ ਸਾਰੀ ਰਾਤ ਉਹ ਗਾਉਣ ਵਾਲਾ ਹੀਰ ਦਾ ਕਿੱਸਾ ਗਾਉਂਦਾ ਰਿਹਾ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਰਗਾ ਇਕ ਆਦਮੀ ਝੋਲੀ ਵਿਚੋਂ ਦਾਣੇ ਚੱਬ ਕੇ ਸੁੱਤਾ ਰਿਹਾ ਅਤੇ ਫਿਰ ਨੀਂਦ ਤੋਂ ਉਠ ਕੇ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਯਾਰ ਹੁਣ ਇਕ ਹੀਰ ਦੀ ਵੀ ਲਾਦੇ (ਹਾਸਾ)। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਜੇ ਇਹ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗ ਸਕਿਆ ਕਿ ਮੈਂ ਕਿਸ ਚੀਜ਼ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦੇ ਰਿਹਾ ਹਾਂ।

चेयरमैन साहिब, मैं समझता हूं कि आनरेबल मेम्बर सोये पड़े थे इस लिए वह इंट्रप्ट करने लगे थे। मैं अर्ज कर रहा था कि इस वक्त पंजाब में ला एंड आर्डर की हालत बहुत खराब हो चुकी है। आज के अखबार में आया है कि जिस गांव में सरदार प्रताप सिंह कैरों को कत्ल किया गया और उस के साथ तीन और आदमी भी कत्ल कर दिए गए थे, उस गांव का सरपंच श्री हर किशन लाल मौत का शिकार हो

गया। कोई कहता है कि उसे भी मार दिया गया है और कई लोग कहते हैं कि वह अपनी मौत मरा। मैं इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता कि असलीयत क्या है । मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि इस समय जो सिस्टम चल रहा है, आया उस सिस्टम से कीड़े पैदा तो नहीं हो रहे हैं, बुराई तो नहीं पैदा हो रही है। क्या इस सिस्टम से नेकी पैदा हो रही है या नहीं। मैं समझता हूं कि इस वक्त अपर हाउस यूजलैस ही नहीं बल्कि बुराई पैदा करने का कारण बना हुआ है। इस का नतीजा ठीक नहीं निकल रहा है। इस सरकार को सरदार प्रताप सिंह कैरों जैसी आदत नहीं अपनानी चाहिए। वह तो हमेशा कहा करते थे कि जो कुछ कह दिया, बस हो कर रहेगा । वह काम करने से नहीं हटेगा ।

(इस समय डिप्टी स्पीकर ने कुर्सी सम्भाली)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि डैमोक्रेसी आफ कम्प्रोमाइज और डैमोक्रेसी आफ कानशेंस का ख्याल रखा जाना बहुत ज़रूरी है। जिस डैमोक्रैसी में आपोजीशन और रूलिंग पार्टी आपस में मिलकर डैमोक्रेसी को कामयाब करने के लिए काम नहीं करते हैं तो वह डैमोक्रैसी ज़्यादा देर तक चल नहीं सकती है । जिस वक्त यौरप में अपर चैम्बर्ज बने थे तो उन को बनाने का क्या कारण था। दुनिया में सब जगह उस वक्त अमीर और गरीब की लड़ाई जारी हो चुकी थी और इंगलैंड म तो खास कर लड़ाई आरम्भ हो चुकी थी। फ्रांस में इंकलाब आया था जिस के कारण वहां पर ज्यूडिशरी और ऐग्जैक्टिव सेपेरेट हुई थी। हमारे मुख्य मंत्री ने उन का हवाला दिया था। उसी तरह से यहां पर ज्यूडिशरी और एग्ज़ैक्टिव को अलैहदा किया लेकिन वह यह नहीं जानते कि उस वक्त इंकलाब आने से पापूलर लोग ही अपर हाउस में लिए गए थे। वहां पर वैस्टिड इंट्रेस्ट को कोई जगह नहीं मिली थी। और यहां पर अपर हाउस में वेस्टिड इंट्रेस्ट नहीं होना चाहिए। उस वक्त के हालात और आज के हालात मे बहुत फर्क आ चुका है। यहां पर कैबिनट का सिस्टम चालू हो गया है। हमारी सरकार ने कानून बना दिया है और यह कानून बहुत ही जरूरी है कि एक आदमी की दो स्त्रियां नहीं हो सकती हैं और एक स्त्री के दो आदमी नहीं हो सकते हैं। इस वक्त पंजाब में दो चेम्बर हैं। इस में असैम्बली बड़ा मियां है और कौंसल छोटा मियां है । यह बड़े और छोटे मिएं को खुश करना चाहते हैं। मैं समझता हूं कि दोनों को खुश नहीं कर सकेंगे। (सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों द्वारा विघ्न) मैं अर्ज कर रहा था कि आज के ज़माने में सैंट्रल रिसपांसिबिलीटीज़ कैबिनट की हैं। कैबिनट में सब से ज़्यादा जिम्मेवारी चीफ मिनिस्टर की है। कैबिनट लैजिस्लेटर्ज़ को जवाब देह है और लैजिस्लेटर्ज़ पब्लिक को जवाब देह हैं क्योंकि पब्लिक ने चुन कर यहां पर नुमायंदे भेजे हैं। इस हाउस में हर किस्म के नुमायंदे हैं। यहां पर स्वतंत्र पार्टी के नुमायंदे, जन संघ के नुमायंदे, अकाली दल के नुमायंदे, कम्युनिस्ट पार्टी के नुमायंदे, सोशलिस्ट पार्टी के नुमायंदे, लैंड लार्ड्ज के नुमायंदे, कैपीटलिस्ट के नुमायंदे हैं तो अपर हाउस को रखने को क्या जरूरत है ? यहां टीचर्ज, ग्रैजूएटस के नुमायंदे, डाक्टरों को रीप्रीजेंट करने के लिए

[बाबू बचन सिंह]

मेम्बर्ज और अन्नपढ़ भी मेम्बर्ज मौजूद है। ऐसा होते हुए कौंसल की कोई जरूरत नहीं रह जाती है। एक बात मैं ज़रूर कहना चाहता हूं कि दुनियां में नर या सपूत पुरानी लकीर के फकीर नहीं होते हैं। वह अपना नया रास्ता इख्तियार करते हैं। जो कपूत होते हैं वह पिछली लकीर पर ही चलना पसंद करते हैं। वह अपने पूवर्जो के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहते हैं। मुझे एक बात याद आ गई है। मैं हाउस में बयान कर देना चाहता हूं कि किसी लड़की की शादी थी। उस घर वाले ने कुछ बिल्लियां पाल रखी थीं। उस नें सोचा कि यह बिल्लियां सब कुछ खराब कर देंगी। लड़की की माता ने उन को रखने के लिए टोकरा मंगवाया और उस के नीचे सब बिल्लियां रख दीं। उस टोकरे को खूब सजा कर रख दिया और शादी होने के बाद टोकरा उठा दिया। उस की नूंह आई। उस की लड़की की शादी होने लगी तो उस ने भी टोकरा मंगवाया। उस से पूछा गया कि यह टोकरा क्यों मंगवाया गया तो कहने लगी कि मेरी सास ने भी टोकरा मंगवाया था इस लिए मैं ने टोकरा मंगवाया है। चाहे उस टोकरे के साथ उस वक्त सम्बन्ध नहीं था। मुझे याद है कि कामरेड राम किशन ने बड़े जोर से कौंसल बनाने के लिए कहा था। उस वक्त उन्होंने कहा था कि इंगलैंड में दो चेम्बर्ज़ हैं, फ्रांस में भी दो चेम्बर्ज़ हैं लेकिन उन्होंने उस वक्त यह नहीं कहा था कि 19 वीं सदी में कोई बिजली नहीं थी, कोई रेल नहीं थी. कोई तार को नहीं जानता था, कोई सिनेमा को नहीं जानता था और कोई हवाई जहाज़ को नहीं जानता था; इसी तरह से कोई भी एटम बम्ब को नहीं जानता था। अब यह चीजें इजाद हो चुकी हैं। इसी बिना पर 20वीं सदी में पालेटिकस में भी तबदीली आनी बहुत जरूरी है। पुराने पालेटिकस को रखने से कोई फायदा नहीं होगा। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस वक्त की निस्बत सूबे का कुर्रा हवाई कुछ महीनों तक बहुत अच्छा रहा लेकिन आजकल उस में बहुत गवार आ गया है। आजकल लोगों को बहुत शिकायतें हैं और लोगों में मायूसी छाई जा रहीं है। इस वक्त सरकार को चाहिए कि लोगों के जख्मों पर मरहम का ऐसा फाहा लगाया जाए जिस से लोगों को फायदा हो सके। हमारा पंजाब बहुत गरीब सूबा है। पंजाब गरीबी की वजह से तबाह हो चुका है। पंजाब के ऊपर जो ज्यादा बोझ पड़ा है, उस को कम करना चाहिए।

12.00 noon

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैंने सूबे में दो बातें आम देखी हैं। आज कल मेरे पास जो कोई लिफाफा आता है तो मेरा जी चाहता है कि उसे उठा कर दूर फैंक दूं। वह इस लिए कि वह कोई दस दफा इस्तेमाल हो चुका होता है और उस पर चेपी पर चेपी लगाई होती है। यहां पर इकानिमी होती है लिफाफों में, स्टेशनरी के मामल में। पिछले दिनों मेरे पास एक पुलिस अफसर ने कहा कि बाबू जी आप पुलिस वालों पर इतनी नुकताचीनी करते हैं लेकिन हमारे पास रोजनामचा नहीं है। हमारे पास कागज नहीं होते इस लिए हम मजबूर हो कर जो आदमी रिपोर्ट लिखवाने के लिए आता है उस से कागज़ मंगवाते हैं। लुधियाना में एक माल अफसर होता था, वह अब रीटायर हो गया है, मैं ने यह बात उस से की तो वह कहने लगा कि आप यह क्या

बात करते हैं, हमारे पास इन्तकाल का रिजिस्टर नहीं है। ऐसी बातों में हमारी सरकार बहुत किफायतशुआरी करती है। जब किसी को नौकरी से बाहर निकालने का मौका आता है तो कुछ भंगी निकालते हैं, कुछ चौकीदार निकालते हैं और कुछ चपड़ासी निकाल देते हैं। ऐसे ऐसे गरीब मुलाजिमों पर कुल्हाड़ा चलता है। जहां पर लिफाफों पर चेपियां लगाई जाती हैं। और स्टेशनरी में इतनी बचत की जाती है वहां पर लाखों रुपयों के खर्च वाले सफेद हाथी बांधने का क्या मतलब है सिवाए इस के कि वे लोग मिनिस्टरी के अपने परवरदा होते हैं। जैसे कि बर्नाड शा ने कहा था कि दुनिया में डैमोक्रेसी का यह कायदा है कि टेम्पटेशन दी जाती है जिस तरह से गधे को कैरट दिखा कर आगे आगे बढ़ने के लिए कहा जाए। इसी तरह से उन अपने लोगों को टैम्पटेशन दी जाती है कि बच्चू हम तुम्हारे कंधे पर हाथ रखते हैं, तुम्हें थपकी देते हैं, अगर इस बार नहीं आ सके तो अगली बार आ जाओगे, अगली बार नहीं तो उससे अगली बार आ जाओगे। मैं कहता हूं कि हमे इन चीजों से ऊपर उठना है। यह रेवोल्यूशनरी एज है। इस रेवोल्यूशनरी एज में आप ने देखा होगा कि पंजाब में कितनी तबदीली आ गई है। जिन लोगों के नाक में से बिच्छू गिरते थे उन की हालत मैं ने देखी है। वे लोग हाथ उठा उठा कर कहते हैं कि हाय रब्बा मैं मर गया। जिन के नाक से बिच्छू गिरते थे उन की स्पीच मैंने यहां पर सुनी और उन की हालत देखी। इस लिए मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि अगर आप गरीबों का ख्याल नहीं करेंगे और गैर-जरूरी फालतू अखराजात को बंद नहीं करेंगे और लोगों की जरूरतों के मुताबिक नहीं चल सकेंगे तो अच्छा नहीं होगा। सैंट्रल गवर्नमेंट के पास पहले ही बहुत सफेद हाथी हैं। उन से कहिये कि यह सफेद हाथी भी ले लें। अगर आप ऐसा करेंगे तो पंजाब के दुखी लोगों के दिलों पर फाहा रखेंगे और उन की बधाई के मुस्तहक होंगे। अगर आप सूबे की हालत को बेहतर बनाने के लिए अपर हाउस को अबालिश करने की सिफारिश करेंगे तो लोग आप को स्पोर्ट करेंगे और आप को बधाई देंगे। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन अलफाज़ के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं।

श्रीमती ओम प्रभा जैन (कैथल) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो रेजोल्यूशन हाउस के सामने पेश है उसे देख कर मुझे ताज्जुब हुआ कि असैम्बली ने इसे एडमिट कैसे किया। इस की वर्डिंग है : "This Assembly resolves that the Punjab Legislative Council be abolished forthwith." रीज़ाल्वज़ का मतलब होता है कि फैसला करती है.................

आवाज : उस में तरमीम हो चुकी है।

श्रीमती ओम प्रभा जैन : तरमीम बाद में आई है। जिस समय यह रेजोल्यूशन असेम्बली आफिस में गया में समझती हूं कि उस समय कानून के मुताबिक और संविधान के मुताबिक इस प्रस्ताव को हाउस में आने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए थी। (विघ्न) जैसे यह एडमिट किया गया है उस के बारे में मुझे कुछ कहने का हक है। यह जो अपर हाउस बनाया गया है यह संविधान के तहत बनाया गया है। इस बात में पंजाब असेम्बली को कोई पावर नहीं है कि इस तरह का एक रेजोल्यूशन पास कर के अपर हाउस को अबालिश कर सके।

उपाध्यक्षा : यह रेज़ोल्यूशन स्पीकर साहिब ने एडमिट किया है इस लिए आप उन पर कोई रीफलेकशन न करें। आप रेज़ोल्यूशन पर बोलें। (I would like to draw the attention of the hon. Lady Member to the fact that this resolution has been admitted by the hon. Speaker, she should not, therefore, make any reflection on him. She may express her views about the resolution.)

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मैडम। मैं पूछना चाहता हूं कि जब कोई रेज़ोल्यूशन स्पीकर साहिब के द्वारा एडमिट कर लिया जाता है तो उस पर कोई मेम्बर एतराज कर सकता है। मैं इस पर आप की रूलिंग चाहता हूं।

उपाध्यक्षा : मैं पहले ही लेडी मेम्बर का ध्यान इस ओर दिला चुकी हूं। आप बैठिए। (I have already drawn the attention of the hon. Lady Member to this fact. He should please resume his seat.)

श्रीमती ओम प्रभा जैन : बहुत अच्छा जी, मैं इस तरह से न कह कर दूसरे तरीके से कहती हूं कि अगर यह रेज़ोल्यूशन पास भी हो जाए तो अल्टरावार्ज़ होगा क्योंकि यह संविधान के खिलाफ है। यह असेम्बली कोई ऐसा काम नहीं कर सकती जो कि कायदे और कानून के खिलाफ हो। हम जानते हैं कि असेम्बली और कौंसिल संविधान के तहत बनाए गए हैं इस लिये इस हाउस को बिल्कुल इस तरह का अख्तियार नहीं है कि कौंसिल को अबालिश कर सके। हां, यह बात मैं मान सकती हूं कि असेम्बली सिफारिश कर सकती है लेकिन जहां तक अबालिश करने का सम्बन्ध है . . . . (विघ्न) यह बात मैंने इस लिये शुरू की है क्योंकि मुझे ज़ाती इल्म है कि एक इसी तरह का रेज़ोल्यूशन हिन्दी रिजिनल कमेटी को भी अबालिश करने के लिये लाने की कोशिश की गई। लेकिन यह कहा गया कि चूंकि यह बात प्रज़ीडेंट की ताकत में है इस लिये वह बात मंजूर नहीं की गई। (विघ्न) जो केस है वह गलत है। बाबू जी ने कुछ बातें ऐसी कहीं कि जिन में कुछ वज़न मालूम होता है लेकिन जिन मैंबर साहिबान ने रेज़ोल्यूशन मूव किया या सैंकड किया, उन्होंने कुछ मोटिव इम्प्यूट किये। मैं उन का जवाब तो नहीं देना चाहती लेकिन इतना ज़रूर कहना चाहती हूं कि यह बात जो उन्होंने कही है कि हारे हुए और पब्लिक से ठुकराए हुए आदमी जो कि असेम्बली में नहीं चुने गए वे कोशिश करते हैं कि उन को कौंसिल में ले लिया जाए, यह बात गलत है। ऐसी बात आपोज़ीशन में तो ठीक होगी लेकिन ट्रेज़री बैंचों की तरफ यह बात ठीक नहीं है। क्योंकि कांग्रेस हाई कमांड ने फैसला किया था कि जो लोग असेम्बली में चुनाव हार जाएं उन को कौंसिल में नोमीनेट नहीं किया जाएगा। यह बात ठीक है कि उन को लोकल बाडीज़ के इलैक्शन के ज़रिए लिया गया है। (विघ्न)

उपाध्यक्षा : आप ऐसी बात न करें जिस से कन्ट्रोवर्सी पैदा हो जाए। (The hon. Lady Member should not state such things which may lead to controversy).

श्रीमती श्रोम प्रभा जैन : मैं लोकल बाडीज़ के बारे में कह रही थी। (विघ्न) यह अपर हाउस इंगलैंड की कापी कर के नहीं बनाया गया, बल्कि इस को कायम करने की ज़रूरत समझी गई। आपोज़ीशन वालों की तरफ से कई बार एतराज़ उठाया गया है कि यहां पर हरिडली लैजिस्लेशन पास होती है। अगर वे मानते हैं कि यहां पर लैजिस्लेशन हरिडली पास होती है तो फिर वे यह बात भी समझें कि अपर हाउस में उस में रिवीज़न करने का मौका मिलता है। वहां पर हर बात की प्रास एंड कान्ज़ को देखा जाता है और छान बीन की जाती है। अगर अपर हाउस द्वारा किए गए काम की असैस्मैंट की जाए तो मालूम होगा कि बहुत से कानूनों में, जो कि यहां से पास करके वहां भेजे गए, उन्होंने बहुत ही इफैक्टिव तौर पर तब्दीलियां कीं। मुझे यह कहने में कोई गुरेज़ नहीं कि जो लोग पब्लिक में से नहीं आना चाहते थे, उन में कई ऐसे शानदार आदमी हैं जिन्होंने लैजिस्लेटिव कौंसिल में पहुंच कर लैजिस्लेचर की शान को बढ़ाया है। ऐसे आदमियों का लैजिस्लेचर में आना निहायत ज़रूरी होता है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे अपर हाउस में तीन प्रकार के इलैक्टिड मैम्बर्ज़ को रिप्रिजैंटेशन दिया जाता है। उन की डायरैक्ट इलैक्शन तो नहीं है लेकिन इनडायरैक्ट इलैक्शन लोकल बाडीज़ की तरफ से, टीचर्ज़ की तरफ से और ग्रेजुएट्स की तरफ से होती है। मैं समझती हूं कि इस बात की बहुत ज़रूरत थी कि ये तीनों बाडीज़ अपर हाउस में अपने अपने प्रतिनिधियों को भेजें। कई बार बहुत ज़्यादा मैच्योर्ड आदमी होते हैं जो आम चुनावों में लड़कर विधान सभा में नहीं आना चाहते। ऐसे व्यक्तियों का लैजिस्लेटिव बाडीज़ में होना निहायत ज़रूरी होता है। श्री जग नाथ जी की तरफ से डाक्टर गोपी चन्द भार्गव जी की बाबत कहा गया। मुझे इस बात का बड़ा अफसोस हुआ है कि उन जैसी बुजुर्ग शखसियत का, जिन्होंने पंजाब की इस कदर सेवा की हो, इस तरह के शब्दों में ज़िक्र किया जाए। यह कहना कि उन को अपर हाउस में क्यों लिया गया ठीक नहीं था। मैं समझती हूं कि उन के वहां पर होने में हमारी लैजिस्लेचर की बड़ी शान थी। यह हमारे सूबे की शान थी उन जैसे तजरुबाकार, लायक और ऐसे व्यक्ति को अपर हाउस में लिया गया जिन का ऐड-मिनिस्ट्रेशन में बहुत तजरुबा था (विघ्न) खैर, मैं इस मौके पर इन बातों की तफसील में नहीं जाना चाहती लेकिन इतना ज़रूर कहूंगी कि टीचर्ज़ के, ग्रेजुएट्स के जो प्रतिनिधि इस हाउस में आए हैं उन की सुजैशंज़ से हमारी ऐडमिनिस्ट्रेशन को, हमारी गवर्नमेंट को काम करने में बहुत मदद मिली है।

मैं इस बात को ज़रूर मानती हूं कि जो असेम्बली की तरफ से या गवर्नर साहिब की तरफ से नामीनेशंज़ होती हैं उन में जिस नुक्तानिगाह को सामने रखा जाना चाहिये था वह नहीं रखा गया। जब लैजिस्लेटिव कौंसिल बनी थी तो उस वक्त यह निश्चय किया गया था कि इस के अन्दर ऐसे लोगों को नामीनेट किया जाया करेगा जो प्लैनिंग में, ऐडमिनिस्ट्रेशन, में, आर्टस और साईंस में माहिर होंगे, अच्छे इकानोमिस्ट होंगे ताकि लैजिस्लेचर के मयार को ऊंचा किया जाए। मैं नहीं कह सकती कि किन हालात की वजह से ऐसे आदमियों को यहां पर रिप्रिजैंटेशन नहीं मिली है। लेकिन मैं समझती हूं कि आगे आने वाले ज़माने में हम यह बात देखेंगे कि जो मुख्तलिफ सबजैक्ट्स में ऐक्सपर्टस यहां पर आना डिज़र्व करते हैं और

[श्रीमती श्रोम प्रभा जैन]

जो लोग महज़ इलैक्शन लड़कर असेम्बली में नहीं आना चाहते उन्हें ज़रूर इस में रिप्रिज़ैंटेशन मिलेगी और इस प्रकार हम अपर हाउस को एक परफैक्ट हाउस बना सकेंगे। जहां तक इस की उपयोगिता का सम्बन्ध है, मैं समझती हूं कि जिन विचारों को सामने रखकर इसे कायम किया गया था अगर उन को सही तौर पर निगाह में रखा जाए तो कोई वजह नहीं कि यह और भी ज़्यादा कन्ट्रीब्यूशन हमारी लैजिस्लेचर में न कर सके, ऐडमिनिस्ट्रेशन को चलाने में नुमायां हिस्सा न डाल सके और इसकी कमज़ोरियों को दूर करने में बहुत हद तक कामयाब न हो सके।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं इस 'रैजोल्यूशन पर बोलने के लिए खास तौर पर इसलिए खड़ी हुई हूं कि जहां तक खर्च में इकानोमी करने का सवाल है, पंजाब राज्य की व्यवस्था को चलाने का सम्बन्ध है उसके लिये अपने सुझाव आप को दे सकूं। हमारे यहां दो रिजनल कमेटियां हैं। एक हिन्दी रिजनल कमेटी और दूसरी पंजाबी रिजनल कमेटी। मैं यह निवेदन करना चाहती हूं कि यहां पर हमें इस बात के लिये मौका नहीं मिलता कि उन को खत्म किए जाने के लिये कोई रैजोल्यूशन मूव कर सकें वरना मैं समझती हूं कि इन को तोड़कर बहुत ज्यादा इकानोमी की जा सकती है। इन दोनों रिजनल कमेटियों और फिर आगे उन की सब-कमेटियों की मीटिंग्ज़ आदि पर हमारे पंजाब का लाखों रुपया हर साल खर्च होता है। आप देखें कि चाहे वह रिजनल कमेटीज़ हों या उन की सब-कमेटीज़, आखिर उन की क्या कन्ट्रीब्यूशन अब तक हुई है? आप को पता है कि कई बार कमेटीज़ की मीटिंग्ज़ को इस लिए ऐडजर्न करना पड़ा क्योंकि वहां पर कोरम ही पूरा नहीं था। कितने अफसोस की बात है कि जिम्मेदारी का जो काम हमें सौंपा जाता है वह हम नहीं करते हैं। मैं समझती हूं कि जिस मकसद के लिये यह रैजोल्यूशन पेश किया गया है वह बहुत हद तक अपने आप पूरा हो जाएगा अगर रिजनल कमेटीज़ को खत्म करने के लिये हम केन्द्रीय सरकार से और प्रेज़ीडैंट साहिब से मांग करें। आखिर इन रिजनल कमेटियों में कोई नई बात तो है ही नहीं। वही मेंबर साहिबान वहां पर होते हैं जो कि इस हाउस के मेंबर हैं। वहां पर किसी दूसरी तरह से तो बातों पर विचार नहीं किया जाता। वही नुक्तानिगाह पेश किया जाता है जो कि वही मेंबर यहां पर करते हैं या कर सकते हैं। आखिर अपर हाउस में मेंबर तो दूसरे होते हैं। वह दूसरी तरह से, मुख्तलिफ तौर पर सोचते हैं। अपना अलग दृष्टिकोण पेश करते हैं। जो बातें यहां पर कही जाती हैं वही रिजनल कमेटीज़ में रिपीट होती हैं। बजाय डुपलीकेशन आफ वर्क के और कोई फायदा नहीं है।

उपाध्यक्षा : अगर आप रिजनल कमेटीज़ को नहीं रखना चाहतीं तो अपनी तरफ से कोई रैजोल्यूशन ले आएं। (In case the hon. Lady Member is not in favour of the Regional Committees being retained then she may bring in a Resolution.)

श्रीमती श्रोम प्रभा जैन : वह टैक्निकल ग्राउंड्ज़ की वजह से ऐडमिट नहीं होता।

उपाध्यक्षा : आप भेज दीजिए। मैं कोशिश करूंगी ऐडमिट कराने की। (You send a notice of it. I shall make efforts to have it admitted.)

श्रीमती श्रोम प्रभा जैन : उस पर यह एतराज किया जाता है कि ये कमेटियां प्रेज़ीडैंट के आर्डर के तहत बनाई गई हैं इसलिये ऐसा रैजोल्यूशन ऐडमिट नहीं हो सकता।

एक माननीय सदस्य : आप ऐसा रैज़ोल्यूशन ले आइए। आखिर हम यहां से रिकमैंडेशन तो प्रैज़ीडैंट को भी कर सकते हैं।

श्रीमती ओम प्रभा जैन : इन शब्दों के साथ मैं आनरेबल मेंबर साहिबान से निवेदन करूंगी कि हमें अपर हाउस का विरोध नहीं करना चाहिये। हां, जहां तक इस की कम्पोज़ीशन का तरीका है उस में कुछ थोड़ी बहुत तब्दीली ला सकें और अपर हाउस के अन्दर ऐसे योग्य व्यक्तियों को ला सकें जो प्रदेश के लिये खास तौर पर कन्ट्रीब्यूशन करने वाले हों तो मैं समझती हूं कि कौंसिल का काम बहुत आगे बढ़ सकता है। इस लिये हमें इसी दिशा में कोशिश करनी चाहिये बजाए इस के कि इसे एबालिश करने की किसी प्रकार की सिफारिश करें। आप का धन्यावाद।

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों (तरन तारन) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस प्रस्ताव पर बोलते वक्त काफी मुश्किलात का ही सामना करना पड़ेगा, खास तौर पर उस वक्त जब कि दोनों तरफ ही वजूहात हों.....इसको रखने के लिए भी और इसको हटाने के लिए भी। मैंने लैजिस्लेटिव कौंसिल के बारे में भी और रिजनल कमेटियों के बारे में भी अपने ख्यालात का इज़हार कई मौकों पर किया हुआ है लेकिन ज्यूं ज्यूं हालात बदलते जाते हैं, कुछ आयनी तौर पर आपस में काफी ऐसी बातें हो रही हैं जिन की वजह बयान की नहीं जा सकती और काफी टकराव मालूम देता है।

अपर हाउस दुनियां के मुल्कों में मौजूद भी हैं और हटाए भी गए। जो अपर हाउस का ख्याल था वह ब्रिटिश पार्लियामैंट से शुरू हुआ। लेकिन उस के पीछे जो खास बैकग्राउंड पिछले थी, उन के जो हालात थे वह हिन्दुस्तान के हालात से बिल्कुल मुख्तलिफ थे। जहां तक उसके मुफीद साबित होने का सवाल है, वह दोनों ही हालातों में ठीक है, मुश्तरका हैं और एक दूसरे से ताल्लुक रखते हैं। अपर हाउस होना चाहिये या नहीं होना चाहिये, एक एकेडैमिक डिस्कशन भी इस मामला पर हो सकता है। यह एकेडैमिक डिस्कशन काफी देर से चलती जा रही है। सिर्फ पंजाब में ही नहीं बल्कि जहां जहां भी डैमाक्रेसी काम करती है वहां वहां इस सिलसिले में ऐकेडैमिक डिस्कशन चलती है।

लेकिन जहां तक अमली तौर पर, प्रैक्टिकल तौर पर इस के रखने का सवाल है वहां हमें ऐकेडैमिक डिस्कशन के अलावा सही तौर पर अपने हालात को भी सोचते हुए देखना पड़ेगा। अपर हाउस जो हमारे यहां बना है उस का दुनियां के दूसरे मुल्कों में जो हाउसिज़ बने हुए हैं उन के साथ मुकाबिला करके देखें तो पता चलता है कि कहीं से कुछ लिया हुआ है, कहीं कुछ लिया है और मिल मिला कर हिन्दुस्तान के हालात के मुताबिक इसे यहां पर जोड़ने की कोशिश की गई। अगर हमने इसे रखना ही है और किसी तरह से यह फैसला करना है कि अपर हाउस होना ही चाहिये तो जिन हालात में वह बना, उसके बनाने वालों के दिल में जो जो बातें थीं, अपर हाउस को बनाने के पीछे जो स्पिरिट थी, कम अज़ कम उस स्पिरिट को तो कायम रखना ही चाहिये। अपर हाउस सब से पहिले इंग्लैंड में बना। इंग्लैंड के जो पुराने नोबल्ज़ थे उन के खिलाफ स्ट्रगल हुआ कामन्ज़ से और आहिस्ता आहिस्ता ज्यूं ज्यूं वक्त गुज़रता गया कामन्ज़ ने उन की जगह ले ली। बड़े बड़े नोबल्ज़ और पुराने खानदान के लोग वहां पर होते थे। लेकिन यहां पर हम ने अपर हाउस को कुछ एक इन्ट्रैस्ट्स के साथ जोड़ लिया कि इस में फलां फलां इन्ट्रैस्ट्स के लोग होने

[सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों]

चाहिएं। अपर हाउस के मैरिट्स और डीमेरिट्स की बड़ी बात यह है कि यह इस लिए बनाया जाता है कि कहीं लोअर हाउस में छोटी उमर के लोग न आ जाएं जैसा कि श्री जगन्नाथ आए हुए हैं या कई दफा जोश में या गरमी में कई फैसले जल्दी में किए जाते हैं या कई दफा वक्त की कमी की वजह से जैसा कि आप ने, डिप्टी स्पीकर साहिबा, देखा है कि यहां इस हाउस में जब कोई बिल पास होता है तो उस में हम कौमा या फुल स्टाप देना भूल जाते रहे हैं जो कि बाद में अपर हाउस से अमेंडमेंट्स के ज़रिए डाले गए या कई दफा किसी टैक्नीकल प्वायंट या जाबता की बिना पर यहां कोई चीज़ नहीं हो सकती तो वह वहां जा कर कर ली जाती है। इस लिए यह ज़रूरी है उन गलतियों को दुरुस्त करने के लिए अपर हाउस हो। (श्री जगन्नाथ की तरफ से विघ्न) शायद श्री जगन्नाथ अब ला पढ़ रहे हैं और हो सकता है वहां इन को यह सिखाया गया हो और उन के सामने वहां कालिज में यह सवाल आ सकता है और बहस हो सकती है कि अपर हाउस होना चाहिए या नहीं होना चाहिए। मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि अगर वहां भी असैम्बली के नुक्ता निगाह से उस सवाल पर कहेंगे तो फेल हो जाएंगे क्योंकि वहां तो एकेडेमिक सवाल होगा और एकेडेमिक नज़रिया से अपर हाउस का होना ज़रूरी है और जो हमारा अपर हाउस है इस को बनाने वालों ने इसी नुक्ता निगाह से सोचा था और यह आहिस्ता आहिस्ता हिन्दुस्तान के बाकी सूबों में चला गया है और चल रहा है और इस से काफी फायदा भी है क्योंकि इस से कुछ बदसूरती भी दूर हो जाती है और इस से कई अच्छे चेहरे भी आ कर इस के अन्दर बैठते हैं और पुराने बुज़ुरग भी आ बैठते हैं। (हंसी) मैं समझता हूं कि हमारा जो अपर हाउस है इस का रिवाइज़िंग हाउस कहना चाहिए। बाबू जी ने कहा है कि टीचर्ज़ को पालिटिक्स में डालना एक गलत बात है। इस चीज़ में मैं उन से सहमत हूं लेकिन दुनियां में ऐसा कई जगहों पर चल रहा है और वहां यह समझा जाता है कि जो एजुकेटिड तब्का है या जो लिटरेरी लोग हैं और इन्टेलैक्चुअलज़ हैं उन को अगर लेजिसलेशन के साथ जोड़ दिया जाए तो कोई हरज वाली बात नहीं। अगर कोई इकनामिक मसले पर लेजिसलेशन पास करनी हो या किसी सोशल मसले पर कोई कानून बनाना हो तो उन की राए फायदेमंद हो सकती है। मैंने आस्ट्रेलिया में देखा है कि वहां टीचर्ज़ एम. पीज़. हैं और वह गवर्नर या दूसरी और ज़िम्मेवारी की ऐसी पोस्टें होल्ड कर सकते हैं। यह सवाल एकेडेमिकली सोचने का है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं सब से ज़्यादा हैरान इस बात से हूं कि यहां अपर हाउस की शक्ल भी बिगाड़ कर रख दी गई है, जिस की वजह से आपोज़ीशन की तरफ से इस की मुखालिफत की जा रही है और हमारी तरफ से भी काफी कुछ कहा जा रहा है। यह ख्याल आपोज़ीशन का भी है और हमारा भी है क्योंकि अपर हाउस का जो रीवाईज़िंग करैक्टर था, और जिसकी वजह से लोअर हाउस की जल्दबाजी से या लापरवाही से नाकिस लैजिलेशन होता था वह दूर किया जाय और अपर हाउस उसे ठीक करे। जो अपर हाउस का तजरुबे का करैक्टर था उस को मिनिस्टरीज़ और पोलीटीकल मुफाद के साथ जोड़ दिया है, क्योंकि फेल हुए हुए आदमियों को इस में बैक डोर से लाने का जो तरीका बना लिया गया है, इस

से वह कैरेक्टर खतम हो गया है और इस की वह शक्ल बिगाड़ दी गई है जो नहीं होनी चाहिये थी। अगर कोई मिनिस्टर इलेक्शन में कामयाब नहीं हो सकता क्योंकि वह लोगों में पापुलर नहीं है तो उस को इस हाउस के ज़रिए लाने की कोशिश की जाती है। यहां भी हिन्दुस्तान के कई दूसरे सूबों में भी यह बात देखी गई है। कई जगह पर कई आदमी दो दो दफा इलेकशन में फेल हो गए हैं लेकिन उन को फिर भी बैक डोर से लाने की कोशिश की जाती रही है। इस तरह से कई आदमियों के साथ फेवरटिज़म की जाती है और कईयों की खासतौर पर सरप्रस्ती की गई है। मैं इस चीज़ के खिलाफ हूं लेकिन एकेडैमिक तौर पर इस के हक में हूं। अगर इस में टीचर्ज़ को चुन कर भेजा जाता है तो यह ठीक हो सकता है, या ग्रेजुएट्स में से चुन कर इस में भेजा जाता है तो इस बात की भी समझ आ सकती है और अगर इस में यहां इस हाउस के मैंबरों के ज़रिए चुन कर उस हाउस में कुछ मेंबर भेजे जाते हैं तो वह भी किसी हद तक ठीक बात है क्योंकि आखिर वह भी चुनाव के ज़रिये ही जाते हैं लेकिन इस में जो 6 आदमियों की नामीनेशन रखी हुई है यह पिछले सात आठ सालों में बिल्कुल एक ढोंग बना कर रख दिया गया है क्योंकि हमारे विधान में जो इस चीज़ के पीछे स्पिरिट थी यानी चाहिए तो यह था कि इस के ज़रिये आने तो चाहिये थे मैन आफ लैटर्ज़, आने चाहिये थे आर्टिस्ट्स आने चाहिये थे, रिटायर्ड तजुरुबेकार आदमी, आने चाहिये थे, कलाकार और लिटरेरी टेस्ट के आदमी इकानोमिस्ट और एकेडिमीशनज़ या साइंसदान, लेकिन उस स्पिरिट को बिल्कुल इगनोर किया गया है। हां, सिर्फ पहली दफा इस बात का ख्याल रखा गया था। सच्चर साहिब के वक्त एक सरदार ठाकुर सिंह, जो माने हुए आर्टिस्ट हैं, को नामीनेट किया गया था, फिर पंजाबी के बड़े मशहूर लिखारी भाई वीर सिंह को नामीनेट किया गया था जिस की लिखी हुई किताबों की सारा पंजाब इज्ज़त और कदर करता है। इसी तरह से राज्य सभा में किया जाता है और आप सब को पता है कि पृथ्वीराज, जो मशहूर कलाकार और मिसिज़ अरुंडेल हैं, को नामीनेट किया गया था, और कई दूसरे साइंसदानों को और साऊथ के तजरुबेकार लोगों को नामीनेट वहां पर किया जाता रहा है। लेकिन, डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां तो पिछले सात आठ सालों में ऐसे वैसे आदमियों को अपर हाउस में नामज़द कर के जो इस के पीछे भावना थी उस को भी कुचल के रख दिया गया है। आप देखें कि किस तरह से यह सब होता रहा है। अगर किसी देवी जी ने किसी तरह से सिफारिश करवा ली तो अपर हाउस में ले आये।

उपाध्यक्षा : आप बीबियों की बात न करें, आप कलाकारों की बात करें। (The hon. Member should not discuss the ladies. He should better discuss artists.)

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : डिप्टी स्पीकर साहिबा, बीबियां सब से बड़ी कलाकार होती हैं। मैं सारी बीबियों के बारे में नहीं कह रहा, फिर आप तो मेरी माता हैं और मैं आप की बड़ी इज्ज़त करता हूं। मैं तो चीफ मिनिस्टर साहिब से यह कहना चाहता हूं जो अब के चीफ मिनिस्टर हैं कि जो अपर हाउस के लिए नामज़दगी होनी हो वह उसी स्पिरिट से हो जिस भावना से हमारे विधान में इस की प्रोवीज़न की गई है। इस में साइंटिस्ट्स को नामज़द कर के लाना चाहिए, जो लिटरेरी आदमी हैं उन की एकेडैमिक खूबियों को देख कर उन्हें इस में लाना चाहिये, इसी तरह से आर्टिस्ट्स को और प्रसिद्ध समाज सेवक को लाना चाहिए और अगर ऐसे वैसे ही आदमी लाने हैं, जैसा कि पिछले सात आठ सालों में लाया जाता रहा है, तो यह गल्त चीज होगी।

[सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों]

बाबू बचन सिंह जी अपनी स्पीच में कुछ इधर उधर की बातों को ले आए थे और वह ला एंड आर्डर को भी इस बाहिस में ले आए । मैं उन से पूछता हूं कि उन्हें क्या खतरा हो सकता है, खतरा तो मुझ जैसे को हो सकता है जो मरहूम चीफ मिनिस्टर की जगह पर बैठा है बात यह है कि इस चीज़ का ला एंड आर्डर से ताल्लुक नहीं है, यह तो कांस्टीटयूशनल और पोलीटीकल मसला है और मैं समझता हूं कि इस लिहाज़ से अपर हाउस ठीक है, लेकिन मैं देखता हूं कि इस का काफी खर्च है क्योंकि 1964-65 के बजट के मुताबिक वोटिड हैड के नीचे इस के लिए 5 लाख के करीब रकम रखी गई हुई थी और चार्जड के नीचे 40 हज़ार तो इस तरह से यह टोटल कोई पांच लाख और 40 हज़ार हो जाता है और अगर अपर हाउस के मैंबरों से इतनी ही उम्मीद की जानी है कि वह कहीं कौमा या फुल स्टाप डाल दें तो मैं समझता हूं कि यह बहुत ज्यादा है और अगर वह अपने तजुरुबे की बिना पर और अपनी काबलियत से हमें नई चीजें और नए कानूनी सुधार लाने के काबल हों तब तो उन पर यह खर्च किया ही जाना चाहिए । वह इस काबल ज़रूर होने चाहिएं कि विधान सभा से इख्तलाफ कर के कोई नई चीज़ विधान सभा के पास भेज सकें जो ज्यादा उपयोगी हो । यहां क्या होता है कि आखिरी दिन वहां पर बिल चले जाते हैं, प्रस्ताव चले जाते हैं और वहां से कौमा और फुलस्टाप लग कर या दूसरी कन्सीक्वैंशल चेंजिज़ हो कर वापिस आ जाते हैं । यह ठीक नहीं । उसका पूरा फायदा उठाया जाना चाहिये । वह हाउस सही मायनों में अपर हाउस बनना चाहिए । यह नहीं कि वह एक हारे हुए और बाहर फैंके हुए पालिटीशन्ज़ का अखाड़ा बन जाए ।

फिर यहां पर रिजनल कमेटियों का ज़िक्र किया गया । आप साहिबान, जिन्होंने कि कन्स्टीट्यूशनल हिस्ट्री पढ़ी है, जानते होंगे या जो ऐकेडैमिक तौर पर इस में दिलचस्पी लेते रहे हों, जानते होंगे कि यह जो थर्ड चैम्बर बनाए गए हैं यह कैसे रहें हैं । पहले असैम्बली फिर रिजनल कमेटियां और फिर अपर हाउस । मैं समझता हूं कि अगर कभी इन्होंने अपनी मर्ज़ी की तो यहां पर बिल आने और पास होने ही बन्द हो जाएंगे । यह शुक्र की बात है कि बजट और फिनांस इन के पास नहीं है । अगर यह भी इन के पास हों, जैसा कि मुतालबा किया जाता है, तब तो काम ही ठप्प हो जाए । यह सारा ढांचा ही एक ऐनामली है । ऐसा तजरूबा कुछ देर के लिये हन्गारी में किया गया मगर नाकाम रहा । फिर कहा जाता है कि यह तो यू. के. जैसी स्काटिश ग्रांट कौंसल की तरह की कमेटियां हैं मगर उन से मुकाबला ठीक नहीं । वहां पर Scottish Grant Council British पार्लियामैंट का हिस्सा है लेकिन अलग पुलिस, अलग चीफ सैक्रेटरी वगैरह हैं । एग्रीकलचर, फिशरी, लोकल बाडीज यह सब स्काटलैण्ड से अलहदा एडबबरा में हैं । इसी तरह नर्दर्न आयरलैंड का भी अलहदा प्रीमीयर वगैरह है । यहां पर क्या अलैहदगी है ? इन के ऊपर वही गवर्नर है । अगर दोनों डिसऐग्री करें तो बिना गवर्नर के सर्टीफाई करने के कोई बिल पास नहीं हो सकता । आप ने देखा कि ज़िला परिषदों के बिल के बारे में क्या हुआ था । मैं कहता हूं कि अपर हाउस और रिजनल कमेटियों वगैरह का ढांचा एक पंजाब के साथ मजाक है । कभी बिल उधर जाता है कभी इधर आता है बस इसी तरह से चक्कर पड़ते रहते हैं । रिजनल कमेटियों के बारे ओम प्रभा जी ने बात उठाने की कोशिश की मगर वह उठ नहीं सकी । मैं समझता हूं कि अपर हाउस और रिजनल कमेटियों का आपस में बड़ा गहरा ताल्लुक है । चीफ मिनिस्टर साहिब, अगर हम ने किसी

तरह से आल इंडिया पैटर्न के मुताबिक अपर हाउस को रखना है तो आप को इस का रिजनल कमेटियों के साथ ऐडजस्टमैंट करना चाहिये। रिजनल कमेटियों का इस तरह से डायरैक्ट क्लैश है ; या वह रहे या फिर वह रहें। अगर रिजनल कमेटियों को रखना है तो यह सारी चीज़ इस तरीके से की जानी चाहिए कि इन का आपस में क्लैश न हो। अपर हाउस बारे तो यह होना चाहिए कि इस में काबलियत और तजरूबे की ही बिना पर लोग आएं, ऐसे नुमायंदे आएं कि जिन को सही तौर पर ऐलडर्ज़ कहा जा सके, सायंस के माहर, आर्ट के माहर या इकनौमिक्स के माहर ही नौमीनेट किए जाएं, तब तो सही नुमायंदगी होगी वरना अगर वहां पर शक्लें ही दिखानी हैं तब यह नहीं रह सकेगा।

शिक्षा तथा स्थानय शासन मंत्री (श्री प्रबोध चन्द्र) : आन ए प्वायंट आफ परसनल ऐक्सप्लेनेशन। आज जब मैं अपर हाउस में सवालों का जवाब देने गया हुआ था तो यहां पर मेरे बारे में एक सवाल आया था कि मैंने कितने क्लेम किये और मुझे क्या कुछ दिया गया है। उस वक्त कुछ दोस्तों ने शक ज़ाहिर किए कि गवर्नमैंट इस बारे में कुछ छुपाना चाहती है। इस लिये मैं तमाम साहिबान की इत्तलाह के लिये बताना चाहता हूं कि मैंने न पंजाब में, न दिल्ली में और न ही हिन्दोस्तान के किसी और कोने में एक फूटी कोड़ी के लिये भी क्लेम दिया और न ही मुझे कुछ मिला, चाहे मैं ने वहां पर कुछ छोड़ा था या नहीं छोड़ा था। मैंने कोई क्लेम नहीं दिया और न ही एक पाई भी वसूल की है। कुछ लोगों ने मुझ पर गंदगी उछालने की कोशिश की है इस लिये मैं सब की इत्तलाह के लिये कहना चाहता हूं। It is a part of the systematic campaign of vilification. अगर कोई मैंबर या कोई भाई यह ज़ाहर कर दे कि मैंने एक दमड़ी भी क्लेम के तौर पर ली है तो I will immediately quit the public life and this House.

चौधरी देवी लाल (फतेहाबाद) मोहतरिमा डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अपर हाउस को डिजाल्व करने के बारे रैजोल्यूशन पर बोलने के लिये खड़ा हुआ था मगर चूंकि अब श्री प्रबोध चन्द्र जी ने परसनल ऐक्सप्लेनेशन दिया है इस बारे अर्ज़ है कि यह तो गवर्नमैंट को देना चाहिये था हम ने तो उन से जवाब मांगा था। अब सवाल यह रह जाता है .....

उपाध्यक्षा : उस वक्त आप ने या किसी और साहिब ने कहा था कि अच्छा होगा अगर ऐजुकेशन मिनिस्टर साहिब इस बारे में कुछ कहते तो अब उन्होंने कह दिया है।

(At that time the hon. Member himself or somebody else had said that it would have been better if the Education Minister himself had cleared this point which he has done now.)

चौधरी देवी लाल : यह उन को ऐज़ मिनिस्टर कहना चाहिये था, यह तो उन्होंने परसनल ऐक्सपलेनेशन के पर कहा है। (विघ्न)

[चौधरी देवी लाल]

तो खैर, सरदार गुरचरन सिंह ने अपर हाउस को खत्म करने के लिये यह रैज़ोल्यूशन पेश किया है। इस बारे में बहन ओम प्रभा जी ने एक टैक्नीकल बात उठाई मगर उन को मालूम होना चाहिये कि इस बारे में एक अमैंडमैंट भी आ चुकी है कि यह हाउस इस बारे में सैंटर से सिफारिश करे। अब सवाल यह है कि यह अपर हाउस तो और जगह भी हैं पंजाब के अलावा। यह क्यों खत्म होने चाहिये ? मैं इस हाउस के इस लिये खिलाफ नहीं हूं कि इस पर 5 लाख 42 हज़ार रुपये से ऊपर खर्च होता है और वह ज़ाया जाता है या एक अरब और कुछ लाख रूपया ज़ाया जाता है। मैं इस वजह से इस रैज़ोल्यूशन के हक में नहीं हूं बल्कि इस लिये कि यह एक गलत चीज़ है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारी कौमी जिन्दगी पर तीन बदनुमा धब्बे हैं, एक कम्यनलिज्म, दूसरा ब्लैक मनी और तीसरा हाई प्राइसिज़। मैं समझता हूं कि यह तीनों लानतें यहां पर इनडायरैक्ट इलैक्शन्ज़ की वजह से पैदा हुई हैं। अगर किसी ने डायरैक्ट इलैक्शन लड़नी हो तो उस में कम्युनिलिज़म नहीं आ सकता, ब्लैक मनी रखने वाला भी उस में नहीं जीत सकता और हाई प्राइसिज़ लेने वाला व्यापारी भी उस में कामयाब नहीं हो सकता। आप ज़रा उस हाउस में आए हुए मैंबरों को देखें; उन में आप को जनता ने जिन को डायरैक्ट इलैक्शन में पिछाड़ के रखा है वह आदमी मिलेंगे। मैं कुछ एक मिसालें देना चाहता हूं। श्री हंस राज शर्मा, जो पहले चीफ पार्लिया-मैंट्री सैक्रेटरी हैं, वह हैं जो जैनरल इलैक्शन में दस हज़ार वोटों से हारे थे। चौधरी अमर सिंह जो कि इलैक्शन कमेटी के मैंबर, ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रैज़ीडैंट थे और मरहूम चीफ मिनिस्टर के खासुलखास आदमी थे, हजारहा वोटों से हारे थे, मगर वह भी आज ब्लैक मार्किट और ब्लैक मनी के जोर से वहां पर पहुंचे हुए हैं। इसी तरह और बड़े बड़े सरमायादार हैं, हां में हां मिलाने वाले हैं जिन की मैं मिसालें देना चाहता हूं ....

उपाध्यक्षा : चौधरी चांद राम भी तो हैं जो कि वहां पर वाइस चेयरमैन थे।
(Chaudhri Chand Ram is also one of them who was the Vice Chairman there.)

चौधरी देवी लाल : जी हां, मैं तो चन्द एक मिसाले दे रहा हूं, सब की ज़िक्र करने के लिये तो टाइम ही नहीं है। जहां तक लोक्ल बाडीज़ का ताल्लुक है वहां से कौन आया है ? राय साहिब कुन्दन लाल जो कि पंजाब के सब से बड़े लैंडलार्ड हैं और जो कि चीफ मिनिस्टर साहिब की बदौलत आज सिरसा में एक टैक्सटाइल मिल लगा रहे हैं। सरकार की तरफ से बड़े दावे किये जाते हैं कि हरियाणा की तरक्की की जा रही है मगर मालूम हुआ है कि 80 लाख रूपया खज़ाने से लगेगा और सिर्फ 20 लाख वह खर्च करेंगे। सस्ती लेबर उन को मिलेगी सिरसा से, सस्ती कपास उन को वहां से मिलेगी और फायदा जायगा फिरोज़पुर। ऐसे आदमियों को लाया जाता है। जैनरल इलैक्शन में वह अबोहर से जनसंघ के टिकट पर हारे थे मगर आज वह अपर हाउस में अपने ब्लैक मनी के ज़ोर से बैठे हुए हैं। इसी तरह से लाला प्रेमसुख दास जी हैं जो कि वैद राम दयाल जी से हारे थे मगर लोक्ल बाडीज़ के नाम पर और ब्लैक मनी के बूते वह भी वहां पर पहुंचे हुए हैं। यह फिर ऐसे आदमी होते हैं जिन का और तो कुछ नहीं होता सिर्फ किसी बुरे वक्त पर खुशनूदी हासिल कर लेते हैं जैसे कि सरदार दसौंधा सिंह। पिछली दफा जब मैं इलैक्शन कमेटी का मैंबर था तो

हमारे मरहूम चीफ मिनिस्टर साहिब नहीं चाहते थे कि मेजर हरिन्दर सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह या महाराज निहाल सिंह वगैरहा यहां पर आएं। मगर मैंने इस तरीके से केस को पुट किया कि वह न नहीं कर सके। मैंने कहा कि मेजर हरिन्दर सिंह तो आप के ही आदमी हैं, राव वीरेन्द्र सिंह को आप रोक नहीं सकते और श्री ए. सी. बाली के पास ट्रिब्यून का डंडा है, उन को आप कैसे रोकेंगे ? तो कहने लगे कि फिर आने दो। तो बाद में बोले कि "तूं जाण वी दे कि केहड़ी पार्टी है, टांगा पार्टी होवे जां कोई होर। कुज इहो जहे वी बंदे मैनूं चाहीदे ने, मेरी हां विच हां मिला सकण"। तो उस वक्त यह तरीका था बाहर से आदमियों को इम्पोर्ट करने का। (विघ्न) मैं तो किसी नाम की मुखालफित नहीं कर रहा बल्कि इस किस्म की मिसालें देना चाहता हूं कि किस आधार पर अपर हाऊस में लोगों को लिया जाता है।

चौधरी दरशन सिंह : आन ए पवाइंट आफ आर्डर, मैडम। मोहतरम चौधरी साहिब ने डिसकशन के दौरान अपर हाऊस के पर्टिकूलर मैंबरों को नेम किया है; क्या वह ऐसा कर सकते हैं ? I would like to know whether any hon. Member can name anybody and discuss him when he is not present in this House. We can discuss the Upper House as a whole but we cannot discuss individual persons sitting in the Upper House who cannot defend themselves.

उपाध्यक्षा : अच्छा हो अगर किसी मेम्बर का नाम न लिया जाए।
(It would be better if the hon. members of the Upper House are not mentioned by name.)

चौधरी देवी लाल : अपर हाउस के मेंबरों के नाम का यह ज़िक्र करते हैं लेकिन हम तो यह कहते हैं कि अपर हाउस सारे को ही खत्म करना चाहिये। (विघ्न)

श्री सुरेन्द्र नाथ गौतम : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मैडम। क्या कोई मेंबर किसी मेम्बर का नाम ले कर यह कह सकता है कि इसे चोर दरवाज़े से अपर हाउस में लाया गया है ? मैं इस बात पर आप की रूलिंग चाहता हूं ?

उपाध्यक्षा : मैंने पहले ही रूलिंग दिया है कि किसी मेंबर का नाम न लिया जाए। (I have already ruled that no hon. Member of the Upper House should be mentioned by name.)

चौधरी देवी लाल : मोहतरमा डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं तो अपर हाऊस को आधार के ब्यान कर रहा हूं इस लिये नाम लेना पड़ता है। मैं तो यह बता रहा था कि तीन बड़ी लानतें हैं—ब्लैक मनी, कम्यूनलिज़्म और हाई प्राईसिज़। तो यह लानतें किस ढंग से यहां पर आ रही हैं ? अगर नाम न लूं और मिसालें न दूं तो कैसे साबित करूं। खैर, अगर आप कहें तो मैं नाम नहीं लूंगा।

मैं तो अर्ज़ कर रहा था कि इस किस्म के मेम्बर हैं जिन्हें अपर हाउस में नामीनेट किया जाता है। जिनका न पंजाब से वास्ता न पंजाब की समाजी जिन्दगी से वास्ता और न पब्लिक लाइफ से ताल्लुक है; जैसे कि बहन सुमित्रा देवी और श्रीमती ज्ञान कौर हैं। (विघ्न) मैं यह बता रहा हूं कि डायरेक्ट इलैक्शन न कराने का क्या नतीजा निकलता है।

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं चौधरी साहिब से रिक्वैस्ट करूंगा कि वह किसी मेंबर का नाम ले कर मिसालें दें तो अच्छा रहेगा।

चौधरी देवी लाल : मैं ने नाम इस लिए लिये थे कि लोगों को पता लग सके कि अपर हाउस को रखना पब्लिक इन्ट्रेस्ट के खिलाफ है। मैंने तो तरीका बताया था कि किस तरह से अपने रिश्तेदारों को अन्दर लाने की कोशिश की जाती है। जहां पर डायरेक्ट इलैक्शन होते हैं वहां पर सही नुमाइन्दे आते हैं और जहां पर डायरेक्ट इलैक्शन न हों वहां पर सही नुमाइन्दे नहीं आ सकते ; ब्लैक मार्किटियर और चापलूस ही आते हैं। और फिर जितने ज्यादा चापलूस चीफ मिनिस्टर के गिरद हो जाएं उतना ही उसका दिमाग बिगाड़ देते हैं।

यह बात हमारी स्टेट तक ही बस नहीं, राज्य सभा में भी इन्डायरेक्ट इलैक्शन के कारण जिस किस्म का एलीमेंट आ गया है आपके सामने है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मौजूदा कांग्रेस का राज है और इन्होंने अंग्रेज़ को निकाल कर देश को आज़ाद करवाया तो, यह कहा करते थे कि हम राम राज लाना चाहते हैं, प्रजा का राज लाना चाहते हैं। लेकिन मैं यह कहूंगा कि इन्होंने देश की बहुत भारी डिस्सरविस की है कि इस तरह से इन्डायरैक्ट इलैक्शन रख दिए हैं। इन्होंने नेशनल कैरेक्टर को इन्तहा तक गिरा दिया है। मैं इस की चंद मिसालें देता हूं। जब चीन ने हमारे देश पर हमला किया और इसके साथ मुकाबले का वक्त आया तो बामडीला में 10 हज़ार की फौज ने हथ्यार डाल दिए। कितने शर्म की बात है। हमारा नेशनल कैरेक्टर इस कदर गिर गया है कि हम में बालडनैंस नहीं रही। यह वही नौजवान हैं जो किराया पर जर्मनी के खिलाफ लड़े और नाम पैदा किया और आज यह हालात है कि 100 की टुकड़ी नहीं कि जो घिर गई हो और कोई ख्याल न करे। एक दस हज़ार का बिग्रेड घिर जाए और हथ्यार डाल दें तो क्या हो? इन्होंने नेशनल कैरेक्टर को बिल्कुल खत्म कर दिया है। आप कहते हैं कि नाम न लूं।

मैं चंद मिसालें और देना चाहता हूं। हमारे यहां के जा इन से पहले गवर्नर थे उनको किस ढंग से यहां पर गवर्नर बना कर भेज दिया। क्योंकि वहां केरल में और कोई चीफ मिनिस्टर बनाना था। इसी तरह प्लानिंग कमिशन के डिप्टी चेयरमैन किस तरह से चेयरमैन बनाए गए? (विघ्न)

उपाध्यक्षा : आप किसी गवर्नर या प्लानिंग कमीशन का नाम न लें, सिर्फ कौंसिल के बारे में ही अपने विचार दें। (The hon. Member need not mention any Governor or a member of the Planning Commission by name. He should confine himself to the discussion on the Punjab Legislative Council.)

चौधरी देवी लाल : मैं तो सिर्फ यह बता रहा था कि रूलिंग पार्टी इस तरीके से खरीदो फरोख्त करती है और भारी टेम्पटेशन दे कर हमारे चरित्र को बिगाड़ दिया गया है। आज अगर पाकिस्तान और चीन से हमारी लड़ाई शुरू हो जाए और मुझे आफर किया जाए कि तुझे सारे सूबे का सिपासालार बनाते हैं तो शायद मेरे दिल में भी इस तरह की मैल आ जाए। इस तरह हैवी कीमत दे कर लोगों को खरीद लिया जाता है। आप राज्य सभा की हालत देखें जिस में 8 तो एक्स चीफ मिनिस्टर हैं और 28 एक्स मिनिस्टर हैं। मैं उन का नाम नहीं लेता। सब से बड़ा डिफैक्ट जो राज्य सभा और अपर हाउस में है

वह आप के सामने है। इन्डायरैक्ट इलैक्शन का यह नतीजा है। हमें देश को जगाना चाहिये और अगर हम सही मायनों में चाहते हैं कि देश बरबादी से बचे और इस का नेशनल कैरेक्टर ऊंचा हो तो हमें डायरैक्ट इलैक्शन को खत्म करना पड़ेगा।

यहा सारी खामियां इन्डायरैक्टर इलैक्शन में हैं, जिन का कोई सबूत देने की जरूरत नहीं। यह सब दोस्तों को मालूम ही है कि किस तरह ब्लाक समितियों के जो इलैक्शन हुये हैं इन में लोग आये हैं। एक एक मेम्बर ने छः छः हजार रुपये तक का खर्च किया। एक नहीं, मैं इस की बीसियों मिसालें दे सकता हूं। फिरोजपुर जिला के एक शख्स खड़े हुए। गांव का कोई आदमी साथ नहीं था। अपनी इलाकाई जबान से कहने लगे "थोडी वोट शोट रखीं, मैं तां मेम्बर बण के आ रिहा हां" उस ने 1,700 को वोटें खरीद की और मेम्बर ब्लाक समिति बन गया। मेरा अर्ज करने का मकसद यह है कि किस तरह हम लोगों को रिशवतें लेनी और देनी आ गई हैं और किस तरह से यहां पर मेम्बर बनाये जाते हैं। मेरे यह बात अच्छी तरह से नोटिस में आई है कि एक मेम्बर ने 10,000 रुपये दिए और मेम्बर बन. गया, एक ने 7,000 खर्च किये और मेम्बर बन गया। इस तरह से एक ने 5,000 खर्च करके मेम्बरी हासिल की। मैं नहीं चाहता कि उन अशखास का इस हाउस में नाम लिया जाये। (एक माननीय सदस्य) नाम तो लें : नाम के लिये मुझे रोक दिया गया है। आप यह सुन कर हैरान रह जायेंगे कि इन में से एक मिनिस्टर भी है ......।

मुख्य मन्त्री : On a point of order. Madam. Deputy Speaker साहिबा, चौधरी देवी लाल जी ने एक मिनिस्टर के मुतल्लिक कहा है कि उस ने इतने हजार रुपये दिये फिर मेम्बर बने मैं इस को चैलेंज करता हूं आप मुझे उस का लिख कर नाम दें।

उपाध्यक्षा : जो बात कामरेड जी ने कही है वह मुनासिब है। अगर आप के पास कोई ऐसी इनफर्मेशन हो तो आप लिख कर इन को बता दें। (The hon. Chief Minister has well Challenged. If the hon. Member has got any such information, he should give it in writing to the Chiet Minister.)

चौधरी देवी लाल : मैं यह बात लीडर आफ दी हाउस को बताना चाहता हूं कि मिनिस्टर कोई खुदा नहीं होता। हम भी मिनिस्टरों से कम नहीं है। हमारे अन्दर भी भूख है। मैं यह कह रहा था कि किस तरह से इस देश को खराब किया गया।

उपाध्यक्षा : पहले यह तो आप बतायें कि वह कौन है। (The hon. Member may please first let the House know as to who is that Minister.)

चौधरी देवी लाल : आप ने नाम लेना मना कर दिया है वरना मैं नाम भी ले देता। आप के कहने के मुताबिक मैं सारी बात उन के नोटिस में ला दूंगा।

ਸਰਦਾਰ ਅਜਾਇਬ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ : On a point of order, Madam ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਜ਼ਬਾਨੀ ਹੀ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਜੇ ਇਹ ਦੱਸ ਵੀ ਹੋਣ ਤਾਂ ਵੀ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਦਾ ਸਬੂਤ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ।

चौधरी देवी लाल : मेरा कहने का मतलब यह था, डिप्टी स्पीकर साहिबा, कि जितनी भी इलैक्शनें होती हैं इन में वोट्स फरोख्त होती है। राज्य सभा और असैम्बलियों की बात जुदा रही, जितने भी ब्लाक समितियों के मेम्बर बने हैं उन म बहुत

[चौधरी देवी लाल]
से ऐसे हैं जो रिश्वत दे कर आये। आप अंदाजा लगायें जब ऐसे आदमी अपर हाउस में अपने नुमायंदे चुन कर भेजेंगे तो क्या इन के स्वर में कोई फर्क आयेगा। हर जगह हर इलैक्शन में यही हाल है। मैं आप के सामने (* * * * * * * *)

Deputy Speaker : The matter regarding reference of Pakistan may please be expunged.

चौधरी देवी लाल : मैं फजूल खर्ची की बात कर रहा था। मैं अर्ज करूं कि जब 34 मिनिस्टरों में से कुछ के अस्तीफे मंजूर हुये तो उस वक्त 8 लाख का एक स्पेशल फंड था। वह सारे का सारा डिप्टी मिनिस्टरों की जेबों में गया—किसी को उस में से 800 रुपये मिलता था, किसी को 500 रुपये इस शकल में जाता था और खत्म हो गया। मैं कहता हूं जो कुछ भी मौजूदा सरकार में होता है वह सब रिशवत पर चल रहा है। अब आप इस तरह के आदमी तरह तरह की इलैक्शनों से लाकर इस लिए हाउसिज बना रहे हैं कि वह आयें और हमारी रहनुमाई करें। आज मुलक में इतनी हाई प्राईसिज हैं आप को चाहिये कि बढ़े हुए खर्चों को कम करें। इस लिये मैं इतना ही कहूंगा कि हम को चाहिए कि हम इस हाउस की तरफ से यह बात रिकमैंड करें कि हमें अपर हाउस की जरूरत नहीं है। इन इल्फाज के साथ मैं इस रेज़ोल्यूशन की हमायत करता हूं।

डाक्टर बलदेव प्रकाश (अमृतसर शहर, पूर्व) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो रेज़ोल्यूशन हाउस के सामने आया है, इस में यह सिफारिश की गई है कि केन्द्रीय सरकार विधान के अन्दर ऐसी तरमीम करे जिस से कि पंजाब का अपर हाउस ऐबालिश हो जाए। मैं उस को समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अपर हाउस बनाते वक्त कुछ लक्ष्य हमारे सामने थे। 1.00 p.m. उनमें से एक बात यह भी थी कि कुछ ऐसे सूझबूझ वाले मैच्योर्ड व्यक्ति अपर हाउस के अन्दर आ जाएंगे जो कि लोअर हाउस से पास किए गए बिलों पर गंभीरता से विचार करके ऐसी चीजें दे सकेंगे जिन से कि विधान मण्डल के कामों के अन्दर आसानी पैदा हो जाएगी। लेकिन पिछले दस सालों का इतिहास देखने के बाद यह बात साफ हो जाती है कि जो लक्ष्य अपर हाउस बनाने का था वह बिलकुल फेल रहा क्योंकि लोअर हाउस से गए बिलों पर उस ने कोई ऐसी अमेंडमेंट आज तक नहीं की कि जिस से यह समझा जा सकता कि इस के रहने की कोई जस्टीफिकेशन है।

ढिल्लों साहिब ने कहा कि हम कई दफा हेस्टली लेजिस्लेशन पास कर देते हैं और कहीं पर कौमा या फुलस्टाप छोड़ जाते हैं, तो उस को दुरुस्त करने के लिए अपर हाउस का रहना लाजिमी है। लेकिन मैं यह कहता हूं कि क्या कौमा, फुलस्टाप की दुरुस्ती के लिए सैक्रेटेरिएट या एल. आर. का दफतर काफी नहीं हैं जो कौमा, फुलस्टाप की गल्तियां दुरुस्त कर सकें। यह बिल्कुल बोदी दलील है कि सिर्फ कौमा फुलस्टाप को दुरुस्त करने के लिए ही यह (* * *) रखना है।

एक बात और उन्होंने कही कि चूंकि इलैक्शन से सूझबूझ वाले आदमी आ ही नहीं सकते इस लिए अपर हाउस की जरूरत है। मैं समझता हूं कि यह एक स्तर है जो

Note—Expunged as ordered by the Chair.

इस हाउस के इलैक्टिड मेम्बरों पर आयद होती है। क्या यहां पर बैठे हुए सभी मेंम्बर इमेच्योर हैं, बेवकूफ हैं, या उन के अन्दर सूझ बूझ ही नहीं है? अगर नहीं हैं तो सूझ बूझ वाले आदमी क्यों यहां पर नहीं जाते। इस का कारण इलैक्शन नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी की गलत रवायत हैं जो कांग्रेस वालों ने डाली है। क्योंकि जब इलैक्शन होता है, तो वह थैलियों के मुंह खोल देते हैं और अनाप-शनाप रुपया खर्च करते है जिस में हर प्रकार का करप्शन शामिल होता है। लोंगो को खरीदा जाता है, परमिट दिए जाते हैं, कोटे दिये जाते हैं। शराब पिलाई जाती है, जश्न होते हैं जो एक आदमी भले ही वह विद्वान हो, सूझ बूझ वाला हो, इमानदार हो,अगर उसके पास पैसा नहीं है तो वह इलैक्शन नहीं लड़ सकता। अभी बाइ-इलैक्शन में देखा गया कि किस तरह से ट्रकस इस्तेमाल किए गए, सड़कें बनाई गई, बनाने के वायदे किए गए, और शराब पिलाई गई। हर प्रकार की करप्शन जो भी संभव हो सकती थी, वह की गई तब जाके कांग्रेस जीती। जींद के अन्दर तो यहां तक हुआ कि एक फिकटीशश सड़क की चूने की लाईनिंग लगाई गई ताकि लोग यह समझे कि यह पार्टी चूंकि सड़क बना रही है इस लिए वोट इसी को देना है। इलैक्शन खत्म होने के साथ ही वह मिटा दी गई। इस तरह का तरीका कोई भी आदमी जो करप्ट नहीं है, इस्तेमाल नहीं कर सकता। लेकिन मैं यह बतला देना चाहता हूं कि इसका नतीजा क्या होगा इसका नतीजा यह होगा कि यहां वही आदमी आ जाऐगा जो गुडा गर्दी को पनपने देगा और करप्शन करने में ऐक्सपर्ट होगा। इस चीज को अपर हाउस की ऐग्जिस्टेंस नहीं बचा सकती। अगर इस बात से बचना है तो कांग्रेस पार्टी को इस बात की कसम खानी चाहिए कि इलैक्शन के अन्दर रम एक बोतल भी शराब की नहीं देंगे। लेकिन कांग्रेस का काम तो यह है कि इनका श्रीगनेश भी बोतल से होता है और जीत भी बोतल से मनाई जाती है।

Deputy Speaker : Dont include all the persons please.

डाक्टर बलदेव प्रकाश : मैं ठीक कह रहा हूं। जनरल इलैक्शन के लिए कांग्रेस ने 18 करोड़ रुपया इकट्ठा किया था। क्या आप समझते हैं कि यहां पर और लोक सभा में जितने मैम्बर बैठे हैं वे सब सिर्फ 7000 रु० खर्च करके बैठे हैं? नहीं। कांग्रेसवालों ने खुद बेईमानी की है, और हमें भी बेईमान बनाया है। फिर यह कहते हैं कि इलैक्शन पर 7000 रुपया ही खर्च करने की इजाजत है। आजकल कोई भी आदमी 7000 रु० में इलैक्शन नहीं लड़ सकता।

फिर यह कहते हैं कि जो नौमीनेट किये जाते हैं वह कलाकार होते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, उनकी कलाकारी इस बात में होती है कि किसने कितनी झोली चुकी है। उनकी कला का यह मियार है। मैं कामरेड साहब से कहना चाहता हूं कि वह अगले इलैक्शन में मिसाल कायम करें कि कोई भी आदमी चुनाव में 7000 रुपए से ज्यादा खर्च नहीं करेगा। और टिकट उन्हीं आदमियों को मिलेगा जो ठीक आदमी होंगे। तभी मैच्योर आदमी इलैक्शन में आ पायेंगे। और अगर फिर भी कोई मैच्योर आदमी इलैक्शन में नहीं आना चाहता और जनता के जीवन के साथ सम्पर्क निर्माण नहीं करना चाहता,

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

उनके साथ बैठना पसन्द नहीं करता, मिलना पसन्द नहीं करता, लेकिन फिर भी यह चाहता है कि जनता के भाग्य निर्माण की दिशाओं में असैम्बली में बैठ कर वह भाग ले तो ऐसे मच्योर आदमी की देश को बिलकुल ज़रूरत नहीं है। यह मैं ऐसे मैच्योर और कट आफ रहने वाले आदमियों को स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूं कि वह यह सोचें कि अगर मैं किसी तरह पढ़ गया या मुझे कुछ तहजीब आ गई, इस का यह मतलब नहीं है कि हम लोगों से मिल नहीं सकते। इस का मतलब यह होगा कि हम अपने को सुपीरियर समझते हैं और इस देश के अंग में से अपने आप को काट कर अलग रखना चाहते हैं। ऐसे आदमी अपने को क्लासिज़ में से समझते हैं। ऐसे आदमियों को यहां हरगिज़ नहीं लाना चाहिए। अगर फिर भी हम उन की यहां लाने की आवश्यकता समझते हैं तो हम डैमाक्रैसी की जड़ों को काटते हैं। इसका मतलब यही होगा।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक बात मैं और करनी चाहता हूं। यह सभी बातें करते हुए जिस ढंग से हम इस को चला रहे हैं वह इतना शर्मनाक है कि उस से न चलाना अच्छा है। यह कहते हैं कि मैच्युरिटी आएगी, उस के लिए वह अपनी राए देंगे। लेकिन बजट पर उन को वोट देने तक का भी हक नहीं है। एसैम्बली में सब से बड़ी बात अगर हम करते हैं तो वह बजट का पास करना होता है। उस वक्त हम एक एक पैसे पर झगड़ते हैं, कहते हैं कि यह पैसा यहां पर नहीं वहां पर खर्च होना चाहिए। फलां टैक्स लगना चाहिए फलां नहीं लगना चाहिए, डिवीज़न होती है, वोटिंग होती है मगर अपर हाउस के मैम्बर सिर्फ उस पर बहस ही कर सकते हैं। वह एक नए पैसे की कट मोशन पर भी वोट नहीं दे सकते। क्या यह दिमागी अयाशी है? अगर उन को वोट देने का अधिकार नहीं दिया तो यह क्या मखौल है? अब छः महीने हो गए हैं वहां पर चेयरमैन ही नहीं बनाया गया। इस से साफ ज़ाहिर होता है कि यह सीरियसली कुछ करना नहीं चाहते। इन का केवल एक ही असूल है जो कि बाबू बचन सिंह जी काफी डिटेल में बयान कर चुके हैं। जिन को हम ने हराया है, जिन पर लोगों को विश्वास नहीं है उन को रीहैबिलीटेट करने के लिये यह अपर हाउस बना रखा है। मैं कहता हूं कि सरकार को ऐसे इन्स्टीटयूशन्ज़ नहीं रखने चाहिए। अगर आप ने किसी आदमी को फायदा पहुंचाना है तो उस को वैसे पैन्शन दे दीजिए। ऐसे इन्स्टीट्यूशन के द्वारा यहां आप कुरप्शन को क्यों लाते हैं। जब अपर हाउस के इलैक्शन होते हैं तो एक एक सीट के लिये दो दो सौ कैंडीडेट्स आ जाते हैं। कुछ सरमाए दार तो 50/50 हज़ार रुपया खर्च कर के भी सीट लेना चाहते हैं। इस लिये यह एक ऐसा इन्स्टीटयूशन है जो कुरप्शन को उत्साह देता है। आप चाहें किसी असूल से किसी दृष्टिकोण से ले लो, चाहे व्यवहार को, चाहे आदर्श को ले लो, यह बात माननी पड़ेगी कि अपर हाउस की कोई ज़रूरत नहीं है। कंस्टीटयूशन में अमैंडमैंट करने में क्या मुशकिल पेश आती है जब कि अब तक इस में 19 अमैंडमैंट्स पहले हो चुकी है। अगर एक सिद्धांत की पुष्टि करने के लिए हमें 20 वीं दफा विधान को अमैंड करने की सिफारिश करनी पड़ती है तो मैं कहूंगा कि जो साहिबान यहां बैठे हुए हैं वह यूनैनीमसली इस रैजोल्यूशन को पास करके सिफारिश करें। उस से सूबे का भला हो सकता है।

ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ (ਨਕੋਦਰ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਤੁਸੀਂ ਜੋ ਮੈਨੂੰ ਆਪਣੇ ਵਿਚਾਰ ਰਖਣ ਦਾ ਸਮਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਆਪਦਾ ਬੜਾ ਧਨਵਾਦੀ ਹਾਂ । ਆਪੋ-ਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵੱਲੋਂ ਇਸ ਮਤੇ ਤੇ ਬੋਲਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਮੇਰੇ ਸਾਥੀ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਸੈਂਟੀਮੈਂਟਲ ਸਪੀਚਾਂ ਕੀਤੀਆਂ, ਕਈਆਂ ਨੇ ਗੈਲਰੀ ਦੇ ਨਾਲ ਪਲੇ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ, ਕਈਆਂ ਨੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਲਗਜ਼ਰੀ ਆਖਿਆ ਔਰ ਕੁਝ ਨੇ ਤਾਂ ਵ੍ਹਾਈਟ ਐਲੀਫੈਂਟ ਆਖਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ । ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਤਾਂ ਏਥੋਂ ਤਕ ਕਹਿ ਦਿੱਤਾ ਕਿ ਪੰਚਾਇਤ ਸਮਤੀ ਦੀਆਂ ਚੋਣਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਸਮਤੀ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਅਗਵਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਔਰ ਸ਼ਰਾਬਾਂ ਪਲਾਈਆਂ ਗਈਆਂ । ਪਰ ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਸੁਣ ਕੇ ਹੈਰਾਨ ਹੋਇਆ ਹਾਂ । 1962 ਦੀਆਂ ਚੋਣਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਔਰ ਰਾਜ ਸਭਾ ਦੀਆਂ ਚੋਣਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਵਿਕੇ ਸਨ ਉਹ ਕਿਸ ਦਾ ਕਸੂਰ ਹੈ ? ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਾਡੇ ਇਖਲਾਕ ਦੇ ਵਿਚ ਕਮੀ ਹੈ, ਕਾਨੂੰਨ ਦੇ ਵਿਚ ਕੋਈ ਖਾਮੀ ਨਹੀਂ, ਕੋਈ ਕਮੀ ਨਹੀਂ । ਚੌਧਰੀ ਦੇਵੀ ਲਾਲ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਆਖਿਆ ਸੀ ਕਿ ਕੁਝ ਮੈਂਬਰ ਅਗਵਾ ਕਰਕੇ ਆਗਰਾ, ਮਥਰਾ ਤੇ ਬਿੰਦਰਾਬਨ ਲੈ ਜਾਏ ਗਏ । ਪਰ ਮੈਂ ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਨੂੰ ਯਾਦ ਦਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਗਵਾ ਕਰਕੇ 1962 ਦੇ ਵਿਚ ਪੀਲੀਭੀਤ ਨਹੀਂ ਸੀ ਲੈਜਾਇਆ ਗਿਆ । ਡਾਕਟਰ ਬਲਦੇਵ ਪਰਕਾਸ਼ ਹੋਰਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ ਸਪੀਚ ਕਰਦਿਆਂ ਆਖਿਆ ਸੀ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਝੋਲੀ ਚੁਕਦੇ ਹਨ ਉਹ ਸੱਜਣ ਹੀ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਬਣ ਸਕਦੇ ਹਨ, ਜਿਹੜੇ ਝੋਲੀ ਚੁਕ ਹੋਣ ਉਹ ਹੀ ਕਲਾਕਾਰ ਉਥੇ ਮੈਂਬਰ ਬਣਾ ਦਿੱਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਪਰ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਗਲ ਦਸਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਦਿਨ ਗਏ ਜਦੋਂ ਮੀਆਂ ਖਲੀਲ ਖਾਂ ਫ਼ਾਖ਼ਤਾ ਉੜਾਇਆ ਕਰਦੇ ਸੀ । ਉਹ ਦਿਨ ਹੁਣ ਨਹੀਂ ਰਹੇ ਜਦੋਂ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਦੀ ਝੋਲੀ ਚੁਕ ਕੇ ਲੋਕ ਸਾਇੰਸਦਾਨਾਂ ਅਤੇ ਕਲਾਕਾਰਾਂ ਦੀਆਂ ਸੀਟਾਂ ਤੇ ਨਾਮੀਨੇਟ ਹੋ ਜਾਇਆ ਕਰਦੇ ਸਨ । ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਤੋੜਨ ਦਾ ਮਤਾ ਪੇਸ਼ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਮੇਰੇ ਸਾਥੀ ਮੈਂਬਰ ਨੇ ਇਸ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਤੇ ਹੈਰਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਜੇ ਉਸ ਨੇ 1949 ਦੀ ਕੰਸਟੀਚੂਐਂਟ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦੀ ਡੀਬੇਟ ਪੜ੍ਹੀ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਉਹ ਇਹ ਮਤਾ ਅਜ ਇਥੇ ਨਾ ਲਿਆਉਂਦੇ । ਅਜ ਤੋਂ ਸਵਾ ਬਾਰਾਂ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਇਹ ਮਤਾ ਸ੍ਰੀ ਨਿਧਾਨ ਸਿੰਘ ਨੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਸੀ ਔਰ ਉਦੋਂ ਵੀ ਇਸ ਤੇ ਬਹਿਸ ਹੋਈ ਸੀ ਔਰ ਉਸ ਨੂੰ ਨਾਮੰਨਜ਼ੂਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ । ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਜੇਕਰ ਇਸ ਮਤੇ ਦੇ ਮੈਰਿਟਸ ਅਤੇ ਡੀਮੈਰਿਟਸ ਤੇ ਡਿਸਕਸ਼ਨ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਬਹੁਤਾ ਗਿਲਾ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਣਾ ਲੇਕਿਨ ਏਥੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਲੈ ਲੈ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਐਲਡਰਜ਼ ਸਮਝਦੇ ਹਾਂ।

They are elders in experience. They are elders in knowledge. They are elders in intelligence. They are elders in age. They are elders in all respects.

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੇ ਰਾਹੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਥੀ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੇ ਇਤਰਾਜ਼ਾਂ ਦਾ ਅਲਹਿਦਾ ਅਲਹਿਦਾ ਜਵਾਬ ਦਿਆਂਗਾ ਔਰ ਦੂਸਰੇ ਦੇਸ਼ਾਂ ਦੀਆਂ ਮਿਸਾਲਾਂ ਦੇ ਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਜਬੂਰ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਮਤਾ ਲਿਆਂਦਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਇਹ ਵਿਦਡਰਾ ਕਰ ਲੈਣ । ਮੈਂ ਪਹਿਲੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਦੀ ਕੰਸਟਰਕਸ਼ਨ ਦਸਦਾ ਹਾਂ । ਉਸ ਹਾਊਸ ਦੇ 1/3 ਹਿੱਸਾ ਮੈਂਬਰ ਸਾਡੀਆਂ ਵੋਟਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਚੁਣੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਔਰ 1/3 ਹਿੱਸਾ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਅਤੇ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਚੁਣਦੀਆਂ ਹਨ ਔਰ 8 ਮੈਂਬਰ ਗਵਰਨਰ ਨਾਮੀਨੇਟ ਕਰਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਮਤੇ ਤੇ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਬੋਲਦਿਆਂ ਹੁਣ ਤਕ ਸਿਰਫ ਤਿੰਨ ਦਲੀਲਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ । ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿ ਲੈਜਿਸਲੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਨ ਦੇ ਵਿਚ ਡੀਲੇ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ, ਦੂਸਰਾ ਇਹ ਆਖਿਆ ਕਿ:

It is most undemocratic in the age of democracy.

[ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ]

ਤੀਜੇ ਇਹ ਕਿ it is a burden on public exchequer.

ਇਨ੍ਹਾਂ ਤਿੰਨਾਂ ਗੱਲਾਂ ਦੇ ਜਵਾਬ ਦੇ ਵਿਚ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਇਕੱਲੇ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਸਾਰੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੈ। ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਤਕਰੀਬਨ ਸਭ ਸਟੇਟਾਂ ਦੇ ਵਿਵ ਅਗਜ਼ਿਸਟ ਕਰਦਾ ਹੈ।

ਆਵਾਜ਼ਾਂ : ਸਾਰੀਆਂ ਸਟੇਟਾਂ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਹੈ।

ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਤਕਰੀਬਨ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਸਾਡੇ ਆਈਨ ਵਿਚ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਪਰੋਵਿਜ਼ਨ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਸਟੇਟ ਆਪਣੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਅਬੋਲਿਸ਼ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਕਰੀਏਟ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਜੇ ਕਰ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਅਬੋਲਿਸ਼ ਕਰਨਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਹਾਊਸ ਦੀ ਮੈਜਾਰਿਟੀ ਜਾਂ 2/3 ਆਫ ਦੀ ਮੈਂਬਰਜ਼ ਪਰੈਜ਼ੈਂਟ ਇਨ ਦੀ ਹਾਊਸ ਇਕ ਮਤਾ ਪਾਸ ਕਰਕੇ ਪਾਰਲੀ-ਮੈਂਟ ਨੂੰ ਭੇਜ ਸਕਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਅਬੋਲਿਸ਼ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਬਾ, ਜੇ ਕਰ ਤੁਸੀਂ 1949 ਦੀਆਂ ਕਾਂਸਟੀਚੁਐਂਟ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦੀਆਂ ਡਿਬੇਟਸ ਵੇਖੋ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਉਥੇ ਜਿਸ ਵਕਤ ਇਹ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਹੋਇਆ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਬਣਾਏ ਜਾਣ ਜਾਂ ਨਾ ਤਾਂ ਇਸ ਸਾਹਮਣੇ ਬੈਠੀ ਸਿਆਸੀ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦਆਂ ਨੇ ਜੋ ਅਜ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਖ਼ਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਸਪੋਰਟ ਕੀਤੀ ਕਿ ਸਟੇਟਾਂ ਵਿਚ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਉਸ ਵਕਤ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਅੱਜ ਮਤਾ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਦੇ ਆਗੂ ਸਰਦਾਰ ਹੁਕਮ ਸਿੰਘ, ਜੋ ਅਜ ਲੋਕ ਸਭਾ ਦੇ ਸਪੀਕਰ ਹਨ, ਨੇ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਸਪੋਰਟ ਕੀਤੀ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਬਣਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਨੇ ਹੀ ਉਸ ਵਕਤ ਜਦੋਂ ਇਸ ਬਾਰੇ ਸਲਾਹ ਪੁਛੀ ਗਈ ਤਾਂ ਇਸ ਦੇ ਹਕ ਵਿਚ ਰਾਏ ਦਿੱਤੀ। ਇਹੋ ਨਹੀਂ, ਬਲਕਿ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਆਗੂ ਸਰਦਾਰ ਪਟੇਲ ਅਤੇ ਇਸ ਵਿਧਾਨ ਦੇ ਜਨਮ ਦਾਤਾ ਡਾਕਟਰ ਅੰਬੇਦਕਰ ਇਸ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਇੰਟਰੈਸਟਿਡ ਨਹੀਂ ਸਨ ਕਿ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਕਾਇਮ ਕੀਤੇ ਜਾਣ ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਸਟੇਟ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦਆਂ, ਜਦੋਂ ਇਸ ਬਾਰੇ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਹੋਇਆ, ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਸਟੇਟਸ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦਆਂ ਦੀ ਸਲਾਹ ਤੇ ਵਿਧਾਨ ਵਿਚ ਇਹ ਪਰੋਵਿਜ਼ਨ ਐਡ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਸਟੇਟਸ ਵਿਚ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰਜ਼ ਕਾਇਮ ਕੀਤੇ ਜਾਣਗੇ। ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੇ ਦੋਸਤਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਟਰਕੀ ਤੇ ਬਲਗੇਰੀਆਂ ਨੂੰ ਛਡ ਕੇ ਉਹ ਦੁਨੀਆਂ ਦੇ ਕਿਸੇ ਦੇਸ਼ ਦਾ ਨਾਮ ਦਸ ਦੇਣ ਜਿਥੇ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਨਹੀਂ ਹਨ। ਹੋਰ ਤਾਂ ਛਡੋ ਇੰਗਲੈਂਡ ਵਰਗੇ ਜਮਹੂਰੀ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਵੀ, ਜਿਥੋਂ ਅਸੀਂ ਆਪਣੀ ਜਮਹੂਰੀਅਤ ਕਾਪੀ ਕੀਤੀ ਹੈ, ਇਹ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਕਾਇਮ ਹੈ ਅਤੇ ਉਥੇ ਵੀ ਹਾਊਸ ਆਫ ਕਾਮਨਜ਼ ਤੇ ਹਾਊਸ ਆਫ ਲਾਰਡਜ਼ ਮੌਜੂਦ ਹਨ।

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਉਥੇ ਤਾਂ ਯੂਨੀਟਰੀ ਫਾਰਮ ਆਫ ਗੌਰਮਿੰਟ ਹੈ।

ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਠੀਕ ਹੀ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਪਾਰਟੀਕਲਰ ਆਦਮੀ ਦੀ ਪਾਰਟੀਕਲਰ ਸਟੇਜ ਤੇ ਜਾਕੇ ਹਰ ਖਤਾ ਮਾਫ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। (ਸ਼ੋਰ) ਤੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਹਾਊਸ ਆਫ ਕਾਮਨਜ਼ ਤੇ ਹਾਊਸ ਆਫ ਲਾਰਡਜ਼ ਵਿਚ ਕਲੈਸ਼ ਹੋਇਆ ਅਤੇ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟ ਨੇ ਉਥੇ 1911 ਵਿਚ ਇਕ ਐਕਟ ਪਾਸ ਕਰਕੇ ਹਾਊਸ ਆਫ ਲਾਰਡਜ਼ ਦੀਆਂ ਪਾਵਰਜ਼ ਕਰਟੇਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਲੇਕਿਨ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਫਿਰ ਵੀ ਨਹੀਂ ਖਤਮ ਕੀਤਾ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤੁਸੀਂ ਅਮਰੀਕਾ ਨੂੰ ਲੈ ਲਓ। ਉਥੇ ਵੀ ਹਰ ਸਟੇਟ ਵਿਚ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰਜ਼ ਹਨ। ਅਮਰੀਕਾ ਦਾ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਹੀ ਦੁਨੀਆਂ ਦੀ ਵਾਹਦ ਮਿਸਾਲ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਦਾ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਇਲੈਕਟਡ ਬਾਡੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਥੇ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਕਿਉਂ ਕਾਇਮ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ

ਉਹੋ ਚੀਜ਼ ਸਾਡੇ ਤੇ ਵੀ ਲਾਗੂ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਯੂ. ਐਸ. ਏ. ਦਾ ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਇਕ ਇੰਸੀਡੈਂਟ ਜੋ ਉਥੇ ਹੋਇਆ ਮੈਂ ਆਪਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਦਾ ਹਾਂ। ਉਸ ਨਾਲ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗ ਜਾਵੇਗਾ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਵੀ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਜਾਰਜ ਵਾਸ਼ਿੰਗਟਨ ਜੋ ਅਮਰੀਕਾ ਦੇ ਪਹਿਲੇ ਪਰੈਜ਼ੀਡੈਂਟ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਟਾਮਸ ਜੈਫਰਸਨ ਨੇ ਪੁਛਿਆ।

> "There is a tradition " he writes, " that Thomas Jefferson some two years later, upon his return from France, was protesting to Washington against the establishment of two houses in the legislature. The incident occurred at the break-fast table, and Washington asked ' why did you pour that coffee into your saucer ?' To cool it, ' replied Jefferson .' Even so, said Washington, ' We pour legislation into the senatorial saucer to cool it."

Deputy Speaker : Pl.ase w.nd up now.

ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਆਸਟਰੇਲੀਆ ਵਿਚ ਵੀ ਦੋ ਚੈਂਬਰ ਹਨ ਅਤੇ ਫਰਾਂਸ ਵਿਚ ਵੀ 1779 ਤੋਂ ਲੈਕੇ ਅਜ ਤਕ ਦੋ ਚੈਂਬਰ ਚਲੇ ਆ ਰਹੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਵਿਚ ਵਧੇਰੀਆਂ ਤਬਦੀਲੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਖਤਮ ਕੀਤਾ। ਜੇਕਰ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਉਹ ਖਤਮ ਕਰ ਸਕਦੇ ਸਨ। ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਹਮਣੇ ਬੈਠੇ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਦੋਸਤਾਂ ਨੂੰ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜੋ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਸਫੈਦ ਹਾਥੀ ਹੈ ਤੇ ਲਗਜ਼ਰੀ ਹੈ ਕਿ ਕੀ ਰੂਸ ਵਿਚ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਜੇਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਰੂਸ ਵਿਚ ਵੀ ਦੋ ਚੈਂਬਰਜ਼ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੋਵਾਂ ਹਾਊਸਿਜ਼ ਦੀਆਂ ਪਾਵਰਜ਼ ਬਿਲਕੁਲ ਇਕ ਜੈਸੀਆਂ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਪਰੋਵਾਈਡ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੋਵਾਂ ਹਾਊਸਿਜ਼ ਵਿਚ ਕਲੇਸ਼ ਹੋ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਇਕ ਕੰਸਿਲੀਏਟਰੀ ਕਮੇਟੀ ਬਣਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ............

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਸੀਂ ਬਾਹਰ ਦੇ ਦੇਸ਼ਾਂ ਦੀਆਂ ਗਲਾਂ ਨਾ ਕਰੋ। ਤੁਸੀਂ ਆਪਣੇ ਬਾਰੇ ਦਸੋ ਕਿ ਇਥੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਇਸਦੀ ਕਿਸ ਲਈ ਲੋੜ ਹੈ। (The hon. Member should not make references of other countries. He may express his views as to whether there should be a second chamber. here or not and what is its necessity.

ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਕਿਸੇ ਤੇ ਪਰਸਨਲ ਅਟੈਕ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਮੈਂ ਇਰਰੇਲੇਵੇਂਟ ਹੀ ਹਾਂ। ਤੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਦੁਨੀਆਂ ਦੇ ਸਾਰੇ ਦੇਸ਼ਾਂ ਵਿਚ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰਜ਼ ਐਗਜ਼ਿਸਟ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਕਈ ਦੇਸ਼ ਜੋ ਸਾਡੇ ਨਾਲੋਂ ਵੀ ਗਰੀਬ ਹਨ ਉਥੇ ਵੀ ਇਹ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰਜ਼ ਕਾਇਮ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਇਹ ਲਗਜ਼ਰੀ ਹੈ ਗਲਤ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਨ ਲਈ ਤਿੰਨ ਦਲੀਲਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤਿੰਨਾਂ ਦਾ ਹੀ ਜਵਾਬ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਪਹਿਲੀ ਦਲੀਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਦਿਤੀ ਹੈ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਅਨ-ਡੈਮੋਕਰੇਟਿਕ ਹੈ। ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਦਾ ਕਿਹੜਾ ਪਾਰਟ ਅਨ-ਡੈਮੋਕਰੇਟਿਕ ਹੈ। ਇਸ ਡੈਮੋਕਰੈਟਿਕ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦੇ ਚੁਣੇ ਹੋਏ 18 ਮੈਂਬਰ ਉਥੇ ਬੈਠਦੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਗਲਤ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਚੁਣ ਕੇ ਭੇਜਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਚ ਸਾਡਾ ਕਸੂਰ ਹੈ ਅਤੇ ਲਾ ਦਾ ਤਾਂ ਕੋਈ ਦੋਸ਼ ਨਹੀਂ। ਜੇਕਰ ਇਹ ਸੈਕੰਡ ਚੈਂਬਰ ਨਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਸਿਆਣੇ ਤੇ ਟੇਲੈਂਟਿਡ ਆਦਮੀ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਚੋਣਾਂ ਨਹੀਂ ਲੜ ਸਕਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਸੇਵਾਵਾਂ ਤੋਂ ਸਾਡਾ ਪੰਜਾਬ ਖਾਲੀ ਰਹਿ ਜਾਵੇਗਾ। ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਦੋਸਤਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਹ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਨਾ ਹੁੰਦਾ ਤਾਂ ਮਾਸਟਰ ਹਰੀ ਸਿੰਘ ਵਰਗੇ ਕਾਬਲ ਟੇਲੈਂਟਿਡ ਅਤੇ ਬੈਸਟ ਲੈਜਿਸਲੇਟਰ ਦੀਆਂ ਖਿਦਮਾਤ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਹਾਸਲ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੀਆਂ ਸਨ। ਫਿਰ 17 ਨੁਮਾਇੰਦੇ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਦੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਅਜ ਸਾਰੇ

[ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ]

ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਦਾ ਜਾਲ ਵਿਛਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਸਾਰੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਜਮਹੂਰੀ ਅਦਾਰੇ ਹਨ ਜੋ ਥੱਲੇ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਰਾਜ ਭਾਗ ਵਿਚ ਹਿਸਾ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਇੰਨ੍ਹਾਂ ਜਮਹੂਰੀ ਅਦਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਆਪਣੇ ਨੁਮਾਇੰਦੇ ਭੇਜਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਨਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਮੇਰਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਥੱਲੇ ਦੀ ਸਾਰੀ ਦੀ ਸਾਰੀ ਬਣਤਰ ਫੇਲ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ। ਫਿਰ ਜੋ ਚਾਰ ਨੁਮਾਇੰਦੇ ਟੀਚਰਜ਼ ਦੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਉਹ ਵੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹਨ। ਟੀਚਰਜ਼ ਤਾਂ ਸਾਡੀ ਕੌਮ ਦੇ ਬਿਲਡਰਜ਼ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹੀ ਸਾਡੀਆਂ ਆਉਣ ਵਾਲੀਆਂ ਨਸਲਾਂ ਨੂੰ ਬਣਾਉਣਾ ਹੈ। ਇਸੇ ਤਰਾਂ ਗਰੈਜੂਏਟਸ ਦੇ ਜੋ ਚਾਰ ਨੁਮਾਇੰਦੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਉਹ ਇੰਟੈਲੀਜੈਂਸ਼ੀਆ ਨੂੰ ਰਿਪਰੇਜ਼ੈਂਟ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਵਿਚ ਕਈ ਅਨਡੈਮੋਕਰੇਟਿਕ ਗਲ ਨਹੀਂ। 8 ਮੈਂਬਰ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨਾਮੀਨੇਟ ਕਰਦਾ ਹੈ। ।

It has been laid down that men of art, scientists and men of literature will be nominated by the Governor.

ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦਾ 5, 7 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਮਿਸਯੂਜ਼ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਸੀ। ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਅਜਿਹੇ ਮੈਂਬਰ ਚੁਣੇ ਗਏ ਜਿਹੜੇ ਲਿਟਰੇਚਰ ਦੇ ਮਾਅਨੇ ਭੀ ਨਾ ਸਮਝ ਸਕਣ। ਅਸੀਂ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਇਮਪਰੂਵ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਅਗਰ ਇਕ ਮਿੰਟ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੇ ਮੈਂਬਰ; ਦੀ ਗਲ ਮੰਨ ਵੀ ਲਈ ਜਾਵੇ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਖਤਮ ਕਰ ਦੇਵੋ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਨਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਭਾਈ ਵੀਰ ਸਿੰਘ, ਜੀ. ਐਸ. ਠਾਕੁਰ ਸਿੰਘ, ਰਾਮ ਚੰਦਰ ਜਾਂ ਭਾਈ ਜੋਧ ਸਿੰਘ ਜੈਸੇ ਕਾਬਿਲ ਲੋਕ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਕਿਵੇਂ ਆ ਸਕਦੇ ਸਨ। ਮੈਂ ਇਹ ਜਰੂਰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਲਈ ਚੰਗੇ ਅਤੇ ਸੁਲਝੇ ਹੋਏ ਮੈਂਬਰ ਨੌਮੀਨੇਟ ਕਰਨੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਅਨਡਿਜ਼ਾਇਰਡ ਪਰਸਨਜ਼ ਬਿਲਕੁਲ ਨਹੀਂ ਭੇਜੇ ਜਾਣੇ ਚਾਹੀਦੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਡਿਸਕਰੇਜ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਸਪੀਚ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਿਚ ਡੀਲੇ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਅਪਰ ਹਾਊਸ 10, 12 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਚਲਿਆ ਆ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਇਕ ਭੀ ਅਜਿਹੀ ਮਿਸਾਲ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀ ਜਿਥੇ ਕਿ ਕੋਈ ਕੰਮ ਵਿਚ ਡੀਲੇ ਹੋਈ ਹੋਵੇਗੀ। ਮਾਨਯੋਗ ਮੈਂਬਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰ ਦੇਵੋ। ਮੈਂ ਇਨਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦਾਂ ਭਾਰ ਆਮ ਜਨਤਾ ਉਤੇ ਨਹੀਂ ਪੈਂਦਾ, ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ 154 ਤੋਂ ਘਟਾਕੇ 80 ਜਾਂ 100 ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ? (ਵਿਘਨ)

ਮੈਂ ਦਾਵੇ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ 80 ਮੈਂਬਰ ਹੋਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਔਰ ਇਸ ਤਰਾਂ ਕਰਕੇ ਪੰਜਬ ਦੇ ਖਜ਼ਾਨੇ ਦੇ ਉਤੇ ਘੱਟ ਬੋਝ ਪਵੇਗਾ। (ਵਿਘਨ)

ਮੈਂ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦਾ 10 ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਵਧਾ ਕੇ 25 ਰੁਪਏ ਅਲਾਊਂਸ ਕਰ ਦਿਤਾ ਸੀ ਤਾਂ ਕਿਨੇ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਵਿਰੋਧ ਕੀਤਾ ਸੀ। ਕੀ ਅਲਾਊਂਸ ਦੇ ਵਧ ਜਾਣ ਦੇ ਕਾਰਨ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਐਕਸ ਚੈਕਰ ਉਤੇ ਬੋਝ ਘਟ ਗਿਆ ਸੀ ?

In the end I would say that the Upper House consists of men of ability and it represents Teachers and Graduates. I would, request Sardar Gurcharan Singh to either withdraw the Resolution or he knows the fate that it is going to meet.

ਕਾਮਰੇਡ ਭਾਨ ਸਿੰਘ ਭੌਰਾ (ਧੂਰੀ. ਐਸ. ਸੀ.) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ ਦੇ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਹੋਏ ਰਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਦੀ ਹਿਮਾਇਤ ਕਰਨ ਲਈ ਖੜਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਦੀ ਸਪੀਚ ਕਾਫੀ ਗੌਰ ਦੇ ਨਾਲ ਸੁਣੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਅਪਰ

ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਰੱਖਣ ਬਾਰੇ ਦਲੀਲਾਂ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਲਾਭਦਾਇਕ ਕਿਹਾ ਹੈ ਜਦੋਂ 1964 ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਾਥੀ ਸ੍ਰੀ ਮਿਹਰ ਚੰਦ ਅਹੂਜਾ ਹਾਰ ਗਏ ਸਨ ਤਾਂ ਉਸ ਵੇਲੇ ਕੁਝ ਹੋਰ ਦਲੀਲਾਂ ਦਿੰਦੇ ਸਨ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਦੇ ਖਿਆਲਾਂ ਨੂੰ ਹੁਣ ਭੁਲ ਚੁਕੇ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਰੂਲਿੰਗ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਧੜੇ ਵਿਚ ਆ ਚੁਕੇ ਹਨ। ਸ਼ਾਇਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਭੀ ਕੁਝ ਦਿਨਾਂ ਤਕ ਕੋਈ ਪੋਸਟ ਮਿਲ ਜਾਵੇ, ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਪੈਂਤਰਾ ਬਦਲ ਗਏ ਹਨ। 1949 ਵਿਚ ਜਦੋਂ ਕੰਸਟੀਚੂਐਂਸ ਅਸੈਂਬਲੀ ਨੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਕਰੀਏਟ ਕਰਨ ਦੀ ਹਿਮਾਇਤ ਕੀਤੀ ਸੀ ਉਸ ਵੇਲੇ ਦੇ ਕੁਝ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵੀ ਕੀਤੀ ਸੀ। ਪਰ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਆਨਰੇਬਲ ਮੈਂਬਰ ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਨੇ ਸਾਰੀ ਡਿਬੇਟਸ ਦਾ ਮੁਤਾਲਿਆ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਹੋਵੇਗਾ ਬਲਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਉਹੀ ਪਾਰਟ ਪੜ੍ਹਿਆ ਹੋਵੇਗਾ ਜਿਹੜਾ ਡਬਲ ਚੈਂਬਰ ਕਰੀਏਟ ਕਰਨ ਵੇਲੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੇ ਸਪੋਰਟ ਕਰਨ ਦਾ ਹੈ। ਉਸ ਕੰਸਟੀਚੂਐਂਟ ਅਸੈਂਬਲੀ ਵਿਚ KT.Shah, Hanumanthaya and Challihia ਭੀ ਮੈਂਬਰ ਸਨ। ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਸ੍ਰੀ ਹਨੂਮਾਨ ਥੋਈਆ ਨੂੰ ਰਿਫਾਰਮਜ਼ ਕਮਿਸ਼ਨ ਦਾ ਚੇਅਰਮੈਨ ਬਣਾਇਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਉਸ ਵੇਲੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਦੇ ਕਰੀਏਟ ਨਾ ਹੋਣ ਦੇ ਬਾਰੇ ਦਲੀਲਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਸਨ ਮੇਰਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਿਆਲਾਂ ਵਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ। ਇਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ ਕੇ. ਟੀ. ਸ਼ਾਹ ਨੇ ਜੋ ਕੁਝ ਕਿਹਾ ਸੀ ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪੜ੍ਹ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ..................

"where democracy is in working order as an effective machinery of Government the only use of Second Chamber is to delay or to obstruct legislation-popular will eventually to prevail."

ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਸਕੇ ਜਾਂ ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ ਪੜ੍ਹੀਆਂ ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੋਣਗੀਆਂ।

ਸ੍ਰੀ ਹਨੂਮਾਨ ਥੋਈਆ ਨੇ ਉਸ ਵੇਲੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਜਦੋਂ ਕਿਸੀ ਸਟੇਟ ਵਿਚ 2 ਹਾਊਸ ਹੋਣਗੇ ਅਤੇ ਰੂਲਿੰਗ ਪਾਰਟੀ ਦੀ ਮਜਾਰਟੀ ਹੋਵੇਗੀ ਤਾਂ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ

"Both Houses in majority—that decision will go through both the Houses."

ਉਸ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਦੀ ਕੋਈ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਬੰਗਾਲ ਦੀ ਆਨਰੇਰੀ ਲੇਡੀ ਮੈਂਬਰ ਰੇਣੂਕਾ ਨੇ ਜੋ ਕੰਸਟੀਚੂਐਂਟ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦੀ ਮੈਂਬਰ ਸੀ, ਇਹ ਵੀ ਕਾਂਗਰਸ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਨਾਲ ਸਬੰਧ ਰਖਦੀ ਸੀ, ਉਸ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ....

"......when there is a Governor in the province and a President at the Centre, who is empowered to send back the carelessly enacted bills for revision what is the fun of Second Chamber ?"

She further said —

"......We should get rid of as speedily as possible, not at the initiative of the votes of both Houses in the provinces but according to the desire of the Lower House Alone ."

ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜਦੋਂ ਲੋਅਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਲੈਜਿਸਲੇਸ਼ਨ ਹੈਸਟਿਲੀ ਪਾਸ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਕਾਫੀ ਸੰਜੀਦਗੀ ਦੇ ਨਾਲ ਕੰਸਿਡਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿਚ ਜੁਡੀਸ਼ਰੀ ਨੂੰ ਐਗਜ਼ਕਟਿਵ ਤੋਂ ਅਲਿਹਦਾ ਕਰਨ ਲਈ ਜਦੋਂ ਬਿਲ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਸੀ ਉਸ ਵੇਲੇ ਸਾਡੀ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਅਪੀਲ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਬਿਲ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਹੀ ਪਾਸ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਚੰਗੀ ਗਲ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ 2 ਅਕਤੂਬਰ ਨੂੰ ਮਹਾਤਮਾਂ ਗਾਂਧੀ ਜੀ ਦੇ ਜਨਮ ਦਿਨ ਤੇ ਇਹ ਕਾਨੂੰਨ ਲਾਗੂ ਕਰਨ ਲਈ ਐਲਾਨ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ।

[ਚੌਧਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ]

ਅਗਰ ਅਪੀਲਾਂ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਜਾਂ ਵ੍ਹਿਪਸ਼ ਇਸੂ ਕਰਕੇ ਹੀ ਲੈਜਿਸਲੇਸ਼ਨ ਪਾਸ ਕਰਨੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਹਾਉਸ ਦਾ ਕੀ ਲਾਭ ਹੈ ? ਚੌਧਰੀ ਦਰਸਨ ਸਿੰਘ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਚੰਗੇ ਆਦਮੀ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੇ । ਟੀਚਰਜ਼ ਆਪਣੇ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਚੁਣ ਕੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਭੇਜਦੇ ਸਨ ਪਰ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਅਧਿਕਾਰ ਨੂੰ ਟੀਚਰਾਂ ਕੋਲੋਂ ਖੋਹ ਰਹੀ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਟੀਚਰਜ਼ ਕੰਸਟੀਚੂਐਂਸੀ ਦੀ ਚੋਣ ਹੋਈ। ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੇ ਇਸ ਚੋਣ ਵਿਚ ਦਖਲ ਦਿਤਾ ਸੀ। ਟੀਚਰਾਂ ਦੇ ਅਸਲੀ ਨੁਮਾਇੰਦੇ ਨਹੀਂ ਚੁਣੇ ਜਾਂਦੇ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਤੋਂ ਅਫਸਰ ਭੇਜੇ ਗਏ ਤਾਂ ਕਿ ਉਹ ਟੀਚਰਜ਼ ਦੀ ਮੂਵਮੈਂਟ ਨੂੰ ਵਾਚ ਕਰ ਸਕਣ ਅਤੇ ਕਾਂਗਰਸ ਸਾਈਡਿਡ ਟੀਚਰਜ਼ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨ। 1962 ਵਿਚ ਇਕ ਲੰਮੀ ਚੌੜੀ ਲਿਸਟ ਤਿਆਰ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਜਦੋਂ ਚੋਣ ਹੋਣੇ ਸਨ ਉਸ ਵੇਲੇ ਆਖਰੀ ਦਿਨ ਤਕ ਭੀ ਚੰਡੀ-ਗੜ੍ਹ ਤੋਂ ਵੱਡੇ ਵੱਡੇ ਅਫਸਰ ਅਤੇ ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਅਫਸਰਜ਼ ਟੀਚਰਾਂ ਦੀ ਮੂਵਮੈਂਟ ਨੂੰ ਵਾਚ ਕਰਨ ਲਈ ਜਗ੍ਹਾ ਜਗ੍ਹਾ ਗਏ ਸਨ।

ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੁਲਾ ਕੇ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਕਾਰਾਂ ਲੈ ਕੇ ਜਾਓ ਅਤੇ ਟੀਚਰਜ਼ ਨੂੰ ਕਹੋ ਕਿ ਯੂਨਿਅਨ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦਿਆਂ ਨੂੰ ਵੋਟ ਨਾ ਪਾਓ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਯੂਨੀਅਨ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦਿਆਂ ਨੂੰ ਵੋਟ ਪਾਏ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਸਰਵਿਸਿਜ਼ ਟਰਮੀਨੇਟ ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਗਈਆਂ। ਕਈਆਂ ਨੂੰ ਚਾਰਜ ਸ਼ੀਟ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ ਬਹੁਤਿਆਂ ਨੂੰ ਨਾਰਨੌਲ ਜਿਹੀਆਂ ਦੂਰ ਦਰਾਜ਼ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਬਦਲ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਜੇ ਤਕ ਵਾਪਿਸ ਨਹੀਂ ਆਉਣ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਦਾ ਢੋਲ ਪਿਟਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਪਰ ਆਪ ਵੇਖ ਲਓ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਕੀ ਸਲੂਕ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਦੀਆਂ ਚੋਣਾਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ ਸਭ ਜਾਣਦੇ ਹਨ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਹੈਡ ਕੁਆਰਟਰਜ਼ ਤੇ ਜਾ ਕੇ ਬੈਠ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਗਲ ਕਹੋ ਜਾਂ ਇਹ ਗਲ ਕਹੋ। ਇਹ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਲੁਕੀ ਛਿਪੀ ਗਲ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਲਹਿਰਾਂ ਗਾਗਾ ਬਲਾਕ ਦੀ ਬਾਬਤ ਤੁਸੀਂ ਜਾਣਦੇ ਹੋਵੋਗੇ। ਉਥੇ ਮਨਿਸਟਰ ਨੇ ਜਾ ਕੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਫਲਾਣੇ ਆਦਮੀ ਦੇ ਨਾਲ ਜਾਣਾ ਹੈ ਅਤੇ ਫਲਾਣੇ ਦੇ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਜਾਣਾ। ਦੋ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਬਰਨਾਲੇ ਬੁਲਾਕੇ ਵਿਰੋਧੀ ਪਾਰਟੀ ਨਾਲੋ ਤੋੜਿਆ ਗਿਆ। ਇਹ ਸਭ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਲਈ ਵੋਟਾਂ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਵੀ ਇਹੋ ਕੁਝ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਦੀ ਬੜੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਚੁਣਿਆ ਹੋਇਆ ਇਹ ਹਾਊਸ ਜਨਤਾ ਦਾ ਭਲਾ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ ਤਾਂ ਉਹ 51 ਆਦਮੀ ਜਿਹੜੇ ਉਥੇ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਬੈਠੇ ਹਨ ਉਹ ਵੀ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਕੁਝ ਭਲਾ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਇਸ ਮਤੇ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਕੇ ਇਹ ਸਿਫਾਰਿਸ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਪਰ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਅਬਾਲਿਸ਼ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਸ ਵਾਧੂ ਖਰਚ ਨੂੰ ਉਥੋਂ ਬਚਾ ਕੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਭਲੇ ਲਈ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ।

चौधरी नेत राम (हिसार सदर) : आदरणीय डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज नान आफिशियल डे पर जो प्रस्ताव सरदार गुरचरन सिंह जी ने हाउस में पेश किया है उस का मकसद यही है कि जनता के साथ सीधा सम्पर्क रखने वाली बाडी कायम की जाए क्योंकि जनता के द्वारा न चुने जाने वाले अदारे सही तौर पर जनता की नुमाइंदगी नहीं कर सकते। उन को जनतन्त्रीय अदारे नहीं कहा जा सकता। जनता की सही तौर पर नुमाइंदगी वही अदारा कर सकता है जो कि जनता के द्वारा चुना गया हो। इस तरह का प्रस्ताव विधान सभा को पास कर के केन्द्रीय सरकार को भेजना चाहिये ताकि लोगों पर इस बात

का अच्छा असर पड़े। देश के अन्दर जितने भी सूबों में अपर हाउस बने हुए हैं उन सब में यह अबालिश होने चाहियें। राज्य सभा, विधान परिषद या जो ज़िला परिषद हैं या ब्लाक समितियां या पंचायत समितियां हैं यह सब इसी प्रकार के अदारे हैं और इन को बन्द करना चाहिये। मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए यह कहना चाहता हूं कि जिस अदारे के लिये जनता सही चुनाव या सीधा चुनाव नहीं करती वह जनता की रहनुमाई नहीं कर सकता। जिन लोगों को जनता पसंद नहीं करती, जिन को जनता ठुकरा देती है और अपना वोट नहीं देती उन को इस योग्य नहीं समझती उन्हीं लोगों को इन परिषदों में ला कर बैठा दिया जाता है। वे लोग कहते हैं कि देखो तुम ने हमें नहीं चुना लेकिन हम इस के बावजूद भी आ गए। यहां पर एक गांव की मिसाल दी गई है कि वहां के लोगों ने एक आदमी का साथ नहीं दिया लेकिन वह अपने पैसे के बल बूते पर दूसरे गांव से वोट ले कर नहीं बल्कि खरीद कर समिति का मैम्बर बन गया। यह गैर आइनी तरीका है। इस को बंद करने के लिये सर्व समिति से सदन को इस प्रस्ताव को पास करना चाहिए। इस के खिलाफ कई सज्जनों ने अपने अपने ढंग से तर्क दिये। अगर अंग्रेजी पढ़े लिखे आदमी केवल अंग्रेजी से जानकारी रखने को ही योग्यता समझते हैं तो मैं समझता हूं कि फिर यह विधान सभा के चुनाव भी बन्द कर दिये जाने चाहियें। इस देश के अंदर अंग्रेज़ी पढ़े लिखे बहुत से वकील हैं, उन को ही सारे अदारे सौंप देने चाहियें। वे लोग कानून को भी जानते हैं मुकदमों के अंदर हेरा फेरी करना भी उन को बहुत ज्यादा आता है। आप ऐसे ही लोगों को काबिल समझते हैं। लेकिन मैं ऐसे लोगों को काबिल नहीं समझता। मैं तो उन लोगों को काबिल समझता हूं जो कि इमानदार हों। हमारे देश के अंदर चालाक तबका सब अदारों पर काबिज़ हैं, वे इमानदार नहीं। वे लोग कहां पर ब्लैक करते हैं, कहीं पर रिश्वत चल रही है, कहीं पर स्मगलिंग हो रही है और इस प्रकार गरीबों को तबाह किया जा रहा है। कहीं पर मुज़ारों को उजाड़ा जा रहा है.......

उपाध्यक्ष : आप कोई बात अपर हाउस के बारे में भी कहें। (The hon Member should also say something about the Upper House)

चौधरी नेत राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अपर हाउस के बारे में ही कह रहा हूं। मैं यह कह रहा हूं कि यहां पर कितनी बार ज़मीन के बारे में कायदे और कानून पास कर के विधान परिषद को भेजे गए लेकिन फिर भी उन में आये दिन अदला बदली होती रही। अगर उन में काबलियत होती तो एक ही बार क्यों नहीं उन्होंने अच्छी तरह से छान बीन कर के सही कानून पास किया और अपनी छाप लगाई? उस में बार बार संशोधन करने की आवश्यकता क्यों पड़ी? इस लिये मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बात गलत है कहा जाता है कि वे लोग काबलियत के भंडार वहां पर बैठे हैं। अगर इमानदारी से उन को चुना जाता तो उन में हरिजन भी होते और उन में स्त्रियां भी आतीं, बहनें भी आतीं। उन में हरिजन नहीं हैं केवल ऊंची जाती के लोग हैं। यहां पर बहनों का जिक्र किया गया तो आप ने कहा कि बहनों का जिक्र न करो। क्या पंजाब में काबिल स्त्रियां नहीं हैं? क्या हरिजनों की स्त्रियां काबिल नहीं हैं? क्या पंजाब में खानाबदोशों की स्त्रियां काबिल नहीं हैं? अगर इमानदार लोग अपर हाउस में हों तो वे लोग इमानदारी से काम करें और उस का फायदा जनता को

[चौधरी नेत राम]

पहुंच सके। वहां पर तो चंद लोगों के चुने हुए नुमायंदे हैं जिन को जनता ने धुतकारा हुआ है, जिन को जनता ने ठोकर मार दी कांग्रेस के लोगों को, उन को वहां पर बैठा दिया गया है, यहां पर डाक्टर गोपी चन्द की मिसाल दी गई............(विघ्न).... वह चुनाव में खड़े हुए और अपनी ज़मानत उन्होंने ज़बत करवा ली (विघ्न)।

उपाध्यक्षा: मेम्बर साहिब को किसी का नाम नहीं लेना चाहिए।
(The hon. Member should not mention anybody by name.)

चौधरी नेत राम: मैं यह कह रहा हूं कि ऐसे आदमी को जिस की ज़मानत भी जब्त हो गई मिनिस्टर बना कर फिर जनता के सिर पर ठूंस दिया। (विघ्न) जब तक इमानदार आदमी आगे नहीं आएंगे उस वक्त तक गरीब जनता का दुख दूर नहीं हो सकता। हमारे देश में स्पेसीफीकेशन के मुताबिक काम नहीं होता। एक चालाक इंजीनीयर कहता है कि फलां जगह पर कच्चा कंकर भर दो तो दूसरा कहता है कि नहीं, पक्का भर दो; तीसरा चालाक आदमी कहता है कि कच्चा और पक्का दोनों मिला दो ताकि पता ही न लगे। क्या आप इसी बात को काबलियत कहते हैं? क्या आप के नुकता निगाह में जो आदमी सब से ज्यादा चालाक हो वही सब से ज्यादा काबिल होता है? मैं तो कहता हूं कि हमारे देश में मिलावट करने वाले या इस तरह की बेइमानी करने वाले को सब से ज्यादा सख्त सज़ा मिलनी चाहिए ताकि लोग मिलावट करने से बाज़ आएं। खाने वाली चीज़ों में मिलावट होने से बहुत से लोग उन को खा कर न सिर्फ बीमार ही हो जाते हैं बल्कि मर भी जाते हैं। लेकिन यहां पर काबिल उन लोगों को समझा जाता है जो चालाकी से परमिट हासिल करने वाले हों, चलाकी से कोटे हासिल करने वाले हों, चालाकी से लाइसेंस हासिल करने वाले हों। ऐसे चालाक लोग आज यहां कौंसिल के मेम्बर बन जाते हैं। उन के सिवाए यहां पर और कोई नहीं।

पीछे हमारे यहां सरदार प्रताप सिंह कैरों मुख्य मंत्री हुआ करते थे। उन दिनों उन्होंने कई कमेटियां बनाई। कई एडवाइजरी कमेटियां बनाई। सलाहकार कमेटियां बनाई। बिजिनेस कमेटी और दूसरी कमेटियां नियुक्त कीं। उसी तरह से आज भी नई नई किस्म की कमेटियां बनाई जा रही हैं और उन्हीं कुरप्ट लोगों को उन कमेटियों का चेयरमैन बनाया जाता है। हरियाणा के लिए विकास योजना बनाने के लिए, उस इलाके की तरक्की की बाबत सोचने के लिए भी एक कमेटी बनाई गई है। उस में भी वही लोग लिए गए हैं जिनकी जनता ने जमानत जब्त करवाई है, जिन को जनता का विश्वास प्राप्त नहीं है। उस के अन्दर न तो कोई स्त्री ही है और न कोई हरिजन, जिन में काबलियत है, जिन में इमानदारी है। लेकिन यहां पर भी चालाकी और बेईमानी को ही काबिलयत का मयार रखा गया है। मैं पूछता हूं कि जब आप ने चालाक और बेईमान आदमियों को ही हर जगह पर लाना है तो क्यों नहीं हकूमत की सारी बाजरे इस किस्म के लापढ़े हुए, चालाक और बेईमान लोगों के हाथ में देते (विघ्न)।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, आखिर चीन के हमले के वक्त नीफा और लादाख में जो हमारी बुरी हालत हुई वह क्यों हुई ? (घंटी) वह इस लिए कि सिपाहियों में से लफटीनैंट, कैप्टन, जरनैल, कर्नल आदि नहीं बनते बल्कि सीधे लाकर इन औहदों पर बैठाए जाते हैं। अंग्रेजी पढ़े लिखे छोकरों को, जिन को किसी चीज़ का कुछ पता नहीं होता वहां पर लगा दिया जाता है। इस का नतीजा यह हुआ कि जंग के वक्त अंग्रेजी पढ़े लिखे काबिलियत का मियार रखने वाले वह लोग वहां से भाग कर देहली में आ गए और सिपाहियों को वहां पर निहत्था छोड़ दिया गया। यही हालत यहां पर हमारे प्रशासन में है। (घंटी)।

उपाध्यक्षा : चौधरी साहिब, अब आप वाइंड अप करें। आप घंटी को भी नहीं सुनते। (The hon Member should please wind up now. He does not care for the bell even).

चौधरी नेत राम : बस, थोड़ा वक्त और लूंगा और जब आप हुकम करेंगी मैं बैठ जाऊंगा।

उपाध्यक्षा : आप अब कृपया समाप्त कर दें। (Please wind up now)

चौधरी नेत राम : बस थोड़ा सा समय और लूंगा। दो चार मिनट। तो मैं यह कह रहा था कि आज जो हर एक अदारे के अन्दर गलतियां होती हैं वह इस लिए होती हैं क्योंकि इमानदार आदमियों को और सही आदमियों को आगे नहीं लाया जाता। सिर्फ चालाक और बेइमान आदमियों के हाथ में ताकत सौंप दी जाती है। अगर पटवारी से कानूनगो, गिरदावर, नायब, तहसीदार तहसीलदार, माल अफसर, डिप्टी कमिशनर और कमिशनर बनें तो सब काम ठीक तरह से हो। मगर यहां पर अंग्रेजी पढ़े लिखे लड़कों को इन में लगा दिया जाता है। इस तरह से सब खराबियां होती हैं। यही हालत यहां पर अपर हाउस में है। यही वजह है कि जनता के साथ सही व्यवहार नहीं होता। इन हालात में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह प्रस्ताव बहुत बढ़िया है। इस रैज़ोल्यूशन का मकसद बहुत शानदार और सुन्दर है कि यह जो कुरप्शन का अड्डा बना हुआ है इस को खत्म कर दिया जाए। जैसे एक कांग्रेसी महोदय ने बोलते हुए कहा कि राज्यसभा में ऐसे आदमियों को भेजा गया, मैं समझता हूं कि अपर हाउस के अन्दर भी इस तरह के आदमियों की कोई जरूरत नहीं। अपर हाउस की कोई जरुरत नहीं। (घंटी)।

उपाध्यक्षा : कृपया अब बैठ जाइए और बाद में अपने आपोजीशन के साथियों से पूछना कि क्या आप वाकई रैजोल्यूशन पर बोले हैं या किस चीज पर। (The hon. Member may please resume his seat now and ask from his colleagues of the opposition afterwards as to whether he spoke on the Resolution or on something else.)

प्रिंसिपल रला राम (मुकेरियां) : उपाध्यक्षा महोदया, यह बहस बहुत पुरानी है और तकरीबन हर देश के अन्दर समय समय पर उठती रही है कि आया सैकंड

[प्रिंसिपल रला राम]

चैम्बर होना चाहिए या नहीं होना चाहिए। इसका कान्स्टीच्यूशनल पहलू भी है और दूसरा पहलू यह है कि यह संस्था हमारे राज्य में कामयाब रही है या नहीं रही और यह कि इस की जरुरत है या नहीं।

जहां तक अपर हाउस का ताल्लुक है यह उन्नीसवीं सदी में इंग्लिस्तान में और दूसरे देशों में बड़े जोर पर रहा। कुछ ऐसा समय आया जब कि इंग्लिस्तान में हाउस आफ कामन्ज़ और हाउस आफ लार्ड्ज़ में कुछ कुशीदगी पैदा हो गई। उस समय मिस्टर गलैडस्टोन, जो कि उन्नीसवीं सदी का सब से बड़ा प्राइम मिनिस्टर माना जाता है, ने कहा था :

> "if the House of Lords says ditto to what the House of Common says, then it is unnecessary and if it comes into clash with the House of Commons then it is undesirable."

ये दोनों बातें उन्होंने कहीं और किसी अंश में इन के अन्दर सच्चाई भी है। वह यह जानते थे और हम भी समझते हैं कि किसी भी देश के अन्दर एक हाउस ऐसा होता है और होना चाहिए कि जिस की आवाज सुप्रीम हो और अगर दूसरा हाउस उसके साथ कन्फलिक्ट मे आता है तो जो हाउस रिप्रिजैंटेटिव है, लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, उसकी आवाज प्रिवेल करनी चाहिए। इस असूल पर चलते हुए, हमने देखा है कि इंग्लिस्तान के अन्दर हाउस आफ लार्ड्ज की जो ताकतें हैं उसको हटाया नहीं जा सका लेकिन उन ताकतों को कम कर दिया गया। इस बात को बाद में गलैडस्टोन ने भी और दूसरे इंग्लैंड के बड़े बड़े स्टेट्समैन ने भी स्वीकार किया कि देश की राज्य बन्तर के अन्दर दूसरे हाउस को भी जरूरत है।

जब हम स्वतन्त्र हुए तो हमारे सामने दूसरे देशों की कई मिसालें थीं। कुदरती तौर पर हमें उन से सबक सीखना चाहिए था और मैं, उपाध्यक्षा महोदया, आप के द्वारा हाउस में यह बात निवेदन करना चाहता हूं कि जो हमारे विधान के बनाने वाले थे उन्होंने इस सम्बन्ध में किसी जल्दबाजी से काम नहीं लिया बल्कि बड़ी सोच विचार के बाद, दूसरे देशों में जो पुलिटिकल और लैजिस्लेटिव स्ट्रकचर है उसको देखने के बाद ही उन्होंने यह फैसला किया कि हमारे देश में मैजारिटी आफ दी स्टेट्स में दूसरा चेम्बर होना ही चाहिए और इन स्टेट्स में पंजाब भी एक राज्य है जिस में अपर हाउस बनाने का निश्चय किया गया था।

जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि यह फायदामन्द हो सका है या नहीं, मैं आप के द्वारा यह निवेदन करूंगा कि अब यह बात तकरीबन कान्ट्रोवर्सी या बहस से दूर जा चुकी है कि सैकंड चेम्बर फायदामन्द साबित होता है या नहीं। दुनिया में जितने बड़े बड़े प्रजातन्त्र देश हैं, जहां पर जम्हूरियत है, अगर हम उन को देखें तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि दूसरा चेम्बर, जिसे हम अंग्रेजी में कहते हैं, इट हैज कम टू स्टे। यह ठहरेगा और ठहरना चाहिए क्योंकि दुनिया में और तजरुबे ने इस बात को जाहिर कर दिया है कि सैकंड चेम्बर काफी यूज़फुल, काफी उपयोगी साबित होता है और उस के द्वारा पुलिटिकल स्ट्रकचर के अन्दर, देश के अन्दर राजनैतिक और दूसरे क्षेत्रों में फायदा पहुंचता है। इस लिए मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि इस वक्त यह ऐकेडैमिक डिबेट भी नहीं रही कि सैकेंड चेम्बर होना चाहिए या नहीं होना चाहिए।

यह कानसैन्सस ग्राफ उपीनियन है कि सैकंड चेम्बर बहुत लाभदायक है और इस को रिटेन किए रहना देश को उन्नति के रास्ते पर ले जाने के लिए एक बहुत उपयोगी बात सिद्ध हो सकती है। इस लिए हमारे देश के अन्दर हमारे विधान को बनाने वालों ने, मैं समझता हूं, बड़ी अकलमन्दी के साथ काम लिया जो पंजाब के अन्दर सैकंड चेम्बर स्थापित किया। मैं महसूस करता हूं कि इस चेम्बर को जारी रहना चाहिए। जैसा कि मेरे से पहले बोलने वाले कुछ सदस्यों ने बताया, यह चेम्बर इस लिए भी उपयोगी है कि किसी भी देश के अन्दर हेस्टी लैजिस्लेशन के रास्ते में रुकावट बनता है, उसे सही करने वाली एक एजंसी बन सकता है। यह ठीक है कि हमारे राज्य में अभी तक कोई ऐसी एमरजैंसी, कोई ऐसा संकट, कोई ऐसी स्थिति नहीं आई कि यह सैकंड चेम्बर ऐज ए कुरैक्टिव एजंसी इसके सामने आ सके। यह इतफाक की बात है कि ऐसी कोई घटना या स्थिति पैदा नहीं हुई............

(The hon. Member was still in possession of the House.)

उपाध्यक्षा : सदन शुक्रवार, 26 फरवरी, 1965 डेढ बजे बाद दुपहर तक स्थगित होता है। (The House stands adjourned till 1.30 p.m. on Friday, the 26th February, 1965.)

The Sabha then adjourned till 1.30 p.m. on Friday, the 26th February, 1965

2 p.m.

3885 पी वी एस–368–4-6-65—सी पी ऐंड ऐस चन्डीगढ़

APPENDIX

TO

P. V. S. DEBATE VOLUME I—NO. 3 DATED THE 25TH FEBRUARY, 1965.

Complaint against S.D.M. Thanesar, District Karnal

*7122, **Sardar Piara Singh** : Will the Chief Minister be pleased to state :—

(a) whether Government received in December, 1964 or January, 1965 any complaints from any M.L.A. of Karnal against the S.D.M. Thanesar, if so, their number and the action taken so in the matter.

(b) whether Goverement has also received any complaint from any Advocate of the said District against the S.D.M., if so, the action taken thereon ?

Shri Ram Kishan : (a) Yes. Three complaints were received. One has been filed and the other two are being looked into by the Commissioner, Ambala Division.

(b) Yes. Two complaints filed and the 3rd is being examined by the Deputy Commissioner, Karnal.

Sugarcane Crop in Ballabhgarh Tehsil

*7035. **Comrade Didar Singh** : Will the Minister for Home and Development be pleased to state whether it is a fact that about 75 per cent of the sugarcane crop in the Ballabhgarh tehsil has been badly affected by red-rot disease, if so, the extent of loss caused thereby and the steps taken so far to control the disease ?

Sardar Darbara Singh :

First Part : No.

Second Part : The damage to sugarcane crop by red-rot disease varies from 15 to 25 per cent in an area of 3300 acres.

Third Part : Preventive and control measures have been explained to the cultivators and disease free cane seed is being supplied to replace the existing cane.

3885 PVS—368—8-6-65 C.,P. and S. Pb. Chandigarh.

ਆਇਆ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਮਕਾਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਮਕਾਨ ਵੀ ਉਹੋ ਖਰੀਦ ਰਹੇ ਹਨ ਜਿਹੜਾ ਕਿ 1947 ਤੋਂ ਲੈਕੇ 1961 ਤਕ ਕਿਰਾਏ ਤੇ ਰੱਖਿਆ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਉਸ ਨੂੰ 1947 ਵਿਚ ਹੀ ਖਰੀਦ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਤਾਂ ਇਕ ਤਾਂ ਕਿਰਾਇਆ ਬਚ ਜਾਂਦਾ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ 60,000 ਵਾਲਾ ਮਕਾਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 25 ਜਾਂ 30 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਵਿਚ ਮਿਲ ਜਾਂਦਾ। ਕਿਰਾਇਆ ਵੀ ਬਚ ਜਾਂਦਾ ਅਤੇ ਮੁੱਲ ਵੀ ਇੰਨਾ ਨਾ ਦੇਣਾ ਪੈਂਦਾ। ਫਿਰ ਲੁਤਫ ਦੀ ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ 60 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦੀ ਸਕੀਮ ਵੀ ਅਜੇ ਪੀ. ਡਬਲਿਊ. ਡੀ. ਨੇ ਫਾਈਨਲਾਈਜ਼ ਕਰਨੀ ਹੈ ਅਤੇ ਮਨਜ਼ੂਰੀ ਇਹ ਪਹਿਲੇ ਹੀ ਲੈਣ ਲਗੇ ਹਨ। ਅਜੇ ਠੀਕ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਪਤਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਕਿੰਨਾ ਰੁਪਿਆ ਦੇਣਾ ਪਵੇਗਾ, ਕਿੰਨਾ ਖਰਚ ਆਉਣਾ ਹੈ ਕਿੰਨਾ ਨਹੀਂ ਆਉਣਾ। ਪਹਿਲੇ ਰੁਪਏ ਮੰਗਣ ਦੀ ਕੀ ਲੋੜ ਸੀ ? ਬਜਟ ਵਿਚ ਐਡਜਸਟਮੈਂਟ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਸੀ, ਫਿਰ ਸਪਲੀਮੈਂਟਰੀ ਬਜਟ ਵਿਚ ਵੀ ਐਡਜਸਟਮੈਂਟ ਹੋ ਸਕਦੀ ਸੀ, ਪਰ ਪਹਿਲੇ ਸਕੀਮ ਨੂੰ ਫਾਈਨਲਾਈਜ਼ ਤਾਂ ਕਰ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ। ਅੰਨ੍ਹੇ ਵਾਹ ਰੁਪਏ ਦੀ ਮਨਜ਼ੂਰੀ ਲੈ ਰਹੇ ਹਨ। ਦੂਸਰੀ ਤਰਫ ਖਜ਼ਾਨਾ ਮੰਤਰੀ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਕੁਝ ਮੰਗੋ ਤਾਂ ਸਹੀ ਪਰ ਲੋਕ ਨੰਗ ਮਲੰਗ ਫਿਰਦੇ ਹਨ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਉਹ ਮੈਮੋਰੈਂਡਮ ਨਹੀਂ ਪੜ੍ਹਦੇ, ਅਖਬਾਰਾਂ ਨਹੀਂ ਪੜ੍ਹਦੇ, ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੁਝ ਦਸਦੇ ਨਹੀਂ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਕੀ ਹੈ। ਕੱਲ੍ਹ ਬਾਹਰ ਕਹਿ ਰਹੇ ਸਨ ਕਿ ਉਹ ਟੀਚਰਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਧਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਸਨ, ਪਰ ਮੇਰੇ ਕੋਲੋਂ ਤਾਂ ਕੁਝ ਮੰਗਿਆ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਇਹ 60,000 ਦੀ ਸਕੀਮ ਅਜੇ ਪਾਸ ਨਹੀਂ ਹੋਈ। ਇਸ ਨੂੰ ਰੋਕ ਲਉ ਅਤੇ ਟੀਚਰਜ਼ ਨੂੰ ਕੁਝ ਦੇ ਦਿਉ। ਕਲ੍ਹ ਲੈਜਿਸਲੇਟਿਵ ਕੌਂਸਲ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਇਥੇ ਚਲ ਰਿਹਾ ਸੀ। ਉਸ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਉ। 50,000 ਰੁਪਿਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਹੋਰ ਮੰਗਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਵੀ ਬਚਾਉ ਅਤੇ ਟੀਚਰਜ਼ ਨੂੰ ਕੁਝ ਦੇ ਦਿਉ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਸੱਲੀ ਕਰੋ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਸ ਤੋਂ ਅਗੇ ਫੇਅਰ ਪ੍ਰਾਈਸ ਸ਼ਾਪਸ ਦੀ ਮੰਗ ਹੈ। ਸਭ ਜਗ੍ਹਾ ਤੇ ਹਨੇਰ ਖਾਤਾ ਬਣਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਜਦੋਂ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਗਲ ਕਰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਮੰਨਦੀ ਹੈ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ 80 ਫੀਸਦੀ ਤੋਂ ਵੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਆਬਾਦੀ ਵਸਦੀ ਹੈ। ਉਹ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਹਕੂਕ ਦੀ ਰਾਖੀ ਕਰਨੀ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਕੂਕ ਨੂੰ ਮਹਿਫੂਜ਼ ਕਰਨ ਲਈ ਬਹੁਤ ਕੁਝ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਪਰ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਤੁਸੀਂ ਫੇਅਰ ਪ੍ਰਾਈਸ ਸ਼ਾਪਸ ਦੀ ਹੀ ਗਲ ਲੈ ਲਉ। ਮਹਿੰਗਾਈ ਆਸਮਾਨ ਨੂੰ ਛੂਹ ਚੁਕੀ ਹੈ। ਕੀਮਤਾਂ ਛਾਲਾਂ ਮਾਰ ਮਾਰ ਉਤੇ ਚੜ੍ਹ ਰਹੀਆਂ ਹਨ, ਲੇਕਿਨ ਸਰਦਾਰ ਕਪੂਰ ਸਿੰਘ ਜੀ ਇਹ ਫੇਅਰ ਪ੍ਰਾਈਸ ਸ਼ਾਪਸ ਵੀ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਹੀ ਖੋਲ੍ਹਦੇ ਹਨ ਪਿੰਡਾਂ ਵਲ ਬਿਲਕੁਲ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਹੀ ਨਹੀਂ। ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਇਸ ਬਾਰੇ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਜੋ ਹਾਲਤ ਹੋਈ ਇਹ ਕਿਸੇ ਤੋਂ ਛੁਪੀ ਹੋਈ ਨਹੀਂ। ਸਾਰਾ ਦਿਨ ਲੋਕ ਕਤਾਰਾਂ ਵਿਚ ਖੜ੍ਹੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਔਰ ਸ਼ਾਮ ਨੂੰ ਦੁਕਾਨ ਵਾਲਾ ਲਿਖ ਕੇ ਦੁਕਾਨ ਦੇ ਬਾਹਰ ਫੱਟਾ ਲਟਕ ਦਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਆਟੇ ਦਾ ਸਟਾਕ ਮੁੱਕ ਗਿਆ ਹੈ। ਖੈਰ, ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਪਿੰਡਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਰਿਹਾ। ਇਸ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਨਿਤ ਖਾਣਪੀਣ ਦੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਦੇ ਡਿਪੋ ਦਿਹਾਤਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਖੋਲ੍ਹੇ। ਨਾਲ ਹੀ ਜਿਹੜਾ ਖੰਡ ਦੀ ਤਕਸੀਮ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਵਿਤਕਰਾ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਵੀ ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਕੋਈ ਇਕ ਮਿਕਦਾਰ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰ ਲਉ—ਤੁਹਾਡੇ ਕੋਲ ਘਟ ਚੀਨੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਮਿਕਦਾਰ ਘੱਟ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰ ਲਉ, ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਮਿਕਦਾਰ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰ ਲਉ, ਪਰ ਹਰ ਇਕ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਇਕੋ ਜਿਹਾ ਕੋਟਾ ਮਿਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਬੜੇ ਅਫਸੋਸ ਦੀ ਗਲ ਹੈ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਇਕ ਬੰਦੇ ਨੂੰ 200 ਗਰਾਮ ਵੀ ਖੰਡ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ ਪਰ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਫੀ ਜੀ ਇਕ ਕਿਲੋ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਹੈਰਾਨਗੀ ਦੀ ਗਲ ਹੈ ਕਿ ਇਤਨਾ ਥੋੜ੍ਹਾ ਕੋਟਾ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਪਿਛਲੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਪੇਂਡੂ ਲੋਕਾਂ ਉਤੇ ਖੰਡ ਦੀ ਬਲੈਕ ਕਰਨ ਦਾ ਇਲਜ਼ਾਮ

3.00 p.m.

ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ। ਦੋ ਚਾਰ ਮਹੀਨੇ ਹੋਏ ਲੋਕ ਸਭਾ ਵਿਚ ਖੁਰਾਕ ਦੇ ਮੰਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਸੀ. ਸੁਬਰਾਮਨੀਅਮ ਤੋਂ ਪੁਛਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਇਸ ਗਲ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਕਿ ਖੰਡ ਉਤੇ ਕੰਟਰੋਲ ਹੈ, ਇਸ ਦੀ ਬਲੈਕ ਕਿਉਂ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਵਸਣ ਵਾਲੇ ਲੋਕ ਹਨ ਉਹੀ ਖੰਡ ਨੂੰ ਬਲੈਕ ਵਿਚ ਵੇਚ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਤੁਸੀਂ ਹਿਸਾਬ ਲਗਾਉ ਕਿ ਮਿਲਦੀ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 200 ਜਾਂ 250 ਗਰਾਮ ਜੀ ਪਰਤੀ ਮਹੀਨੇ ਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਬਲੈਕ ਵਿਚ ਕਿਵੇਂ ਵੇਚ ਲੈਂਦੇ ਹੋਣਗੇ। ਅਸਲ ਵਿਚ ਬਲੈਕ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਹੋਰ ਲੋਕ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪਾਲਤੂ ਰਖੇ ਹੋਏ ਹਨ, ਕੋਆਪ੍ਰੇਟਿਵ ਸੁਸਾਇਟੀਆਂ ਵਿਚ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਬਹੁਤ ਥਾਈਂ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਕਾਰਡ ਬਣਾਏ ਹੋਏ ਹਨ। ਬੋਗਸ ਕਾਰਡਾਂ ਉਤੇ ਬੋਗਸ ਨਾਵਾਂ ਥੱਲੇ ਖੰਡ ਡਰਾ ਕਰ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਔਰ ਉਸ ਨੂੰ ਬਲੈਕ ਵਿਚ ਵੇਚਦੇ ਹਨ। ਬਦਨਾਮ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਵਿਚਾਰਾ ਪੇਂਡੂ। ਇਹ ਤਾਂ ਬਿਲਕੁਲ ਪੁੱਠੀ ਗਲ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਨੂੰ ਇਕ ਕਹਾਣੀ ਯਾਦ ਆ ਗਈ ਹੈ। ਕਿਸੇ ਦੀ ਘਰ ਵਾਲੀ ਲੜਦੀ ਰਹਿੰਦੀ ਸੀ......................

श्रीमती ओम प्रभा जैन : श्रान ए प्वायंट श्राफ श्रार्डर, मैडम। इन सप्लीमैंटरी ऐस्टीमेट्स पर श्रौर भी बहुत से मेम्बर बोलने वाले हैं। श्रागे तो श्राप ऐसे मौकों पर टाइम लिमिट मुकर्रर कर दिया करती थीं क्या श्राज कोई टाइम लिमिट मुकर्रर नहीं करेंगी ? (विघ्न)

उपाध्यक्षा : सब से पहिले तो श्राप के लिए करना कड़ेगा श्रौर फिर दूसरों के लिए करना कड़ेगा। (हंसी) कामरेड गुरबख्श सिंह जी, श्रब श्राप वाइंड श्रप करें श्रौर इस तरह श्रौरत वाली कहानी में न पड़ें। (First of all, I shall have to fix the time limit for the hon. lady Member and, then for other Members (*Laughter*). The hon. Member, Comrade Gurbakhash Singh, may please wind up now and avoid mentioning the story of a woman.)

ਕਾਮਰੇਡ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ ਧਾਲੀਵਾਲ : ਉਹ ਗੱਲ ਇਥੇ ਬਿਲਕੁਲ ਢੁਕਦੀ ਸੀ ਪਰ ਚੂੰਕਿ ਤੁਸਾਂ ਹੁਕਮ ਕੀਤਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਉਸ ਕਹਾਣੀ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ। ਪਰ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਪੁੱਠੇ ਪਾਸੇ ਹੀ ਚਲਦੀ ਹੈ। ਅਸਲੀ ਗੁਨਾਹਗਾਰਾਂ ਨੂੰ ਤਾਂ ਪਕੜਿਆ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ, ਬੇਗੁਨਾਹਾਂ ਉਤੇ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਗਾਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਕਿ ਉਹ ਖੰਡ ਦੀ ਬਲੈਕ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਪਿਛਲੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਅਖਬਾਰਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਇਕ ਖਬਰ ਛਪੀ ਸੀ ਕਿ ਕਿਵੇਂ ਜਾਲ੍ਹੀ ਕਾਰਡ ਬਣਵਾਏ ਹੋਏ ਹਨ। ਇਹ ਖਬਰ ਵੀ ਅਖਬਾਰਾਂ ਵਿਚ ਆਈ ਕਿ ਮਾਲੇਰਕੋਟਲੇ ਦੇ ਇਕ ਡੀ. ਐਸ. ਪੀ. ਨੇ ਅਪਣੇ ਇਕੋ ਘਰ ਵਾਸਤੇ ਦੋ ਰਾਸ਼ਨ ਕਾਰਡ ਬਣਵਾਏ ਹੋਏ ਸਨ। ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਉ ਕਿ ਇਕ ਪਾਸੇ ਪ੍ਰਿਵਿਲੇਜਡ ਪਰਸਨਜ਼ ਦੋ ਦੋ ਕਾਰਡ ਬਣਵਾਉਣ ਤੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਪੇਂਡੂਆਂ ਨੂੰ ਸ਼ਹਿਰੀਆਂ ਦੇ ਬਰਾਬਰ ਵੀ ਮਹੀਨੇ ਦੀ ਖੰਡ ਨਾ ਮਿਲੇ। ਔਰ ਫੇਰ ਜਿਹੜਾ ਜਾਅਲੀ ਕਾਰਡ ਬਣਵਾਇਆ ਹੋਇਆ ਸੀ ਉਸ ਦੀ ਕੋਈ ਇਨਕੁਆਇਰੀ ਨਹੀਂ ਹੋਈ, ਕੋਈ ਐਕਸ਼ਨ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਗਿਆ। (ਘੰਟੀ) ਸੋ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਔਰ ਮੈਂ ਆਪ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਸਰਕਾਰ ਪਾਸ ਬੇਨਤੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸ਼ਹਿਰੀ ਔਰ ਦੇਹਾਤੀ ਵਿਚ ਜਿਹੜਾ ਖੰਡ ਦੀ ਤਕਸੀਮ ਬਾਰੇ ਵਿਤਕਰਾ ਰਖਿਆ ਹਇਆ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ, ਇਕ ਹੋਰ ਨੁਕਤੇ ਉਤੇ ਆਪਣੇ ਵਿਚਾਰ ਰਖਕੇ ਮੈਂ ਸਮਾਪਤ ਕਰ ਦਿਆਂਗਾ। ਇਸੇ ਸਪਲੀਮੈਂਟਰੀ ਐਸਟੀਮੇਟਾਂ ਵਿਚ ਕੋਆਪਰੇਸ਼ਨ ਬਾਰੇ ਵੀ ਇਕ ਮੰਗ ਹੈ। ਉਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ

[ਕਾਮਰੇਡ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ ਧਾਲੀਵਾਲ]

ਹਾਂ । ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਕ ਸੋਸਾਇਟੀ ਬਾਰੇ ਤਿੰਨ ਮਹੀਨੇ ਹੋਏ ਲਿਖਕੇ ਮਨਿਸਟਰ ਇਨਚਾਰਜ ਨੂੰ, ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਭੇਜਿਆ, ਪੀ. ਏ. ਸੀ. ਰਾਹੀਂ ਏ. ਜੀ. ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਮੋਗੇ ਦੀ ਇਕ ਕੋਆਪ੍ਰੇਟਿਵ ਮਾਰਕਿਟਿੰਗ ਸੁਸਾਇਟੀ ਹੈ। ਉਸ ਸੁਸਾਇਟੀ ਨੇ ਅਜ ਤੋਂ 9/10 ਸਾਲ ਪਹਿਲੇ 16 ਕਮਰੇ ਅਪਣੀ ਹਦੂਦ ਵਿਚ ਬਣਾਏ। ਉਹ ਕਪਾਹ ਦੀ ਫੈਕਟਰੀ ਹੈ। ਉਸ ਵਿਚੋਂ 14 ਕਮਰੇ ਕਿਰਾਏਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਦੇ ਰਖੇ ਸਨ। ਉਥੋਂ ਦਾ ਮੈਨੇਜਰ ਉਸ ਦਾ ਕਿਰਾਇਆ ਅਪਨੀ ਜੇਬ ਵਿਚ ਪਾਂਦਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਫੈਕਟਰੀ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਵਿਚ ਜਾਂ ਮਾਰਕਿਟਿੰਗ ਸੁਸਾਈਟੀ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਵਿਚ ਕੋਈ ਪੈਸਾ ਜਮ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ । ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਦੇ ਇੰਟਰਨਲ ਆਡਿਟ ਨੇ ਆਬਜੈਕਸ਼ਨ ਦਿਤੇ ਲੇਕਿਨ ਕਈ ਮਹੀਨੇ ਹੋ ਗਏ ਹਨ, ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਉਸ ਉਤੇ ਕੋਈ ਐਕਸ਼ਨ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਔਰ ਜੇ ਕੋਈ ਐਕਸ਼ਨ ਲਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂਨੂੰ ਉਸ ਬਾਰੇ ਜਾਣੂ ਨਹੀਂ ਕਰਾਇਆ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਮੋਗਾ ਸੈਂਟਰਲ ਕੋਆਪ੍ਰੇਟਿਵ ਬੈਂਕ ਦਾ ਹਿਸਾਬ ਹੈ। 68,000 ਰੁਪਿਆ ਚੋਰੀ ਹੋ ਗਿਆ। ਤਿੰਨ ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। ਮੈਨੇਜਰ ਦੀ ਕੁੰਜੀ ਕੈਸ਼ੀਅਰ ਕੋਲ ਕਿਵੇਂ ਪੁੱਜੀ, ਦੋਵੇਂ ਕੁੰਜੀਆਂ ਕਿਵੇਂ ਰਲੀਆਂ, ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਕੋਈ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗਿਆ ? ਆਰਜ਼ੀ ਕਲਰਕ ਸੀ, ਕਿਸ ਨੇ ਉਸ ਨੂੰ ਐਪੁਆਇੰਟ ਕੀਤਾ, ਕਿਸ ਨੇ ਜ਼ਮਾਨਤ ਦਿੱਤੀ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਚੀਜ਼ ਤੇ ਰੋਸ਼ਨੀ ਨਹੀਂ ਪਾਈ ਜਾਂਦੀ। ਭਾਵ ਕਹਿਣ ਦਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਤੁਸਾਂ ਇਹ ਕੋਆਪਰੇਟਿਵ ਡਿਪਾਰਟਮੈਂਟ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਭਲੇ ਲਈ ਕਾਇਮ ਕੀਤਾ ਹੋਵੇਗਾ ਪਰ ਹੁਣ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਪਰਵਰਦਿਆਂ ਨੇ ਇਸ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਕਮਾਈ ਦਾ ਸਾਧਨ ਬਣਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ, ਕੋਈ ਪੁਛ ਪੜਤਾਲ ਨਹੀਂ। (ਘੰਟੀ) ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਹ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਆਉਣ ਵਾਲੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਸਪਸ਼ਟ ਤੌਰ ਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕਰੇ ਕਿ ਮਹਿੰਗਾਈ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦੇ ਲਈ, ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਖਾਣ ਪੀਣ ਦੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਠੀਕ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਪਹੁੰਚਾਉਣ ਲਈ ਸਟੇਟ ਟਰੇਡਿੰਗ ਦੇ ਕਦਮ ਚਕੇ। ਕੀਮਤਾਂ ਉਤੇ ਕਾਬੂ ਪਾਉਣ ਲਈ, ਫੌਰੀ ਰਿਲੀਫ ਦੇਣ ਖਾਤਰ ਜਿਥੇ ਜਿਥੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ 2,000 ਤਕ ਆਬਾਦੀ ਹੈ ਉਥੇ ਉਥੇ ਫੇਅਰ ਪ੍ਰਾਈਸ ਸ਼ਾਪਸ ਖੋਲ੍ਹੇ। ਜਿਹੜਾ ਫਲੱਡਜ਼ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੈ, ਇਸ ਨੂੰ ਵਾਰ ਲੈਵਲ ਉਤੇ ਟੈਕਲ ਕਰੇ। ਜਿਥੇ ਜਿਥੇ ਡਰੇਨਾਂ ਦਾ ਕੰਮ ਰੁਕਿਆ ਪਿਆ ਹੈ ਉਥੇ ਉਥੇ ਫੌਰਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਡਰੇਨਾਂ ਨੂੰ ਚਾਲੂ ਕਰੇ। ਜਿਹੜੀਆਂ ਡਰੇਨਾਂ ਦੀ ਐਲਾਈਨਮੈਂਟ ਖਰਾਬ ਹੋਈ ਹੋਈ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਫੌਰਨ ਦਰੁਸਤ ਕਰੇ । ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੁਖਤਲਿਫ ਕਮੇਟੀਆਂ ਵਿਚ ਵੀ ਬੜੀ ਸਰਗਰਮੀ ਨਾਲ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਫੌਰਨ ਫੈਸਲਾ ਕਰਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਡਰੇਨਾਂ ਦੀ ਖੁਦਵਾਈ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਵਾਈ ਜਾਵੇ। ਸਰਕਾਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਵੱਲ ਫੌਰੀ ਤੌਰ ਤੇ ਧਿਆਨ ਦੇਵੇ ਤਾਕਿ ਆਉਣ ਵਾਲੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਜਿਹੜਾ ਮਹਿੰਗਾਈ ਦਾ ਭੂਤ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਹੈ, ਉਸ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕੇ ਔਰ ਕਨਜ਼ਿਊਮਰ ਅਤੇ ਐਗਰੀਕਲਚਰਲ ਪ੍ਰੋਡਿਊਸਰ ਨੂੰ ਯੋਗ ਕੀਮਤਾਂ ਦਾ ਪਤਾ ਹੋਵੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਆਪ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

(At this stage, the Deputy Speaker Called upon Shri Amar Singh to speak)

श्री बलरामदास जी टंडन : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह बड़ी अजीब बात है कि जो आदमी आप की आई कैच नहीं करता आप उसी को बोलने के लिये कह रही हैं ।

चौधरी इन्दर सिंह मलिक : और जो बोलने के लिए खड़े होते हैं उन की तरफ आप का ध्यान नहीं जाता । (विघ्न)

उपाध्यक्षा : आप मेहरबानी करके तशरीफ रखिए । मैंने उन को काल अपान कर लिया है । (Please resume your seat. I have already called upon the hon. member.)

श्री बलराम जी दास टंडन : आन ए प्वायंट आफ आर्डर। मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि जो मेंबर साहिब चांस लेना नहीं चाहते, बोलने के लिये तैयार नहीं हैं क्या उन बैठे हुओं को भी आप बुलाना शुरू कर देंगी ?

श्री अमर सिंह : यह बात गलत है कि मैं बोलने के लिए तैयार नहीं, मैंने चिट भी भेजी हुई है और मैं आप की आई कैच करने के लिए खड़ा भी हुआ था (विघ्न)

ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ: ਤੁਸਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ [* * * *] ਖੜਾ ਕੀਤਾ ਹੈ।

(इस समय बहुत से माननीय सदस्य अपनी अपनी जगहों पर खड़े हो गए)

उपाध्यक्षा : क्या आप मुझे भी कुछ कहने देंगे या नहीं ? अगर आप ने इसी तरह से करना है तो मैं उधर जा बैठती हूं और आप इधर आ जाइए। (Will the hon. Members not allow me to speak ? If they continue to behave in this manner, then let me have my seat in the House and they may occupy this Chair).

श्री जगन्न नाथ : डिप्टी स्पीकर साहिबा, वह टाईम भी आ जाएगा।

श्री अमर सिंह (नारनौंद ऐस. सी.) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो आज सन् 1964-65 के लिए सप्लीमेंटरी ऐस्टीमेंट्स हाउस में ज़ेरे बहस हैं, उन को देखकर बड़ी हैरानी होती है कि इसमें जो एक 13,01,340 रुपये की रकम इरीगेशन के सिलसिले में मांगी गई है उस में से हांसी सब-डिविज़न के लिए सिर्फ 4,550 रुपए की रकम निकाली गई हैं ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हांसी तहसील बहुत सालों तक काटन प्रोडियूसिंग तहसील पुकारी जाती थी और हांसी काटन मार्किट के नाम से मशहूर रही है और साल 1956-57 में 5,50,597 मन कपास हांसी मण्डी में आई थी लेकिन 1956-57 के बाद उस इलाके को सेम ने घेर लिया है और उस तहसील का सारा इलाका वाटरलाग्ड हो गया है। उस सेम को दूर करने के लिये 1958-59 में एक एंटी-वाटर लागिंग स्कीम पर 14 लाख 87 हज़ार रुपए खर्च करने का फैसला किया गया था लेकिन, स्पीकर साहिब, आप सुन कर हैरान होंगे कि उस स्कीम के तहत राज थल से हांसी तक हिसार मेजर और पटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी के साथ साथ 75 मील लम्बी ड्रेन जो खोदी गई थी हालांकि उस ड्रेन की गहराई कुल डेड़ दो फुट है लेकिन उस ड्रेन में चार चार पांच पांच फुट लम्बा घास खड़ा हुआ है। उस ड्रेन की कभी सफाई नहीं की गई और न ही उस को और गहरा किया जा रहा है हालांकि मैं इस तरफ कई दफा सरकार का ध्यान दिला चुका हूं। इस ड्रेन में पानी रुक जाता है और उस की वजह से हर साल 34 गांव तबाह हो जाते हैं, लाखों रुपए की फसलें तबाह हो जाती हैं और लाखों रुपए सरकार को किसानों को ग्रांटें और तकावियां देने में खर्च करने पड़ते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ने पिछले सैशन में सरकार के सामने इस बारे में एक तजवीज़ रखी थी जो अब फिर रखता हूं और वह तजवीज़ यह है कि राजथल से हांसी तक हिसार मेजर और पठवार डिस्ट्रीब्यूटरी को पक्का कर दिया जाए। इस से उस

*Note.—Expunged as ordered by the Chair.

[श्री अमर सिंह]
इलाके में से सेम दूर हो सकती है और उस को फिर से खुशहाल बनाया जा सकता है। यदि इस तरह कर दिया जाए तो वह इलाका फिर से काटन ग्रोइंग इलाके के नाम से पुकारा जाने लगेगा । अगर सरकार हांसी को फिर से काटन की मार्किट बनाना चाहती है तो उसे लाज़मी तौर पर यह करना होगा। इस काम के लिये इन स्पलीमैंट्री डिमांड्ज़ में 4,550 रुपए की जो रकम रखी गई है, मैं समझता हूं कि यह थोड़ी है। इस सिलसिले में मैं अपने इरीगेशन मिनिस्टर साहब से भी कई बार मिला हूं और अब फिर आप की मारफत, डिप्टी स्पीकर साहिबा, अर्ज़ करता हूं कि इस रकम से वह काम होने वाला नहीं क्योंकि उस इलाके में से सेम को दूर करने के लिये यह निहायत ज़रूरी है कि राजथल से ले कर हांसी तक हिसार मेजर और पटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी नाम की दोनों नहरों को पक्का कर दिया जाए। अगर यह कर दिया गया तो सरकार को उन 6 पम्पिंग सेट्स पर जो इस काम के लिए दोनों नहरों पर वहां लगा रखे हुए हैं हर साल 63 हज़ार रुपया खर्च नहीं करना पड़ेगा जो अब इसे उन की मेन्टीनेंस पर करना पड़ रहा है। इस से इस का यह 63 हज़ार रुपया का सालाना खर्च बच जाएगा; दूसरा जो लाखों रुपए इसे फ्लड्ज़ से तबाह हुए लोगों को तकावियां और ग्रांटें देने पड़ते हैं वह बच जायेंगे और इस के साथ ही लोगों की लाखों रुपए की जो आए साल फसलें तबाह होती हैं वह बच जायेंगी। इस ड्रेन और इन नहरों के बनने से पहले वहां जो पानी बारिश का होता था वह जिधर उस का नेचुरल फलो होता था उधर बह जाता था लेकिन अब वह वहां इकट्ठा हो जाता है और 35 गांवों को तबाह करता है ।

दूसरा प्वायंट जो मैं हाउस में रखना चाहता हूं वह एजूकेशन के बारे में है, क्योंकि एजूकेशन के बगैर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, इनसान कुछ भी नहीं है। इस में 1,33,75,120 रुपए स्पलीमेंटट्री इस्टीमेटस में मांगे जा रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, विद्या ही रोशनी है और इस के बगैर इनसान अधूरा रहता है लेकिन मुझे यह दुख से कहना पड़ता है कि हमारे बैकवर्ड इलाके के लोगों से स्कूलों को अपग्रेड करने के लिये सरकार वहां, सायंस के कमरे और दूसरे बहुत सारे कमरे बनाने के लिये कहा जाता है और इस के साथ ही स्टाफ पर और फर्नीचर आदि पर खर्च करने के लिये कई हज़ार रुपए देने की शरत लगाई जाती है। लेकिन ऐसा करने पर भी स्कूलों को अपग्रेड नहीं किया जाता । मैं आप की मारफत हाउस से अर्ज़ करना चाहता हूं कि मेरी कानस्टीचूएंसी में तहसील हांसी में बहुत सी जगह ऐसी हैं जहां पर वहां के लोगों ने अपना और अपने बच्चों का पेट काट काट कर रुपए इकट्ठे कर के एक एक लाख रुपए से स्कूलों की बिल्डिंग्ज़ बनवाई है और सरकार के पास हज़ारों रुपए फर्नीचर और स्टाफ का खर्च पूरा करने के लिये जमा करा दिया हुआ है लेकिन इस के बावजूद वहां के स्कूलों को अपग्रेड नहीं किया जा रहा है । मिसाल के तौर पर एक खरक पुनिया गांव हैं, वहां के लोगों ने अपने स्कूल की बिल्डिंग पर डेढ़ दो लाख रुपए के करीब चन्दा इकट्ठा कर के खर्च कर के जहां 14 कमरे बनवा दिये हैं और वह पहले साल का टीचर्ज़ का खर्च और फर्नीचर आदि का खर्च भी देने का तैयार हैं लेकिन फिर भी यह सरकार उस बैकवर्ड इलाके के उस स्कूल को अपग्रेड करने के लिये तैयार

नहीं हुई । इसी तरह से जमाड़ी गांव है जो वाटरलाग्ड एरिया में वाकिया है और चारों तरफ से सेम के पानी से घिरा हुआ है। हालांकि वहां सेम की वजह से कुछ पैदावार नहीं होती और वहां के लोगों की हालत बड़ी खस्ता है लेकिन फिर भी वहां के लोगों ने अपना और अपने बच्चों का पेट काट काट कर लाखों रुपए इकट्ठे कर के वहां स्कूल की बिल्डिंग बनाई है और सरकार के पास रुपए जमा करने के लिये भी तैयार है लेकिन अभी तक वहां के मिडल स्कूल को हाई स्कूल नहीं बनाया जा रहा हालांकि वहां जब मिनिस्टर साहब गए थे तो जल्सा भी किया गया था। मैं इस बारे में इस लिये कह रहा हूं क्योंकि पिछला साल तो इसी तरह निकल गया, इस लिये मुझे डर है कि कहीं यह साल भी उसी तरह से न निकल जाए और उस स्कूल को अपग्रेड न किया जाए क्योंकि अब वक्त अपग्रेड करने का आ गया है ।

ऐसे ही, डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक पुठी गांव है जिस के आठ आठ दस दस मील के फासले से कम पर कोई हाई स्कूल नहीं है। वहां तीन बार तो मिनिस्टर साहब उस स्कूल की बिल्डिंग का फाउंडेशन स्टोन रख आए हैं लेकिन अभी तक उस स्कूल को अपग्रेड नहीं किया जा रहा है। मुझे यह कहने में दुख होता है कि प्रान्त की दूसरी तरफ यानी जालंधर, अमृतसर की तरफ तो सरकार अपने पास से खर्च कर के स्कूलों को अपग्रेड करती रही है और कर रही है और नए स्कूल खोलती है लेकिन हमारी तरफ जहां लोग अपने पास से खर्च कर के बिल्डिंज़ बना देते हैं और एक साल तक का हर किस्म का खर्च यानी स्टाफ का खर्च और फर्नीचर आदि का खर्च करने को तैयार हैं वहां फिर भी सरकार उन के स्कूलों को अपग्रेड नहीं कर रही ।

फिर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, हांसी तहसील की लगभग तीन चार लाख की आबादी है, वहां जहां हाई स्कूलों की कमी है वहां एक भी कालेज नहीं है। हमारे देश के भूतपूर्व प्रधान मन्त्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल जी नेहरू की मृत्यु के बाद वहां उन के नाम पर कालेज खोलने के लिए एक दानी वीर ने साढ़े बारह एकड़ ज़मीन दी है जिस की कीमत वहां की मार्किट की क़ीमत को देख कर अन्दाज़ा लगाया जाए तो दो या तीन लाख रुपए से कम नहीं बनती। लेकिन इस के बावजूद भी सरकार वहां कालेज खोलने के लिए तैयार नहीं हुई है हालांकि यह कालिज स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल की याद में खोला जाना है ।

बाबू बचन सिंह : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मेडम, में पूछना चाहता हूं कि जो स्पीच माननीय मैम्बर कर रहे हैं क्या यह स्पलीमेंट्री डीमांड पर कर रहे हैं या जनरल बजट पर कर रहे हैं या गवर्नर एड्रेस पर कर रहे हैं। इन डिमांड्ज़ में कहां इस कालेज का ज़िक्र है जिस का यह ज़िक्र कर रहे हैं ।

उपाध्यक्षा : बाबू जी, इन्हें बोललेने दें। हर कोई अपनी समझ के मुताबिक ही बोलता है । (I would ask Baboo Bachan Singh to let the hon. member speak. Every body speaks according to his ability.)

बाबू बचन सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह गलत बात कर रहे हैं क्योंकि सप्लीमेंट्री एस्टीमेट्स पर किसी सपेसेफिक डिमांड पर ही बोला जा सकता है।

श्री अमर सिंह : बाबू जी, मैं डिमांड नं० 5 पर बोल रहा हूं। जब मैं लुधियाना और जालंधर की बात करता हूं तो आप नाराज़ होने लग गए हैं।

Deputy Speaker: Ord.r please.

चौधरी अमर सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप के ज़रिए मिनिस्टर साहब से अर्ज़ करना चाहता हूं कि एक तरफ तो सरकार अपने पास से खर्च कर के स्कूल खोल रही है और दूसरी तरफ लोग अपने पास से पैसे इकट्ठे कर के बिल्डिंग बनाते हैं और पहले खर्च करने के लिये तैयार है, वहां यह उन के स्कूलों को अपग्रेड नहीं कर रही है। इस लिये वह अब इस बात का ख्याल रखें कि जहां जरूरत है वहां पर बैकवर्डनैस को दूर करने या वाटर लौगिंग के दूर करने या ड्रेन बनाने के लिये उचित कार्यवाही की जाए। यही मेरी सरकार से आप के ज़रिये दरखास्त है।

ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ (ਸਿਧਵਾਂਬੇਟ, ਐਸ. ਸੀ.) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਮਿਸਲੇਨੀਅਸ ਡਿਮਾਂਡ ਨੰਬਰ 13 ਬਾਰੇ, ਜਿਸ ਬਾਰੇ ਕਿ ਮੇਰੀ ਇਕ ਕਟਮੋਸ਼ਨ ਵੀ ਹੈ, ਕੁਝ ਕਹਿਣਾ ਹੈ। ਉਸ ਵਿਚ ਕੁਝ ਰੁਪਿਆ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇਣ ਲਈ ਮੰਗਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਹਰੀਜਨ ਅਪਲਿਫਟ ਫੰਡ ਵਿਚੋਂ। ਸਟੇਟ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਈਵੈਕੁਈ ਲੈਂਡ ਸੈਂਟ੍ਰਲ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਤੋਂ ਪੰਜ ਰੁਪਏ ਜਾਂ 205 ਰੁਪਏ ਜਾਂ 405 ਰੁਪਏ ਫੀ ਏਕੜ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਲਈ ਉਹ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਨੀਲਾਮੀ ਰਾਹੀਂ ਦਿਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਜਿਹੜਾ ਸਭ ਤੋਂ ਵਧ ਬਿਡ ਦੇਵੇ ਲੈ ਜਾਵੇ। ਐਸੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ 5,000 ਰੁਪਏ ਬਤੌਰ ਲੋਨ ਹਰੀਜਨ ਫੰਡ ਵਿਚੋਂ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਵਿਚ ਕੋਈ ਤਬਦੀਲੀ ਆਈ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਕਿਸੇ ਸਿੰਘ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਹੋਵੇ ਤੇ ਭਾਵੇਂ ਕਿਸੇ ਕਿਸ਼ਨ ਦੀ ਹੋਵੇ। ਇਸ ਕਾਂਗਰਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕਦੇ ਵੀ ਦਿਲੋਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਮੈਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਇਹ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਗਾਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹੀਂ ਸਗੋਂ ਭੁਖਮਰੀ ਅਤੇ ਗਰੀਬੀ ਵੰਡ ਰਹੀ ਹੈ। ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਜਿਸ ਨੂੰ ਕੋਈ 200 ਰੁਪਏ ਫੀ ਏਕੜ ਲੈਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਜੋ 8—10 ਸਾਲ ਤੋਂ ਵਿਹਲੀ ਪਈ ਹੈ ਉਹ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹੰਗਰ ਫਾਰ ਲੈਂਡ ਕਰਕੇ 5,000 ਰੁਪਏ ਤੇ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਪੁੱਛਦਾ ਹਾਂ ਜੋ ਹਰੀਜਨ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੋ ਤਿੰਨ ਕਿੱਲੇ ਜ਼ਮੀਨ ਲਵੇਗਾ ਉਸ ਤੋਂ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣਾ ਕਰਜ਼ਾ ਕਿਵੇਂ ਵਸੂਲ ਕਰੇਗੀ ? ਹੋਵੇਗਾ ਇਹ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜੇਲ੍ਹ ਵਿਚ ਸੁੱਟਿਆ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਜ਼ਮੀਨ ਵੀ ਜ਼ਬਤ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ। ਰੀਪਬਲੀਕਨ ਪਾਰਟੀ ਨੇ ਐਜੀਟੇਸ਼ਨ ਕੀਤੀ। ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਇਸ ਮਿਨਿਸਟਰੀ ਨੇ ਹਲਫ ਲਿਆ ਤਾਂ ਚੀਫ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਸਾਨੂੰ ਚਿਠੀ ਲਿਖੀ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਐਜੀਟੇਸ਼ਨ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਉ ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੀਆਂ ਡੀਮਾਂਡਜ਼ ਪੂਰੀਆਂ ਕਰਨ ਦੇ ਹੁਕਮ ਕਰ ਦਿਆਂਗਾ ਕਿ ਵੇਸਟ ਲੈਂਡ ਹਰੀਜਨਾਂ ਵਿਚ ਵੰਡੀ ਜਾਵੇ। ਅਜ ਸਰਕਾਰ ਮਨਾਫਾ ਖੋਰੀ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਦੋ ਸੌ ਰੁਪਏ ਵਾਲੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਨੂੰ ਦੇ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਹ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਹਮਦਰਦੀ ਦੇ ਨਾਅਰੇ ਲਾਉਣ ਵਾਲੀ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਬੇੜਾ ਗਰਕ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਸ ਜ਼ਮੀਨ ਵਿਚ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਵੀ ਹੈ ਜੋ ਦਰਿਆ ਬੁਰਦ ਹੈ। ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਰਿਕਾਰਡ ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿਖਾ ਦਿਤੀ ਪਰ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਲਭਦੀ ਹੀ ਨਹੀਂ। ਫਿਰ 5,000 ਰੁਪਏ ਤੱਕ ਦੀ ਬੋਲੀ ਤਾਂ ਕਰਜ਼ੇ ਨਾਲ ਕਵਰ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ ਪਰ ਜੇ 200 ਰੁਪਏ ਵੀ ਬੋਲੀ ਉਪਰ ਚਲੀ ਗਈ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਰੁਪਿਆ ਉਸੇ ਵੇਲੇ ਦੇਣਾ ਪਵੇਗਾ। ਹੁੰਦਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਕਿਸੇ ਹਰੀਜਨ ਨੂੰ

ਨਾਲ ਲੈ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਬੋਲੀ 5 ਹਜ਼ਾਰ ਤੋਂ ਦੋ ਚਾਰ ਸੋ ਉਪਰ ਤੇ ਤੁੜਵਾ ਦਿੰਦਾ ਹੈ । ਹੁਣ ਹਰੀਜਨ ਤਾਂ ਇਹ ਥੋੜ੍ਹਾ ਜਿਹਾ ਪੈਸਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦਾ, ਸੋ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਉਸ ਨੂੰ ਐਕਸਪਲਾਇਟ ਕਰਦਾ ਹੈ । ਉਸ ਨੂੰ ਅੱਧੀ ਪ੍ਰੋਡਿਊਸ ਦੇਣ ਲਈ ਮਜਬੂਰ ਕਰਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਸ ਵਿਚ ਹਿੱਸਾ ਪਾ ਲੈਂਦਾ ਹੈ । ਤੁਸੀਂ ਦੇਖੋਗੇ ਕਿ ਅਜਿਹੇ ਹਰੀਜਨ 5—7 ਸਾਲਾਂ ਮਗਰੋਂ ਜੇਲ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਹੋਣਗੇ ਅਤੇ ਜ਼ਮੀਨ ਜਾਂ ਸਰਕਾਰ ਪਾਸ ਹੋਵੇਗੀ ਜਾਂ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਪਾਸ । ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਅਗਰ ਈਮਾਨਦਾਰ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਜਿਥੇ ਜ਼ਮੀਨ ਹੁੰਦੀ ਉਥੇ ਖੇਤੀ ਦੇ ਚਾਹਵਾਨ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਘਟ ਹੋਣ ਦੀ ਸੂਰਤ ਵਿਚ ਪਰਚੀ ਪਾ ਲੈਂਦੀ ਅਤੇ ਲਾਟਰੀ ਰਾਹੀਂ 5—7 ਕਿੱਲੇ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਰਿਜ਼ਰਵ ਪ੍ਰਾਈਸ ਤੇ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਦਿੰਦੀ । ਇਹ ਤਾਂ ਤਰੀਕਾ ਸੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਗਰੀਬਾਂ ਦਾ ਭਲਾ ਕਰਨ ਦਾ ਪਰ ਇਹ ਤਾਂ ਤੁਲੇ ਹੋਏ ਹਨ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਮੁਨਾਫਾਖੋਰੀ ਕਰਨ ਤੇ । ਪਿਛਲੀ ਵਾਰੀ ਮੇਰੇ ਸਵਾਲ ਪੁੱਛਣ ਤੇ ਭਲਾਈ ਮੰਤ੍ਰੀ ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਕਿ ਇਹ ਮੁਨਾਫਾ ਵੀ ਤਾਂ ਹਰੀਜਨ ਫੰਡ ਵਿਚ ਹੀ ਜਾਣਾ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹਰੀਜਨ ਕਲਿਆਣ ਟੈਕਸ ਲਾ ਕੇ ਪੇਂਡੂ ਅਤੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਹਰੀਜਨ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਨਫਰਤ ਪੈਦਾ ਕਰ ਦਿੱਤੀ, ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਟੈਕਸ ਲਾਕੇ । ਸਰਕਾਰ ਦੱਸੇ ਉਸ ਨਾਲ ਕੀ ਭਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ । ਇਹ ਵੀ ਜੋ ਹੈ ਇਹ ਵੀ ਮਿਸਯੂਜ਼ ਹੈ ਇਸ ਸਪੈਸ਼ਲ ਫੰਡ ਦਾ ।

ਫਿਰ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਡੀਮਾਂਡ ਨੰਬਰ 6 ਵਿਚ ਸੇਲ ਆਫ ਇੰਪਰੂਵਡ ਸੀਡਜ਼ ਬਾਰੇ ਕਿਹਾ ਹੈ । ਇਹ ਵੀ ਇਕ ਢੌਂਗ ਹੈ । ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਵਿਚ ਵੀ ਮਨਾਫਾਖੋਰੀ ਕਰਦੀ ਹੈ । ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ 45 ਜਾਂ 48 ਰੁਪਏ ਫੀ ਕੁਵਿੰਟਲ ਕਣਕ ਵੇਚਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ 78 ਰੁ० ਕਵਿੰਟਲ ਸੀਡ ਦਿੰਦੀ ਹੈ । ਕੀ ਇਹੀ ਤਰੀਕਾ ਹੈ ਪ੍ਰੋਡਕਸ਼ਨ ਵਧਾਉਣ ਦਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਮਨਾਫਾਖੋਰੀ ਕਰੇ, ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਨੂੰ ਲੁਟੇ ? ਲੁਧਿਆਣਾ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਪਰੀਸ਼ਦ ਦੀ ਮੀਟਿੰਗ ਵਿਚ ਅਤੇ ਐਡਮਿਨਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਦੀ ਕਮੇਟੀ ਵਿਚ ਇਸ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਡੀ. ਏ. ਓ. ਤੋਂ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਇਹ ਦੱਸੋ ਕਿ ਇਹ ਭਾਅ ਕਿਉਂ ਮਹਿੰਗਾ ਰਖਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਸਟੋਰਿੰਗ ਤੇ ਇਤਨੀ ਲਾਗਤ ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਪਰ ਹਿਸਾਬ ਕਿਤਾਬ ਤੋਂ ਪਤਾ ਲਗਾ ਕਿ ਸਭ ਕੁਝ ਮਿਲਾ ਕੇ 5 ਰੁਪਏ ਫੀ ਕਵਿੰਟਲ ਸਟੋਰੇਜ ਤੇ ਖਰਚ ਆਉਂਦਾ ਹੈ । ਸਰਕਾਰ ਦੁਗਣੇ ਭਾਅ ਤੇ ਵੇਚਦੀ ਹੈ । ਹੋਣਾ ਇਹ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ 'ਨੋ ਪ੍ਰਾਫਿਟ ਨੋ ਲਾਸ' ਬੇਸਿਜ਼ ਤੇ ਸੀਡ ਵੇਚਿਆ ਜਾਵੇ । ਫਿਰ ਇਹ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ; ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਨੂੰ ਬਿਜਾਈ ਕਰਨ ਦੇ 15 ਦਿਨ ਮਗਰੋਂ ਪਤਾ ਚਲਦਾ ਹੈ ਕਿ ਫਲਾਨੇ ਸਟੋਰ ਤੇ ਚੰਗਾ ਬੀਜ ਮਿਲਦਾ ਹੈ । ਜਿਸ ਗੱਲ ਦਾ ਬਿਜਾਈ ਤੋਂ 15—20 ਦਿਨ ਪਹਿਲਾਂ ਪਤਾ ਲਗਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਉਸ ਦਾ ਬਿਜਾਈ ਤੋਂ 15—20 ਦਿਨ ਮਗਰੋਂ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ।

ਫਿਰ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਕ ਆਈਟਮ ਹੈ 'ਗ੍ਰਾਂਟ ਇਨ ਏਡ ਟੂ ਦੀ ਪੰਜਾਬ ਐਗ੍ਰੀਕਲਚਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ' । ਇਸ ਮਦ ਬਾਰੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਰਕਮਾਂ ਜਨਰਲ ਬਜਟ ਵਿਚ ਵੀ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਸਨ ਅਤੇ ਇਹ ਰਕਮ ਵੀ ਜਨਰਲ ਬਜਟ ਵਿਚ ਆ ਸਕਦੀ ਸੀ । ਨਿਊ ਸਕੀਮਜ਼ ਬਾਰੇ ਐਸ਼ੋਰੈਂਸ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਸੀ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜਨਰਲ ਬਜਟ ਵਿਚ ਇਨਕਲੂਡ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਪਰ ਇਸ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ।

ਫਿਰ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਹ ਐਗਰੀਕਲਚਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਅਤੇ ਦੂਜੀਆਂ ਅਟਾਨੋਮਸ ਬਾਡੀਆਂ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਹੁਕਮ ਨਹੀਂ ਮੰਨਦੀਆਂ । ਇਹ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਇਨਸਟ੍ਰਕਸ਼ਨਜ਼ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੰਨਣੀਆਂ ਪੈਂਦੀਆਂ ਹਨ ਪਰ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ । ਮੈਂ ਮਿਸਾਲ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ । ਸਟੇਟ ਇਲੈਕਟ੍ਰਿਸਿਟੀ ਬੋਰਡ ਅਤੇ ਦੂਜੀਆਂ ਅਟਾਨੋਮਸ ਬਾਡੀਜ਼ ਨੇ ਸਰਵਿਸਿਜ਼ ਅੰਦਰ ਅਤੇ

[ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ]

ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਪ੍ਰੋਮੋਸ਼ਨਾਂ ਅੰਦਰ ਰਿਜ਼ਰਵੇਸ਼ਨ ਬਾਰੇ ਹੁਕਮਾਂ ਨੂੰ ਫਾੜ ਕੇ ਸੁਟ ਦਿਤਾ ਹੈ, ਜਿਵੇਂ ਕਿਤੇ ਕਿਸੇ ਪਨਵਾੜੀ ਦੀ ਦੁਕਾਨ ਤੋਂ ਕਾਗਜ਼ ਆਇਆ ਸੀ। ਸਰਕਾਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਤਨਾ ਰੁਪਿਆ ਦਿੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਕੰਮ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਇਹ ਬਾਡੀਜ਼ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਫੈਸਲਿਆਂ ਨੂੰ ਇੰਪਲੀਮੈਂਟ ਕਰਨ। ਨਾਲ ਹੀ ਨਾਲ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਖਿਆਲ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਜਿੰਨੇ ਫੈਸਲੇ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇੰਪਲੀਮੈਂਟੇਸ਼ਨ ਇਹ ਅਟਾਨੋਮਸ ਬਾਡੀਜ਼ ਕਰਨ। ਮੈਂ ਇਸ ਗਲ ਤੇ ਦੋਬਾਰਾ ਜ਼ੋਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਐਗਰੀਕਲਚਰ ਯੂਨੀਵਰਸਟੀ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਗਰਾਂਟ ਦਿੰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਸੈਂਟਰ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਵੀ ਗਰਾਂਟ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ, ਫਿਰ ਕੀ ਕਾਰਨ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਫਸਲਿਆਂ ਨੂੰ ਇਹ ਇੰਪਲੀਮੈਂਟ ਨਾ ਕਰਨ ? ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ ਸੈਂਟਰਲ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਰੀਜ਼ਰਵੇਸ਼ਨਜ਼ ਇਨ ਸਰਵਿਸਿਜ਼ ਰਖੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਇਹੀ ਅਸੂਲ ਇਨ੍ਹਾਂ ਯੂਨੀਵਰਸਟੀਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਮੰਨਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਆਪ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

श्री सागर राम गुप्ता (भिवानी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, ग्राज सरकार इस हाउस से 548 करोड़ 67 लाख ग्रौर कुछ रकम सैकण्ड इन्सटालमेंट में स्पलीमैन्टरी एसटिमेट्स की शक्ल में पास करवाना चाहती है । इसके बारे में जो दो चार बातें मैंने महसूस की हैं उन का ज़िक्र यहां पर करना चाहता हूं।

पहली बात तो इस में यह हैं कि ग्रलग ग्रलग महकमों की जो डिटेल्ड ग्राइटम्ज़ हैं उन में से बहुत सी रकमें डिक्रीटल ग्रमाऊंट हैं। मैं यह महसूस करता हूं कि डिक्रीटल ग्रमाऊंट के बढ़ जाने के क्या कारण हैं। इस सरकार का जो लीगल डिपार्डटमेंट है वह इनएफिशेएंट है। जब दफा 80 के ग्रधीन नोटिस ग्राते हैं ग्रौर एडवाइस के लिये केस ग्राते हैं तो या तो वक्त पर एडवाइस नहीं दी जाती ग्रौर ग्रगर दी जाती है तो गलत दी जाती है। वरना इतना ज्यादा डिक्रीटल ग्रमाऊंट हो जाने का सवाल ही नहीं उठता। इस लिये मैं सरकार से यह कहूंगा कि वह ग्रपने लीगल रिमम्ब्रेंसर के ग्राफिस को रिग्रारगेनाइज़ करें ग्रौर इसे इस कदर एफीशिन्ट बनाए कि इस तरह के केसों में सही एडवाइस दी जा सके । इस के साथ ही साथ इस महकमे को पोलिटिक्ल काम से ज्यादा ग्रोवर बर्डन न करें ग्रौर उन्हें ग्रपना काम सही ढंग से करने को कहें।

दूसरी बात जो मैं ने इन स्पलीमेंटरी एसटिमेट्स में महसूस की है वह 95 लाख की रकम है जो फैमिन रीलीफ के लिए मांगी गई है। इस डिमांड के नीचे टैस्ट रीलीफ वर्कस शुरू किए गए हैं ग्रौर उन कामों में जिस रकम का खसारा था वह ग्रब मांगी जा रही है। मैं ने इस डिमांड का ग्रच्छी तरह से मुताले किया है ग्रौर देखा है कि इस डिमांड को फ्लड ग्रौर फैमिन ग्रफेकटिड इलाके को रिलीफ देने का बहाना बनाया जा रहा है ग्रौर इस तरह से उस इलाके के लोगों के साथ धोखा किया जा रहा है। ग्रसल बात यह है कि कुछ इलाकों में सड़कों के बनाए जाने की स्कीम मन्जूरशुदा है । ग्रौर ग्रब कुछ सड़कें कहतज़दा इलाकों में बनाई जा रही हैं, जैसे कि मेरा इलाका भिवानी की तहसील है। इस में कुछ सड़कों का काम हुग्रा है। ग्राधी बन गई हैं, किसी पर पत्थर डाल दिये गये हैं तो तारकोल नहीं हुग्रा ग्रौर ग्रगर मिट्टी डाल दी है तो रोड़ी नहीं डाली गई। मैं यह

समझता हूं कि दोचार सालों में आंधी और तूफान से जो कि मेरे इलाके में बहुत आते हैं य; आधी बनाई सड़कें भी खत्म हो जाएंगी अगर सरकार इन्हें मुकम्मल न करेगी । अब इस तरह से जो सड़कें बनाई जा रही हैं इनके बारे में मेरी इतलाह है कि जो रिलीफ वर्क्स की सड़कें हैं वह हमारा जो प्लान की सड़कों का कोटा है उस में से काट ली जाएंगी, क्योंकि हर ज़िले में सड़कों को बनाने का एक कोटा प्लान में पहले से ही मन्ज़ूर है। और अब यह बताया गया है कि रीलीफ की सड़कें उस कोटा से अलग नहीं हैं। इस तरह से यह जो सड़कें इस रीलीफ वर्क्स के नीचे बनाई जा रही हैं इन को उस क.टे से काट लिया जाएगा। वैसे भी ज़िला में सड़कें तो बननी थीं। यह तो फ्लड व फैमिन रीलीफ का बहाना दिया जा रहा है कि हम भिवानी में और दूसरे फ्लड अफैकटिड इलाकों में सड़कें बना रहे हैं। इसका तो उल्टा असर होगा कि जिन सड़कों की वैसे भी ज़िला में ज़रूरत थी और जिन के बारे में पहले से ही 20 साला प्लान मन्जूर हो चुका है उन को नहीं बनाया जाएगा। इस लिए मैं यह कहूंगा कि फ्लड व कहत के मारे इलाके की यदि आप मदद करना चाहते हैं तो जो पहले ही सड़कें बनाए जाने की तजवीज़ें हैं उनको न काटा जाए। यह जो रीलीफ की सड़कें हैं उन सड़कों से एक्सट्रा हों, तब ही यह माना जा सकेगा कि आप कहत ज़दा इलाकों को राहत देना चाहते हैं।

तीसरी .बात जो मैं इस हाऊस के सामने रखना चाहता हूं वह कैपिटल आऊटले आन पब्लिक वर्कस की डिमांड के बारे में है। सफा 47 पर एक नयी सड़क की कन्सट्रक्शन के बारे में 5,000 रुपए की रकम का खर्च किया जाना है। यह है 'कन्सट्रक्शन आफ ए लिंक रोड फराम पायल टू इसरू इन लुधियाना डिस्ट्रक्ट इन ल्यू आफ जोहरां टू हथूर खास।' इस सड़क पर इस साल 5,000 रुपये खर्च करने की डिमांड है। इस सड़क की अहमियत के बारे में लिखा है -

> "The construction of a road from Payal to Isru in Ludhiana District is a genuine requirement of the area and it has been decided by Government that this work may be taken in hand immediately........."

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैसा कि मैं ने पहले ही बताया है कि सड़कों के बारे में 20 साला प्लान पहले से ही मन्ज़ूर हो चुका है और मुख्तलिफ ज़िलों के लिये कोटा मुकर्रर है। इस लिये इस तरह से किसी नई सड़क को शुरू करना ठीक नहीं था । इलाके की जैनविन डिमांड का ज़िक्र किया गया है। अब पता नहीं कि जैनविननैस को मापने के लिए सरकार ने कौनसी यार्ड स्टिक बना रखी है। (विघ्न)

उपाध्यक्षा : जो सड़क बन रही है उसको बनने दो और अपने इलाके के लिए कहो। (Let this road which is under construction be constructed. The hon. Member may refer to the roads of his own constituency.)

श्री सागर राम गुप्ता : शायद मेरी इस बात पर कोई मिसअन्डरस्टैंडिंग न हो। जो सड़क इस तरह से बन जाएगी वह हमारे कोटे से कट जाएगी। जो सड़कें हमारी या और जिलों में बननी थीं वह नहीं बन सकेंगी। और सड़कें, जिनको 20 साला प्लान में शामिल कर दिया गया है और जिसकी मन्जूरी गवर्नमेंट आफ इंडिया ने दे दी है उनकी

[श्री सागर राम गुप्ता]
माइलेज कम हो जाएगी और इस तरह करने से दूसरे इलाकों को नुकसान होता है। फिर पता नहीं कि इस इलाके की जैनविननैस क्या थी। (विघ्न) तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि इस तरह से पिक एन्ड चूज़ की पालिसी को अडाप्ट नहीं करना चाहिए। इसी सम्बन्ध में यह बात भी रैलेवेन्ट है कि यह सड़क सड़कों के 20 साला प्लान में शामिल नहीं थी और इसी के लिए इस रकम को सप्लीमेन्ट्री एस्टिमेट्स में पास करना जायज़ नहीं होगा। इन डिमांड्ज़ में एक डीमांड 12 लाख रुपए की और है जो कोआपरेटिव शूगर मिल्ज़ के मुताल्लिक है। पंजाब सरकार इन को-आपरेटिव शूगर मिल्ज़ को बदस्तूर एक बीमार बच्चे की तरह फीड करती चली आ रही है। हो सकता है कि कोई फिनांशल इम्प्लीकेशन्ज़ की वजह से यह डीमांड मांगी गई हो लेकिन मुझे मज़दूरों के मुताल्लिक इतना इलम है कि जो इन कोआप्रेटिव मिल्ज़ में काम करते हैं उन को कोई बोनस नहीं मिलता, तनखाहें बड़ी कम मिलती हैं, जो फैसिलिटीज़ दीगर मजदूरों को मिलती हैं वह इन को-आपरेटिव शूगर मिल्ज़ के मज़दूरों को नहीं मिलतीं। अगर इन के मुकाबले में प्राईवेट मिल्ज़ को देखें तो वह इन से कई गुना बेहतर तरीके पर चल रही हैं। कारण यह है कि यहां मिसमैनेजमैंट है। जो आई. ए. ऐस. आफिसर्ज़ लगाये जाते हैं, वह आराम से बैठे रहते हैं, न उनको यह मालूम है कि लेबर को कैसे हैंडल किया जाता है, न उन को यह मालूम है कि केन ग्रोअर्ज़ को कैसे हैंडल करना है। मैं सरकार से यह दरखास्त करूंगा कि आप चल कर देखें इन मिल्ज़ में लेबर की हालत ठीक नहीं है। इस तरफ फौरी ध्यान देना ज़रूरी है और अगर ज़रूरत समझी जाये तो इस मुआमला की छानबीन के लिए एक एडवाईज़री कमेटी मुकर्रर की जाये।

इस के इलावा जो डीमांडें मांगी गई हैं इन में लेबर का कहीं कोई ज़िकर नहीं, जैसे कि यह सरकार समझती हो कि इन का लेबर से कोई वास्ता ही नहीं। जो यह पैसों की डीमांड है यह किसी वजह से शार्ट फाल होने पर मांगी गयी है मगर लेबर की कोई डिमांड नहीं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप के द्वारा अर्ज़ करूंगा कि इस सरकार को लेबर का बिल्कुल भी कोई ख्याल नहीं। अगर मुल्क में पैदावार बढ़ानी है तो मैं कहूंगा कि सरकार को अपनी तवज्जो मजदूरों की तरफ देनी चाहिए।

बाबू अजीत कुमार : यह एक सरकुलर है जो यहां के सैक्रीटेरियेट की तरफ से इशू हुआ है। अगर कहें तो मैं इसे पढ़ दूं। पता नहीं क्या कुछ लिखा हुआ है इस में। यह एक मज़ाक है जो मैम्बरान के साथ खेला गया है.....

उपाध्यक्षा : आप यह कागज़ मेरे पास भेज दें। (Please send this paper to me.)

(It was shown to the Deputy Speaker)

श्री बलराम जी दास टंडन (अमृतसर शहर पश्चिम) : जहां तक डिप्टी स्पीकर साहिबा इन डिमांड्ज़ का ताल्लुक है, सप्लीमैंटरी ऐस्टीमेट्स का मुझे इस के मुताल्लिक यह कहना है कि इस के ज़रिए पंजाब सरकार ने 55 करोड़ रुपये की डीमांड की है। जो बजट सरकार ने बनाया वह सारा 1 अरब और 12 करोड़ रुपये का था। मुझे

हैरानी होती है कि सरकार किस ढंग से काम करती है। तकरीबन कुल बजट का आधा रुपया सरकार सप्लीमेंट्री एस्टीमेंट्स की शकल में हम से पास करवाना चाहती है। महज़ 1½ दिन दिया गया है इस पर बहस करने के लिये जब कि बजट पास कराने के लिये एक महीना होता है। यह तरीका बिल्कुल ग़लत है। फाईनैंस डीपार्टमेंट को देखना चाहिये कि जो रकम मज़बूरन खर्च करनी पड़ रही हो उस की मांग करे। यह एक बहुत ही नामुनासिब बात है।

अब मैं आप की सेवा में डीमांड वाईज़ अर्ज़ करता हूं। सब से पहले आप डीमांड नं० 17 को लें इस में सरकार ने 14 करोड़ रुपये की मांग की है। सरकार यह रकम इस लिये मांग रही है कि हम लोगों को सस्ते रेट पर अनाज सप्लाई करें। आज देखा जाये आटा 30–32 रु० मन के हिसाब से लोगों को मिल रहा है बावजूद चीफ मिनिस्टर साहिब के ऐलान किये जाने के कि हम लोगों को सस्ते रेट पर अनाज और आटा देंगे, कीमतें बढ़ने नहीं दी जायेंगी ? हम सैंटर से इमदाद हासल करेंगे, मगर आज पंजाब का कोई शहर या गांव एसा नहीं है जहां पर फेयर प्राईस शाप्स हैं मगर वहां पर 4 महीनों से आटे की कोई सप्लाई नहीं हुई। ऐलान होते हैं कि दिल्ली की सरकार ने इतने टन गल्ला रीलीज़ कर दिया है पंजाब सरकार के लिये, यह बैठे चिट्ठियां लिखते रहते हैं, मगर इतनी किसी की हिम्मत नहीं होती कि वह जाकर वैगन्ज़ की जल्द अज़ जल्द मूवमैंट करवायें। मिनिस्टर जगह जगह जाकर उदघाटन कर सकते हैं मगर यह काम नहीं कर सकते कि वैगन्ज़ की मूवमेंट मौका पर जाकर करवायें। जब आटा की सप्लाई होती है तो डिपुओं पर जा कर देखें कैसे कड़कड़ाती धूप में औरतें घंटों डिपूओं के आगे खड़ी रहती हैं मगर उन की डीमांड पूरी नहीं होती। बच्चे घरों में दूध के लिए तड़पते हैं और उधर आटे से जवाब मिल जाता है। मैं कहूंगा कि यह सरकार आटा या गंदम मुहैय्या करने में बिल्कुल नाकामयाब रही है। करोड़ों रुपया जो इस काम के लिये महकमा के ऊपर खर्च किया वह बिल्कुल ज़ाया गया है। आज यह हमारे सामने इस डिमांड के ज़रिये और रुपये की मांग कर रहे हैं। कितने अफसोस का मुकाम है। हम इन से आयंदा भले की क्या मांग कर सकते हैं। यह ठीक है कि कुछ हद तक कीमतें बढ़ीं मगर सरकार ने उन को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाए। आज जिस काम के लिये फिर मांग की जा रही है इस में यह सरकार बिल्कुल अनफिट साबित हुई है।

दूसरी मांग इन्होंने रखी है लोन्ज़ के मुताल्लिक। यह पेज 56 पर है डीमांड नं० 18। यह लोन्ज़ के लिये हैं। इस में एक नहीं 3-4 हैड्ज़ ऐसे हैं जो मुखतलिफ नामों पर लोन्ज़ की शकल में यह सरकार मांग कर रही है। इस के इलावा 12 लाख रुपया यह सरकार कोआप्रेटिव शूगर मिल्ज़ के लिए दे रही है। मैं हैरान हूं कि आखिर यह मिल्ज़ काम कैसे चला रही हैं। जहां तक प्राईवेट शूगर मिल्ज़ का ताल्लुक है वह लाखों रुपया का मुनाफा निकाल रही हैं। इन मिल्ज़ के लिये जो सरकार की देख रेख में चलती हैं शायद ही कोई साल जाता होगा जबकि पंजाब सरकार सहायता की शकल में कुछ न कुछ देती हो। मैं मिनिस्टर साहिब से यह पूछना चाहता हूं कि आखिर 'What is wrong with it' वहां पर जहां कि एक आदमी की देख रेख में काम होता है लाखों रुपये का मुनाफा

[श्री बलरामजी दास टंडन]

होता है बावजूद टैक्स देने के मगर इन को मुनाफा की बजाये हर साल सहायता देनी पड़ती है । मैं समझता हूं कि यह सहायता देने का कोई तरीका नहीं है इस बात की तहकीकात होनी चाहिये । मैं नहीं समझता कि सहायता करने का यह सही तरीका है । सही तरीका तब होगा जब हम सिस्टम को ठीक करेंगे ।

अगर एक मांगने वाला है उस की सही मायनों में सहायता यह नहीं होती कि उस पर तरस खाकर दान या भीख दे दी जाए और जब मांगे तभी दे दी जाए बल्कि उसे काम दे दिया जाए तो उस की तकलीफ दूर हो सकती है और सहायता करने का यही सही तरीका है । ग्रांट्स की या लोन्ज़ की शक्ल में सहायता करना मुनासिब नहीं है । सरकार को चाहिए कि जहां भी गड़बड़ है उस को दूर कर के सिस्टम को क्रिस्टलाइज़ करे जब रोज़ देखने में यह आता है कि जो शूगर मिल्ज़ प्राइवेट एंटरप्राइज़ के द्वारा चलाए जाते हैं उन में बराबर फायदा होता है फिर क्या वजह है कि जो मिलें सरकार द्वारा चलाई जाती हैं उनमें घाटा है ।

अब मैं लो ग्रुप हाऊसिंग स्कीम के तहत दिये जाने वाले लोन्ज़ का ज़िक्र करता हूं और यह कहना चाहता हूं कि यह स्कीम बहुत अच्छी है लेकिन लोगों को इस से लाभ इस लिए नहीं होता कि फंड्ज़ शुरू में ही खत्म हो जाते हैं और साल भर लोग दरखास्तें देते रहते हैं मगर उन्हें अपने मकान दुरुस्त करने या बनाने के लिये रुपया नहीं मिलता । इस लिये इस सिलसिले में मेरा गवर्नमेंट को यह सुझाव है कि वह इस स्कीम के तहत ज़्यादा से ज़्यादा रुपया रखे ।

पेज 7 पर डिमांड नम्बर 4 जो है उस के दो हैड्ज़ हैं । एक का सम्बन्ध है दिल्ली के अन्दर बैठने वाले सरकिट बैंच से जिस के बारे में यह बताया गया है कि सन् 1952 से लेकर 1963 तक किराये का एरियर $1\frac{1}{2}$ लाख रुपया तक हो गया है और वह इस गवर्नमेंट को देना है । मैं हैरान हूं कि जब दिल्ली में रेंट रिस्ट्रक्शन कंट्रोल ऐक्ट मौजूद है फिर क्यों इन को इतना रुपया देने के लिये मजबूरी हो रही है ? इस का सरासर मतलब यह है कि गवर्नमेंट रुपए को वेस्ट होने से बचा नहीं पाती है ।

इसी तरह दूसरी जो महत्त्वपूर्ण बात है वह यह है कि हाईकोर्ट के अन्दर या सुप्रीम कोर्ट के अन्दर इंसाफ की दृष्टि से सरकार ने प्राईवेट लीगल प्रैक्टिशनर्ज को बहुत पैसे दिए । जब कि यह सब को पता है कि वह लोग इतने नाअहल और अनुभव शून्य हैं कि उन को जितना कंडैम किया जाए उतना कम है । उनका काम सिर्फ यह है कि वे यहां से जो काम एलाटमेंट करने वाले हैं उन की खुशनूदी हासिल कर लेते हैं और सरकार से रुपया ऐंठ लेते हैं और वह एक-एक रिट में तीन बार एपियर होने पर 3 हज़ार रुपया ले लेते हैं । यह मैं कहता हूं डिप्टी स्पीकर साहिबा हमारे रुपए का वेस्टेज है । इधर एक ओर तो हम गरीबों पर टैक्स लगाते हैं और रुपया इकट्ठा करते हैं, दूसरी ओर हम बेदर्दी से ऐसे नाअहल वकीलों को रुपया दे देते हैं जो ला का क ख ग भी नहीं जानते और जिन की प्रैक्टिस 1 साल की भी नहीं होती । मैं सरकार को इस बात की सलाह देता

हूं कि इस वैस्टेज को जितनी जल्दी हो सके रोका जाए और इन को पे करने की बजाए 4 ऐसे आदमी रख लें जो हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के अन्दर फुलटाईम या लाइयर्ज़ हों ? तो कम से कम हमारी जो डिक्रीज़ की वजह से वैस्टेज होती है उस के लिये तो ठीक से तैयार हो कर प्लीड कर सकें । मैं मिनिस्टर कंसर्न्ड से ऐश्योरेंस चाहता हूं कि वह इस वैस्टेज को रोकने का प्रबन्ध करें और एडवोकेट-जनरल के अन्दर 4 आदमी अपनी तरफ से फुलटाईम रखें ।

डिप्टी स्पीकर साहबा, एक बात ड्रेनेज के बारे में है। पेज 40 पर डिमांड नम्बर 14 है जो ड्रेनेज के बारे में है। इस मद पर हर साल करोड़ों रुपया खर्च होता है और अब तक 22 करोड़ के करीब रुपया ड्रेनेज पर खर्च हुआ है । मैं हैरान हूं कि जब फ्लड्ज़ आते हैं तो इन को बड़ी फिक्र होती है और बड़ी अलामिंग सिचुएशन पैदा हो जाती है लेकिन जब फ्लड्ज़ निकल जाते हैं तो सब कुछ सबसाइड हो जाता है— जैसे ही वह सारे का सारा मामला सबसाइड होता है वैसे ही हमारा ड्रेनेज का और ऐंटी फ्लड मेयर्ज़ का काम रुक जाता है। उस का नतीजा यह होता है कि अगले साल फिर तबाही आ जाती है। अब दो चार महीने के बाद फिर जब बरसात आएगी तो फिर हरियाणे में गरीब जनता का नुकसान होगा और यह करोड़ों रुपए के सप्लीमेंट्री एस्टीमेट्स, सितम्बर के सैशन में लाएंगे और कहेंगे कि यह रुपया हम ने फेमिन रिलीफ के लिये देना है। अब पिछली बार जब फ्लड आए थे उन को पांच छः महीने हो गए हैं। मैं जानना चाहता हूं कि क्या वजह है कि ड्रेन नं० 8 जो तबाही करती है उस के लिये कोई सैटिस्फेक्ट्री हल दिल्ली और राज्यस्थान सरकार के साथ बैठ कर क्यों नहीं निकाला गया । जहां जहां पानी का बहाव है उस को ठीक करने के लिये कोई काम शुरू हुआ है क्या ? मुझे दुःख से कहना पड़ता है कि सरकार इस के बारे में कोई प्लैनिंग बना कर नहीं चलती। वैसे तो यहां पर फर्स्ट फाइव ईयर प्लैन बना, सैकंड बना, थर्ड बना और अब चौथा पांच साला प्लान शुरू होने वाला है। लेकिन जहां तक इस काम का ताल्लुक है यह इतना इल प्लैंड और मिसमैनेज है कि उतना शायद कोई और काम नहीं होता होगा। मैं मिनिस्टर साहिब से गुज़ारिश करूंगा कि मैं ने जो बातें यहां पर कहीं हैं उन पर विचार करके आगे के लिये वह कोशिश करें कि मिसमैनेजमेंट न हो, सारे हालात ठीक हो जाएं और पंजाब की जनता का जो खून और पसीने का पैसा है वह सही ढंग से खर्च हो।

श्रीमती चन्द्रावती (दादरी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे जो आप ने बोलने का समय दिया है उस के लिये मैं आप का शुक्रिया अदा करती हूं। यह जो सप्लीमेंट्री डिमांड्ज़ हमारे सामने हैं उन के बारे में मैं अपने विचार हाउस के सामने रखना चाहती हूं। यह जो 48 करोड़ के लगभग डिमांड्ज़ हैं इन में से विशेषकर जो एडमिनिस्ट्रेशन आफ जस्टिस की डिमांड नं० 4 है उस पर मैं बोलना चाहती हूं। हमारे देश में हमेशा से ही जो न्यायाधीश रहे हैं उन के प्रति सभी की इज्ज़त की भावना रही है। लेकिन आज उन में कुछ त्रुटियां आ गई हैं जिन के बारे में मैं आप के द्वारा अपने विचार प्रकट करूंगी।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो हमारी जनता है उन का न्यायालय के साथ गहरा सम्बन्ध है। लेकिन आज की न्यायालय को न्यायालय न कह कर फैसले करने वाली जगह कहूं तो

[श्रीमती चन्द्रावती]
उचित होगा। क्योंकि जनरली जस्टिस डिले होता है और बहुत महंगा है: जो आज का गरीब कामन मैन है उस को मौजूदा तरीके से इन्साफ नहीं मिलता । आज न्याय वह आदमी ले सकता है जिस की जेबें पैसे से भरी हुई हों। आप के द्वारा मैं सरकार से यह कहना चाहती हूं कि इस सिस्टम में कुछ डिफेक्ट्स हैं। यह जो पुराने साम्राज्यवादी साम्राज्यशाही के बचे खुचे कण हैं उन को अगर न ठीक किया गया तो हमारे देश में जो लोगों की न्याय प्रति निराशा है वह और भी बढ़ जाएगी। आज गांवों में कहावत बनी हुई है कि अदालत में झूठ बोलना चाहिए और पंचायत में सच बोलना चाहिए । अब आप बताएं कि कोर्ट्स के बारे में जब लोगों की ऐसी राए हो तो फिर इन्साफ कैसे मिल सकता है। मैं बतौर वकील के जानती हूं कि किस तरह से रीडर रिश्वत मांगते हैं। जो चपड़ासी हैं वह भी रिश्वत मांगते हैं। यहां तक ही नहीं, बखशीश के नाम पर हाई कोर्ट तक के चपड़ासी रिश्वत मांगते हैं। मैं जानती हूं कि जो नकल विभाग है वहां से अगर किसी ने एक नकल लेनी हो तो उस का कम से कम 100 रुपया खर्च आ जाता है और कई कई दिन फिरना पड़ता है। आज कोर्टस में दोषियों को पूरी और ठीक सज़ा नहीं मिलती, इस के कारण क्राईमज़ और भी ज़्यादा हो रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस के प्रसंग में मैं यह कहना भी उचित समझती हूं कि हमारी सरकार ग्रो मोर फूड का दावा करती है लेकिन वह कैसे होगी जबकि किसान को सारा साल कोर्ट्स में ही रहना पड़ता है। अगर इस प्रैज़ैंट सिस्टम को ठीक न किया गया तो जो हम समाजवाद का काम करना चाहते हैं उस में हमें सफलता नहीं मिल सकेगी। आज तो कागज को देख कर न्याय होता है। मुझे याद है कि अगर फैक्ट्स के बेसिज़ पर उच्च न्यायालय में अपील की जाए तो उस को कच्ची पेशी में ही उड़ा दिया जाता है। मैं उच्च न्यायालय की बहुत इज्जत करती हूं लेकिन जिन वजूहात से लोगों को तंगी है वह मैं ज़रूर सरकार के नोटिस में लाना चाहती हूं।

Deputy Speaker : Please try to be relevant.

श्रीमती चन्द्रावती : मैं रैलेवैंट ही बोल रही हूं। तो मैं आप से यह बता रही थी कि जो न्याय देने का ढंग है यह ठीक नहीं है। इस में तबदीली लाने की जरूरत है। एक तो इंग्लिश भाषा वैसे ही इलास्टिक है, इसी लिए वकील लोग जैसे चाहें वैसे ही ला को इंटर्प्रेट कर लेते हैं। मैं चाहती हूं कि सरकार को इन के ऊपर भी पाबन्दी लगानी चाहिए। यह जो लाइयर्ज़ की जमात खड़ी हो गई है यह एक तरह से समाज के लिये अच्छा काम नहीं करती है। इस क्लास को भी खत्म करना चाहिए। यह क्लास तभी खत्म हो सकती है अगर सरकार गरीब लोगों को न्याय देने के लिए कोई खातरखाह इन्तज़ाम करे और न्यायालयों के काम करने के ढंग को बदले। आज करप्शन इतनी हो रही है जिस का हद हिसाब नहीं। किसान का सारा समय न्यायालय में ही चला जाता है और उस को न्यायालय में लाने वाला उस का सब से बड़ा हाकम पटवारी है। उस के सामने कोई अपील नहीं चलती, फिनांशल कमिश्नर भी उस के किए कुछ नहीं कर सकता वह किसी लैंड लार्ड की ज़मीन किसी मुज़ारे के नाम लिख सकता है और मुज़ारे की ज़मीन

किसी और के नाम लिख सकता है। वह आदमी बहुत छोटा है लेकिन उस के पास अधिकार बहुत बड़ा है जिस की वजह से किसान को परेशानियां उठानी पड़ती हैं और वह खेती की तरफ

4.00 p.m.

ध्यान नहीं दे सकता। इसी वजह से यह सारे के सारे झगड़े शुरू होते हैं। इसी लिए, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह कहना चाहती हूं कि यह जो महकमा माल है इस में तहसीलदार तक की जितनी फजूल पोस्टें हैं वह खत्म कर देनी चाहिएं। इस तरह से खर्च की भी बचत होगी और लोगों के काम भी सही और जल्दी होंगे। फिर अगर हम सही मायनों में किसान की और उस के ज़रिये देश की तरक्की करना चाहते हैं, पैदावार बढ़ाना चाहते हैं तो अर्बन प्रापर्टी की तरह ही किसानों की ज़मीन का इन्तज़ाम करना चाहिए। कहा जाता है कि हमारे देश में फी मुरब्बा मील के हिसाब से आबादी ज्यादा है इसी लिए ही यह पैदावार नहीं बढ़ती। मैं कहना चाहती हूं कि इसी हिसाब से अगर आप योरुप में देखें तो वहां हमारे से कितनी ही ज्यादा फी मुरब्बा मील के हिसाब से आबादी है। मैं बताना चाहती हूं कि दरअसल वजह यह है कि हमारा किसान आज कर्ज़े से लदा हुआ है और कर्ज़ा भी सरकार का है जो डंडे से लिया जाता है। पिछले दिनों जब हमारे हां अकाल पड़ा तो लोगों को तकावी दिए गए लेकिन आज उन को कहा जा रहा है कि उन तकावी कर्ज़ों को वापस करो। मैं पूछती हूं कि अब इतनी जल्दी उन गरीबों के पास कहां से धन आ गया जो आपकी तकावी वापस करें। वह बिचारे अब तंग आ कर साहूकारों से कर्ज़े ले कर सरकार के खज़ाने में जमां कराने पर मजबूर हैं, नहीं तो उनको जेल में भेजा जाता है और उन की ज़मीनें नीलाम की जाती हैं। एक तरफ तो कहते हैं कि हम किसान की पैदावार बढ़ायेंगे, उन को सहूलतें दे कर उन में उत्साह पैदा करना चाहते हैं लेकिन दूसरी तरफ यह हाल किया जा रहा है। क्या यही उत्साह आप उन गरीबों को पैदावार बढ़ाने के लिए देना चाहते हैं ? इस तरह कैसे पैदावार बढ़ सकती है और कैसे देश तरक्की कर सकता है ? मैं ने उस वक्त भी कहा था कि किसानों को कर्ज़े मत दो, अगर उनकी मदद करनी है तो उनको सबसिडी दो, लेकिन कोई नहीं देखता कि गरीब किसान कर्ज़े अदा नहीं कर सकते हैं (घंटी) तो, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अब आखिर में यही बात सरकार से कहना चाहती हूं कि अगर हम ने सूबे की भलाई करनी है तो एडमिनिस्ट्रेशन आफ जस्टिस को ठीक करना चाहिए। फिर किसान का और देश की तरक्की का चोली दामन का साथ है। जब तक हम किसान की दिक्कतें रफा नहीं कर सकेंगे देश की सही मायनों में तरक्की नहीं होगी मैं फिर कहती हूं कि किसान जितनी मेहनत अनाज पैदा करने में करता है उसे उतनी कीमत नहीं मिलती क्योंकि उस गरीब की आवाज़ नहीं है, उसके पास न प्रैस है और न प्लैटफार्म है कि जहां वह अपनी आवाज़ उठा सके। मैं कहती हूं कि अगर किसान कमज़ोर हो जाएगा तो देश भी कमज़ोर हो जाएगा। आज इतना इनफ्लेशन भी इसी लिए आया है कि हम ने गरीब किसान और मज़दूर को निग्लेक्ट करके जो अनर्थ किया है उसका फल अगर आज हम नहीं भुगतेंगे तो और कौन भुगतेगा ? (घंटी) मैं यही निवेदन करके बैठ जाती हूं कि गरीब किसान और मज़दूर की तकलीफों को रफा किए बगैर देश तरक्की नहीं कर सकेगा। ऐसा करने में हम जितना समय खोएंगे उतना ही नुकसानदेह साबित होगा। जयहिन्द।

चौधरी इन्दर सिंह मलिक (सफीदों) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज यहां पर 48½ करोड़ रुपए के करीब की सप्लीमैंट्री डिमांड्ज़ हाउस में पेश की गई हैं जिनको यह सरकार हम से पास करवाना चाहती है। पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इस से ज्यादा डिफेक्टिंग बजटिंग और कौनसी हो सकती है जो 50 करोड़ रुपए की डिमांड्ज़ सप्लीमैंट्री बजट के तौर पर पेश की गई हैं जब कि 100 करोड़ का हमारा मेन बजट बनता है। यह सारा पैसा मेन बजट में लिया जा सकता था। इस से इस फिनांस डिपार्टमैंट की नाअहलियत साफ तौर पर नज़र आती है। फिर आप देखें कि हर साल लाखों रुपए की सप्लीमैंट्री डीमांड्ज़ डिक्रीटल अमाऊंट की आती हैं। इस का मतलब यह है कि हमारा ला डिपार्टमैंट निहायत ही नाअहिल है जो सरकार को सही राए न दे कर एक तो लोगों को सरकारी मुलाज़मों को उन के दफा 80 के नोटिस इग्नोर कर के तंग करता है और फिर सरकार पर डिग्रियां करवा कर गरीब लोगों की कमाई को लुटाता है। इस ला डिपार्टमैंट की नाअहलियत की वजह से ही हर साल लाखों रुपया की रकम सरकार को डीक्रीटल अमाऊंट के तौर पर देनी पड़ती है। आप देखें गुरदेव सिंह तहसीलदार को 8,160 रुपए डिग्री के देने पड़े। फिर बलबीर सिंह, नायब तहसीलदार, को इस सरकार ने 1951 से लेकर 1964 तक सस्पैंड रखा और 13 साल तक उस का फैसला न कर सके। उस ने नोटिस दिए इन्होंने इग्नौर किये और फिर उसने तंग आ कर दावा किया तो इन पर 20,320 रुपए की डिग्री हुई जो इनको देनी पड़ी। इसी तरह एक बिचारी टीचर सवर्ण कान्ता को इन्होंने तंग किया। उसे छुट्टी दी गई लेकिन छुट्टियों की तन्खाह उसे नहीं दी गई। उस ने तंग आकर दफा 80 का नोटिस दिया लेकिन इन्होंने वह भी इग्नोर कर दिया। आखिर उसे तंग कर के उस से दावा करवाया और अपने ऊपर डिग्री करवाई, फिर जा कर डिग्री के पैसे दिए। इसी तरह एक भगत राम ऐस. डी. ओ. हैं। उन को 1954 से लेकर 1963 तक सस्पैंड रखा गया और कोई फैसला नहीं किया। आखिर उस ने तंग आ कर दावा किया और डिग्री हासिल की। अब आप देखें कि इस से और ज़्यादा नाअहलियत ला डिपार्टमैंट की क्या हो सकती है जो पहले तो दफा 80 के नोटिस इग्नोर करता है और बाद में लोगों को तंग करके डिग्रियां करवाता है। फिर एक और डीमांड है एक लाख 20 हज़ार रुपये की जो यह प्राइवेट लीगल प्रैक्टीशनर्ज़ को अदा करना चाहते हैं। मैं पूछता हूं कि जब आप के पास ला डिपार्टमैंट है, डिस्टरिक्ट अटारनीज़ हैं पी. ऐस. आइज़ हैं और एडवोकेट-जनरल हैं तो इतने वकीलों के होते हुए आप इतनी बड़ी रकम प्राइवेट लीगल प्रैक्टीशनर्ज़ को क्यों दे रहे हैं? मैं कहता हूं कि यह एक सकैंडल है। इस तरीके से यह अपने चहेतों और खुशामदियों को पैसे देते हैं। यह नाजायज है। इस से बेहतर तो जैसे टंडन साहिब ने भी कहा था यह है कि आप अपने मुस्तकिल वकील रख लें जो कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में आप के केस लड़ें और आइन्दा यह हेरा फेरी न चले।

ऐजूकेशन के बारे में भी काफी रुपया मांगा जा रहा है। मेरे हल्का सफीदों में कई गांवों में बहुत पुराने प्राइमरी स्कूल बने हुए हैं। उन की एक 2 लाख की इमारतें

मौजूद हैं और कई कई हज़ार रुपया उन्होंने उन की अपग्रेडिंग के ऐक्सपेंसिज़ के लिये भी दाखल किया हुआ है लेकिन फिर भी उन को अपग्रेड नहीं किया गया है। शहरों में तो बगैर इमारतों के भी अपग्रेड कर देते हैं लेकिन दिहात में इमारतें होने पर भी अपग्रेड नहीं करते हालांकि इमारतों के साथ २ वह साइंस का सामान खरीदने के लिये और दूसरा सालाना खर्च देने के लिये भी तैय्यार हैं। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

अब मैं सड़कों के बारे भी कुछ अर्ज़ करना चाहता हूं। बड़ी हैरानी की बात है कि जो सड़क तीसरे प्लान में रखी गई थी उसे छोड़ कर उस की बजाए एक दूसरी सड़क जो तीसरे प्लान में शामिल भी नहीं की गई थी उसे बनाया जा रहा है। जोहरू से दथूर खास की सड़क तीसरे प्लान में बनाने के लिये रखी गई थी लेकिन अब उसे छोड़ कर पायल से ईसरू तक वाली सड़क बनाने के लिये पैसे मांग रहे हैं। यह बुरी बात है और इस बारे में एस्टीमेट्स कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में लिखा है —

"This Committee does not appreciate the tendency on the part of the Department to include roads which have not been provided in the Third Five-Year Plan. Inclusion of new roads in such a discretionary manner affects the fulfilment of the Third Five-Year Plan targets. Such inclusion should also be avoided particularly when we are expecting a fairly large spill-over of about Rs 12 crores, from the Third Plan to the Fourth Plan for the Road Building Schemes. Fixation of priorities within a plan period is quite understandable but to bring in a new project, in the absence on emergent requirements, is not conceivable."

This is what the Estimates Committee have said in this connection.

ड्रेनेज के बारे में भी काफी रकम मांगी गई है। इसी तरह फेमिन रीलीफ और वाटरलौगिंग के बारे भी पैसे मांगे गए हैं। लेकिन जहां ज़रूरत होती है वहां पैसे खर्च नहीं किए जाते। संगरूर, करनाल और रोहतक के ज़िले हर साल फ्लड्ज़ से तबाह होते हैं। सफीदों ब्लाक के गांव तो हर साल बुरी तरह तबाह होते हैं क्योंकि वहां करनाल की तरफ से पानी आता है और वहां बरबादी करता है। फिर आगे जा कर रोहतक ज़िला के गांवों को बरबाद करता है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ने पहले भी कई बार इरीगेशन तथा लोक कल्याण मन्त्री को प्रार्थना की थी और मैं उन को लेकर वहां पर गया था और वहां के हालात का जायजा कराया था। सफीदों से भंभेवा तक और सुन्दर ब्रांच और भूटाना ब्रांच के नीचे से साईफन के ज़रिए पानी निकाल कर ईसापुर खेड़ी ड्रेन से मिला कर नम्बर 8 ड्रेन में सारा पानी डाला जाए। इस साल ड्रेन नम्बर 8 खाली चलती रही। सफीदों से भंभेवा के देहातों का पानी और गोहाना तहसील के देहातों का पानी आसानी से ड्रेन नम्बर 8 ले सकती है। अगर इस तरह से पानी डाला जाए तो आयंदा इस इलाके में फ्लड्ज़ तबाही नहीं ला सकेंगे। इस नई ड्रेन से काफी लाभ हो जाएगा। लोग भी सुख का सांस ले सकेंगे। इस लिये मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस स्कीम को जल्दी अमली जामा पहनाया जाए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, सफीदों के अंटा, टीटो, कर सिघु वगैरा देहात का इलाका वाटरलौगिंग से बरबाद हो गया है। इस इलाके में 7,8 हज़ार बीघे ज़मीन रेह व सेम के

[चौधरी इन्दर सिंह मलिक]

कारण बिल्कुल नाकारा हो चुकी है। इस जमीन को रीक्लेम करने के लिये सरकार ने स्कीम भी मंजूर कर ली हुई है लेकिन अभी तक उस को अमली जामा नहीं पहनाया गया है। मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस स्कीम को जल्दी ही लागू किया जाए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, डिमांड नम्बर 5 में 25,000 रुपया टीचरों की बहबूदी के लिए रखा गया है। यह रुपया उन टीचरों को दिया जाएगा जिन की माली हालत बीमारी के कारण या अन्य किसी कारण से गिर गई हो। इस तरह से यह रुपया 5 करोड़ किया जाएगा। यह रुपया टीचरों को उन के बच्चों की शादी पर भी कर्ज़े के रूप में दिया जाएगा। सरकार ने टीचरों की मुसीबतों को सामने रखते हुए बहुत ही अच्छी स्कीम चलाई है। मैं समझता हूं कि यह बहुत थोड़ा रुपया इस डिमांड में रखा गया है। सरकार को इस के लिए और रुपया मंजूर करना चाहिए था। मैं सरकार की इस स्कीम की सराहना करता हूं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं सरकारी सीड्ज़ फार्म के बारे में भी अर्ज करना चाहता हूं। सरकारी सीडज फार्म्ज घाटे में चल रहे हैं। वहां पर अच्छे बीज पैदा नहीं किए जाते हैं बल्कि इन फार्म्ज़ से, देहात वाले किसान अच्छे बीज पैदा कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार हर एक देहात में सीड्ज़ फार्म खोले। अगर वहां पर सरकार अपने सीड्ज़ फार्म नहीं खोल सकती तो सरकार को चाहिए कि प्राइवेट फार्म्ज़ के खोलने में लोगों की पूरी सहायता करें। लोगों को सरकारी सीड्ज़ फार्म्ज से वक्त पर बीज भी सप्लाई नहीं किया जाता। इस से इन फार्म्ज़ का लोगों को कोई फायदा नहीं है। इस लिये मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि सरकार इन सीड्ज़ फार्म्ज़ में इम्प्रूवमैंट लाने में शीघ्र ही कदम उठाए। (घंटी) 1947 से आज तक भंभेत्रा गांव का 8 हजार बीघे का रक्बा पानी के नीचे आ चुका है। सरकार ने वहां पर पानी के निकास का कोई इन्तजाम नहीं किया है। वहां की भूमि बिल्कुल खराब हो चुकी है। लोगों की हालत बहुत खराब होती जा रही है। इस लिये सरकार उन की हालत सुधारने के लिये शीघ्र पग उठाए ताकि वह इस मुसीबत से छुटकारा पा सकें। (घंटी)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अन्त में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि सफीदों से जागसी रोड थर्ड फाईव ईयर प्लेन में शामिल की गई है। यह सड़क हाट गांव से होती हुई निकाली जाए ताकि वहां के लोगों को इस सड़क का फायदा हो सके। क्योंकि हाट गांव से यह सड़क ले जाने से बहुत देहात को फायदा होगा और सफीदों मंडी भी तरक्की करेगी।

मैं इन अल्फाज़ के साथ आप का शुक्रिया अदा करता हूं और अपनी सीट लेता हूं।

Chaudhri Khurshed Ahmed (Nuh) : Madam, Deputy Speaker, quite a substantial sum is to be voted by the House through the Supplementary Estimates (Second Instalment), 1964-65. The chief feature of the various Demands had been commented upon by most of my hon. Friends. Madam, Deputy Speaker, I would like to draw the attention of the House to a few items. The Plan items are disturbed and the Plan targets are not achieved by the Departments with the intention of accommodating unnecessary things. An example has been quoted by the Speaker earlier about the

Now I come to the food problem. When we have surpluses we leave the traders and the farmers to God's risks and when we have shortages we start bothering about the consumers. Any policy, if it has to succeed, must be a long range one. If it is not so, then difficulties will arise. If the Government wants to buy foodgrains for the whole of the State, there are not enough godowns in which those can be stored. Before embarking upon the scheme of purchasing foodgrains does it not occur to any officer or to the Government that unless we have proper godowns it will be wasting public funds to buy the foodgrains and then leave it to the money of pests ? I assert that the food problem is a man made problem and if the Government wants to tackle it there is not much difficulty provided the Ministers and the Government give more time to this work rather than on other unproductive works.

I was pointing out the lack of planning. We are now embarking upon the 4th Five-Year Plan. But cur attitude is totally unplanned. If anything happens, we rise like a bubble and also vanish like a bubble.

11-00 a.m.

Mr. Speaker, Sir, when the Chinese attecked our country, there was a wave of patriotism from Cape Comorin to Kashmir. Everybody was prepared to make sacrifices. That spirit has vanished now. Has the fear of Chinese invasion gone ? No, Sir. The Prime Minister and the Home Minister of India in their speeches have said that we are not yet free from Chinese invasion. It is for the Chinese to decide when and where they are going to invade. It is not in our power.

Mr. Speaker : How much more time will the hon. Member take ?

Capt. Rattan Singh : Sir, I will not take much time of the House.

Mr. Speaker : It would be better if the hon. Member will touch upon the relevant points only.

Capt. Rattan Singh : I would like to point out that Punjab's role during the Chinese invasion was commendable and it was praised all over the country. Punjab is known for its defence efforts. But we have done nothing, in this connection, last year.

Mr. Speaker : I would request the hon. Member to finish his speech with 5 to 7 minutes.

Capt. Rattan Singh : All right, Sir.

I would not like to mention the point which involves my person. The disbandment of Gram Raksha Dal has been mentioned as an achievement. This is good achievement from the point of view of the Opposition or from the point of view of my hon. Friend Baboo Bachan Singh who believes in non-violence (Laughter). We know how inadequate our defences are. Still we will defend our country.

Now I come to the Police. It has been stated in the Address that there were 536 cases of murder during the year 1964 as against 539 during the preceding year. In other words, there cases are less as compared to the previous year. This is no achievement. It will be fair to mention that the Police are doing their best, but the results are not as they ought to be.

My hon. Friend Shri Mohan Lal during the course of speech the other day expressed dis-satisfaction over the investigation in regard to the murder of our late Chief Minister. But I do not agree with him that the investigation be entrusted to the Central agency. I think his demand is basically wrong. I would like to pin point the blame on an agency, viz the Punjab Police, which is known in the whole of the country for its efficiency. The Punjab Police is on trial now. It is doing its best to track down the culprits. If the Punjab Police fails to do so, then the Government will be in troubled waters. As I have already said I do not agree with the hon Member Shri Mohan Lal in passing over this responsibility to the Centre. The Centre is not concerned with this. God forbid, if any other murder takes place in our State, there will be a demand again to entrust the investigation to the Centre. It will not be a good precedent. If the Punjab Police fails to trace the culprits, it will be bad and I will be the first person to request the hon. Minister to pay more attention to this and if he fails, he should resign. I may here mention the example of our present Prime Minister of India. When he was Minister for Railways in the Union Cabinet, he resigned because of a serious Railway accident. I am sure the hon. Home Minister, Sardar Darbara Singh, who is also a Member of the All-India Congress Working Committee will spare no efforts in unravelling this mystery. But if he fails he should follow in the footsteps of Shri Lal Bahadur Shastri. If anybody fails to do his job in a democracy, he must have the courage to admit the fact and resign from his office. I do not like the indirect methods. I would be the last person to exploit the murder of Sardar Partap Singh Kairon, Ex-Chief Minister of Punjab for political ends. This is wrong and basically wrong.

I would like to invite the attention of the Government to the seriousness of lawlessness in the State. Only two days ago, The District Education Officer, Ludhiana a Lady Officer was assaulted because she had punished some teacher. What will happen to the Ministers who, in their routine have to take disciplinary action against the defaulting officers ? What will happen to the Inspector-General of Police who to take action against his subordinates ? If the result is going to be an 'assault', then the Government should take serious note of it. I would invite the attention of the hon. Chief Minister to this.

Voices : The Chief Minister is not present in the House.

Capt. Rattan Singh : The hon. Revenue Minister Major Harinder Singh is present in the House and he represents the Government in a big way (Laughter).

I have not the slightest doubt that the Punjab Government is doing its best and putting in its maximum efforts to unravel the mystery about the murder of Sardar Partap Singh Kairon, Ex-Chief Minister of Punjab, but the public will not be satisfied only if the Government are able to track down the culprits because there are serious misgivings. I would not say that it is a political murder at this stage. If it is a political murder, where are those people who saw the murder being committed ? If the culprits are not found out, then the public, I am afraid, will come to the conclusions which are on-everybody's lips.

Voices : What are they ?

Capt. Rattan Singh : Doubts have been expressed and those doubts must be set at rest. It is in the interest of the Government to clear those doubts. It would have been right and proper if the Government had laid the table of the House the information in regard to the steps taken by the Government in unravelling this mystery.

Voices : A good stand.

Capt. Rattan Singh : We have been in the past trying to be hypocrites. Let us make a change for the better. Otherwise it will adversely affect our democracy. Our democracy will vanish if such lawlessness is allowed to continue in our State. Whenever any such thing happens before passing our judgment we should be patient and our stand should be a judicious one. To-day, we raise and condemn a man in the strongest possible terms and to-morrow we praise the same man in the strongest possible words. It is not the work of nature men in democracy. It is essential that maturity must come if the democracy is to flourish. Mr. Speaker, Sir, I would request the Members of the Opposition that they should take a responsible stand. They are responsible men but they do not always behave like responsible men. I would submit that they should not level wild charges. They should confine themselves to constructive criticism and we will be one with them and the Government will always be brought round to reason.

In the end, Mr. Speaker, I would request the Government that there should not be a single mis-representation in the Governor's Address because it is a very sacred document. The Governor's Address must be checked carefully and the facts contained in it should be varified by the Government before the Address is printed. It should not contain any mis-representation. Thank you, Sir.

श्री भगवत दयाल शर्मा (झज्जर) : स्पीकर साहिब, राज्यपाल के अभिभाषण पर हमारे कुछ साथियों ने अपने विचार रखे हैं । श्री राज्यपाल ने पंजाब राज्य के विकास के बारे में, जो जो एचीवमेंटस की गई उन के विषय में चर्चा की है । पहले पृष्ठ पर स्वर्गीय सरदार प्रतापसिंह कैरों, भूतपूर्व मुख्य मन्त्री के कतल का भी जिक्र किया है और अश्वासन दिया है कि कातलों को पकड़ेंगे, दास कमिशन की भी काफी चर्चा की है और बताया गया है कि दास कमिशन ने जिनको भी दोषी ठहराया है उनके विषय में भी उचित कार्यवाही की जायेगी । इसी तरह लेबर के बारे में भी ज़िक्र आया है । यानी जितने भी राज्य के पहलू हैं उन सब के विषय में चर्चा की है ।

[श्री भगवत दयाल शर्मा]

सबसे पहले मैं यह उचित समझता हूं कि सरदार प्रताप सिंह जी के खून का जो ज़िक्र हुआ है उसके बारे में कुछ कहूं । आज सिर्फ पंजाब में ही नहीं बल्कि सारे देश में इस का रोष है। जहां तक हमारे आपोज़ीशन के साथियों का ताल्लुक है हम उनकी बात समझ सकते हैं। उन्होंने दास कमिशन की मांग की । उसमें उन्होंने अपने पक्ष का समर्थन किया और उस पक्ष के समर्थन में, स्पीकर साहिब, आप जानते हैं, कि हमारे कांग्रेसी भाइयों ने भी किसी ने खुले आम, किसी ने दबे छिपे हाथ बटाया । विचारों के मतभेद थे उन साहिबान के उनके साथ । यह मैं इस लिये कहता हूं क्योंकि उस वक्त भी एक ऐसा ग्रुप कांग्रेस पार्टी के अंदर था जो कि आपोज़ीशन का साथ दे रहा था दास कमिशन की नियुक्ति में, इसके अंदर इलज़ाम लगाने में और कैरों साहिब के खिलाफ एक वातावरण पैदा करने में । दास कमिशन ने अपना फैसला दे दिया ; कैरों मिनिस्टरी ने रिज़ाइन किया और पंजाब सरकार बदली । लेकिन इस चीज़ को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता कि पंजाब की सरकार के ज़िम्मेदार पदों पर वह शख्स आए जिन्होंने सरदार प्रताप सिंह कैरों का दबे छिपे या खुले आम विरोध किया था। जब दास कमिशन का निर्णय हो लिया उसके बाद मंत्रिमंडल के ज़िम्मेदार आदमियों ने तरह तरह की बातें फैला कर, तरह तरह की गलत बातें करके हमारे पंजाब के वायु मण्डल को दूषित किया । सरदार साहिब के ऊपर इस तरह के आक्षेप किए जिस पर के आपोज़ीशन वाले भी शर्मा जाते थे, किताबों के अन्दर से तसवीरें फाड़ी नाम के फट्टे हटाए और उन के नाम से जो संस्थाएं बनी हुई थीं उन के नाम बदले । इस तरीके से उनको पुलिटीकल लाईफ से बिलकुल खतम करने की चेष्टा की। स्पीकर साहिब, इस चीज़ से यह मुबरी नहीं हो सकते । वह वायुमण्डल आप सोचें कि डैमोक्रेसी के लिए कहां तक सहायक हो सकता है । जिस तरह का वायुमण्डल यहां पैदा किया गया उस तरह का तानाशाही देशों के अंदर भी नहीं हो सकता । सरदार प्रताप सिंह जी बहुत बड़ी पुन्यात्मा थे । बावजूद इतने कीचड़ उछालने के भी उन्होंने एक महान मृत्यु पाई । पंजाब के लाखों नागरिकों ने उनको श्रद्धांजलियां पेश कीं । लेकिन आप इस बात को कैसे भूलेंगे कि उस शेर को किस तरह से कत्ल किया जाता है । हाकों की मदद से, ढोलचियों की मदद से, मिसालचियों की मदद से उस को घेर कर उसको मचान के पास लाकर मारा गया ।

"बेगुनाहों के खून की बारिश में
बज़मेइशरत सजा के बैठे हो,
उठ भी सकती है दफातन लाशें
जिन पे मसनद लगा के बैठे हो।"

स्पीकर साहिब, सरदार प्रताप सिंह कैरों का खून सूखेगा नहीं, वह बोलेगा । वह जो नुक्ताचीनी करते हैं, जिस वक्त सरदार साहिब की मूंछ भी हिल जाती थी तो इनका पसीना छूट जाता था । आज यह नुक्ताचीनी करते हैं। स्पीकर साहिब, मैं ज़िम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि जिस स्थान पर मैं पहले खड़ा था आज भी उसी स्थान

पर खड़ा हूं । रबड़ के जूते की तरह नहीं हूं । जिसने पांव फंसाया ले गया । मैं कहता हूं कि सरदार कैरों के कत्ल ने पंजाब को ही नहीं बल्कि हिन्दुस्तान की जमहूरियत को हिला दिया है । डैमोक्रेसी की दीवारें हिल गई हैं । फिर कत्ल होने के दूसरे दिन ही पुलिटीकल और नान-पुलिटीकल की कंट्रोवर्सी शुरू करते हैं यह लोग ।

स्पीकर साहिब, इस बात का यहां जिक्र करना वाजब तो नहीं लेकिन मैं क्लीयर करने के लिए आप के ध्यान में लाना चाहता हूं कि तीन फरवरी को यहां एक मीटिंग होती है जिसके अंदर विरोधी पक्ष के मुख्य नेता यहां की मिनिस्टरी की आपसी रिफ्ट का समझौता कर देते हैं ।

एक आवाज : उनका नाम क्या है ?

श्री भगवत दयाल शर्मा : लाला जगत नारायण और श्री वीरेन्द्र जी । खैर, जो बातें हुई उन के बारे में भी स्टेटमेंटस आईं, चर्चा चली । मेरा कहने का मतलब यह है कि वे लोग जो कैरों साहिब को सामाजिक रूप से, राजनीतिक रूप से खत्म करना चाहते थे वह उन के सलाहकार है रिफ्ट दूर करवाने के लिये, वह इन के रहबर हैं । हम क्यों कहते हैं सैंट्रल एजेंसी ले इस केस को ? इसलिये कहते हैं कि जिन लोगों ने सरदार प्रताप सिंह कैरों की मुखालफित की थीं, उनका सामाजिक और राजनीतिक जीवन खत्म करने की कोशिश की, उनकी अब उन के साथ कैसे सिम्पेथी हो सकती है । मैं पण्डित मोहन लाल जी के स्टैंड का समर्थन करता हूं । जिन्होंने उन्हें प्रकाशहीन करने की पूरी कोशिश की उनकी उनसे क्या हमदर्दी हो सकती है ? यही मैंने अपनी स्टेटमेंट में दिया था । फिर आपने एक और चीज भी यहां देखी कि कौंसल में मिनिस्टर हाउस में बैठ कर लड़ते हैं, अपनी काबलियत और यकजहती का नमूना पेश करते हैं । अगर दूसरे इनको न सुलझाते तो न जाने मामला कहां तक पहुंच जाता । तो यह खुद अन-बैलेंसड हैं और इन के अन्दर बचपना है; यह क्या सुलझाएंगे इस चीज को ? दिन दिहाड़े 12 बजे मर्डर होता है लेकिन सात घंटे बाद उनकी लाश पोस्टमार्टम के लिए जाती है । मैं पूछता हूं कि कहां गई थी इनकी वायरलैस ? क्या वह भी यहां की बिजली की तरह आंखें मारती है ? (हंसी) कहां गई थी इनकी वह बटालियन जो वहां बैठी थी ? कहते हैं कि इस तरह के मर्डर हो जाते है तो अकसर पता भी नहीं चलता । मैं मानता हू कि बाज दफा ऐसा हो जाता है लेकिन हम तो यह कहते हैं कि उन के कत्ल से पहले जिस तरह की फ़िज़ा पैदा की गई थी उन के खिलाफ वह क्या कम थी ? मैं कहता हूँ कि ब्रूटस ने सीज़र को वैसे ही तो कत्ल नहीं किया था, उस ने उसे पहले कन्डैम किया, उसके खिलाफ फ़िज़ा पैदा की, उसके बाद उसे कत्ल करने का साहस उसे हो गया । यहां पहले उसके आवाई मकान की तलाशी ली गई और महान आदमी की बूढ़ी शेरनी माता को रात के दो बजे जगा कर 6 बजे तक परेशान किया । इतनी बड़ी घटना हुई लेकिन यह उसके बारे में कहते हैं कि हमें पता ही नहीं चला है कि क्या हो रहा है । जब हम ने आवाज़ उठाई तो हमें रोकते हैं और कोसते हैं । इन्होंने उनके पीछे हमेशा सी. आई. डी. चलाई । उनको जो

[श्री भगवत दयाल शर्मा]

अफसर चाहते थे और जिनको वह पसंद करते थे और जो अदब और ताजीम से उनको मिल लेते थे उनको इनकी सी. आई. डी. ने शैडो किया । बलदेव कपूर जैसा हीरा अफसर जिसने दिन रात सूबे के लिये काम किया उसके पीछे सी. आई. डी. लगाई गई । इन्कार करेंगे इस बात से तो हम बताएंगे । ऐसा सब कुछ होने के बाद कहा जाता है कि पता नहीं किस तरह मर्डर हो गया । पहले सरकार की तरफ से यह बात आई कि यह पुलिटीकल मर्डर नहीं है, फिर यह आया कि यह पर्सनल मर्डर है। मैं पूछता हूँ सरदार प्रताप सिंह का क्या पर्सनल हो सकता था। अगर हो सकता है तो फिर बताएं । हमने भी यही कहा था......................

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਪੰਡਤ ਜੀ, ਇਹ ਕਾਂਗਰਸੀ ਮਨਿਸਟਰੀ ਹੈ; ਕਰਾ ਦਿਉ ਫਿਰ ਇਸਨੂੰ ਡਿਸਮਿਸ । (ਸ਼ੋਰ)

श्री भगवत दयाल शर्मा : हम बचपन में यह कहावत सुनते थे "पगड़ी सम्भाल ओ जट्टा"। अब पगड़ी ही नहीं बल्कि जाट का सिर ही उतार लिया । आपने देखा कि उस महान आदमी के खून के बारे में तरह तरह की स्टेटमैंटस आई उन ने हमें मजबूर किया कि हम प्राइम मिनिस्टर से दरखास्त करें और 50 एम.एल. ए. साहिबान ने दस्तखत करके दरखास्त भेजी कि सैंट्रल एजेंसी से पड़ताल कराई जाए क्योंकि यह इन के बस की बात नहीं है। रोज नई चीज़ आती है । कभी आता है कि कातिल पाकिस्तान भाग गए, अगर किसी खालसा ने वैसे ही कहीं केश कटवा लिया तो उसे पकड़ लिया और कभी किसी नाई की चिट्ठी आई तो उसे उछालने लगे। आपने खुद अखबारात में पढ़ लिया होगा कि जैपुर के किसी नाई की चिट्ठी आ गई तो उस लिये लिये फिरते रहे । नित नई से नई बात आती हैं । आज उस महान नेता के कत्ल ने सारे देश का कलेजा हिला दिया है। नेफा और लद्दाख के सिपाही भी सोचते हैं कि यह क्या बना है देश के अन्दर सरदार प्रताप सिंह की जितनी महिमा की जाए उतनी थोड़ी है । उन्होंने............

बाबू बचन सिंह : आप मर्डर की बात ही करें । ऐसी कंट्रोवर्शल बातें न छेड़ें। (शोर)

पंडित भगवत दयाल शर्मा : आपको इसमें क्या तकलीफ हुई है । कौन सी ऐसी बात है ....(शोर)

बाबू बचन सिंह : इसलिये कि दास कमीशन ने उसे गरदाना है और आप उसकी महिमा गा रहे हैं। (शोर)

श्री भगवत दयाल शर्मा : देखिए आपको ऐसी चीजें नहीं कहनी चाहिए......(शोर)

बाबू बचन सिंह : मैं ठीक कहता हूँ He was corrupt.....(शोर).....आप मर्डर की बात करनी है तो करें लेकिन उनकी महिमा हमें न सुनाएं........(शोर)

श्री भगवत दयाल शर्मा : मैं आप से अर्ज़ करूंगा कि आज हिन्दुस्तान के कोने कोने से उनकी श्लाघा की जा रही है। उनकी हर एक ने तारीफ की है और पंजाब के लिये उन्होंने जो कुछ किया उसकी सारा देश तारीफ करता है........

बाबू बचन सिंह : कांग्रेसी ही करते हैं।

सरदार लछमन सिंह गिल : अब उनकी लाश बेचो ।........(शोर)

श्री भगवत दयाल शर्मा : सरदार ने एक दफा इनको घूरा था तो पीली भीत के जंगलों में जा छिपे थे..........(शोर).........तो मैं अर्ज़ करता हूँ कि उस मैमोरंडम में सरकार जो छानबीन कर रही है उसके बारे भी हमने कहा है कि वह अपने हिसाब से इफैक्टिव तौर पर कर रही है लेकिन यह इन के बस की बात मालूम नहीं होती है। वक्त गुजर रहा है तेजी से इसलिये कोशिश की जाए कि यह मामला सैंट्रल एजेंसी को दिया जाए........

श्री अध्यक्ष : आप और कितना वक्त लेंगे ? (How much more time will the hon. Member take ?)

श्री भगवत दयाल शर्मा : बस जी, पांच सात मिनट ।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਕੱਢ ਲੈਣ ਦਿਉ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਦਿਲ ਦੀ ਭੜਾਸ .. .. (ਹਾਸਾ)

श्री भगवत दयाल शर्मा : तो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि पंजाब के निर्माण में हर पंजाबी ने हाथ बटाया है । जहां स्यासी वरकर्ज़ ने और सामाजिक कार्य-कर्ताओं ने हाथ बटाया है वहां सरविसिज़ ने भी कम हाथ नहीं बटाया है । हमारी सरविसिज़ जो विभाजन के बाद लुट पिट कर आई थीं कन्धे से कन्धा मिला कर पंजाब को ऊंचा ले गई हैं। और इंडस्ट्रियल रैवोल्यूशन का दौर चलाया । पंजाब की सर्विसिज़ के बारे में पंडित नेहरू ने भी फरमाया था कि हिन्दुस्तन में बैस्ट हैं । लेकिन उन के खिलाफ यहां ऐसी वेव चली कि उनको हैरान किया जाता है, धमकाया जाता है और चार्ज शीट पर चार्जशीट देकर उनको परेशान किया जाता है । इस तरह करने से पंजाब ऊंचा नहीं उठेगा । उनको अपमानित नहीं करना चाहिए ।

फूड के बारे में भी जिक्र आया है । फूड की समस्या और हाई प्राइसिज़ की समस्या यहां हल नहीं हो रही है। इनकी वजह से आज गरीब लोगों का, मिडल क्लास का और सरकारी कर्मचारियों का कचूमर निकल गया है । इसलिये सरकार को चाहिए कि इन बढ़ती हुई कीमतों और फूड की समस्या को कंट्रोल में करे । अगर गवर्नमेंट को इन गरीब मुलाजमीन की तकलीफ का एहसास होता तो जिस तरह बंगाल सरकार ने आर्डीनैंस निकाल कर कदम उठाए हैं और उनका वेतन बढ़ाया है उसी तरह यह भी बढ़ाते लेकिन यहां पर तो प्राइस इन्डैक्स ही गल्त बनता है सैंटर वालों ने तो अपना इन्डैक्स ठीक कर लिया लेकिन इनकी अभी कमेटियां ही बैठ रही हैं। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों का जो वेतन बढ़ाया है उसके लिये मैं उनको बधाई देता हूं।

[श्री भगवत दयाल शर्मा]

स्पीकर साहिब, अगर सरकार खुशअसलूबी से और कर्मचारियों की बिना एजीटेशन करने से उनकी तंखाहें बढ़ा देती तो बहुत अच्छा था ;

स्पीकर साहिब, टीचर्ज ने सरकार के सामने कुछ मांगें रखी हैं। जहां तक इनकी मांगों का सम्बन्ध है, वह जायज हैं। वह मंहगाई से सम्बन्ध रखती हैं। वह वास्तव में देश के निर्माता हैं। उनकी मांगों पर हमदर्दी से गौर करना चाहिए। उनको उनका हक मिलना चाहिए।

स्पीकर साहिब, जहां तक फैक्ट्रीज वर्कर्ज़ का सम्बन्ध है, उन के लिये जो ट्रीब्यूनल्ज़ बने हैं या कांसीलिएशन्ज़ कमेटीज बनी हैं, वहां पर लेबर्ज को इन्साफ मिलने में बहुत ही देरी हो जाती है। सरकार ने मजदूरों के लिये मिनिमम वेजिज रेट्स मुकर्रर करने के लिये कमेटी बनाई और वहां पर कुछ फैसले भी किए हैं लेकिन उन फैसलों को अभी तक लागू नहीं किया गया। फैक्ट्रीज़ के मालिकों ने पंजाब हाई कोर्ट में रिटें भी दायर कीं और हाई कोर्ट ने भी मालिकों के बरखिलाफ फैसला दिया और हाई कोर्ट ने अपना वर्डिक्ड दिया कि इसको फैक्ट्रीज़ में जल्दी लागू किया जाए। मैं भी सरकार को कहना चाहता हूँ कि सरकार इनको लागू करने में जल्दी कदम उठाए। स्पीकर साहिब, मैंने पहले भी अर्ज किया कि सरदार प्रताप सिह कैरों एक अच्छे और पुण्य आत्मा थे। उनको आपोजीशन वाले भी और कांग्रेस वाले भी गालियां निकाला करते थे। लेकिन एक बात जरूर कहना चाहता हू कि उनके बाद पंजाब में कोई भी रचनात्मक काम नहीं हो रहा है। पंजाब की प्रगति आगे से धीमी पड़ गई है। इस तरह से हम महसूस करते हैं कि पंजाब में तरक्की बहुत थोड़ी हो रही है लेकिन बातें बहुत ज्यादा हो रही हैं।

Mr. Speaker : Shri Mangal Sein.

श्री बाबू दयाल शर्मा : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहिब, रूल्ज के मुताबिक जिसने गवर्नर के अभिभाषण पर अमेंडमेंट दी हो, उसको पहले काल अपौन करना चाहिए लेकिन आपने दूसरों को ही पहले काल अपौन कर दिया है।

श्री अध्यक्ष : रूल्ज के मुताबिक सारी एमेंडमेंटस मूव्ड समझी जाती हैं और उनको टाइम दिया जाता है। आपको बोलने के लिये टाइम दिया जाएगा। (According to the procedure all the motion are deemed to have been moved and time is given to members concerned for discussion. The hon. Member will also get time to speech.)

श्री मंगल सेन (रोहतक) : स्पीकर साहिब, आज हाउस में राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर बहस चल रही है। राज्यपाल महोदय ने विधान मण्डल के सदस्यों के सम्मुख सोमवार को भाषण पढ़ा था। इस भाषण पर संविधान के अनुसार वाद विवाद हो रहा है। मैं ने बड़ी गम्भीरता से और बहुत ध्यान से अपने से पूर्व वक्ताओं के भाषण सुने। राज्यपाल महोदय ने जो अपने भाषण के प्रारम्भ में

सरदार प्रताप सिंह कैरों की दुखद मृत्यु के बारे में जिक्र किया है, उसके बारे में दो राए नहीं हो सकती हैं। जहां तक स्वर्गीय प्रताप सिंह कैरों के निधन के बारे में सम्बन्ध है, उनकी हत्या बहुत ही निन्दनीय है। मैं माननीय सदस्य से पूरी तरह सहमत हूँ। हां, इतना जरूर अर्ज करना चाहता हूँ कि जहां तक उन के प्रति प्रशंसा की गई, या उनको पुण्य आत्मा कहा गया, उसका मैं विरोध करता हूँ। अगर वह वाकई महान आत्मा थे तो उन्हें दास कमीशन की इंक्वायरी फेस न करनी पड़ती और उन्होंने मुख्य मंत्री से त्याग पत्र देने के लिये बाध्य न होना पड़ता। स्पीकर साहिब, जहां पर मेरे से पूर्व वक्ता ने उनकी बहुत ही प्रशंसा की। उन्होंने अपने को बहुत ही जिम्मेवार कहा व्यक्ति है। उनको अन्दरूनी बातों का पता होगा। हमें तो दूसरों से सुन कर ही पता चलता है लेकिन मैं भी उनकी तरह कुछ न कुछ अपनी संस्था में ओहदा रखता हूँ। मैं भी बड़ी जिम्मेदारी से कह सकता हूँ कि उनकी इस प्रकार से प्रशंसा नहीं करनी चहिए थी।

स्पीकर साहिब, उन के लड़कों ने प्रताप सिंह कैरों के निधन हो जाने के बाद कहा है कि सरदार प्रताप सिंह कैरों की इच्छा थी कि जितनी भी जायदाद उनके चीफ मिनिस्टरशिप के दौरान इकट्ठी की गई है, वह समाज तथा कांग्रेस के लिये सौंप दी जाए। यह बहुत अच्छी भावना है। मैं इस काम के लिये उन के लड़कों की बहुत सराहना करता हूँ और साथ ही मैं दूसरे व्यक्तियों से भी प्रार्थना करना चाहता हूँ कि वह भी इसी प्रकार का कदम उठाएं और नाजायज तौर पर कमाई अपनी सम्पत्ति देश के लिये अर्पण कर दें। वह भी इसी तरह ही मिसाल देश में कायम करें।

(*Deputy Speaker in the Chair*)

डिप्टी स्पीकर साहिब, सरदार प्रताप सिंह कैरों की मृत्यु हो जाने से पंजाब की ला एंड आर्डर की हालत सामने आ जाती है। यह दुर्घटना ला एंड आर्डर की मुंह बोलती तस्वीर है। इस कत्ल ने देश की जम्हूरियत को हिला दिया है। पंजाब का सर नीचा कर दिया है लेकिन फिर भी बड़े फख्र से कहते हैं कि पंजाब में ला एंड आर्डर काबू में है। मैं तो समझता हूँ कि इस दुघटना से पंजाब का सर नीचे हो गया है। डिप्टी स्पीकर साहिब, जिला रोहतक में भी ला एंड आडर की हालत बहुत ही खराब है। इसकी कुछ मिसालें हाउस में बयान करना चाहता हूँ। सांपला के थानेदार को रिश्वत के केस में पकड़ने के लिये चंडीगढ़ से पुलीस जाती है और वहां का थेनेदार दीवार पर से छलांग लगा कर भाग जाता है और अपनी हाज़री की रिपोट खरखौदा थाने में लिखवाता है। जब इसके बारे में वहां के ऐस. पी. से बात की गई तो ऐस. पी. ने कहा कि थानेदार अपने आपको बचाने के लिये दीवरों पर से छलांग लगाया ही करते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस हाउस में पिछले शैस्नों में गवर्नर के अभिभाषणों पर या बजट की बहस के समय भी या जब भी मुझे मौका मिला, मैंने ला एंड आर्डर के बारे में जिक्र किया। मैंने कई बार जिक्र किया कि कलानौर और महिल के थानों में लोगों को तफशीश में बुला कर, टार्चर करके मारा गया।

[श्री मंगल सेन]

उनको बाद में हस्पतालों में भेजा गया और गलत मेडीकल रिपोर्टस ली जाती है। जो भी इन्क्वायरी की जाती है, वह ठीक नहीं होती है । मैडीकल रिपोट में हार्ट. फेल ही बताया जाता है । अभी अभी रोपड़ के इलाके में श्री मेला राम को इसी तरह टार्चर करके मारा गया है। । डिप्टी स्पीकर साहिबा, 17 नवम्बर, 1964 के दैनिक हिन्दी मेवात पत्र में खबर छपी थी कि वल्लमगढ़ तहसील के ग्राम घोज में भूत पूर्व सरपंच खुरशीद अहमद व इसके साथियों ने बड़ी गुन्डागर्दी मचाई हुई है । चौधरी खुरशीद अहमद हमारे माननीय सदस्य नहीं है, यह और ही व्यक्ति हैं । जिन लोगों ने इन के विरुद्ध पुलिस को सूचना दी पहले तो पुलिस रिपोट दर्ज नहीं करती थी और पुलिस इस मामले में कोई टस से मस नहीं हुई और उसके बाद इन गुंडों ने इन व्यक्तियों को पत्र के द्वारा धमकी दी कि कत्ल कर दिये जाओगे । वहां पर पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है । मैं यह दोनों चीज़ें सदन के टेबल पर रख रहा हूँ।

(इस समय यह दोनों चीजें मेज़ पर रखी गई)

उपाध्यक्षा महोदया, यहां पर बड़े फख्र से कहा जाता है कि ला एंड आर्डर, काबू में हैं। गवर्नर के अभिभाषण में कहा गया है कि पिछले साल 539 कत्ल हुए थे और इस साल 536 कत्ल हुए हैं। इसमें भी तो 4 कत्ल शामिल नहीं किये गए हैं। जिस दिन स्वर्गीय प्रताप सिंह कैरों का कत्ल हुआ था मैं उस वक्त रोहतक में मौजूद था । वहां साढ़े ग्यारह बजे पुलिस थाने में रिपोर्ट दी जाती है लेकिन पुलिस रिपोर्ट नहीं लिखती । पुलिस चुप करके बैठी रहती है । अभी पता चला है कि रसोई गांव का सरपंच भी मर गया है। सरकार को चाहिए था कि उसकी लाश का पोस्टमार्टम करती लेकिन इन्होंने ऐसा नहीं किया ।कुछ लोगों को सरकार की नियत पर पहले ही शक था लेकिन अब और बढ़ गया है । लोग पहले ही कहते थे कि इस कत्ल के केस में बड़ों का हाथ है । कई तो इसको पोलीटिकल मर्डर बताते हैं। इस शक के बिना पर सरकार को सरपंच की लाश का पोस्टमार्टम ज़रूर कराना चाहिए था ताकि लोगों को इसके बारे में शक न होता। अगर सरकार इस कत्ल को बिलकुल ढूंड नहीं सकती तो इस प्रकार की थयूरीयां और मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। मैं आप के द्वारा सरकार से मांग करता हूँ कि सरकार को इस कत्ल को पकड़ने के लिये भरसक प्रयत्न करना चाहिए । मजाक वाली बातें बिलकुल नहीं करनी चाहिएं । कहा जाता है की उन कातलों ने अढ़ाई किलो के लगभग मूंगफली खाई है । उनमें लिपस्टिक की बू नहीं आती थी (हंसी) बल्कि आदमियों ने ही खाई है। वैसे इस वक्त चीफ मिनिस्टर और होम मिनिस्टर साहिब हाउस में मौजूद नहीं हैं। हो सकता है कि वह अपने कमरे में मेरी बातों को सुन रहे हों । इसलिये मैं उनको कहना चाहता हूँ कि इन कात्लों को पकड़ने में ढील नहीं करनी चहिए । अगर वह इन कात्लो को पकड़ने में असमर्थ हैं, तो वह मन्त्रिमंडल से त्यागपत्र दे दें । वह हाउस को साफ कह दें कि हम इस कत्ल को पकड़ने में असमर्थ हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिस इलाके को आप

रीप्रिजेंट करती हैं वहां पर मजदूर लोग ज्यादा रहते हैं। आप अंदाज़ा लगा सकती हैं कि महंगाई ने उनका क्या हाल कर रखा है। जिन लोगों की फिक्सड इनकम है, जिनकी उजरत मुकर्रर है उनको पेट भर रोटी नसीब नहीं होती। लेकिन गवर्नर साहिब ने लिखा है कि पिछले 6 महीनों में थोड़ी बहुत बेचैनी रही। मैं कहता हूँ कि बेचैनी नहीं पाई गई बल्कि हाहाचार मची रही, भूख हड़तालें हुईं, लोगों में हद दर्जे की परेशानी हुई। लेकिन यह कहते हैं कि थोड़ी बहुत बेचैनी पाई गई। इस राज के अंदर पंजाब राज्य के अंदर, जिसके मुख्य मंत्री कामरेड राम किशन जी हैं जिन्होंने हलफिया बयान लिया था कि इस राज्य में सब लोग सुख चैन पायेंगे, ट्यूबवैल्ज के मुलाजमीन रोते फिरते हैं। उनको 55 रुपये तनखाह मिलती है। क्या आप ख्याल करते हैं कि आजकल की महंगाई के जमाने में भला कोई आदमी 55 रुपये में भी गुजारा कर सकता है? उनको काम करते हुए सालहा साल हो गए हैं, दिन रात खेतों में धक्के खाते फिरते हैं। अगर किसी को वक्त पर पानी नहीं मिलता तो सिर वे फुटवाते हैं, कोई तकरार हो जाए तो लाठियां उनको पड़ती हैं। मिनिस्टर साहिबान बंगलों में आराम से बैठे रहते हैं। अगर कोई मर जाए तो शायद उसकी लाश का पोस्ट-मार्टम भी यह नहीं करवा पाते। माल के पटवारियों नहरी पटवारियों और क्लास फोर एम्पलाईज़ की कहते हैं कि हम ने तरक्की कर दी है। तरक्की क्या दी है इन्होंने? कहते हैं कि हाउस रैंट अलाउंस भी दे रहे हैं। अलाउंस यह दे रहे हैं कि अगर किसी की सौ या डेढ़ सौ रुपया तनखाह है और वह 20 रुपये कराये के मकान में रहता है तो दस परसंट के इलावा जो वह दस रुपये एक्सट्रा देता है वह अलाउंस मिलेगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप देखें कि किस तरह से उन के साथ मज़ाक किया जा रहा है। लोग बहुत परेशान हैं, महंगाई ने उनकी कमर तोड़ दी है। मैं आप के द्वारा निवेदन करना चाहता हूँ कि सरकार एक पे कमिशन मुकर्रर करे जो इस बात का जायज़ा ले। रोहतक का मुझे ज्ञान है, अगर कोई आदमी सैंट्रल बैंक में सर्विस करता है, डाकखाने में सर्विस करता है, कोआप्रेटिव डीपार्टमेंट में काम करता है या डिप्टी कमिश्नर के आफिस में काम करता है तो सब की अलग अलग तनखाह है। सैंट्रल गवर्नमेंट के मुलाज़िम को तो पौने दो सौ रुपये मिलते हैं लेकिन म्युनिसिपल कमेटी के मुलाजम को 65 रुपये मिलते हैं डी. सी० के दफ्तर में काम करने वाले को सौ रुपया मिलता है। इसका क्या कारण है? उन लोगों को अनाज और सामान तो एक ही बाज़ार से खरीदना पड़ता है। बनिया तो सब को एक ही भाव पर चीजें बेचता है। सैंट्रल गवर्नमेंट के एम्प्लाईज़ के लिये कोई अलग भाव तो नहीं रखा हुआ और स्टेट गवर्नमेंट के एम्प्लाईज से कोई कम पैसा तो वह नहीं वसूल करता। इसलिये मैं कहूँगा कि सरकार को एक पे कमिशन मुकर्रर करना चाहिए जो कि मुलाज़मीन की तनखाह बढ़ाने का जायज़ा ले जैसे कि दास कमिशन मुकर्रर हुआ था। हमारे कामरेड साहिब तो पोल्टरी फार्मिंग को डीवैल्प करने के लिये बोर्ड बनाएंगे, फिर एक्सपोर्ट करने के लिये बोर्ड बनाएंगे और बाद में इम्पोर्ट के लिये बोर्ड मुकर्रर करेंगे, एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन को इम्प्रूव करने के लिये कमेटी बनायेंगे। मुझे तो डर है कि

[श्री मंगल सेन]

कामरेड साहिब की सरकार बोर्डों, कमेटियों और सब कमेटियों में ही खलत मलत होकर रह जाएगी । कल की पार्टी मीटिंग में जो ड्रामा हुआ है अगर ऐसा ही हुआ तो....

उपाध्यक्षा : न जी । (No Please)

श्री मंगल सेन : अच्छा जी, मैं आपका हुक्म मानता हूँ और यह बात छोड़ देता हूँ। भुवनेश्वर से लौट कर आए तो कहने लगे कि साम्यवादी ढांचा कायम करेंगे । साम्यवाद की परिभाषा पूछिए कि क्या करोड़ पति को और करोड़पति बनाओगे, सरमायेदार को और ज्यादा सरमायेदार बनाओगे, डाउन ट्रोडन जो हैं, जो बेकस हैं उन के हाथ पांव की हथकड़ियां और बेड़ियां काटोगे, उनकी मजबूरियों को दूर करोगे....... (विघ्न) श्री भगवद्दयाल जी हाउस में मज़दूरों की बात करते हैं। मैं उनकी याद को ताजा करने के लिये कहता हूँ कि आज मज़दूर की पीठ में छुरा घोंपती है तो रूलिंग पार्टी घोंपती है। जगाधरी पेपर मिल्ज़ के मज़दूरों ने स्ट्राईक की तो सरकार ने उनको जेलों में ठोंस दिया। इस सरकार ने वह केस तो वापस ले लिया लेकिन उनको रीइन-स्टेट नहीं किया जा रहा । पंडित जी ने उन मज़दूरों के बारे में कोई बात नहीं की। हकीकत यह है कि आज कल तो सरमायेदारों की बात मानी जाती है। लेबर डिपार्टमेंट और कैन्सीलीएशन डीपार्टमेंट सरमायेदारों की जेब के चमचे हैं। सरमायेदार जब चाहें उनको इस्तेमाल कर सकते हैं।

सोनीपत म एटलस साईकल फैक्टरी है। मैं परसों वहां पर था, किसी काम से गया हुआ था। वहां पर 55 दिन से फैक्टरी के सामने मज़दूरों ने भूख हड़ताल कर रखी है । पंडित जी मज़दूरों के नेता हैं लेकनि यह वहां पर नहीं गए । चौधरी सुन्दर सिंह उप-मन्त्री साहिब बड़े सुर और ताल से गरदन हिला रहे हैं। वहां रैस्ट हाउस में जा कर दो बार खाना खा आए हैं लेकिन इन्होंने जा कर मज़दूरों की हालत का मुलाइज़ा नहीं किया । उनको वहां पर सालह साल हो गए काम करते हुए लेकिन अभी तक परमानेंट नहीं किया जाता । 65 रुपय तनखाह दी जाती है । तीन महीने के बाद छुट्टी देकर फिर टैम्परेरी बेसिज़ पर नौकर रख लिया जाता है । फैक्टरी के मालिक रिकार्ड में हेरा फेरी कर लेते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिब, फैक्टरी के ज़ालिम मालिक राए बहादुर जानकीदास को आप जानती हैं। उसने भगतसिंह के केस में सरकार की तरफ से गवाही दी थी । आज वह कांग्रेस पार्टी का चहेता बना हुआ है, लीडर है और इनका मेहरबान है क्योंकि वह इनको थैलियां देता है । कामरेड राम किशन जी वहां पर गए ।

उपाध्यक्षा : वह सरकार परस्त थे, गवाही उन्होंने नहीं दी। (He was a supporter of the Government but he did not give evidence against S. Bhagat Singh.)

श्री मंगल सेन : अच्छा जी, मैं आपका मशकूर हूँ आपने मुझे कुरैक्ट कर दिया है। उस समय वह अंग्रेजों के बूट पालिश करते थे, आज वह इस सरकार के करते हैं, कल को कोई और गवर्नमेंट आ जायेगी तो वह उसके बूट पालिश करेंगे, उन्होंने तो बूट ही पालिश करने हैं। और गरीबों का खून चूसना है। वहां पर सरकार ने कपूर ए.एस.आई. लगा रखा है जो कि उस की रोटियों पर पलता है। वह गवर्नमेंट का मुलाज़म नहीं है बलिक एटलस फैक्टरी वालों का मुलाज़म है। उसने कितने मज़दूरों को गिरफ्तार किया हुआ है। राम प्रकाश मज़दूर को फैक्टरी के अंदर पीट पीट कर लहू लहान कर दिया गया। हमें रंज होता है जब हम सुनते हैं कि यह लोग कहते हैं कि बापू के आदर्श पर चलेंगे, नेहरू जी के कहने के मुताबिक राम राज्य कायम करेंगे और साम्यवाद कायम करेंगे। यह अच्छा राम राज्य कायम किया जा रहा है। उस बेचारे राम प्रकाश की रिपोर्ट ही दर्ज नहीं की गई। लेकिन जब फैक्टरी वालों ने कहा तो वहां पर सरदार दरबारा सिंह जी पहुँच गये, पुलिस वहां पर पहुंच गई। मैं चाहता हूँ कि होम मिनिस्टर बैठे हों तो मेरी बात उन के कानों तक पहुंचे। उन गरीब मज़दूरों को भी जाकर देखें जिन को जेलों में ठोंसा गया है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज वहां पर मजदूर मारे भय और डर के कुछ कर नहीं सकते और सरकार बैठी तमाशा देख रही है। क्यों ? उनकी तरफ से कामरेड साहिब को थैली पेश की गई थी। उसमें 28,000 रुपये दिए गए थे। गो मेरी इस बात को कुछ लोग बुरा मानेंगे कि मैं क्यों ऐसी बातों पर आ गया हूँ लेकिन, डिप्टी स्पीकर साहिबा, हम सोचते थे कि मन्त्रिमंडल के बदलने पर यहां कुछ परिवर्तन आएगा लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस मन्त्रिमण्डल ने तो आगे से भी ज्यादा भट्ठा बैठा दिया है। ठीक है कि सरदार गलत सोचता था मगर यह बात भी सही है कि जो सोचता था वह करता था चाहे गलत ही करता था। लेकिन वह तो सोचते ही रहेंगे, गौर ही करते रहेंगे और इन्हीं बातों पर सारा समय निकल जाएगा। (घंटी)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इनका एक डिपार्टमेंट है सेल्ज़ टैक्स का। इस महकमे ने लोगों के नाक में दम कर रखा है। बेचारे परचून करयाने वाले रो रहे हैं।

उपाध्यक्षा : श्री मंगल सेन जी, आपने अठारह मिनट ले लिये हैं। दूसरों ने भी बोलना है इसलिये एक दो मिनट में वाइंड अप कर दीजिए। (The hon. Member has already taken eighteen minutes. Others have also to participate in the discussion. He should please wind up in a minute or two.)

श्री मंगल सेन : बस जी, मैं छः सात मिनट में खत्म करने वाला हूँ। आपने ही रुकावट डाल दी।

उपाध्यक्षा : मेहरबानी करके ऐसा न कहें। यह बात नहीं। आप एक दो मिनट से ज्यादा न बोलें। (No such remarks please. It is not the case. The hon. Member may please conclude within a minute or two).

श्री मंगल सेन : बहुत अच्छा जी। तो मैं निवेदन कर रहा था कि करियाने वालों की हालत को आप देख लीजिये। जिनकी 50,000 से कम बिक्री है उनमें से किसी चीज़ पर एक प्रतिशत टैक्स है, किसी चीज पर दो प्रतिशत और किसी पर छ: प्रतिशत। आखिर वह हिसाब किताब कैसे रखें। गरीब आदमी है। साठ या सत्तर रुपए दिन में उनको बिक्री नहीं होती लेकिन इस महकमा वाले लोग उनके पास पहुंच जाते हैं, उनको तंग करते हैं। उनकी तरफ से यह मांग पेश की गई है कि 50,000 की बिकरी की बजाय दो लाख की बिकरी पर सेल्ज़ टैक्स लगना चाहिए और यह सेल्ज़ टैक्स कहां पर लगे ? वहां पर जहां कि उस वस्तु का सोर्स है। ठीक है कि सरकार सोच रही है। पर पता नहीं कि कब तक सोचती रहेगी। पता नही कि उतनी देर में सोचने वालों का मन्त्रिमंडल भी रहेगा या नहीं। यह भी शंका वाली बात है। तो मैं यह कह रहा था कि सेल्ज़ टैक्स का डिपार्टमेंट कुरप्शन का घर बना हुआ है। चंडीगढ़ में हड़तालें हुई। झज्जर में हड़तालें हुईं। जगह जगह पर सेल्ज़ टैक्स के इन्स्पेक्टर मनमानी करते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपने ठीक मतलब की बात उस वक्त कही थी। हरियाना से ज्यादा मतलब की हमारे लिये और क्या बात हो सकती है? ठीक है कि इन्होंने इस सम्बन्ध में कमेटी फार्म की। लेकिन उसमें किन व्यक्तियों को लिया जाता है? पंडित भगवत दयाल को छोड़ दिया और इनकी सारी तहसील भरती कर ली। कौन लिये गए, जो इकनामिक कमेटी के चेयरमन हैं? मुझे माफ कीजिए, मैं व्यक्तियों के नाम नहीं लेता इस हाउस के मैम्बर रहे हैं। मैं पूछता हूँ कामरेड साहिब से कि इकनामिक कमेटी के चेयरमैन का फंक्शन क्या है? उनको कार दे रखी है, सरकारी पैटरोल जलता है, एक दफ्तरी है और एक पी. ए. उनको दे रखा है। मैं पूछता हूँ कि जनता की गाढ़े पसीने की कमाई को आप क्यों फ़ज़ूल में उन पर लगाए जा रहे हैं? जिन व्यक्तियों को जनता ने पुलिटीकल फील्ड में खदेड़ दिया था उनको फिर से एस्टैबलिश करने के लिये आप उसी तरह से कर रहे हैं जैसे कि सरदार प्रताप सिंह कैरों किया करते थे। आखिर सरदार प्रताप सिंह के साथ हमारा कोई जायदाद का झगड़ा नहीं था, कोई मकान का झगड़ा नहीं था, कोई जाती दुश्मनी नहीं थी। हमारा उनके साथ सिर्फ असूलों का झगड़ा था। मैं कह देना चाहता हूँ, कामरेड साहिब, कि आप भी उन्हीं लीहों पर चल रहे हैं: (घंटी) जिन पर कि सरदार प्रताप सिंह कैरों चला करते थे।

बस एक दो मिनट में खत्म करने वाला हूं। तो, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह अर्ज कर रहा था कि हरियाना पिछड़ा हुआ इलाका है। रोहतक उसका मर्कज़ है। हैरानी की बात है कि जालन्धर में तो यूनिवर्सिटी कैम्पस बना दिया गया लेकिन रोहतक में अभी तक नहीं बनाया। अभी तक उसकी कोई योजना तक नहीं बनाई गई। इसी तरह से आप दबादब इन्डस्ट्रियल एरियाज़ बना रहे हैं। रोहतक में भी अरबन इंडस्ट्रियल एरिया के लिये जमीन एक्वायर हो चुकी थी। मालिकों को पैसे अदा कर दिये गए थे लेकिन अब हुक्म चला गया है कि वह नहीं बनाया जाएगा। और वहां बनेगा क्या? वहां पर कबड्डी के अखाड़ बनेंगे, । (घंटी) आखिर यह तमाशा क्या है? मैं आपके द्वारा पुरजोर मांग करता हूँ कि वहां पर इंडस्ट्रियल एरिया बनना

चाहिए । इसके अतिरिक्त केन्द्रीय सरकार को कह कर वहां पर हैवी इलैक्ट्रिक इंडस्ट्री कायम करनी चाहिए । आखिर क्या पाप कर दिया है वहा के लोगों ने जो आपको उनका कोई ख्याल ही नहीं आया ? अगर उन्होंने आप को सन् १९५७ और १९६२ में पसन्द नहीं किया तो इसका मतलब यह नहीं कि आप उस इलाके के साथ सौतेली मां जैसा सलूक करें । (घंटी)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां पर अनाज के बारे में और चनों के बारे में बहुत से बयानात दिए गए । लेकिन चना मंडियों में पड़ा है रोहतक में सड़ रहा है। कोल्ड स्टोरेज और सिनेमा तो खड़े किए जायेंगे । लेकिन न तो उसको ऐक्सपोर्ट की इजाज़त दी जाती है और न दूसरी जगह पर ले जाने की (घंटी)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं वाइंड अप करते हुए और आपका शुक्रिया अदा करते हुए यही प्रार्थना करूँगा कि आखिर रोडवेज को हुक्म होना चाहिए कि जो छोटे छोटे बच्चे स्कूलों को जाते हैं और तीन और चार मील के एरियाज के अन्दर स्कूल जाने वाले जो लड़के और लड़कियां हैं उनको ड्राइवर आउट आफ कर्टसी नहीं बल्कि एज़ ए ड्यूटी बसों पर बैठाएं । वहां उन के लिये बसों को रोकें और उनको बैठाएं । इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूँ ।

उपाध्यक्षा : पेश्तर इसके कि मैं किसी और मैम्बर साहिब को काल अपान करूँ मैं आप से दरखास्त करना चाहती हूँ कि यह मुनासिब मालूम नहीं होता कि जो मैम्बर साहिब बोलने के लिये खड़े हों वह अपनी मर्ज़ी से ही बोलते चले जाएं और चेयर की घंटी का बिल्कुल ख्याल न करें । जब घंटी बजाई जाती है तो उसका मतलब यह होता है कि मैम्बर साहिब को अब वाइंड अप कर देना चाहिए और एक दो मिनटों में स्पीच को खत्म कर लेना चाहिए । मैं उम्मीद करती हूँ कि आप इस बात का जरूर ख्याल रखेंगे क्योंकि बहुत से मैम्बर साहिबान बोलने वाले हैं। (Before I call upon the next hon. Member to speak I would like to observe that it does not behove an hon. Member, in the possession of the House, to continue speaking of his own free will in ulter disregard of the ringing of the bell by the Chair. When the bell is rung, it is an indication that the hon. Member should wind up and conclude his speech within a minute or two. I hope that the House will keep it in mind because a number of hon. Members wants to participate in the discussion).

खान अब्दुल गफ्फार खां (अम्बाला शहर) : जनाब डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज हम गवर्नर साहिब के ऐड्रस पर बात चीत कर रहे हैं। गवर्नर साहिब ने शुरू में ही दो घटनाओं का जिक्र फरमाया । पहले हमारे महबूब नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू की मौत पर अफसोस और सदमे का इज़हार किया। उसके बाद सरदार प्रताप सिंह कैरों, शेरे पंजाब, के कत्ल पर अफसोस और सदमे का इज़हार किया ।

[खान अब्दुल गफ्फार खां]

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हर तरक्की का इनहिसार अमनो अमान पर होता है। तरक्की....ख्वाह वह सनअती तरक्की हो, ख्वाह जरायती तरक्की हो, गर्ज़ेकि किसी किस्म की तरक्की हेच है, नहीं हो सकती जब तक कि ला एंड आर्डर कायम न हो। जब तक सूबे में, जब तक मुल्क में अफरा तफरी रहे, हर किसी को अपनी जान की हिफाज़त के लिये हमेशा चिन्ता रहे वहां कोई तरक्की नहीं हो सकती । हमारे सामने सरदार प्रताप सिंह और उन के तीन साथियों का कत्ल हुआ, कब होता है वह कत्ल ? दिन के ग्यारह बारह बजे के दरम्यान होता है। कहां होता है ? जी. टी. रोड पर होता है जहां इस बात का अन्दाज़ा है कि हर मिनट के बाद कोई न कोई वहिकल वहां से गुज़रता है....ख्वाह वह कार हो, ख्वाह वह ट्रक हो या और किसी किस्म का वहिकल हो। और यह ब्यान किया जाता है, बताया जाता है कि जो कत्ल करने वाले हैं, वह उस कत्ल से चार पांच घंटे पहले निहायत आज़ादी के साथ गांव में घूमते हैं, वहां जाकर लड़कों को संगतरे तक्सीम करते हैं, वहां से गन्ने का रस पीते हैं, गुड़ खाते हैं और चारपाई लेकर वहां पर दनदनाते हुए बैठ जाते हैं। फिर क्या होता है? एकदम सरदार प्रताप सिंह की कार आती है । उस कार से पहिले और कारें गुज़रती हैं, उनको नहीं रोका जाता लेकिन सरदार प्रताप सिंह की कार आती है तो उनको कैसे मालूम हुआ कि सरदार प्रताप सिंह की कार इस वक्त आ रही है और उसको रोका जाए? फिर तमाशा यह कि न तो उससे पहिले और न उसके बाद इधर से या उधर से कोई ट्रक या वहिकल नहीं आया। ताजुब की बात है। हैरानकुन बात है कि न इधर से कोई ट्रैफिक जाता है और न उधर से कोई ट्रैफिक जाता है। सरदार प्रताप सिंह करों की कार रोक ली जाती है और रोक कर निहायत दलेरी के साथ निहायात घिनौना कत्ल किया जाता है । न सिर्फ यह कि सरदार प्रताप सिंह को ही कत्ल किया जाता है बल्कि सरदार प्रताप सिंह के साथ जो दूसरे साथी हैं उन तीनों को ड्राईवर के समेत, कत्ल किया जाता है। कैसे कत्ल किया जाता है ? कार को रोक कर । निहायत इतमीनान के साथ कार का दरवाज़ा खोल कर सरदार प्रताप सिंह को गोलियां मारी जाती हैं और निहायत इतमीनान के साथ उस कत्ल के बाद वह वहां से चले जाते हैं और पुलिस तीन चार घंटे तक वहां नहीं पहुंचती । सरपंच जो था रसोई गांव का था वह एफ. आई. आर. दर्ज कराने जाता है तो उसकी कोई बात नहीं सूनी जाती । इतफाकिया तौर पर हमारे पंजाब के बड़े पुलिस अफसर वहां पहुंचते हैं और उन से भी टाल मटोल की जाती है जब तक कि वह अपनी आईडेंटिटी नहीं बताते । इस अरसा में वहां कोई इस किस्म के इकदाम पुलिस की तरफ से नहीं उठाए जाते यानी जहां पर कत्ल हुआ है वहां कोई घेरा डाल दिया जाये या कातलों के पीछे फौरन सिपाही भेज दिए जाएं ताकि जो निशानात कातल वहां अपने पांव के या हाथों के या और कोई छोड़ गए हों वह ज़ाया न हो जाएं । इसका नतीजा यह हुआ कि जो भी वहां आया वहां फिरता रहा और जिसकी मर्ज़ी आई उसने कार को खोला और अन्दर देखा, ताकि इस तरह से वहां सैंकड़े आदमियों का जमघटा इकट्ठा हो गया और वहां जो कातलों के निशानात मिल सकते थे वह ज़ाया हो गए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, दिल भरा हुआ है। कहने को बहुत कुछ कहना चाहता हूँ लेकिन मैं सिर्फ कहने वाली बात कहता हूँ और आपसे पूछना चाहता हूँ कि अब उस शख्स के कत्ल के बाद, जिस शख्स की तारीफ में यहां बैठे हुए कुछ लोग और उधर बैठे हुए कुछ लोग कहना चाहते हैं तो कह लें। क्या हो सकता है उन के कहने से, जहां आज हिन्दुस्तान के प्रेज़ीडेंट सदमें का इज़हार करते हैं, जहां आज हिन्दुस्तान के प्राईम मिनिस्टर सदमे का इज़हार करते हैं और डिफेन्स मिनिस्टर सदमे का इज़हार करते हैं और बताते हैं कि यह कत्ल सरदार प्रताप सिंह कैरों का कत्ल नहीं है बल्कि यह तो जमहूरियत का कत्ल है और जमहूरियत की बुनियादों को हिला देने वाला कत्ल है जिसने जमहूरियत के सिलसिलों में एक ज़लज़ला ला दिया है। आज अगर यह उसको एक महान पुरुष न कहें और महान आत्मा न कहें तो उन के कहने से कुछ नहीं होता। आज हिन्दुस्तान के लोगों से पूछिए, नहीं, नहीं, हिन्दुस्तान के नहीं आप नीफा और लद्दाख में बैठे लोगों से जाकर पूछिए वह क्या कहते हैं। सरदार प्रताप सिंह कैरों ने अपनी जिन्दगी में अपना सर कभी नहीं झुकाया। उसकी ज़िन्दगी में सख्त से सख्त तूफान आए, झकोड़े आए लेकिन वह कभी भी उन के सामने झुका नहीं। उस ने पंजाब के लोगों को एक स्टेबल गवर्नमेंट दी और उसने पंजाब और हिन्दुस्तान के नाम को अर्श तक पहुंचा दिया। आज नीफा और लद्दाख में बैठे हुए लोग जानते हैं कि वह सब से पहला शख्स था जिसने चीफ मिनिस्टर की हैसीयत से वहां पर जा कर सिपाहियों की हौसला अफज़ाई की और उन्हें जोश दिलवाया। उस शख्स ने वहां जाकर उनको यकीन दिलाया कि सारा पंजाब और सारा हिन्दुस्तान उन के लिये मौजूद है, कोई फिक्र न करो। तुम हिन्दुस्तान की हिफाज़त के लिये मौजूद हो और हिन्दुस्तान तुम्हारे लिये मौजद है। यह चीजें सरदार प्रताप सिंह ने करके दिखा दी हैं। इन के अलावा पंजाब के लिये और भी उसने क्या क्या किया है यह तो तारीख ही बताएगी। उसने पंजाब के सूबे को हिन्दुस्तान के बाकी तमाम सूबों में अव्वल दर्जा पर लाकर खड़ा कर दिया है। क्या भरती कराने के लिहाज से, क्या रुपये पैसे देने के लिहाज़ से और क्या जवानों को हौसला और जोश दिलाने के लिहाज़ से। आज लोगों को जो हौसला मिला है या उनमें भरती होने का जोश पैदा हुआ है वह तमाम सरदार प्रताप सिंह कैरों की तरफ से उन्हें हिम्मत और हौसला बढ़ाने से हुआ है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, कई दोस्तों की तरफ से यह कहा गया है कि पंजाब के लोग हमेशा से अगवाई करने वाले हुए हैं और यही वजह है कि पंजाब ने इतनी तरक्की की है, यह कोई सरदार प्रताप सिंह कैरों की वजह से नहीं हुआ। उन्होंने कहा है कि पंजाब के लोगों ने अमेरिका में और अफरीका में जा कर भी तरक्की की है। ठीक है कि पंजाब के लोग अगवाई करना जानते हैं। मैं उन से पूछना चाहता हूँ कि सरदार प्रताप सिंह के चीफ मिनिस्टर बनने से पहले यहां पंजाब में उन्होंने क्या कर लिया था। इससे साफ ज़ाहर है कि अमेरिका में या अफरीका में जो कुछ कर सके हैं वह वहां के लोगों को ही देख कर कर सके हैं। मैं समझता हूँ कि आज पंजाब के सूबा ने जो हर लिहाज़ से तरक्की की, खाह ज़रायत की पैदावार बढ़ाने के

[खान अबदुल गफार खां]

लिहाज़ से हो, चाहे सनअती लिहाज़ से हो, चाहे यहां नहरों के लिहाज़ से हो और चाहे सड़कों के बनाने के लिहाज़ से हो या मदरसों के खोला जाने के लिहाज़ से हो यह तमाम सरदार प्रताप सिंह कैरों की मेहरबानी से हुआ है। उस की खिदमात को भुला देना मैं समझता हूँ कि यह अव्वल दर्जा की अहसान फरामोशी और कृतघन्ता होगी। जो यह कहता है कि सरदार प्रताप सिंह कैरों की वजह से पंजाब ने तरक्की नहीं की है मैं समझता हूँ कि वह अहसान फरामोशी करता है और कृतघन्ता करता है ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं एक बात और कह कर अपने आप खत्म कर देना चाहता हूँ, पेशतर इसके कि आप घंटी बजाएं और मुझे हुक्म दें मैं खुद ही इस बात का ख्याल करके अपने आप बैठ जाऊंगा ।

तो मैं अर्ज़ करना चाहता था कि इस कत्ल के बारे में मुख्तलिफ थ्यूरियां पेश की गई हैं। पहले कहा गया था कि कातल जो हैं उन के बारे डर है कि व अपनी दाढ़ी मूछें मुण्डवा कर पाकिस्तान को चले गए हैं। उसके बाद कहा गया है कि साहिब, यह पुलिटीकल मर्डर नहीं है। ठीक है, हमने कब कहा था कि यह पुलिटीकल कत्ल है। हमने तो कहा था कि यह रूल आऊट नहीं किया जा सकता कि यह पुलिटीकल कत्ल है । फिर कहा गया कि जनाब, इसमें एक बड़े भारी पुलिस अफसर का दखल है। तो अगर पुलिस अफसर का दखल है तो मैं पूछता हूँ कि यह पुलिटीकल कत्ल है कि नहीं है इसका फैसला करना पब्लिक का काम है और यह फैसला पब्लिक करेगी । आज क्या हो रहा है? मैं नहीं जानता कि यह सही खबर है या गलत, इतना ज़रूर है कि एक अफवा फैली हुई है कि कातलों को कत्ल कर दिया गया है। जिस तरह कि सदर कैनेडी को मारने वाले को कत्ल कर दिया गया था और ल्याकत अली खान को कत्ल करने वाले को भी उसी वक्त कत्ल कर दिया गया था ताकि वह राज़ न खोल दे। यह अफवा जो है उसी बेसिज़ पर हो सकती है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप ज़रा मुलाहज़ा फरमाएं कि कत्ल होने के बाद इतने अर्से तक वहां पुलिस नहीं पहुंचती हालांकि डेढ़ मील के फासला पर पुलिस स्टेशन राए का है और वहां पी. ए. पी. की फुल बटैलियन मौजूद है। वह वहां ट्रेनिंग हासिल कर रही है उसके पास जुमला हथियार मौजूद हैं उनसे कोई मदद नहीं ली जाती । यही नहीं, कोई मास्टर माइंड था जिसने चाहा कि ऐसे हालात पैदा करो कि इस कत्ल का सुराग न लग सके । दिल्ली से पुलिस के कुत्ते मंगाए जाते हैं मगर कातिल पानी में से गुज़र जाते हैं। आप जानते हैं कि अगर कोई पानी में से गुजर जाए तो बू जाती रहती है और कुते पीछा नहीं कर सकते । देखिए कितनी माइन्यूटली सारी चीज़ वर्क आउट की गई, कितनी गहरी साजिश थी। फिर देखिए कहा जाता है कि साहिब कितनी पुलिस तहकीकात कर रही है। 5 डी. आई. जीज़. और आई. जी. पहुंचे। बड़ी कोशिश कर रही है पंजाब गवर्नमेंट । ठीक है । हम कब कहते हैं कि यह कोशिश नहीं करती, ज़रूर करती होगी, लेकिन नतीजा क्या है? आज तीन हफ्ते हो गए हैं इस कत्ल को

हुए मगर आज तक सुराग़ नहीं मिला । तो भी मैं एक बात कहना चाहता हूं । कोई कुछ कहे कि सरदार प्रताप सिंह को जिनके कहने पर खत्म किया गया है या जिन्होंने खुद कत्ल किया है वह अपने मकसद में निहायत नामुराद और नाकामयाब रहे हैं। वह समझते थे कि सरदार प्रताप सिंह को कत्ल कर देने से प्रताप सिंहइज्म खत्म हो जायगा, उसकी खूबियां खत्म हो जायेंगी मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ । आज उसकी खूबियां ही सब के सामने हैं, उसकी कमियां किसी के सामने नहीं हैं । प्रताप सिंह का कत्ल कोई मामूली कत्ल है ? फारसी में कहावत है जिसका मफहूम यह है कि आसमान को हक पहुंचता है कि खून की बारिश यहां की जाए। सरदार प्रताप सिंह ने पंजाब के लिये क्या कुछ नहीं किया । अपनी सेहत खराब की, अपना सब कुछ मिटाया और आखरी वक्त में भी देखिए इस धरती का वफादार रहा । दिल्ली से चलते हैं। डेढ़ या दो मील के फासला पर दूसरे सूबा की सरहद है और इधर पंजाब की सरहद है । कातिल उसे दूसरी तरफ भी मार सकते थे मगर यह सरदार प्रताप सिंह की कुव्वत इरादी का नतीजा था कि उसने नहीं पसंद किया कि दूसरे सूबा में मरे । उस ने मरना कबूल किया तो वह भी पंजाब की सरज़मीन पर और उसकी ज़मीन पर अपना खून बहाया। (विघ्न) सुनने वालो सुनो, इस सूबे के लिये अपना आखरी कतरा खून बहाया । इसलिये बहाया कि पंजाब खुशहाल हो (तालियां) इसको खुशिया देखनी नसीब हों । आखिरी दम तक बफादारी का सबूत दिया और ऐसा सबूत दिया कि रहती दुनिया तक कायम रहेगा । हमें धमकाया जाता है कि हम कुछ कहना चाहते हैं। हम हरगिज़ नहीं कहते । हमारा यह कतअन मक्सद नहीं है यह कहने का कि पंजाब गवर्नमेंट कुछ नहीं करती । हम कहते हैं कि हालात एसे हैं कि वह काबू से बाहर हो गये हैं या क्या बात हो गई जिसकी बजह आज तीन हफ्ते हो चुके हैं आज तक कातलों का सुराग नहीं मिल सका । कहीं कहां कि साहिब कार पकड़ी गई है। कहां ? फिरोज़पुर । फिर कहीं और कार पकड़ ली मगर बाद में छोड़ दी कि इस का उस कत्ल से ताल्लुक नहीं है । ऐसे तो लाखों कारें हैं। यह साइड-ट्रैक क्यों हो रहा है ? इसलिये हम कहते हैं कि इस बात को सैंटर अपने हाथ में ले ले । अगर सैंटर इसे अपने हाथ में ले ले तो वह इसमें ज्यादा कामयाब हो सकते हैं। यह बात हमारे सामने है कि इनकी तमाम ऐफर्टस के बावजूद यह सुराग नहीं मिल सका इसलिये हम कहते हैं कि सरदार प्रताप सिंह के कत्ल का सुराग सैंट्रल इन्टैलीजेंस बियोरो लगाये ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਪ੍ਰੈਜ਼ੀਡੈਂਟ ਰੂਲ ਵੀ ਹੋ ਜਾਵੇ ।

खान अबदुल गफार खां : सरदार साहिब, प्रेजीडैंट रूल होने पर भी आप घबराएंगें । आपने सरदार प्रताप सिंह के लिये एक लफ़्ज़ कहा था इब्नुलवक्त । मैं नहीं समझता था लेकिन सरदार संत सिंह आंजहानी जो ईथीओपिया में हमारे एम्बैसेडर थे और लायलपुर में प्रैक्टिस करते थे उन्होंने मुझे एक शख्स के इब्नुलवक्त होने के मुताल्लिक बताया था ।

एक श्रवाज़ : क्या नाम था उसका ?

खान श्रबदुल गफार खां : उसका नाम बताने की क्या ज़रूरत है । तो आज अगर किसी के साथ ऐसी बात होती है तो कल किसी और के साथ भी हो सकती है । रूल की क्या बात करते हैं । यह देखना गवर्नमेंट का काम है कि अगर वाकई ऐसी बातें हुई हैं तो यह रूल रहे या वह रूल रहे । या जो मर्जी आए कर दे ।

Deputy Speaker : Please wind up.

खान श्रबदुल गफार खां : Yes, Madam, I am going to wind up. अगर आप इजाजत दें तो एक बहुत बड़ी फलसफी की कोटेशन अर्ज़ करना चाहता हूँ । आप देखिए कि यह जो ताजर लोग होते हैं दुकानदार यह साल में एक दफा अपना हिसाब देखते हैं, फलां जगह इतना खर्च किया, फलां जगह इतना खर्च किया वगैरा और फिर देखते हैं कि इतनी आमदनी हुई । इस तरह बट्टा खाता मिला कर अगर खर्च आमदनी से ज्यादा बने तो घाटा और उसके उल्ट हो तो नफा समझा जाता है । आज पंजाब को देखना है कि सरदार प्रताप सिंह की वजह से नफा रहा या नुकसान । मैं दावे से कहता हूँ कि पंजाब को इसमें नफा रहा है हर तरह से । नुक्सान नहीं रहा । सरदार प्रताप सिंह ने हर तरह से सूबे की तरक्की करके दिखाई । बाकी जो फाल्ट फाइंडिंग है ।

Nothing is easier than fault finding.

No talent, no self-denial, no brain is required to set up in this business.

इसके लिए किसी दिमाग की ज़रूरत नहीं होती, अकल की ज़रूरत नहीं होती। कोई मुझे कह दे कि फाल्ट फाइंडिंग करता हूँ तो यह ठीक नहीं । हम फाल्ट फाइंडिंग नहीं कर रहे, हम तो उस के खिलाफ कह रहे हैं । हम कहते हैं कि अपनी चारपाई के नीचे लाठी फेरो, अपने शहतीर को देखो बजाए दूसरे के तिनके को देखने के । हमारा कांग्रेस वालों का तो यही असूल रहा है कि हम अपनी खराबियां देखते हैं, दूसरे की खराबियां नहीं देखते ।

हम तो बताते हैं कि हमने यह किया । सरदार प्रताप सिंह या कांग्रेस के लोग जो इधर बैठे हैं इन्होंने कभी दावा नहीं किया कि हम किसी बात से मुबर्रा हैं या मुसतिसना हैं, हमने कभी गलती नहीं की । इनसान गलती का पुतला है । मैंने एक बात को पिछली दफा भी कहा था और आज फिर दोहराता हूँ कि मेरे अकीदे के मुताबिक जहां में तीन हस्तियां हैं जो कभी गलती नहीं करती । एक तो खुदावन्द, अलाहताला, वाहिगुरु, परमेश्वर और दूसरे फरिश्ते । मेरे एतकाद और अकीदे के मूजब फरिश्तों में गलती करने का मादा ही नहीं है जिससे कि गलती पैदा हो और तीसरा कम्बख्त शैतान है जो भूल कर भी इनसान को सही रास्ते पर नहीं लाता । इसलिये सरदार प्रताप सिंह न शैतान था और न खुदा था । वह तो महज़ एक इनसान था और

इनसान से गलती होने का हर वक्त इमकान है । अगर उसकी खूबियों के सामने उसकी गलतियों को तोला जाए तो खुबियों की वजह से उसकी आसमान में कहीं ऊंची जगह होगी । (विघ्न) यह बीच में मुदाखलत ह, इनकी बात में क्या करूँ जो हर वक्त बदल जाने में यकीन रखते हों ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਮੈਂ ਤੁਹਾਡਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸਮਾਂ ਨਹੀਂ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਵੇਲੇ ਬਹੁਤ ਦੋਸਤਾਂ ਨੇ ਬੋਲਣਾ ਹੈ ਔਰ ਸਮਾਂ ਥੋੜ੍ਹਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਅਜ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਐਡਰੈਸ ਤੇ ਬਹਿਸ ਦਾ ਆਖਰੀ ਦਿਨ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਕੋ ਹੀ ਗੱਲ ਕਹਿਣੀ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਕਤਲ ਨੂੰ ਲਭਣ ਲਈ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜਤਨ ਕੀਤੇ ਹਨ, ਅਸੀਂ ਉਸ ਦੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕਰੀਏ ਔਰ ਇਸ ਕੰਮ ਵਿਚ ਇਸ ਦਾ ਹੱਥ ਵਟਾਈਏ। ਸਾਡੇ ਸਾਰੇ ਦੋਸਤਾਂ ਦਾ ਇਹ ਫਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜੋ ਵੀ ਥੋੜ੍ਹੀ ਬਹੁਤ ਇਨਫਰਮੇਸ਼ਨ ਇਸ ਬਾਰੇ ਮਿਲੇ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੇਵੇ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੈਂ ਪਹਿਲੇ ਅਰਜ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਕਤਲ ਵਿਚ ਕਈ ਬੰਦੇ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਣਗੇ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਜ਼ਰੂਰ ਕੁਝ ਉਹ ਹੋਣਗੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਰਦਾਰ ਸਾਹਿਬ ਨਾਲ ਕੋਈ ਜ਼ਾਤੀ ਰੰਜਸ਼ ਹੋਣੀ ਏ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣਾ ਜ਼ਾਤੀ ਰੰਜ ਕਢਣ ਵਾਸਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਾਰ ਦਿਤਾ ਹੋਵੇਗਾ।

उपाध्यक्षा : आप ने क्या सिर्फ इसी मामले पर ही बोलना है कि कोई चीज़ भी कहनी है अगर कोई और चीज़ कहनी है तो अब वह कह लें क्यों कि वक्त तंग है। (Does the hon. Member want to confine himself to this issue only or does he want to discuss some other points also? If he has to say something on other points as well, he should do so now as the time at our disposal is very short.)

ਸਰਦਾਰ ਤਰਲੋਚਨ ਸਿੰਘ ਰਿਆਸਤੀ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਸਿਰਫ ਇਸੇ ਚੀਜ਼ ਤੇ ਕਹਿਣਾ ਹੈ।

ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਕਤਲ ਜ਼ਾਤੀ ਦੁਸ਼ਮਣੀ ਕਰ ਕੇ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਜ਼ਾਤੀ ਦੁਸ਼ਮਣੀ ਦੀਆਂ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਆਈਆਂ ਹਨ। ਪਿਛਲੇ ਸਤ ਅੱਠ

[ਸਰਦਾਰ ਤਰਲੋਚਨ ਸਿਘ ਰਿਆਸਤੀ]

ਵਰ੍ਹਿਆਂ ਵਿਚ ਕਈ ਬੰਦਿਆਂ ਨੂੰ ਮਾਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੇਸ ਵੀ ਪੁਲਸ ਨੇ ਰਜਿਸਟਰ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕੀਤੇ ਔਰ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸ ਢੰਗ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੇਸਾਂ ਨੂੰ ਛੁਪਾਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਭ ਕੁਝ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੁੰਦਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕੋਈ ਘੋੜ ਸਵਾਰ ਬਗੈਰ ਆਸੇ ਪਾਸੇ ਵੇਖੇ ਕਿ ਕੋਈ ਟੋਆ ਟਿੱਬਾ ਉਸ ਦੀ ਰਾਹ ਵਿਚ ਹੈ, ਆਪਣੇ ਘੋੜੇ ਨੂੰ ਅੰਧਾ ਧੁੰਦ ਭਜਾਈ ਚਲਾ ਜਾਵੇ। ਆਖਰ ਉਸ ਨੇ ਕਿਥੇ ਨਾ ਕਿਥੇ ਡਿਗਨਾ ਹੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਬਿਲਕੁਲ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਹਿਲੀ ਸਰਕਾਰ ਚਲਦੀ ਰਹੀ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਉਸ ਦੇ ਕਈ ਦੁਸ਼ਮਨ ਬਣ ਗਏ। ਮੇਰਾ ਪੂਰਾ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਕਤਲ ਕਿਸੇ ਜ਼ਾਤੀ ਦੁਸ਼ਮਣੀ ਦਾ ਹੀ ਨਤੀਜਾ ਹੈ (ਘੰਟੀ ਦੀ ਅਵਾਜ਼) ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਤੁਸੀਂ ਟਲੀ ਵੀ ਵਜਾ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਤੁਹਾਡਾ ਹੁਕਮ ਮੰਨਦਾ ਹੋਇਆ ਔਰ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਵਾਂਗ ਨਾ ਕਰਦਾ ਹੋਇਆ ਕਿ ਨਾਲੇ ਇਹ ਵੀ ਕਹੀ ਜਾਣਾ ਕਿ ਮੈਂ ਆਪਦਾ ਹੁਕਮ ਮੰਨਦਾ ਹਾਂ ਔਰ ਨਾਲ ਬੋਲੀ ਵੀ ਜਾਣਾ ਆਪਣੀ ਸਪੀਚ ਖਤਮ ਕਰਕੇ ਬੈਠ ਜਾਂਦਾ ਹਾਂ ਹਾਲਾਂ ਕਿ ਮੈਂ ਹਾਲੇ ਕੁਝ ਗੱਲਾਂ ਹੋਰ ਵੀ ਕਹਿਣੀਆਂ ਸਨ।

श्री ज्ञान चन्द (शिमला) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मौजूदा सरकार ने जो इतने थोड़े अर्सा में इतने सराहनायोग काम किए हैं उन के....

(शिक्षा मन्त्री प्वायंट आफ आर्डर पर खड़े हो गए और श्री ज्ञान चन्द अपनी सीट पर बैठ गए)।

उपाध्यक्षा : आप क्यों बैठ गए हैं? (Why has the hon. Member resumed his seat).

* * *

* *

* * *

उपाध्यक्षा : यह पोरशन एक्सपंज समझा जाए। (This portion should be treated as expunged.)

श्री ज्ञान चन्द : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज कर रहा था कि हमारी इस मौजूदा मिनिस्टरी ने अपने इस थोड़े से वक्त में यह जो काम किए हैं इन की जितनी सराहना की जाए उतनी थोड़ी है। एक तो इन्होंने जो ज्यूडीशरी को एग्जैक्टिव से सेपेरेट किया है, दूसरा इस ने एडमिनिस्ट्रेशन रिफामर्ज़ कमिशन बनाया है और तीसरा जो इस ने फूड प्राबलम को इतनी अच्छी तरह से हल किया है यह तीनों चीज़ें सराहना के योग हैं। इस के साथ-साथ ही जो ग्रीवैनसिज़ अफसर और ग्रीवैनसिज़ डिपार्टमेंट कायम करके लोगों का शिकायतों को दूर करना चाहती है उस बारे में मैं पंजाब सरकार से कहूंगा कि इन शिकायतों को दूर करने में ग्रीवैनसिज़ अफसर या ग्रीवैसिज़ डिपार्टमेंट कुछ भी नहीं कर सकेगा। आज जो लोगों की तकलीफ है वह यह है कि सरकार के दफतरों में काम कुछ नहीं होता और अगर कोई शिकायत की जाए तो उस का जवाब भी नहीं दिया जाता। मिसाल के तौर पर मैं ने एक खत चौधरी रिज़क राम जी को आर

*Note Expunged as ordered by the Chair.

अक्तूबर को लिखा। उन से पहले बिजली के मन्त्री चौधरी रणबीर सिंह थे। मेरा जो शिमला जिला है वह हिमाचल के साथ लगता है। तो मैं ने मांग की थी कि उस स्टेट के हमारे साथ वाले इलाके में बिजली की लाईनें चलती हैं। वहां से मेरे हलके को बिजली लेने की इजाजत होनी चाहिये। साल डेढ़ साल के बाद पंजाब सरकार मानी कि वह हमें ऐसा करने की इजाजत देगी। चुनांचि मैं ने चौधरी रिज़क राम जी को खत लिखा कि वह फलां पंचायत को इजाजत दें कि हिमाचल के इलाके से बिजली ले सके। वज़ीर साहिब का जवाब तो आ गया कि वह इस पर हमदर्दाना गौर करेंगे। मगर उन के दफतर से यानी सैक्रेटरी से जो चिट्ठी इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड को गई वह 21 नवम्बर को गई यानी पंजाब सरकार को उन को एक नकल भेजने में छ: हफ्ते लग गए। फिर यही बात और महकमों को चिट्ठी लिखने पर सामने आती है। ऐसी दिक्कत पेश आती है। इस से पता चलता है कि इस सरकार के जो प्रोसीजर हैं जो मैथड्ज़ हैं वह डिफैक्टिव हैं। उन को बदलने की जरूरत है। तो यह जो, ग्रीवैंसिज का अफसर जिलों में होगा वह क्या कर सकेगा। तो मैं सरकार से कहूंगा कि वह जरा ऐडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्मज कमिशन की रिपोर्ट का इन्तजार कर लें।

दूसरी बात मुझे अपने हलके के बारे में कहनी है। आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि वहां पर परसों से सात सौ ऐम्पलाईज हड़ताल कर रहे हैं। परसों मैं वहां पर था और मैंने कोशिश की कि ऐम्पलाइज़ और म्यूनिसिपल कमेटी में समझौता कराया जाए। ऐम्पलाइज़ की मांगें ऐसी हैं जो कि म्युनिसपल कमेटी शिमला ने असूली तौर पर मानी हुई हैं। एक तो यह है कि उन को वरदियां दी जाएं और दूसरी यह है कि उन के क्वार्टरज़ की मुरम्मत कराई जाए। जब मैंने बात की तो म्यूनिसिपल कमेटी ने यह बात मानी कि यह बातें तो मानी हुई हैं मगर इस के बावजूद कोई फैसला नहीं हो सका। मैं सरकार की इस तरफ तवज्जुह दिलाता हूं कि शहर को इस बात का खतरा लगा हुआ है कि कहीं पानी और बिजली की सप्लाई वहां पर बंद न हो जाए जैसा कि अखबारों में लिखा है कि वह पांच तारीख को हड़ताल कर देंगे। तो मैं पंजाब सरकार से इस बारे में फौरन कदम उठाने के लिये दरखास्त करूंगा और कहूंगा कि इस झगड़े का फैसला कराए।

(At this stage Mr. speaker occupied the chair.)

एक बात और कहूंगा। इस में शक नहीं कि पंजाब सरकार ने शिमला की तरक्की के लिये बहुत कदम उठाए हैं मगर हिमाचल के इलाके पर पर कैपीटा खर्च पंजाब के पहाड़ी इलाकों से बहुत ज्यादा है। मुझे इस बात की खुशी है कि पिछले दो तीन साल से जिला शिमला की ओर तवज्जुह दी गई है मगर यह बात मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं कि शिमला-कालका ट्रांस्पोर्ट के जो परमिट्स का जो सिलसिला है वह कुछ ठीक नहीं। यह बात मानी हुई है कि जब तक किसी इलाके की ट्रांस्पोर्ट तरक्की न करे वह इलाका तरक्की नहीं कर सकता। आप ने देखा कि पंजाब में अगर कोई ट्रक लेकर आ जाए तो उस को परमिट मिल जाता है नतीजा यह है कि आज दिल्ली से चंडीगढ़ तक एक मन सामान एक रुपये में आ जाता है

[श्री ज्ञान चंन्द]

मगर कालका-शिमला के जो परमिट्स हैं वह आम आदमी को नहीं मिलते कुछ वैस्टिड इंटरैस्टस को मिले हुए हैं। नतीजा यह है कि आज उस परमिट की कीमत तीस हज़ार रुपया है। जिस आदमी को ट्रक परमिट मिल जाता है वह परमिट छे सौ रूपये महीने पर चलता भी है। जो चन्द आदमी हैं जिन को इनफलुऐंशल कहते हैं और जिन में एक्स लैजिस्लेटर्ज़ हैं और मौजूदा भी हो सकते हैं उन सब को परमिट मिले हुए हैं और नतीजा यह है कि दिल्ली से चंडीगढ़ जो कि डेढ़ सौ मील है एक रुपये पर एक मन बोझ आ जाता है मगर कालका शिमला जो कि सिर्फ 56 मील का फासला है उतने ही बोझ के एक रुपया दो आने लगते हैं। मैं इस सरकार से कहूंगा और खास तौर पर चीफ मिनिस्टर साहिब से कहूंगा कि उन को किसी खास वैस्टिड इंटरैस्ट से लगाव नहीं है (घंटी) सरकार की मौजूदा परमिट देने की पालिसी की वजह से पहाड़ के लोगों को जो चीजें मैदान में जाती हैं और वहां से जो लाखों मन आलू, अदरक और दूसरी चीजें आती हैं वह तकरीबन आठ आने मन महंगी पड़ती हैं। पंजाब सरकार की पालिसी है कि कीमतें कम हों तो इन से अर्ज करूंगा कि यह जो वहां पर परमिट्स की अजारादारी है इस को तोड़ा जाए और जैसा कि बाकी पंजाब में है वही वहां भी जारी करें। पंजाब सरकार इस बात के पीछे शैल्टर नहीं ले सकती कि यह एक जुआंयट रूट है। आज हिमाचल सरकार कालका शिमला परमिट खोलने के लिए तैयार है। तो मैं इन से दरखास्त करूंगा कि इस अजारादारी को खत्म किया जाए ताकि किराया में कमी हो।

शिक्षा तथा स्थानीय शासन मन्त्री (श्री प्रबोध चन्दर) : स्पीकर साहिब, मैं आप का मशकूर हूं कि आप ने मुझे बोलने के लिये वक्त दिया है। जहां तक बाकी सारे मामलों का ताल्लुक है उन के मुताल्लिक जवाब खुद चीफ मिनिस्टर साहिब देंगे। सरदार गुरनाम सिंह जी जो कि लीडर आफ दी आपोजीशन हैं (विघ्न) चलो लीडर आफ दी आपोजीशन न सही बल्कि बतौर एक इनसाफ के मैं भी उन की बड़ी कदर करता हूं, मुझे इस बात की खुशी है कि बहुत ढूढ़ने पर इन को सिर्फ दो केसिज आफ नजस्टिस ही मिले हैं एक तो मेरे महकमे के मामूली फोटोग्राफर का केस है एक चीफ मिनिस्टर साहिब के महकमे का केस है। मैं अर्ज करूं कि इस वक्त दो लाख 46 हज़ार आदमी सरकारी मुलाज़म हैं और कोशिश करने पर इन को सिर्फ दो केसिज ही मिले जिन में इन को शक है कि ज़्यादती हुई है। मैं समझता हूं कि यह सरकार के लिये क्रैडिट की बात है डिसक्रैडिट की बात नहीं है। कि यह सिर्फ दो ही केसिज प्वायंट आउट कर सके दो लाख 46 हज़ार मुलाज़मों में से। और उन के बारे में भी अर्ज़ करूं कि तीन चार दिन हुए तो बाबू बचन सिंह जी मेरे नोटिस में उस फोटोग्राफर का केस लाए तो मैंने उस वक्त इन्क्वायरी का आर्डर कर दिया कि अगर उस के साथ ज़्यादती हुई है तो सैट ऐसाइड की जाए।

दूसरी बात जनाब, मैं लैंगुएज के बारे में कहूंगा। उस का ज़िक्र ज्ञानी करतार सिंह जी ने और सरदार गुरनाम सिंह जी ने भी किया है। ज्ञानी करतार सिंह जी

के बारे में मैं न कहूं कि वह मौसम की तरह बदलते हैं एक जगह नहीं टिकते। जो पोजीशन गवर्नमेंट की लैंगुएज के बारे में उन के वक्त में थी अब भी वही है उस में ज़ेर जबर का भी फर्क नहीं किया गया जिस से सिख भाइयों को महसूस हो कि उनकी जबान के साथ या पंजाबी के साथ ज्यादती हो रही है। हां, इतना जरूर किया है जितना कि कनस्टीटयूशन हर शख्स को हक देती है । आर्टीकल 350 में दर्ज है:

> "350. Every person shall be entitled to submit a representation for the redress of any grievance to any officer or authority of the Union or a State in any of the languages used in the Union or in the State as the case may be."

जो किसी का कन्स्टीटयूशनल राईट है वह किसी रिजनल फारमूले या प्राविनशल अनैक्टमेंट से वापस नहीं लिया जा सकता । कोशिश की जाती है कि जिस ज़बान में ऐपलीकेशन आए अगर मुमकिन हो सके तो उसी ज़बान में ज़वाब देते हैं मगर यह कोई आबलीगेटरी नहीं है। अगर एक अफसर के पास हिन्दी में एपलीकेशन आती है जो हिन्दी न जानता हो तो वह गुरमुखी में जवाब दे सकता है। उस पर कोई पाबन्दी नहीं है कि हिन्दी में ही जवाब दे।

फिर जिकर आया कि सैनेट में हिन्दुओं को वेटेज देते हैं। सिखों को नहीं। इस बारे में मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जहां तक यूनिवर्सिटीज़ का ताल्लुक है वहां पर किसी का मजहब या धर्म देख कर रैप्रेजैंटेशन नहीं मिलता बल्कि कावलियत देखकर रैप्रेजैंटेशन मिलता है।

आप पिछले चार साल के फिगर्ज़ को देख लें जिस वक्त हमारा यूनिवर्सिटी से ताल्लुक वास्ता भी नहीं था तो नामीनेशनों में क्या निसबत थी। जसटिस तेजा सिंह जी खुद पंजाब यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर थे तो 29 में से 8 सिक्ख और 1 क्रिसचियन था और 1960 में यूनिवर्सिटी पर नामीनेशन इस तरह से थी 18 हिन्दु 4 सिक्ख, 1 क्रिसचियन और 6 बाई डिज़गनेश्न थे। और आज जब हमारी सरकार है तो 1-11-1964 को जो नामीनेशनज़ की गई उस में 19 हिन्दु, 6 सिक्ख, 3 क्रिसचियन और 1 मुसलिम है तो इस से साफ जाहर है कि हम ने किसी जगह पर भी हिन्दुओं को वेटेज नहीं दिया। यह इलज़ाम उस वक्त तो नहीं लगाया गया जब जसटिस तेज़ा सिंह खुद वाइस चांसलर थे। उस वक्त भी सिक्खों का तनासिब इस से ज़्यादा नहीं था। यहां तक यूनिवर्सिटी पर नामीनेश्नज़ का सम्बन्ध है यह चांसलर खुद करता है on the recommendation of the Vice-Chancellor. The Government does not come in the way. नामीनेश्नज़ मैरिट के बेसिज़ पर की जाती है इस में और कोई ख्याल सामने नहीं रखा जाता। यह कम्युनिटीवाइज की जाती है इस लिये इस तरह का एतराज़ ठीक नहीं था। यह अलहदा बात है कि अगर चांसलर मुनासिब समझे तो चीफ मिनिस्टर या ऐजूकेशन मिनिस्टर की राए ले ले। लेकिन फाइनल ज़िम्मेदारी चांसलर की ही है।

[शिक्षा तथा स्थानीय शासन मंत्री]
जहां तक पंजाबी और कुरुक्षेत्र की यूनिवर्सिटी का ताल्लुक है वाईस चांसलर आन दी रिक्मैंडेशन आफ दी गवर्नमेंट नामीनेश्न करते हैं। मैं इस बात की पूरी ज़िम्मेदारी अपने ऊपर लेता हूं कि जहां तक तालीमी अदारों का ताल्लुक है खुदा के वास्ते इन में फिरकादारी को न लाओ। चाहे सारे सिक्ख हो जाएं इस में मुझे किसी किस्म का एतराज़ नहीं है। और यह हमारी बदकिस्मती है कि हमारे होते यह कहा जाए कि कम्यूनल नज़रिया रखा गया है।

मेरे एक दोस्त ने कहा था कि जहां तक मैमोरियल बनाने का ताल्लुक है इस को मादूद किया जा रहा है लाला लाजपत राए पर और घलूघारे के 30 हज़ार सिक्खों के बारे में जो शहीद हुए कोई मेमोरियल खड़ा नहीं किया जा रहा। ऐसी कोई बात नहीं है। हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने पहले ही इस बात का इलान कर दिया है कि सरदार शाम सिंह अटारीवाले के स्टेचू के बारे में विचार कर रहे हैं। इस बात की रोशनी में ही इस तरह के इलज़ाम सरकार पर लगाने चाहिए। शहीद किसी कौम के नहीं यह तो मुल्क के होते हैं (प्रशंसा) हमारा नज़रिया यह नहीं कि कोई सिक्ख था या हिन्दू था। हमारी सरकार का इस बारे में कोई फिरकादाराना नज़रिया नहीं है और न कभी होगा।

मेरे दोस्त श्री ज्ञान चन्द टूटू ने कहा है कि शिमला में स्ट्राइक हो गई है और इस वजह से लोगों में परेशानी है। आज ही मुझे इस के बारे में इलम हुआ है तो एक घंटे बाद ही वहां पर ताकीद कर दी कि मुझे स्ट्राइक के बारे में पूरी जानकारी दी जाए और हर तरह से इसे सुलझाने की कोशिश की जाए ताकि सर्विस का काम चलता रहे।

इस के आगे मैं यह अर्ज करूंगा कि पिछले तीन दिन से गवर्नर साहिब के एड्रैस पर डिस्कशन हो रही है और मुझे इस डिसकशन को सुनने का मौका मिला है। इस में बहुत सारा वक्त तो सरदार प्रताप सिंह के कत्ल के बारे में ही कहा गया। प्रताप सिंह की जात के बारे में कोई दो राए नहीं रखता कि उनका जो कत्ल था यह बहुत बुरी बात है, अफसोस की बात है। हर आदमी चाहे वह किस भी अकीदे का क्यों न हो इस बात पर एतराज़ कर सकता है कि गवर्नमेंट अभी तक कातलों का सुराग नहीं लगा सकी। मैं उनकी ज़ात के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता लेकिन अब यह कह देना कि सरकार की पुलिस नाअहल है ठीक नहीं। मैं यह कहना चाहता हूं कि आज से आठ महीने पहले जो होम मिनिस्टर थे यह पुलिस तो उनकी बनाई हुई है, उनकी पैदावार है जब कि बड़े बड़े आला अफसर किसी और बिना पर ताईनात कर दिए जाते थे। यह उनकी ही इस सरकार को देन है आज जो इस बात पर एतराज करते हैं। हमारी नहीं। आज अगर इस कत्ल का सुराग़ अभी तक नहीं मिला तो क्या मैं उनसे पूछ सकता हूं कि जब वह होम मिनिस्टर थे तो एक नहीं बीसियों कत्ल हुए जिनका आज तक 8 साल गुज़र जाने पर भी पता नहीं लग सका। खुशबख्त राए का कत्ल दिन दिहाड़े 1 लाख के हजूम के सामने हुआ, दरबार साहिब के सामने

गोली मार दी गई और आज तक इस का पता नहीं लगाया जा सका हालांकि यह कहा गया था कि इस कत्ल में किसी बड़े आदमी का हाथ है। जगाधरी की दो बहनों का आज तक सुराग न मिल सका। और बीसियों ऐसे कत्ल हैं जिन का आज तक पता नहीं चल सका। यह नहीं कि हम पता नहीं कर रहे। कत्ल हर आदमी का बुरा है चाहे गोली से मारा गया हो या और किसी तरीके से। लेकिन यह कहना शुरू कर देना कि क्योंकि उन्हें गोली से मारा गया तो वह शहीद हो गए यह ठीक नहीं। यह तो फिर बड़ा सस्ता सौदा है और तरीका है शहीद होने का। शहीद तो किसी काज के लिए होता है, कोई असूल हो जिसके लिए कुरबानी की जाए। आज जिस को गोली मार दी जाए उसकी कबर का मजावर बन जाना ठीक नहीं। फिर मैं उन्हीं से पूछता हूं जिन्होंने एतराज़ किया है कि उन्हों ने कौन सा हाथ बटाया है इसकी तफतीश करने में। मैं ने भी कहा है और दूसरों ने भी कहा है कि यह पोलिटीकल कत्ल नहीं है अगर यह कहते हैं कि यह पोलिटीकल कत्ल है और यह जानते हैं तो यह तफतीश में शामिल हो जाएं। जब हमारे पुलिस के आला अफसर पूछते हैं तो यह कह देते हैं कि साहिब हमें तो मालूम नहीं। हम आठ साल तक इन की कारवाइयों को बरदाश्त करते रहे, इन्हें दो दिन में ही रंजश आ गई। आठ साल तक यह युज़रपर के तौर पर इन गद्दियों पर बैठे रहे और हर जुर्म की परदापोशी करते रहे और आज यह इस तरह की नुकताचीनी करते हैं। यह ठीक है कि मेरे प्रताप सिंह से इख्तेलाफ थे और उन के मरने के बाद खत्म कर दिए लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मैं उन्हें हीरो मान लूं। मेरा दिलोदिमाग इस बात की इजाजत नहीं देता। कई दोस्तों ने चैलंज दिया है और मैं ने अकसैप्ट किया है और मुझे यहां से हट जाने में कोई शरमिन्दगी नहीं होगी अगर कोई कसूर साबित हो। मैं तो अपनी पार्टी का अदना सा सेवक हूं और अपने फर्ज को पूरा कर रहा हूं। अगर यह साबित हो जाए कि फलां शख्स ने गलती की है और वह इस काबिल नहीं कि गद्दी पर बैठ सके तो उस आदमी को आदम कद्द तसवीरों को जगह जगह पर शहरों में चौकों पर लगी हुई थीं को उतार देने की हिदायत दे दी जाए तो इस में कोई बुरी बात नहीं। तसवीर एक आदमी की नहीं महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल जी को छोड़ कर चीफ मिनिस्टर की हो सकती है, राम किशन की हो सकती है लेकिन ऐसे शख्स की नहीं कि जिसकी हकूमत में निहायत अफसोसनाक हालात हों। इस की गन्दगी को पब्लिक में फैलना अच्छा नहीं।

आज यह अपने आप को तीस मारखानों में शुमार करने लग जाए तो वह शख्स जिस पर कोई ऊंगली न उठाए। यह नहीं कि बदू बन कर भी अपने को बड़ा मान लेना शुरू कर दिया जाए। फिर यह ताना इस सरकार को दिया जाता है कि यह नाअहलों की हकूमत है, चाइलडिश और अनबैलैन्सड माइन्ड वालों की हकूमत है। अगर उसी तरह की हकूमत होती है और हम में से कोई पहली हकूमत की तरह का होता तो आज इस तरह के ताने देने वाले जेल की चार दिवारी में बंद होते। हमारा कसूर सिरफ इतना है कि हम जरूरत से ज्यादा शरीफ हैं। आज कल शराफत को बुजदिली

[शिक्षा तथा स्थानीय शासन मंत्री]

कहा जाता है। हम अपने आप को बुज़दिल कहलाना पसंद कर लेंगे लेकिन बदमाश और क्रुक कहलाना पसंद नहीं कर सकते।

आज यह मुझे कहते हैं कि मैं न कैरैक्टर एसेसीनेशन की है। मैं कहता हूं कि जो कुछ भी हमारी तरफ से किया जा रहा है वह बिलकुल सही और सच्चाई पर मबनी है। अगर कोई और कहता कि सरदार प्रताप सिंह ना-अहल आदमी थे तो शायद कोई न मानता यह तो जो कसीदा खुआनी की गई है, यह दास कमीशन जो गवर्नमैंट आफ इंडिया की तरफ से कायम हुआ, उस ने की है जो कुछ हुआ यह इन की अपनी पार्टी ने किया। हमारे ऊपर कैरैक्टर एसेसीनेशन का इलज़ाम लगाया जा रहा है, मगर हमें तो प्रताप सिंह की ज़ात का पता है अगर उन के वक्त में ऐसा कोई केस होता तो हम यह बात दावे से कहते हैं कि वह अगर ऐसी इनवैसटीगेशन भी छोड़ देते तो कोई बड़ी बात ना थी। कैरेक्टर एसेसीनेशन का इलज़ाम आज यह प्रबोध चन्द्र पर लगाते हैं मगर मैं उस खानदान के ज़ोर को भी जानता हूं जिस की सिगरेट बीड़ी की एक टूटी फूटी दुकान थी मगर आज चंडीगढ़ में उन के लाखों के बंगले हैं। अगर कोई यह बात साबत कर दे कि मैं ने पिछले 30 साल से अपनी ताकत का कहीं नाजायज़ इस्तेमाल किया है या किसी ग़लत तरीका से एक फूटी कौड़ी भी बनाई है तो मैं इस पब्लिक लाईफ से हमेशा के लिये मूंह काला करके पीछे हट जाऊंगा। मैं यह बात चैलेंज करता हूं कि अगर कोई भी इलज़ाम मेरे खिलाफ, मेरी बीवी या बच्चों के खिलाफ हो मुझे इस हालत में रहने का ज़रा भी हक नहीं। आज न मेरी और न मेरे किसी बच्चे की किसी तरह की नाजायज़ कमाई में एक दमड़ी की भी रवादारी है। मेरे मुताल्लिक आदर्श फैक्टरी के नाम से जैसे सवालात हुए मैं उन के मुताल्लिक इस हाउस में यह बात कलीयर कर देना चाहता हूं कि मैं ने इस फैकटरी पर 24,000 रुपये के करीब जो कि गवर्नमैंट ने मेरे क्लेम्ज़ की शकल में मन्ज़ूर किये थे वह मैं ने लगाये, 15,000 मैं ने रिहैबलीटेशन डिपार्टमैंट से लोन लिया और 30-40,000 के करीब मैं ने अपने ज़ेवरात लोगों के पास गिरवी रख कर इसी फैक्टरी पर लगाये। 6,000 रुपये की अब भी मैंने Settlement Department की एक किश्त देनी बाकी है। अगर 20 साल की इतनी मेहनत के बाद आज इस फैक्टरी की कीमत दो लाख हो गई है तो इस में कौनसी बड़ी बात है। मुझे पता है कि किस तरह चंद दिन वज़ारत में आकर सरमाया बढ़ाया जा सकता है। मुझे यह भी पता है कि किस तरह लाखों रुपये एकसाईज़ से कमाये जा सकते हैं। जब पिछले ठेके हुए तो ठेकेदारों ने 50 लाख में से 25 लाख पार्टी को देने को कहा कि अगर हमें ठेके दिलाये जायें तो हम इस की आधी रकम पार्टी को बतौर फंड के दे सकते हैं मगर मैं ने इस को लानत समझ कर इस आफर को ठुकराया। मेरे एक भाई का लड़का गवर्नमेंट कालेज में चपड़ासी है। मैं भी उस का कुछ बना सकता था लेकिन ....

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿਲ : ਮੈਂ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਖਿਦਮਤ ਵਿਚ ਦਰਖਾਸਤ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਠੇਕੇਦਾਰਾਂ ਦੀ ਇਹ ਇਕ ਐਸੀ ਗਲ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਸਾਰੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਦਾ ਇੰਟਰੈਸਟ ਹੈ ਜੇ ਉਸ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਬੰਦਿਆਂ ਦੇ ਨਾਉਂ ਦੱਸ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਕਾਫੀ ਫਾਇਦਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ।

शिक्षा तथा स्थानीय शासन मंत्री : नाम नहीं बताये यह तो एक सोर्स ग्राफ इनफर्मेशन है जहां से कुछ इनफर्मेशन ऐसी मिली। फिर यह कहते हैं कि हम इमानदार रहे मगर शराब के ठेके 102 ऐसे ग्रादमियों को दिये जो समगलर थे। बावजूद सी. ग्राई. डी. की रिपोर्ट के कोई प्रवाह नहीं की। पंजाब में 700 में से 550 ठेके एक ही पार्टी के ग्राद-मियों को दिये जो समगलर थे, जिन के मुताल्लिक ऐसा करने के इलज़ाम साबत हो चुके थे, मैं ने यह बात एडवोकेट जनरल हाईकोर्ट से भी कही थी ग्राज भी बड़ी ज़िम्मेवारी से सारी बात कह रहा हूं। इस बात का सबूत 6 महीनों के ग्रंदर ही मिल गया कि हम ने ठेकों की ग्रलाटमेंट का सिस्टम बावजूद बहुत से लोगों की इनसिसटैंस के बन्द किया। तमाम ठेकों की बाकायदा ग्राक्शन की जिस से 6 महीनों के ग्रंदर ही सरकार को 2,60,00,000 का मुनाफा हुग्रा ग्रौर ग्राज इस मुनाफा की ग्रगर तादाद शुमार की जाये तो यह $3\frac{3}{4}$ करोड़ रुपये के करीब बनती है। यह कोई बड़ी बात नहीं थी कि प्रबोध चन्द्र को ग्रगर इन की तरह कुछ करने का लालच होता तो इस को भी 10 लाख तक रुपया मिल सकता था (तालियां) ऐसा पैसा देने वाले ग्राज भी बहुत हैं। हम जो बात करेंगे वही होगी जो देश के भले में जायेगी, हमारे दिल ग्रौर दिमाग इस मुग्रामले में बिलकुल कलियर हैं। ग्राज यह हम पर इलज़ाम यह लगाते हैं कि मैं ने कैरैक्टर एसेसीनेशन की है। कैरैक्टर एसेसीनेशन तो उन्होंने की जिन्होंने ऐसा माहौल पैदा किया जिस से कत्ल का वाक्या हुग्रा। यह तो उन्होंने किया होगा जिन्होंने सेंट्रल गवर्नमैंट को दास कमिश्न बिठाने के लिए मजबूर किया, यह ग्रगर ऐसी कोई बात हुई है तो यह चौधरी देवी लाल हैं जिन्होंने उस वक्त की हकूमत के खिलाफ ऐसा माहौल पैदा किया। ग्राप मेरे पर इलज़ाम लगाते हैं उन के गले क्यों नहीं पड़ते। मैं ग्राज भी इस हाउस में कह देना चाहता हूं कि पिछले 8 महीनों की हकूमत के ग्रन्दर हम ने कोई ऐसी बात नहीं की जिस से हमें किसी तरह की शर्म महसूस हो। ग्राज भी हम ग्रगर किसी तरह से किसी बात के लिये कसूरवार समझे जायें तो जो फैसला हम को हमारी हाई कमांड से मिलेगा उसे हम कबूल करेंगे। हम इन गद्दियों से चिपकेंगे नहीं बल्कि जब भी किसी तरह की ज़रूरत पड़ेगी हम गद्दियां छोड़ कर चले जायेंगे। ग्राज तक हम नें जो कुछ किया यह कोई दुहराने की बात नहीं जो कुछ यह पिछले पीरियड में कर नहीं पाये हम ने पिछले 8 महीनों में कर दिखाया है। हम ने ज़ैलदार ग्रौर सफैद पोश खत्म किये, जुडीशरी को सिविल एड-मिनिस्ट्रेशन से जुदा किया। जो कुछ भी हम कर सकते थे हम ने किया मगर हम ने कुरप्शन नहीं की इस बात के लिये जब भी कोई पूछना चाहे वुई ग्रार ग्रोपन टू कन-विक्शन। मगर ग्रगर हम से कोई ग़लती हो भी जाये तो हम एक ग़लती को छुपाने की ग़रज से 100 झूठ नहीं बोलते। हम ग्रोपनली उसे मानने के लिये तैयार हैं। मैं ने एक बात मज़ाक के तौर पर चौधरी देवी लाल को कही थी, मैं इसे छुपाने की बजाये ग्रपनी ग़लती को मानता हूं, मैं ने यह मज़ाक में कह दिया था। मेरे मुताल्लिक ग्रगर किसी भी शख्स को कोई शक है तो मैं यह बात फिर कहता हूं कि ग्रगर यह ज़ाहिर हो जाए कि मैं ने स्यासी ताकत से कोई चीज़ बनाई है, मुझे इस वज़ारत में रहने का कोई हक नहीं है। इन ग्रलफाज़ के साथ मैं ग्राप का शुक्रिया ग्रदा करता हूं।

चौधरी देवी लाल (फतेहाबाद) : स्पीकर साहब, यह जो गवर्नर साहब ने ऐड्रैस पेश किया है, इस पर बहस का चौथा दिन है। पेश का लफ़ज़ इस लिए इस्तेमाल किया है क्योंकि वह पूरा पढ़ ही नहीं सके। इस लिये यह उन्होंने पेश ही किया था।

सब से पहली बात जो इस में देखी गई वह यही थी कि कैरों साहिब का कत्ल। इस से यह ज़ाहिर होता है कि पंजाब में ला एंड ग्रार्डर किस ढंग से चल रहा है।

दूसरी बात जो इस ऐड्रैस में कही गई है, वह है चीन के खतरे के बारे में। ग्रौर मैं भी यही कहता हूं कि यह खतरा भारत सरकार को चीन से ग्रब भी बना हुग्रा है, ग्रौर हमारी सरकार को यह भूल नहीं जाना चाहिए, कि ग्रब शायद यह खतरा टल गया है, इस लिये इसकी पूरी तैयारी रखना इस सरकार का पहला फर्ज़ है। ऐड्रैस में बहुत बातों की ग्रोर ज़िक्र किया गया है जिनका मैं संकेत यहां करना चाहता हूं। लेकिन चीन के खतरे के बारे में सरकार को यह बिलकुल नहीं सोचना चाहिए कि शायद ग्रब यह खतरा टल गया है।

इसके इलावा ऐडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्ज़ कमेटी का ज़िक्र किया गया है। लेकिन मैं इस के बारे यह कहना चाहता हूं कि हरियाना के साथ बड़ा ही डिसक्रिमीनेटरी सलूक किया गया है। जहां कहा गया कि सरदार प्रताप सिंह कैरों के वक्त सरकार का नज़ाम बिल्कुल खत्म हो गया था इस लिये इस में सुधार लाने के लिये ऐडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्ज़ कमेटी बनाने की ज़रूरत पड़ी लेकिन जब यह कमेटी बनी तो इस के कुल 15 मैम्बरों में से हरियाणे का कोई नहीं है। ग्रौर श्री हनुमन्तिया को मैसूर से लाकर इसका चेयरमैन बनाया गया ग्रौर श्री गोबिन्द सहाय को लखनऊ से लिया गया। बाकी 13 के 13 पंजाबी रिजन से लिए गए हैं ग्रौर हरियाणा से 15 में से एक भी नहीं लिया गया।

स्पीकर साहब, पंजाबी रीजन का रकबा 20995 मुरब्बा मील है ग्रौर हिन्दी रिजन का रकबा 28916 मुरब्बा मील है। ग्रगली ग्रसैम्बली में हमारे 75 एम. एल. एज़. ग्रौर पंजाबी रीजन के 86 एम. एल. एज़. होंगें। लेकिन इस वक्त इन्होंने हमारे इलाके के ग्रकेले रिज़क राम बनाए हैं। उस रिज़क भरोसे हम नहीं रह सकते। मैं यह कहना चाहता हूँ कि इन्होंने एक कनवैंशन बना रखी है कि 50 फी सदी नुमाइन्दगी सिखों को मिलेगी ग्रौर 50 फीसदी हिन्दुग्रों को मिलेगी। ग्रब ग्रगर सीटों के हिसाब से देखा जाए तो पटियाले से सिर्फ रामप्रताप गर्ग ग्रकेले कामयाब हुए बाकी 9 के 9 मैम्बर्स सिख हैं, तो यह कितने हिन्दुग्रों को रिप्रजैंट करते हैं? इसी तरह से जालन्धर से सिर्फ यश कामयाब हुए जो कामरेड की कुर्सी के लिए उधार खाए बैठे हैं, यह कितने हिन्दुग्रों को रिप्रजैंट करते हैं या इसी तरह से सिर्फ कामरेड जो जालन्धर से चुन कर ग्राए यह कितने परसैंट हिन्दुग्रों की नुमाइंदगी करते हैं, क्योंकि बाकी के जितने हैं लगभग सभी सिख हैं जो इधर बैठे हुए हैं। मैं देखता हूं कि 50 परसेंट तो इधर बैठे हुए हैं ग्रौर 45 परसैंट में हम हैं तो मैं पूछना चाहता हूं कि यह सिर्फ 5 परसैंट की नुमाइंदगी करते हैं जो सारी कैबनिट बनाए बैठे हैं ग्रौर हमारे यहां का सिर्फ एक रिज़क दिया हुग्रा है। मैं सरकार को बता देना चाहता हूं कि हम ग्रकेले रिज़क के भरोसे नहीं रहेंगे। हमारे रिजन का ख्याल न तो ऐडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्मज़ कमेटी में किया गया ग्रौर न ही ग्रौर किसी बात में किया गया है। पानी की सपलाई भी ग्रगर देखें तो हमारे रीजन को 1000 एकड़ को प्वाइंट 1.9 क्यूजैक्स पानी दिया जाता है ग्रौर पंजाबी रीजन में 5 से ले कर 7 क्यूज़ैक्स

प्रति हजार एकड़ त दिया जाता है। इसी तरह बिजली के सिलसिले में भी है। और हाल यह है, स्पीकर साहब, कि जिस पानी की बैटरमैंट लेवी हम दें, उस से बनी ; ई बिजली हमें न मिल कर अमृतसर और जालंधर आदि इलाकों को दी जाती है। कितना अफसोस की बात है कि हमारे हरियाणे में अब तक सिर्फ 718 गांवों को बिजली मिली है, जब कि पंजाबी रिजन में 2529 गांवों को बिजली मिल चुकी है। इसी तरीके की डिसक्रिमिनेशन डिवैलपमेंट के सिलसिले में हमारे साथ हो रही है। सर्विसिज में यही हाल है। मिनिस्टरों के साथ 14 सैक्रेटरीज़ हैं लेकिन हमारे यहां के 8 ज़िलों में से एक भी सैक्रेटरी नहीं है। इनके एक-एक घर से दो दो। लोग-लुगाई मियां-बीवी, मिस सरला खन्ना और एस. एस. गिरेवाल। बड़ी सर्विसिज़ में भी 100 गजटिड अफसरों में हमारे यहां के मुश्किल से 4 मिलेंगे और छोटी सर्विसिज में से 100 में 12 मिलेंगे। और ऐसा हो क्यों नहीं, स्पीकर साहब, क्योंकि सिलैक्शन करने वाले बोर्ड में जो मैम्बर हैं वह या तो गुरदासपुर के हैं, जालन्धर या मोगा के हैं। हम कहें भी तो किस को जा कर कहें और किस ताऊ : पास जा कर कहें कि हमारे इलाके के लोग भी सर्विसिज में भरती करो।

पिछले दिनों कोई 25 कमेटियां बनाई जिनमें 76 लैजिस्लेटर्ज रखे गए मगर आपोज़ीशन के सिर्फ 3 मैम्बर्ज़ ही लिए गए।

यूनिवर्सिटीज़ का भी यहां जिक्र किया गया। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी का मैं स्पीकर साहब, हवाला देना चाहता हूं कि वहां स्टाफ में 101 आदमी हैं मगर हमारे यहां के 3 काने और एग्ज़ैक्टिव में सिर्फ 1 आदमी है। और स्टुडैंट्स की संख्या 1,000 के करीब है, लेकिन हमारे यहां के सिर्फ 150 विद्यार्थी हैं। इसके बाद अगर कोई जाता है तो कहते हैं कि दाखिला बन्द हो गया। यानी हमें हमारे घर में भी दाखिला नहीं मिलता। जो वाइस चांसलर है, जिसके बारे में कई शिकायतें हैं, वह पंजाबी रिजन का है। स्पीकर साहिब, इस सरकार ने हर क्षेत्र में हरियाणे के साथ नाइंसाफी का सलूक किया है फिर यह कैसे उम्मीद करते हैं कि हमसे कि हम इन्हें गवर्नर महोदय के ऐड्रैस पर मुबारिकबाद दें। जहां तक पंजाब यूनिवर्सिटी का ताल्लुक है, उस में जब हमारे यहां का सैनिट में ही कोई मैम्बर नहीं तो फिर सिंडीकेट का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। इतना डिसक्रिमिनेशन हो रहा है और इतनी बेइंसाफी हो रही है लेकिन फिर भी सरकार कहती है हम ऐडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्म्ज़ कमेटी बना रहे हैं। लेकिन उनमें हमारे शामिल करने का जहां तक ताल्लुक है तो इनको हमारे यहां से कोई ऐबिल मैम्बर ही नहीं मिलता। जब कि स्पीकर साहब, हरियाणे ने सर शादी लाल जैसे हाई कोर्ट के जस्टिस पैदा किए, डित ठाकुरदास जैसे पार्लियामेंटेरियन पैदा किए, लाला हरदेवसहाय जैसे देशभक्त पैदा किए, और रायबहादुर कंवरसैन जैसे चीफ इंजीनियर पैदा किए व चौधरी सर छोटूराम जैसे रहबर पैदा किये उस हरियाणे में से इस सरकार को कोई मिल नहीं सका। कितने अफसोस की बात है। यही नहीं बल्कि हरियाने ने श्री जगन्नाथ हरिजन जैसे बी०ए० पैदा किये जब कि पंजाबी रिजन ने पैट्रिक फेम कामरेड रामकिशन पैदा किये (हंसी) और फिर यह कहते हैं कि वहां ऐडमिनिस्ट्रेशन को समझने वाले मिलते नहीं हैं।

गवर्नर ने ऐड्रैस में सरकारी कर्मचारियों का ज़िक्र किया है, लेकिन हाल यह है कि आए दिन यहां पर हड़ताल रहती है। यहां तक कि टीचर्स के नुमाइंदे हमारे लैजिस्लेटर्स

[चौधरी देवी लाल]

को हड़ताल करने पर मजबूर होना पड़ा। और अभी आगे चल कर पटवारी हड़ताल करने वाले हैं। सरसे में कामरेड रामकिशन की मौजूदगी में सरकारी कर्मचारियों ने मुज़ाहिरा किया नारे लगाए कि यह लारे लप्पे बन्द करो और हमें रिलीफ दो। राजधानी में जलूस निकले और मुजाहरे हुए। फिर यह सरकार गवर्नर साहब का ऐड्रैस पेश करके डींगें मारती है कि हमने यह कर दिया, हमने वह कर दिया।

खुराक का मसला भी देखा जाए तो उसका कितना बुरा हाल है। आजकल महंगाई के कारण और फूड की शार्टेज की वजह से लोगों को भूखों मरने तक की नौबत आ गई है और जहां तक ला एंड आर्डर का सवाल है, उसका तो दिवाला ही निकल गया है। सरदार प्रताप सिंह का जो मर्डर किया गया वह दिन दहाड़े ग्रांड ट्रंक रोड पर दोपहर के वक्त किया गया और मर्डरर्स आराम से निकल भी गए और आज 1 महीने के करीब होने को आया है मगर उनका कोई पता नहीं चला। कितने अफसोस की बात है। सरकार की यह कितनी बड़ी नाअहलियत है। मैं सरदार प्रताप सिंह का सबसे बड़ा मुखालिफ था मगर उनकी हत्या किस तरह से की गई वह एक बड़ा भारी दुष्कर्म है। स्पीकर साहब, हैरानी की बात है कि जिस मौके पर कत्ल हुआ वहां पर कुछ देर के बाद ही मिलिटरी कानवाई जा रही हो, जिस में 80 जीपें हों और पास में एक ट्रेनिंग कैम्प में 500-600 जवान ट्रेनिंग ले रहे हों और सड़क पर सैंकड़ों लेबर्ज काम कर रहे हों। साथ ही पास में एक गांव हो, और 2 मील पर पुलिस का थाना हो और इतना होने पर कातिल कत्ल करके भाग जाएं। बड़े अफसोस की बात है। अगर यह सरकार एफीशैंट होती तो हैलीकोप्टर मंगवाकर सारा इलाका घेर लेती। कितना ताज्जुब होता है स्पीकर साहब, कि जब 12-30 पर दिल्ली सरकार को खबर मिल गई हो और 12-50 पर चंडीगढ़ में खबर पहुंच गई हो और दोनों सरकारें मिल कर कुछ न कर सकें और मर्डर्ज़ को न पकड़ सकें इससे ज्यादा अफसोस की और क्या बात हो सकती है। यही नहीं कातिल 26 मील तक पैदल चलते रहे, और जिनके देखे जाने की खबरें शाम तक मिलती रहीं फिर भी उन को पकड़ा नहीं जा सका, यह क्या मज़ाक है? स्पीकर साहब, अगर किसी को सरदार प्रताप सिंह से ज़ाती दुश्मनी हो सकती थी तो वह हज़ारासिंह गिल, मोहन सिंह तुड़, कामरेड राम प्यारा और मैं लेकिन मर्डर जिस तरह से हुआ और उसमें जितने साधन इस्तेमाल किए गए उतना तो कोई नहीं जुटा सकता था। और सिवाए मेरे बाकी के लोग तो दो घोड़े और दो ऊंट या एक जीप भी नहीं रख सकते। लेकिन इस मर्डर में तो कई लाखों रुपया और कई और साधन इस्तेमाल किए गए। लगता है स्पीकर साहब, कातिलों को न सिर्फ बड़ी भारी ऐश्योरेंस दी गई होगी बल्कि उनकी इंशयोरैंस भी कराई होगी। स्पीकर साहिब, यह तो

5.00 p.m.

मांग करते हैं कि देहली की सरकार के हवाले इनवैस्टीगेशन करदी जाए। लेकिन मैं चाहता हूं कि चाहे कोई आपोज़ीशन में है या रूलिंग पार्टी में है जो जो भी कैरों साहिब के मुखालिफ थे वह सब गद्दियां छोड़ दें ताकि सही मानों में इनवैस्टीगेशन हो सके। इनवैस्टीगेशन जिस ढंग से हो रही है उस की इनक्वायरी होनी चाहिए। कारण क्या है कि वहां का सरपंच जिस ने एफ. आई. आर. दी थी मारा गया। क्या उस का सचमुच हार्ट फैल हुआ था? अगर हुआ था तो फिर उस का पोस्टमारटम

क्यों नहीं करवाया गया। यह कहते हैं कि कातिल 26 मील पैदल गए लेकिन 26 मील में पकड़े नहीं गए। स्पीकर साहिब आप तो बठिंडा ज़िला के रहने वाले हैं आप जानते हैं कि कत्ल करवाने वाला कत्ल करवाता है और अंदर से शेखी मारता है कि मैं ने करवाया है। क्या ज़ाती दुश्मनी वाले इस तरह के कत्ल करवाया करते हैं। इस में अगर सयासी हैंड न हो तो फिर सैंटर से इनवैस्टीगेशन करवाने में इन को क्यों डर लगता है जबकि ट्रेयरी बैंचिज़ वालों ने ही मांग की है कि इस केस की इनवैस्टीगेशन सैंटर के हवाले कर दी जाए। मैं तो कहता हूं कि सैंटर की बजाए स्काटलैंडयार्ड से पुलिस मंगवा कर इनक्वायरी करवानी चाहिए क्योंकि हमारा कामनवैल्थ कंटरी है।

(एक आवाज़ : यू. एन. ओ. को कहो फिर।)

मेरे दोस्त कहते हैं कि यू. एन. ओ. को कहो। मैं उन को बताना चाहता हूं कि अगर इस कत्ल का पता न चला तो फिर महफूज़ कोई भी नहीं रहेगा। इस तरह दिन दिहाड़े कत्ल हो और उस का पता न लगे यह कितनी हैरानी की बात है। इन्होंने फ़िगर्ज़ दे कर बताया है ला एंड आर्डर बहुत अच्छा है। पिछले साल 539 कत्ल हुए थे और इस साल 536 हुए हैं। तीन का मोर्चा मारा है शायद यह जो चार हुए हैं यह गिने न हों। कारगुज़ारी इन्होंने दिखाई है। यह कारगुज़ारी मैं इन की नहीं मानता, इन से जो पहली सरकार थी वह ऐसी कारगुज़ारी दिखाने में माहर थी। शायद इन्होंने भी उस ढंग से ही दिखा दी हो। तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि हमारे सूबे में ला एंड आर्डर की हालत बहुत खराब है, हरियाणे वालों के साथ जो डिसक्रिमीनेशन हो रही है वह बदस्तूर जारी है, कर्मचारियों की हालत आप के सामने रखी है, खुराक का मसला हल हो नहीं पाया और हो भी कैसे जब तक यह सिसियरली ज़रूरतमंद इलाकों को पानी देने का प्रबन्ध न करें। जींद करनाल और हिसार की जो नौतोड़ ज़मीनें हैं वहां एक हज़ार एकड़ के लिये 1.9 क्युज़िक पानी दिया है। वहां पिछले दिनों जब सरदी पड़ी तो पानी न मिलने की वजह से तमाम चने मारे गए हैं और इधर पानी ज़्यादा होने की वजह से वाटर लागिंग हो गई और उसे रोकने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किये हैं लेकिन फिर भी सेम दूर करने में कामयाब नहीं हो पाए। इस का कारण यह है कि इन की डिफैक्टिव प्लानिंग है। घगर जिस में 1955 से पहले कभी भी 4 हज़ार क्युज़िक से ज़्यादा पानी नहीं जाता था उस में यह बठिंडे से जो ड्रेन आती है उस का 14,000 क्यूज़िक पानी और डालना चाहते थे। ऐसी ही हालत गुड़गांव के ज़िले की है, वहां पानी 4000 क्युज़िक है और निकास सिर्फ 200 क्युज़िक का है। आप अंदाज़ा लगाएं कि वह इलाका किस ढंग से बच सकेगा। कैथल और झज्जर का भी ऐसा ही हाल है। स्पीकर साहिब जब अमृतसर और गुरदासपुर में बाढ़ आई थी तो तीन करोड़ रुपया खर्च किया गया था। लेकिन हमारी तरफ ज़िले के ज़िले तबाह हो गए तो नाम मात्र ही खर्च किया गया। बाढ़ को यह रोक नहीं सके, यह रोकें तब अगर इन की नियतें साफ हों। मैं आप की मार्फित इस सरकार को वारन करना चाहता हूं तुम हमारे हो बलबोते पर बैठे हुए हो तुम्हारी अपनी ताकत कोई नहीं है। 50 प्रतिशत वाले तो यह मेरे इधर बैठे हैं और 50 प्रतिशत बाकी में से 45 प्रतिशत हम हैं और बाकी तुम जो पांच प्रतिशत बचते

[चौधरी देवी लाल]

हो तुम हमारी 45 प्रतिशत वालों की जगह लिए बैठे हो और हम को सिर्फ एक ही रिज़क दिया है। इस लिए मैं कहता हूं कि हम इस सरकार के भरोसे पर नहीं है। हम गवर्नर साहिब को मुबारिकबाद दें तो किस भरोसे पर दें। वह जो रिज़क लिए बैठे हैं वह अगर हमारी बातों की तरफ ध्यान दें तो उन को गद्दी छोड़नी पड़ती है । इस लिये हमारी तरफ तो यह ध्यान देंगे ही नहीं। अच्छा हुआ कि ओम प्रभा जैन के सिवाए किसी और को खड़ा नहीं किया गया मुबारिकबाद देने के लिए। ओम प्रभा जैन का हरियाणे से क्या वास्ता है। वह देहली में रहती हैं और टिकट उन्होंने जहां से ली वह सब जानते ही हैं। यह बिलकुल उसी तरह की बात है जिस तरह पहले असेंबली में बाहिर से पुर्तगाली आया करते थे। इस ढंग के लोग तो मुबारिकबाद दे सकते हैं लेकिन हरियाणे वाले लोग कभी गवर्नर साहिब को मुबारिकबाद नहीं दे सकते। जिसके वक्त में ला एंड आर्डर की हालत इतनी खराब हो, जिस ने हमारे साथ सरकारी नौकरियों और डिवैलपमैंट के कामों में इतनी डिसक्रिमिनेशन की हो उसे हम कैसे मुबारिकबाद दें। अगर यह हमारी मुबारिकबाद लेना चाहते हैं तो पहले हमारी उन बातों की तरफ ध्यान दें जो मैं ने कही हैं।

मुख्य मंत्री (श्री राम किशन) : स्पीकर साहिब गवर्नर साहिब का एड्रैस इस बात की कारगुज़ारी होती है कि उस साल सरकार ने मुख्तलिफ मामलात पर जो कि आर्थिक सामाजिक, एडमिनिस्ट्रेटिव और राजनीतिक पहलुओं से सम्बन्ध रखते हैं क्या काम किया है। और आयंदा के लिए राज्य सरकार की मुख्तिलिफ कामों के बारे में क्या नीति है। पिछले चार दिन की बहस के दौरान में जिस में 27 मैम्बर साहिबान ने हिस्सा लिया है मुखतलिफ सवालात उठाए गए हैं और उन पर हर एक ने मुख्तलिफ तरीके से रौशनी डाली है। आज मैं अब उनका जवाब देने के लिए खड़ा हुआ हूं। इन 27 मैम्बर साहिबान ने जो सवालात उठाए हैं वह मोटे तौर पर यह हैं। सब से पहला प्वायंट जो उठाया गया है वह सरदार प्रताप सिंह कैरों के मर्डर के बारे में है और उस सम्बन्ध में काफी तकरीरें की गई हैं। इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि वह एक निहायत शर्मनाक और दुखदायक वाक्या हुआ है जिस पर हर हिन्दुस्तानी भाई बहन को दुख हुआ है और खास तौर पर जिस तरह यह ट्रैजिक और ब्रूटल एसेसिनेशन हुई है वह और भी ज्यादा दुख-दायक है। इसके साथ साथ यहां पर लैंगुएज पालिसी को डिसकस किया गया है, फल्डज़ और वाटर लागिंग का ज़िक्र हुआ है, डाक्टर बल्देव प्रकाश जी ने करप्शन का ज़िक्र किया था सरदार लछमन सिंह गिल जी ने और पंडित चिरंजी लाल जी ने कुछ बैकवर्ड एरियाज, स्कूलों हस्पतालों, प्रासीक्यूटिंग ब्रांच और मैडीकल सहूलियात के बारे में सरकार की तवज्जुह दिलाई थी, बखशी प्रताप सिंह जी ने दिल्ली एरियाज और वहां की वाटर सप्लाई के बारे ज़िक्र किया, इस के बाद सैपरेशन आफ जुडीशरी ऐंड एगज़ैक्टिव के कई सवालात उठाए गए, ज़रायात फूड और प्राईसिज़ का ज़िक्र किया गया, चौधरी देवी लाल जी ने अभी अभी हरियाणा का ज़िकर किया और सरदार गुरनाम सिंह, सरदार अजायब सिंह संधू और ज्ञानी करतार सिंह जी ने कुछ भाषा के सम्बन्ध में सवाल उठाए हैं। मैं इन सब का जवाब देने की कोशिश करूंगा। लेकिन इस का मतलब यह नहीं कि मैं बाकी सारे सवालात को नज़र अंदाज़ करूंगा जो भी सवालात मुख्तलिफ भाइयों

नेउठाए हैं उन सब का म मोटे तौर पर जवाब देने की कोशिश करूंगा और उनकी तरफ मैं पूरी तवज्जुह दे रहा हूं। तो मैं अर्ज़ करता हूं कि किसी भी राज्य सरकार की कारगुज़ारी का पता इस बात से लगाया जा सकता है कि जब उस ने हकूमत संभाली तो क्या हालात थे और उस के बाद क्या हालात हुए। स्पीकर साहिब मैं आप की मार्फत हाउस को कहना चाहता हूं कि आठ महीने पहले इस सरकार ने पंजाब के लोगों के आशीर्वाद से और हिन्दुस्तान के लोगों के आशीर्वाद से इस राज प्रबंध को संभाला था। जिस वक्त हम ने यह पंजाब राज्य को संभाला था उस वक्त राज्य में क्या हालात थे उन की तफसील में मैं नहीं जाना चाहता आप सब जानते हैं। आप जानते हैं सरविसिज़ की क्या हालत थी, पंजाब के लोग किस प्रकार सोचते थे और पंजाब की माली हालत क्या थी। लेकिन इन पिछले 8 महीनों के दौरान मैं स्पीकर साहिब आप के ज़रिये हाउस की सेवा में अर्ज़ करना चाहता हूं बावजूद इस बात के कि हमारे ऊपर कई तकलीफें आई हम ने कोई नया टैक्स लगा कर लोगों पर कोई बोझ नहीं डाला है बल्कि कई मामलों में रीलीफ ही दिया है। सब से बड़ी प्राबलम हमारे सामने फल्डज़ की आई। जिस दिन हम ने यह राज्य प्रबन्ध संभाला था हमारे राज्य के बजट में फल्डज़ के सम्बन्ध में एक भी पैसा नहीं था। लेकिन हम ने बावजूद अपनी इस माली तकलीफ के न सिर्फ इन फल्डज़ का मुकाबला ही किया है बल्कि आयंदा के लिए भी मैं आज यह एलान कर देने की पोज़ीशन में हूं कि जिस रोहतक ज़िला का अभी मेरे मित्र चौधरी देवी लाल ने ज़िक्र किया है, जिस ज़िला को हर साल फल्डज़ ने तबाह कर दिया था और पिछले सात साल में वहां तहसील झज्जर बार बार फल्डज़ का बुरी तरह शिकार हुई थी उस के मसले को टैकल करने के लिए हम ने कई कदम उठाए हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि जहां तक ज़िला रोहतक के फल्डज़ का मामला है खाह वह नजफगढ़ ड्रेन की तरफ से हो, धांसा बंध की तरफ से हो या दूसरी चीज़ों ने पैदा किया हो उन सब को टैकल करने का हम ने फैसला किया है *(cheers)* मेरा ख्याल है कि आने वाले मौनसून से पहले पहले जहां तक नजफगढ़ ड्रेन का सम्बन्ध है पंजाब सरकार ने भारत सरकार के साथ मुख्तलिफ स्कीमों पर गौर करते हुए काफी मीटिंगज़ के ज़रिए फैसला किया है कि नज़फगढ़ ड्रेन में जहां पहले तीन या चार क्यूसिकस पानी जाता था अब उस की कैपिस्टी तीन हज़ार क्यूसिकस पानी का निकास करने के लिये उसे खोदेंगे (चीयर्ज़) मेरा यह निश्चय है कि आने वाले जून, जुलाई से पहले यह काम खत्म हो जाएगा और फल्डज़ का खतरा बाकी नहीं रहेगा और हम उन की रोक थाम कर पाएंगे। स्पीकर साहिब आप को याद होगा कि पिछले इजलास में यहां पर धांसा बांध का बड़े ज़ोरों के साथ ज़िक्र हुआ था। उस के बारे में भी यह आप की राज्य सरकार ने भारत सरकार के साथ मिल बैठ कर फैसला किया है कि इस रैगुलेटर की कैपिस्टी जिस के ज़रिए पहले सिर्फ 450 क्यूसिकस पानी का निकास होता था अब उस कैपिस्टी को 450 की बजाए चार हज़ार क्यूसिकस पानी का निकास करने के योग्य बना दिया जाएगा (चीयर्ज़) मेरा यह निश्चय है कि हम ज़िला रोहतक के फल्डज़ को कंट्रोल कर लेंगे। सिर्फ यही नहीं है ज़िला गुड़गांव की उजीना ड्रेन का जहां तक सम्बन्ध है जिस में पहले 200 क्यूसिकस पानी चलता है अब हम ने उस का निकास 600 क्यूसिकस करने का फैसला यू. पी. राज्य के साथ तथा भारत सरकार के साथ मिल कर

[मुख्य मंत्री]
किया है। मेरा निश्चय है कि इस तरह हो जाने से ज़िला गुड़गांव के अन्दर फल्डज़ की रोकथाम हो जाएगी। फिर जहां तक हमारे पंजाब में सेम का सम्बन्ध है इस मसले को हम ने बहुत ही इम्पारटैंस दी है। आज मुझे खुशी होती है यह बताने में कि इस सम्बन्ध में हम ने भारत सरकार के साथ, पलैनिंग कमीशन के साथ, फल्ड कंट्रोल बोर्ड के साथ, एग्रीकल्चर मिनिस्टरी और दूसरों के साथ मिल कर काफी बात चीत की है और आज मैं यह एलान कर देने में खुशी महसूस करता हूं कि भारत सरकार इस बात को पूरी तरह सोच रही है कि पंजाब की वाटर लागिंग की प्राबलम सिर्फ पंजाब की ही नहीं बल्कि यह सारे देश की ही, नैशनल प्राबल्म तसव्वर की जाएगी (चीयर्ज़) और इसे टैक्ल करने के लिये जितनी भी उन की तरफ से मदद हो सकती है वह तैयार हैं।

चौधरी देवी लाल : आन ए पायंट आफ आर्डर, सर। जब मुख्य मन्त्री जी किसी इलाके के बारे में बात करते हों तो गैर इलाके वाले क्यों इतनी तालियां बजाएं और उस इलाके के क्यों न बजाएं। यह तालियां गैर इलाके वाले ही बजा रहे हैं, इलाके वाला कोई नहीं बजाता। उन्हें वहां क्या इंट्रैस्ट है? (हंसी) हरियाणे की बात है लेकिन हरियाणे वाले तालियां नहीं मारते यही मार रहे हैं। (शोर)

डाक्टर बलदेव प्रकाश : स्पीकर साहिब जब यह तालियां ज़ोर ज़ोर से बजाते हैं तब कामरेड साहिब की स्पीड तेज़ से तेज़ होती जाती है और हमें कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या कह रहे हैं। या तो यह तालियों वाले अपनी स्पीड कम करें या फिर कामरेड साहिब अपनी स्पीड स्लो करें। (हंसी)

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : यह चौधरी साहिब तो उस इलाके के ही होंगे लेकिन हम तो सारे इलाके को अपना ही पंजाब समझ कर तालियां बजा रहे हैं (शोर)

श्री जगन्नाथ : स्पीकर साहिब, मैं देखता हूं कि कुछ मैम्बर साहिबान डैस्कस बजा रहे हैं लेकिन कुछ अपनी छातियों पर हाथ पीट रहे हैं (हंसी) क्या वह छाती पीट सकते हैं?

श्री अध्यक्ष : मुझे डर है कि कहीं आप सिर पीटना न शुरू कर दें। (हंसी) (I fear that the hon. member may not start striking his head.)

मुख्य मन्त्री : तो स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि हम ने पिछले 8 महीने के दौरान में पंजाब के मुख्तलिफ सवालात करने के लिये यथाशक्ति कोशिश की है। अभी यहां पर मुलाज़मीन का जिक्र किया गया है। ठीक बात है उन्हें कर्मचारियों से हमदर्दी है लेकिन अच्छा होता अगर वह यह भी बता देते कि जिस वक्त हमने यह राज्य भार हाथ में लिया उस वक्त क्या हालात थे और आज क्या हैं। जिस वक्त मैं ने इस राज्य प्रबन्ध को हाथ में लिया उस वक्त मैं ने सरकारी कर्मचारियों को ऐड्रैस करते हुए कहा था कि हमारी नीति यह है कि पंजाब का छोटे से छोटा कर्मचारी जो पंजाब राज्य के निर्माण कार्य में लगा हुआ है जो पंजाब के एडमनिस्ट्रेशन में हाथ बंटा रहा है उस का जीवन स्तर ऊंचा करने के लिये उस की तन्खाह हम कम से कम 100 रुपए माहवार तक ले जाएंगे। (चीयर्ज़) चुनांचि उस के मुताबिक पिछले 8 महीने में इस राज्य सरकार ने जिस की माली हालत अच्छी नहीं थी उसने इस तरफ मुनासिब कदम उठाए हैं और मुझे इस सदन में एलान

करते हुए खुशी महसूस होती है कि आज इस पंजाब में जो छोटा कर्मचारी है, स्वीपर भी है उसे भी 97 रुपए 50 पैसे तन्खाह मिलती है (चीयर्ज़) इस के अलावा आप की इस सरकार ने पिछले 8 महीने में माली साधन न होते हुए भी पंजाब के 2 लाख 46 हज़ार मुलाज़मीन को छोटे से ले कर बड़े तक 5 करोड़ 45 लाख का रीलीफ दिया है। हम इस से भी मुतमैन नहीं हैं (चीयर्ज़) स्पीकर साहिब जहां तक फूड का सम्बन्ध है आप पंजाब के मुकाबले में अगर हिन्दुस्तान के बाकी नकशे को देखें तो आप को पता चलेगा कि पंजाब राज्य ने अपनी फूड पालीसी इस तरह से अपनाई है कि उस से फूड प्राबलम और प्राइसिज़ को हत्तलवसा पूरी तरह कंट्रोल किया है। अब एक महीने के बाद पंजाब में नई फसल आने वाली है।

स्पीकर साहिब, पंजाब के किसानों ने अपनी मेहनत से, अपने कठोर परिश्रम से खेती की पैदावार को बढ़ाया है। पंजाब के अन्दर बम्पर क्राप पैदा होगी। आज ही हम ने अगले साल का बजट पेश किया है। इस बजट के अंदर 9 करोड़ रुपए इस लिये रखा है कि पंजाब सरकार 1 करोड़ 50 लाख टन ग्रेन्ज का स्टाक इकट्ठा करेगी। इस के साथ ही साथ 50 हजार टन गन्दम कोआप्रेटिव डिपार्टमेंट के ज़रिये खरीदेगी। यह स्टाक गवर्नमेंट कर्मचारियों के लिये अलग रिज़र्व रखेगी। ताकि किसी भी वक्त प्राइसज़ बढ़ें तो उन को कंट्रोल किया जा सके और यह स्टाक अलहदा रहेगा। गवर्नमेंट आफ इंडिया ने एक फूड ग्रेन्ज कार्पोरेशन कायम की है। उस के ऐक्ट की धारा 4 के मुताबिक तमाम स्टेटस के अन्दर ब्रांचे कायम हो सकती हैं इस के लिये अगर कोई ज़रूरत पड़ी तो गवर्नमेंट आफ इंडिया पंजाब सरकार को 12 करोड़ रुपया देने के लिये तैयार है। हम पंजाब के अन्दर प्राइसज़ का पूरी हिम्मत से मुकाबला करेंगे। हम ने निश्चय किया है कि किसानों को इंसैंटिव दिया जाए। पिछले साल के आंकड़े देखे जाएं तो पता चलेगा कि हम ने किसानों को सीड्ज़ और फर्टेलाइज़र में दुगना इंसैंटिव दिया है। हमें पूरी तरह से पता है कि पंजाब के किसान फूड ग्रेन्ज़ को बढ़ाने के लिये भरसक प्रयत्न कर रहे हैं और इस साल काफी पैदावार बढ़ने की आशा है। इस के साथ मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि किसानों को और इंसैंटिव देंगे। उन की जितनी मदद हो सकेगी उतनी मदद करेंगे। (तालियां) हिन्दुस्तान की यह पहली सरकार है जिस ने एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन पर कास्ट प्रोडक्शन कमेटी बिठाई है। यह कमेटी जल्दी ही अपनी रिपोर्ट दे देगी इसी तरह से गवर्नमेंट आफ इंडिया ने पिछले अक्तूबर या नवम्बर में फूड ग्रेन्ज की प्राइसज़ मुकर्रर की थी। गवर्नमेंट आफ इंडिया का प्राइसज़ कमीशन इस के बारे में रात दिन वर्क कर रहा है कि आगे के लिये क्या कीमत मुकर्रर की जाएं। किसानों को क्या इंसैंटिव देना चाहिए। इस के बारे में तमाम स्टेटस की 9-3-65 को मीटिंग होने वाली है जिस में इन बातों का फैसला करेंगे। उस के मुताबिक हम ने फूड ग्रेन्ज़ के बारे में सोचना है। फूड ग्रेन्ज़ के बारे में ही नहीं अपितु चने और दालें के बारे में भी सोचेंगे। सारी चीजों की तरफ हम देखेंगे। गवर्नर साहिब ने अपने एड्रैस में कहा है कि किसानों को इंसैंटिव देने के लिये एग्रो-इंडस्ट्रीयल कार्पोरेशन कायम करने जा रहे हैं। इस तरह से किसानों को काफी इंसैंटिव दिया जाएगा। स्पीकर साहिब, राज्य सरकार की डिवैल्पमैंट का अन्दाजा किस बात से लगाया जा सकता है? इस के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि हम ने इस

[मुख्य मंत्री]
राज्य की काफी हद तक माली हालत सुधारने की कोशिश की है। पिछले 8 महीनों के अन्दर अपनी हिम्मत से 3 करोड़ और 50 लाख रुपया की इकानौमी की है। इस के अलावा हम ने 9 करोड़ 55 लाख रुपया बिना टैक्स लगाने से राज्य की आमदनी बढ़ाई है। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि पंजाब की माली हालत बेहतर बनायी जाए। हम ने लोगों के आशीर्वाद से 8 महीने पहले राज्य की बागडोर सम्भाली। हम अपने पूरी हिम्मत के साथ अगले वित्तीय साल में दाखिल हो रहे हैं। हम ने निश्चय किया है कि इन तमाम प्रो.लम्ज़ को दृढ़ता से टैकल करेंगे। हम ने थर्ड फाइव-यीर प्लैन के अन्दर 231 करोड़ रुपये रखे थे। पंजाब की हिम्मत से ही 231 की बजाये 244 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। यह 13 करोड़ रुपये पंजाब की डिवैल्पमैन्ट स्कीमों, इरीगेशन स्कीमों और ऐग्रीकल्चर प्रोडक्शन की स्कीमों में खर्च किये जायेंगे (तालियां)।

स्पीकर साहिब चौधरी देवी लाल ने एडमिनिस्ट्रेशन रिफार्मज़ के बारे में ज़िक्र किया, उन्होंने और कई बातों का भी ज़िक्र किया। चौधरी देवी लाल मेरे पुराने दोस्त हीं नहीं हैं बल्कि मेरे साथी और नेता भी रहे हैं। मुझे उन से ऐसी बातों की आशा नहीं थी। पंजाब के इतने ज्यादा मसले होने के कारण पंजाब में तीन बाई-इलैक्शन्ज़ फेस किये और उन में हमें कामयाबी मिली। यह बाई-इलैक्शनज़ जींद, ब्यास और बरनाला में हुई। चौधरी देवी लाल ने जींद में हरियाणा का सवाल भी उठाया था। वहां पर उन को कोई कामयाबी नहीं मिली थी। हम लोगों को भी फेस करने के लिये तैयार हैं। और हम यहां पर भी हर बात को फेस करने के लिये तैयार हैं।

चौधरी देवी लाल: मेरी बातों का भी जवाब दिया जाये। (शोर)

मुख्य मंत्री: मैं आप की बातों का जवाब दूंगा। आप चिन्ता न करें। मैं अर्ज़ कर रहा था कि आपोज़ीशन के कुछ दोस्तों के लिये वह सीटें शोभा नहीं देती हैं। जो उन ट्रैज़री बैंचिज़ पर आना चाहिए। (शोर) (विघ्न)।

Mr. Speaker: Order please.

चौधरी नेत राम: स्पीकर साहिब मेरा व्यवस्था प्रश्न है। मुख्य मन्त्री ने कहा है कि आपोज़ीशन के मैम्बर ठीक बातें नहीं करते हैं। उन्होंने क्या यह ठीक कहा है? चीफ मिनिस्टर साहब ने गन्दम और चने के बारे में भी कहा है। मैं आप के द्वारा हाऊस में ब्यान करना चाहता हूं कि जब सकार ने चने पर दूसरी स्टेट्स में जाने के लिये पाबन्दी लगाई थी तो उस वक्त ब्लैक मार्किटरों के साथ मिल गये थे और ब्लैक मार्किटर्ज़ को ही लाईसेंस दिये गये थे (शोर) (विघ्न)।

Mr. Speaker: please resume your seat.

मुख्य मंत्री: इस सदन में हरियाणा प्रान्त की डिवैल्पमैन्ट का सवाल उठाया गया था। उस के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि उस इलाके की डिवैल्पमैन्ट के लिये और नानडिवैल्पमैन्ट के तमाम काज़िज़ पर एक कमेटी नियुक्त की गई है। उन के बारे में मखतलिफ सिफारिशें करने के लिये यह कमेटी बनाई गई है। वह अपनी रिपोर्ट 4 महीने के अन्दर देगी। सब मिल कर सरकार को अपनी रिकमैन्डेशन्ज़ देंगे। और

उस में हमने ऐसे मेम्बरान को रखा है, मसलन पंडित श्री राम शर्मा उसके चेयरमैन हैं जो कि सन् 1920-21 से कांग्रेस में रह कर मुल्क की आज़ादी के लिये लड़ते आये हैं। (शोर) वे हररियाणे के नेता हैं जिन्होंने हरियाणे के लिये इतना काम किया है (शोर) (विघ्न)।

चौधरी देवी लाल : हम मानते हैं कि परसानल बड़ा अच्छा है फिर तकरीर करने की क्या ज़रूरत है......रिकार्ड बन्द करो। (शोर) (बहुत शोर)

Mr. Speaker: Order please, no interrup ion please.

मुख्य मंत्री : मैं अर्ज़ कर रहा था कि उस में हम ने आपोज़ीशन के मैम्बर प्रोफैसर शेर सिंह रखे हैं। गुड़गावां के राओ गजराज सिंह को रखा है जो कि पार्लियमैन्ट के मैम्बर हैं। फिर हम ने करनाल के मैम्बर लिये हैं, हिसार से लिये हैं महेन्द्रगढ़ से रखे हैं। जितना भी हरियाणा का इलाका है उस सब में से भाइयों को रखा है। स्पीकर साहिब मैं आप की मार्फत अपने दोस्त देवी लाल जी से कहना चाहता हूं कि न सिर्फ बातों से ही बल्कि उन को यकीन दिलाना चाहता हूं कि इस राज्य की सरकार हरयाणा की डिवैलपमैन्ट के लिये उन्नति के लिये कोशिश करना अपनी पवित्र और सेक्रड ड्यूटी समझती है....

खान अबदुल गफ्फार खां : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। मैं आप की मार्फत मुख्य मन्त्री जी से पूछना चाहता हूं कि अम्बाला हरयाणा में है या कि पंजाबी रिजन में। कोई बात हो तो अम्बाले का ज़िक्र नहीं आता।

मुख्य मंत्री : खान साहिब की इत्तलाह के लिये मैं अर्ज़ कर दूं कि अम्बाले का कुछ इलाका छोड़ कर बाकी का इलाका हिन्दी रिजन में है।

मैं अर्ज़ कर रहा था कि एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्मज़ कमिशन में हरयाणे का कोई मैम्बर नहीं है। हम ने रिजन या ज़िला के नुक्ता निगाह से यह कमिशन नहीं बनाई। विजीलैंस कमिशन के चेयरमैन जस्टिस टेक चन्द हैं जो कि अम्बाले के रहने वाले हैं। हरयाणा की डिवैल्पमेन्ट के लिये सोनीपत में रोहतक के अंदर तीस चालीस करोड़ रुपया लगा कर प्राइवेट सैक्टर में इंडस्ट्री कायम करना चाहते हैं.... (हाऊस में इस वक्त बहुत शोर था और खान साहिब बोलने की कोशिश करते थे। लेकिन स्पीकर साहिब उन को बोलने की इजाज़त नहीं दे रहे थे। और न ही मुख्य मन्त्री गिव वे करते थे।)

खान अबदुल गफ्फार खां : मेरा भी हक बनता है कि मैं दरियाफत करूं।

मुख्य मंत्री : मैं अर्ज़ कर रहा था कि हमारे दिल में हरियाणा की तरक्की के लिए ऐग्रीकल्चर के प्वायंट आफ व्यू से कम्यूनीकेशन के प्वायंट आफ व्यू से बिजली के नुक्ता निगाह से, इंडस्ट्री के नुक्ता निगाह से और मैडीकल के नुक्ता निगाह से भी पूरी लग्न है। आज रोहतक के अन्दर मैडीकल रिसर्च इंस्टीच्यूट खुला है जो कि बहुत भारी संस्था है। हम पूरी तरह से इन तमाम बातों की तरफ गौर करेंगे (विघ्न) (बहुत शोर)।

(खान साहिब बोलना चाहते थे)

Mr. Speaker: This is not proper for the hon. Member. He should take his seat.

खान अब्दुल ग़फ्फार खां : मेरा प्वायंट आफ आर्डर है।

Chief Minister : I don't give way.

Mr. Speaker : The hon. Member is an old parliamentarian. He should not interrupt like this.

ਕਾਮਰੇਡ ਬਾਬੂ ਸਿੰਘ ਮਾਸਟਰ: ਸਰ, ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ। ਮੇਰਾ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਕੀ ਕੋਈ ਮਿਨਿਸਟਰ ਕਿਸੇ ਮੈਂਬਰ ਨੂੰ ਬੋਲਣ ਤੋਂ ਰੋਕ ਸਕਦਾ ਹੈ ?

मुख्य मन्त्री : मैं अर्ज़ कर रहा था कि हम सब से ज़्यादा तवज्जोह इस तरफ देना चाहते हैं कि पंजाब के आम लोगों की तकालीफ और मुश्किलात को दूर किया जाए। इस सिलसिले में हम ने यह किया है कि पब्लिक रीलेशन्ज़ की जो कोआर्डीनेशन कमेटियां थीं उन को पब्लिक ग्रीवैंसिज़ कमेटी का नाम दिया है। हम ने ऐसा करने का फैसला किया है। उस के अन्दर पहले यहां सिर्फ रूलिंग पार्टी के ही आदमी होते थे, कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी हुआ करते थे, हैड्ज़ आफ दी डीपार्टमैन्ट्स हुआ करते थे, अब उसका दायरा वसीह कर दिया गया है। उन कमेटियों में जितने भी एम. एल. एज़ उस ज़िले के होंगे, जितने भी एम.एल.सीज़ होंगे वे सब मैम्बर होंगे। ज़िला कांग्रेस कमेटी का चेयरमैन मैम्बर होगा। ब्लाक समितियों के चेयरमैन मैम्बर होंगे, सदाचार समिति का चेयरमैन इसका मैम्बर होगा। ज़िला परिषद् का चेयरमैन भी इस कमेटी का मैम्बर होगा। यही नहीं स्पीकर साहिब, लोगों की मुश्किलात को दूर करने के लिये और उन की शिकायात को दूर करने के लिये लोगों का वक्त ज़ाया न हो रैड टेपिज़म को दूर करने के लिये हम ने एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्मज़ कमिशन की टर्म्ज़ आफ रैफ्रेंस के अन्दर यह चीज़ खास रखी है कि कमिशन इस बात पर भी एक अच्छी सिफारिश करेगा। साथ ही साथ हमने यह फैसला किया है कि लोगों की तकालीफ को दूर करने के लिये सैक्रेटैरियेट का एक सीनियर आई. सी. एस. अफसर इस बात की तरफ तवज्जोह देगा ताकि डिस्ट्रिक्ट हैडक्वारटर्ज़ पर भी पब्लिक ग्रीवैंसिज़ कमेटी के अफसर इन बातों की तरफ खास तवज्जोह दें। हम ने यह भी फैसला किया है कि हर तीन महीने के बाद पंजाब के कोई वज़ीर या चीफ मिनिस्टर ज़िला के हैडक्वारटर्ज़ पर जाया करेंगे। उस से एक महीना पहले इस बात की मुनादी करवा दी जाया करेगी ताकि लोगों को इस बात का ज्ञान हो जाये और जिन को कुछ मुशिकलात हों, तकालीफ हों वे लोग अपना अपना केस तैयार कर लिया करें। मिनिस्टरों के साथ ही साथ हमारे सीनियर अफसरान चाहे वह फिनानशल कमिश्नर रैवेन्यू हों, चाहे डिवीज़न के कमिश्नर हों चाहे फिनानशल कमिश्नर डिवैल्पमैन्ट हों, वे भी साथ होंगे। इस के साथ ही ज़िला के तमाम अफसर, बिजली के भी, ज़रायत के भी और दूसरे अफसरान भी उस वक्त ज़िला हैडक्वारटर्ज़ पर मौजूद होंगे। ताकि लोगों की अर्ज़ियों पर गौर हो सके। उन अफसरान के सामने ही सुन कर उन पर फैसला दिया जा सके। हम ने बैस्ट टेलैन्ट इस कमिशन में रखा है। जो एडमिनिस्ट्रेटिव रिफार्मज़ कमेटी इस राज्य ने बनाई है, वह हिन्दुस्तान में अपनी किस्म की सब से पहली कमेटी है। अमरीका में जिस प्रकार होवर कमिशन बैठाई गई थी वह भी उसी लाइन्ज़ पर बनाई गई है। उस की 15 मीटिंग्ज़ हो चुकी हैं। उन्हों ने 115 मुख्तलिफ और 166 जैनरल कुएस्चनेयर तैयार करके तमाम मैम्बरान असेम्बली

तमाम मैम्बारान कौंसिल, तमाम मैम्बरान पार्लियामैन्ट, बार एसोसिएशन के प्रैज़िडैन्टस, म्यूनिसिपल कमेटी के प्रैज़ीडैन्ट्स, रिटायर्ड अफसरान को भेजा है। उन के साथ इंटरव्यू भी करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के एक्स चीफ जस्टिस मेहर चन्द महाजन, श्री त्रिलोक सिंह जी और श्री भीमसेन सच्चर से इन्टरव्यू कर के उन से पूरी जानकारी हासिल की है। इतना ही नहीं। स्पीकर साहिब इस सम्बन्ध में पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन इन्स्टीच्यूट, देहली और यूनिवर्सिटी में रिसर्च हो रही है। इस कमिशन की रिपोर्ट अगस्त के महीने में हमारे सामने आएगी। हम ने यकीन दिलाया है पंजाब के लोगों को कि जब वह रिपोर्ट आएगी तो सरकार उसको इम्पलीमैन्ट करने की पूरी तरह से कोशिश करेगी और जैसा कि उन की टर्म्ज़ आफ रैफ्रैंस में जिन बातों का ज़िक्र किया है सरकार उन सभी चीज़ों पर पूरी तरह से तवज्जोह देगी। स्पीकर साहिब हम पंजाब को डिस्ट्रिक्ट्स के अन्दर एक बहुत अच्छा ऐडमिनिस्ट्रेशन देना चाहते हैं जिसके अन्दर अच्छे से अच्छे ऐडमिनिस्ट्रेटर हों जो कि जिस तरह से हम वैलफेयर स्टेट कायम करना चाहते हैं, पीपल्ज़ राज कायम करना चाहते हैं, वह उन सारे जज़बात को सारे विचारों और सभी भावनाओं को, स्पिरिट को और सारी बैकग्राऊंड को अपने सामने रखें। पंजाब राज्य के अन्दर जैसा कि आप को मालूम है मुख्तलिफ किस्म की प्राबलम्ज़ हैं। हमें उन सब को टैकल करना है और कामयाबी के साथ उन पर काबू पाना है। इस के लिये हम दिन और रात इस सारे सम्बन्ध में कोशिश कर रहे हैं। मैं आप के ज़रिये हाऊस को यह बताना चाहता हूं कि जहां तक देश की इकानोमी को मज़बूत करने का सवाल है उसमें पंजाब एक इम्पार्टैंट पार्ट प्ले कर रहा है। मैं इस सम्बन्ध के ऊपर ज्यादा तफसील में तो नहीं जाना चाहता मगर आप को बताना चाहता हूं कि ऐग्रीकल्चर के सम्बन्ध में हम क्या करने जा रहे हैं। अगले साल हम ज़मींदारों को कम अज़ कम चार लाख मन बीज देने चले हैं। जहां तक काटन का ताल्लुक है उस के लिये कम्पलसरी सपरेइंग करने जा रहे हैं (प्रशंसा) इस के साथ साथ फिरोज़पुर, लुधियाना, हिसार ज़िलों के अन्दर जो कि हमारे सब से ज़्यादा ऐग्रीकल्चर प्रोड्यूसिंग ज़िले हैं ट्रैक्टर रिपेयर शाप्स बनाने जा रहे हैं। हमने फैसला किया है कि 500 के करीब आप सपरेयर्ज़ कास्ट प्राईस पर पंजाब के ज़मींदारों को देंगे। इस के इलावा और भी बहुत सी चीज़ें हैं जो कि हम पंजाब के ज़मींदारों की बाबत सोच रहे हैं। जहां तक ग्रीन मैन्योर का सम्बन्ध है उस सिलसिले में भी सहूलतें दे सकें, इस बारे में भी सोचा जा रहा है। हमने यह भी निश्चय किया है कि पंजाब राज के अन्दर हर उस भाई के खेत में जिस के पास पांच एकड़ या इस से ज़्यादा ज़मीन है, उसका मकान भी बनना चाहिये और पंजाब सरकार इस सम्बन्ध में पूरी हत्तलवसा कोशिश करेगी कि उन की मदद कर सकें। हमने जो हाऊसिंग बोर्ड बनाया है, उस के ज़रिये हम कोशिश करेंगे कि उन को जितनी ज़्यादा से ज्यादा मदद हो सकती हो, मदद मिल सके (विघ्न), (शोर)।

चौधरी नेत राम : एक ज़रूरी व्यवस्था प्रश्न। मैं यह पूछना चाहता हूं कि कारखाने से पैदा होने वाली चीजों का राशन किया जाएगा या ज़मींदारों को भूखा मारा जाएगा और कारखानों को मुनाफा दिया जाएगा? (शोर)

मुख्य मन्त्री : स्पीकर साहिब मैं एक एक चीज़ पर आ रहा हूं । ज्ञानी करतार सिंह जी ने अपनी स्पीच के अन्दर ज़िक्र किया था कि सन् 1969 के अन्दर श्री गुरु नानक देव जी महाराज की 500 साला जन्म शताब्दी आ रही है । पंजाब राज अपना यह फर्ज समझता है कि पंजाब की उस आला हस्ती की, एपासल आफ पीस और नान-वायलैंस की हिन्दुस्तान के एक महापुरुष और महान गुरु की याद मनाने के लिए पूरी तरह से कोशिश की जाए । और मैं यह बात आज यहां पर बता देना चाहता हूं कि हम उस फर्ज़ को अदा करेंगे पूरी तरह से अदा करेंगे (प्रशंसा) हम उस से किसी तरह से गाफिल नहीं है ।

इस के अलावा कुछ ज़िक्र ज्ञानी करतार सिंह जी की तरफ से, सरदार अजमेर सिंह और सरदार गुरनाम सिंह जी की तरफ से कुछ रिजनल फार्मूले का, कुछ पंजाबी भाषा का ज़िक्र किया गया । मुझे इस बात का दुःख हुआ कि जिस टेस्ट में सरदार गुनाम सिंह जी ने बात कही वह कोई बहुत अच्छा नहीं था । उन को कुछ शोभा नहीं देता था । पर उन्होंने उस तरह से कह दिया । ठीक है । जो कुछ कहा अपनी तरफ से उन्होंने अच्छा ही कहा मगर उस का टेस्ट अच्छा नहीं था ।

सरदार गुरनाम सिंह : कौन सा टेस्ट मुख्य मन्त्री ।

मुख्य मन्त्री : जिस तरह से आप ने वह बात कही वह कोई अच्छे टेस्ट में नहीं थी । बहर हाल मैं आप के ज़रिए, स्पीकर साहिब उन को और हाउस को इस बात का यकीन दिलाना चाहता हूं कि रिजनल फार्मूले को, जिसे पार्लियामेंट ने एप्रूव किया था, हम पूरी तरह से लागू करेंगे । हम उस की स्पिरिट पर पूरी तरह से कायम है, उस की एक एक धारा पर कायम हैं और जहां तक इस पंजाब राज की गवर्नमेंट का सम्बन्ध है वह पंजाबी भाषा को सिर्फ एक रिजनल लैंग्वेज के तौर पर ही नहीं बल्कि जैसा कि पंजाबी भाषा देश की 14 राज भाषाओं में से है, उस की राज भाषा के नाते पूरी तरह से कदर करती है और करेगी । हम इस बात को देखेंगे कि उस रिजन के अन्दर, जहां पंजाबी है इसमें अगर किसी तरह की कोई कमी रह गई है, किसी जगह पर कोई खामी रह गई है तो उस खामी को दूर करें । यह हमारा सब से बड़ा फर्ज़ है कि उस खामी को, उस कमज़ोरी को दूर करें । हम रिजनल फार्मूले पर पूरी तरह से अमल करना चाहते हैं । पंजाब एक बाईलिंगुअल स्टेट है ।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਕੀ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਗਲ ਉਤੇ ਰੋਸ਼ਨੀ ਪਾਉਣਗੇ ਕਿ ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲੋਂ ਇਸ ਰਿਜਨਲ ਫਾਰਮੂਲੇ ਤੇ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿਉਂ ਬਿਲਕੁਲ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ? ਹੁਣ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਵੀ ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਹਤਰ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੀ, ਇਸ ਦੀ ਕੀ ਵਜਾਹ ਹੈ ? ਫੇਰ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਚੀਫ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਹਿਬ ਇਹ ਦਸਣ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਸਰਕੂਲਰ ਜਾਰੀ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਉਸ ਸਰਕੂਲਰ ਨੂੰ ਤੁਸੀਂ ਕੈਂਸਲ ਕਰਨਾ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ । ਇਹ ਕੈਂਸਲ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

मुख्य मन्त्री : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करता हूं कि हिन्दुस्तान के विधान की धारा 350 के मुताबिक यह बात करार दी गई है कि हिन्दुस्तान के किसी हिस्से के अन्दर कोई भाई या बहन जिसे किसी तरह की, किसी किस्म की कोई शिकायत हो, वह अपनी शिकायत को किसी भी लैंगुएज के अन्दर, किसी भी भाषा में यूनियन की सरकार को कर सकता है । अगर वह किसी स्टेट के अन्दर अपनी शिकायत देता है तो उसी धारा 350 के मुताबिक

उसे हक है कि जो उस सूबे की भाषा है उसमें अपनी दरखास्त दे सकता है। इस के साथ वजाहत यह कि फर्ज़ करो कि वह अगर किसी दूसरी भाषा में भी राज सरकार को दरखास्त देता है तो उस को नज़र अन्दाज़ नहीं किया जा सकता। उसके बाद इस बात पर काफी गौर हुआ। कमिश्नर फार लिंग्विस्टिक मैनारिटीज ने भी इस के ऊपर पूरी तरह से गौर किया और उस के बाद राष्ट्रपति को इस सम्बन्ध में लिखा कि जो भाई जिस लैन्गुएज में दरखास्त देता है उसे उसी भाषा में उस का जवाब दिया जाना चाहिए (विघ्न) मैं सभी बातों की तरफ आ रहा हूं। यही नहीं, बल्कि उस के बाद चीफ मनिस्टर्ज़ कांफ्रेंस हुई और उन्होंने भी उस धारा के मुताबिक उस पर अपनी मुहर लगा दी। उसके मुताबिक यह कहा कि जो भी पैटीशन या रिप्रिजैंटेशन करना चाहे वह उस अपनी जबान में दे सकता है। इस के मुताबिक सन् 1957 में एक सरकुलर जारी हुआ था और फिर सन् 1962 में एक सरकुलर निकला। मैं उस सारे सरकुलर को पढ़ सकता हूं, लेकिन टाइम बहुत कम है और बातें ज्यादा हैं इस लिये मैं उस को इस वक्त पढ़ना नहीं चाहता। लेकिन मेरा निश्चय है कि सरदार गुरनाम सिंह जी को इस बात पर एतराज़ नहीं कि किसी जबान में भी चाहे वह दरखास्त दे। मेरे ख्याल में उन का एतराज़ इस बात पर है कि उस पैटीशन का, उस अर्जी का, उस दरखास्त का जवाब उसे किस भाषा में मिलता है।

सरदार गुरनाम सिंह : ठीक है, क्वाईट राईट।

मुख्य मन्त्री : इस सम्बन्ध में गवर्नमेंट आफ इंडिया से जो कारस्पांडेंस हुई, ज़ोनल कौंसिल में सवाल आया और उस के मुताबिक लीगल व्यूज़ भी वहां से लिये गये जिन के सम्बन्ध में मुख्तलिफ इन्टरपरेटेशंज़ आई कि जिस भाषा में वह आदमी दरखास्त देता है उस के मुताबिक उसे जवाब दिया जाए। लेकिन स्पीकर साहिब, मैं आप की मार्फत सरदार गुरनाम सिंह और उन के दोस्तों से कहना चाहता हूं कि यह कोई ऐसा प्वायंट नहीं है जिसे यहां फलोर आफ दी हाउस पर रेज़ किया जाए। आप ज़रा इतमीनान से काम लें और तेज़ी और तल्खी के साथ काम न लें क्योंकि हमारा यहां बोला गया एक-एक लफज़ बड़ी वुक्कत रखता है। यहां पर बोला गया एक लफज़ पंजाब के अन्दर एक अच्छी फिज़ा पैदा कर सकता है और यहां पर कहा गया एक भी गल्त लफज़ काफी नुकसान पहुंचा सकता है। आज हमारा मक्सद पंजाब को मज़बूत बनाना है और एक नया पंजाब बनाना है और हम चाहते हैं कि अपने वीर पंजाबी भाइयों को आगे तरक्की के राह पर आगे ले जाया जाए। इस लिये स्पीकर साहिब, मैं आप की मार्फत सरदार गुरनाम सिंह और इनके साथियों को यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम इस मामले पर बैठेंगे और आपस में इस पर विचार करेंगे, हमारे साथ कमिश्नर आफ लैन्गुजिज़ बैठेगा। एल. आर बैठेगा और एडवोकेट जनरल बैठेगा और हम इस मामले को हल करने की कोशिश करेंगे। यह कोई ऐसा मामला नहीं है जिस को यहां फलोर आफ दी हाउस पर बोल कर हल किया जा सके।

सरदार गुरनाम सिंह : आप इस मामले को और कम्पलीकेट किए जा रहे हैं।

मुख्य मंत्री : स्पीकर साहिब, मैं आप की मारफत इन को यकीन दिलाना चाहता हूं कि जो रिजनल फारमूला है, उस के अन्दर जो धारायें हैं हम उन सब पर सौ फी सदी अमल करना चाहते हैं और अमल करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर इस में कहीं पर कोई कमी या कमज़ोरी आजाती है तो यह हमारी उस तरफ तवज्जुह दिलाएं हम उस कमज़ोरी या कमी को दूर करने के लिये तैयार हैं।

सरदार लच्छमन सिंह गिल : आप इस को सिम्पलीफाई कर दें।

मुख्य मन्त्री : हम इस बारे में आपस में सोच लेंगे।

तो, स्पीकर साहिब, एक सवाल पंडित चिरंजी लाल ने उठाया है। मैं उस के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमारा जो एडवोकेट-जनरल का डिपार्टमेंट है हम उस को रिआरगेनाईज़ कर रहे हैं। उन्होंने अपनी स्पीच में सेप्रेशन आफ ज्यूडीशरी एण्ड एग्ज़े-क्टिव के बारे में बोलते हुए कहा था कि जो प्रासीक्यूटिंग ब्रांच है इस को पुलिस डिपार्ट-मेंट से अलग कर दिया जाए। हम ने इस सम्बन्ध में कुछ प्रपोज़लज़ बनाई हैं और उ स प्रपोज़ल पर इस बारे में पहली अपरैल से अमल शुरू हो जाएगा और अगर उस प्रपोज़ल पर पहली अप्रैल से अमल पूरी तरह से न भी हो सका तो भी मैं आप की मारफत हाउस से यह कहना चाहता हूं कि जो प्रासीक्यूटिंग एजेंसी है उस का कंट्रोल एल. आर. को ट्रांसफर कर दिया जाएगा। हम इस स्पिरिट के मुताबक काम कर रहे हैं ताकि एग्ज़ैक्टिव का ज्यूडीशरी के साथ ज़रा भी ताल्लुक न रहे।

इस के अलावा उन्होंने सेकशन 80 आफ दी सी.पी.सी. का भी ज़िक्र किया था। उस के लिये मैं स्पीकर साहब, आप की मारफत उन्हें बता देना चाहता हूं कि इस काम को देखने के लिये हम ने एक स्पेशल अफसर 6 महीने के लिये लगाया है जो इस डिपार्टमेंट के सारे काम को एग्ज़ामिन करेगा और फिर उस की रिपोर्ट के मुताबिक अमल करने की कोशिश की जाएगी। मैं पंडित चिरंजी लाल को यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम इन बातों के अन्दर जितनी भी शिकायतें हो सकती हैं उन को पूरी तरह से दूर करना चाहते हैं।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : हरियाणा के साथ जो डिसक्रिमिनेशन होती रही है उस के बारे में भी मैं ने अपनी स्पीच में ज़िक्र किया था उस को दूर करने के लिये आप क्या कर रहे हैं ज़रा उस बारे में भी बता दें।

मुख्य मंत्री : तो स्पीकर साहब, सरदार लच्छमन सिंह ने और पंडित चिरंजी लाल ने एक सवाल उठाया था और उन्होंने कहा था कि हस्पतालों के अन्दर डाक्टरों की कमी है और उन्होंने कहा था पंजाब के अन्दर 600 हस्पतालों में डाक्टर कोई नहीं है और इस के अलावा और कई ऐसे हस्पताल हैं जिन में डाक्टरों की कमी है —

सरदार लच्छमन सिंह गिल : और वह सब हस्पताल देहात में हैं।

मुख्य मन्त्री : मैं अर्ज़ करता हूं कि सिर्फ सौ हस्पताल सारे पंजाब में ऐसे हैं जहां पर डाक्टर नहीं है और इन्होंने जो 600 हस्पताल कहे हैं यह गल्त कहा है।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : पिछले साल डाक्टर भार्गो ने जो रिपोर्ट की थी उस में 600 हस्पताल ऐसे बताए गए थे जिन में कोई डाक्टर नहीं है।

मुख्य मन्त्री : पिछले साल में और इस साल में बड़ा फर्क पड़ गया है आप देखेंगे कि जितने भी प्राइमरी हैल्थ सेंटर हैं उन में जो डाक्टर हम मुकर्रर करते हैं उस की डिचटी होती है कि उस सेंटर के इर्दगिर्द जितने गांवों हों उन सब में वह जाए।

श्री बलरामजी दास टंडन : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। मैं आप की रूलिंग पर यह पूछना चाहता हूं कि किसी एक स्पीच के दौरान क्या कोई दूसरा मैम्बर शार्ट स्पीच कर सकता है ?

Mr. Speaker : It is not allowed but somehow this convention is going on. I am trying to control it.

डा० बलदेव प्रकाश : स्पीकर साहब, इन शार्ट स्पीचों का एक फायदा भी है कि इन से चीफ मिनिस्टर साहब का गीयर बदल जाता है। (हंसी)

मुख्य मन्त्री : तो मैं अर्ज कर रहा था कि हर एक प्रायमरी हैल्थ सेंटर में हम एक डाक्टर मुकर्रर कर रहे हैं जो साथ के सारे गांव होंगे उन में जाएगा। हम सब इस बात की पूरी कोशिश में हैं कि थर्ड प्लान के अन्त तक या फोर्थ प्लान के शुरू में हर एक हस्पताल में डाक्टर मौजूद हो और मुझे पूरी उम्मीद है कि हम इस अर्सा में डाक्टरों की कमी को पूरा कर सकेंगे। हम ने डाक्टरों को सरकारी नौकरी में खींचने के लिये तमाम असिस्टेंट सरजनों और दूसरे डाक्टरों की तन्खाहें और एलाऊंसिज़ बढ़ा दिए हैं उन की एक लिमिट भी बढ़ा दी है और इस के अलावा और भी कई तरह की सुविधाएं दे दी हैं। लेकिन इन बातों के बावजूद में जानता हूं कि अभी डाक्टरों की पंजाब में कमी है। लकिन मैं अपने इन दोनों मित्रों को यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम इस तरफ पूरी तवज्जुह दे रहे हैं। इस के साथ नरसों की कमी का भी ज़िक्र किया गया है कि रोहतक के अन्दर नरसों की कमी है। मैं पंडित चिरंजी लाल जी को बताना चाहता हूं कि यह कमी सिर्फ रोहतक के अन्दर ही नहीं है बल्कि यह तो सारे पंजाब के अन्दर है और हम इस कमी को भी पूरा करने में पूरी तरह से कोशां हैं। जहां तक रोहतक मैडीकल कालेज का ताल्लुक है मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि उस कालेज को इम्परूव करने के लिये 30 लाख रुपए खर्च करने का हम ने अभी फैसला किया है। फिर एक मैम्बर की तरफ से यह कहा गया था कि यहां पी. जी. आई. में 226 स्टूडेंटस हैं लेकिन उन के लिए डाक्टर बहुत रखे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वहां इस वक्त 115 डाक्टर है against the sanctioned strength of 335 मैं स्पीकर साहब, आप की मारफत इन साहिबान को यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम इन तमाम चीजों की तरफ पूरी 2 तवज्जोह दे रहे हैं। आप ने इस बजट के अन्दर देखा होगा कि हम ने मैडीकल एण्ड हैल्थ की तरफ काफी तवज्जुह देने की कोशिश की है।

एक बात स्कूलों की अपग्रेडेशन के बारे में कही गई थी। मैं इस सिलसिले में बता देना चाहता हूं कि हम ने इस काम के लिये इस बजट में 56 लाख रुपए की रकम रखी है और इस रकम से हम जितने ज्यादा से ज्यादा स्कूल अपग्रेड कर सकें, करेंगे और खासतौर पर बैकवर्ड इलाकों के जितने स्कूल हैं हम सब से पहले उन की तरफ तवज्जुह देना चाहते हैं।

सरदार लच्छमन सिंह गिल : आप गांव वालों को क्यों कहते हैं कि वह स्कूल की बिल्डिंग बना कर दें ?

मुख्य मंत्री: इस के बाद हरियाणा का भी जिक्र किया गया । जिस बात की तरफ पंडित चिरंजी लाल ने तवज्जुह दिलाई है मैं उस बारे में उन से अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस साल हम ने वहां 120 जे. बी. टी. यूनिटस खोले हैं और हरेक जे. बी. टी. यूनिट में 40 स्टूडैंटस लिये जाएंगे तो इस तरह से यह कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी। इस के इलावा हम ने यहां के लिये 8 सायंस बलाक दिए हैं जिन के लिये 40 लाख 46 हज़ार रुपया दिया गया है। इस के इलावा कैथल के अन्दर हम ने गर्लज़ होस्टल के लिये प्रोवीज़न किया है। फिर हम ने कुरूक्षेत्र यूनिवर्स्टी के लिये 1,750 हज़ार रुपए दिए हैं। तो मेरे कहने का मतलब यह है कि हरियाणा के लिये जितने रुपए की जिस जिस चीज के लिये जरुरत होगी वह हम पूरी करने की कोशिश करेंगे और पूरी तवज्जुह उस इलाके की जरूरतों की तरफ हम दे रहे हैं और हम इन बातों को नज़र अन्दाज नहीं करते। जितनी जरूरत होगी हम उस को पूरी अहमीयत देंगे।

इस के बाद टियूबवेलज़ के लिये बिजली के कनैक्शन का सवाल उठाया गया है। इस बारे में मैं अर्ज़ कर देना चहता हूं कि 4564 टियूबवैलज़ को 31 जनवरी, 1965 तक कनैक्शन दिए जा चुके हैं और 31 मार्च तक जितनी तादाद हम ने निश्चित कर रखी है को कनैक्शन दे सकेंगे इस की मुझे पूरी आशा है। इरीगेशन प्रप्ज़िज़ के लिये जितनी भी बिजली के कनैक्शन चाहिये होंगे हम उन को पूरा करने की कोशिश करेंगे। हम ने इन को टाप प्रायरटी देने का फैसला कर रखा है।

इस के बाद स्पीकर साहिब, फल्डज़ का सवाल उठाया गया है। इस बारे में मैं अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि तीसरी प्लान के अन्दर फल्डज़ को रोकने की स्कीमज़ पर 15 करोड़ रुपये खर्च करने का फैसला कर रखा हुआ था लेकिन आप को जान कर खुशी होगी कि हम बजाए 15 करोड़ रुपये खर्च करने के इस प्लान पीरियड में 28 करोड़ रुपये खर्च करने जा रहे हैं तांकि इस तरफ जल्दी से जल्दी तवज्जुह दी जा सके। क्योंकि हम समझते हैं कि यह हमारा फर्ज़ है कि हम इन सारी चीजों की तरफ तवज्जुह दें और मैं हाउस को यकीन दिलाना चाहता हूं कि इन सारी चीजों की तरफ पूरी २ तवज्जुह दी जाएगी।

ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ ਜੋਗਾ: ਆਨ ਏ ਪੁਆਇੰਟ ਆਫ ਆਰਡਰ, ਸਰ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ,

6.00 p. m.

ਬਜਟ ਵਿਚ ਹੋਰ ਹੀ ਗਲਾਂ ਹਨ, ਟਿਊਬਵੈਲ ਅਪਰੇਟਰਾਂ ਦਾ ਪਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੈ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ: ਹੁਣ ਬਜਟ ਤੇ ਬਹਿਸ ਨਾ ਕਰੋ (The hon. Member should not raise discussion on the Budget now.)

मुख्य मंत्री: फिनांस मिनिस्टर साहिब ने यकीन दिलाया था कि वह टियूबवेलज़ आपरेटरों का केस सिम्पेथैटीकली कन्सिडर करेंगे। तो स्पीकर साहिब, सैनिक स्कूलों

के बारे बख्शी प्रताप सिंह जी ने सवाल उठाया था कि एक सैनिक स्कूल कांगड़ा में खोला जाए। अर्ज़ यह है कि एक सैनिक स्कूल कपूरथला में है और दूसरा कुंजपुरा में है। वहां पर जो इनटेक है वह 550 का है मगर आज भी वहां पर इतने लड़के नहीं पढ़ रहे। हम इन में से एक पर 60 लाख 85 हज़ार रुपया और दूसरे पर 55 लाख 43 हज़ार रुपया खर्च कर रहे हैं। झज्जर में एक सैनिक स्कूल खोलने के बारे में गौर हो रहा था मगर जब कि वहां पर इनटेक ही पूरी नहीं हो रही और माली हालत को देखते हुये हमें इस बात का अफसोस है कि हमें इस बात में अहिमियत नज़र नहीं आती। जब भी हमारे फिनांसिज़ ऐलाऊ करेंगे तो हिन्द सरकार से मिलकर झज्जर के अन्दर और कांगड़ा के अन्दर ऐसे स्कूल खोलने की तरफ ध्यान देंगे।

फिर यहां पर सवाल उठाया गया वाटर-सप्लाई का। यह हम ने करीब सात सो गांवों में प्रोवाइड की है जिन में से दो सौ गांव कांगड़ा में हैं और 12 ऐसी स्कीमें हैं जिन को कि हम कांगड़ा में लागू करने जा रहे हैं। जहां भी कांगड़ा जिला की हम से मदद हो सकेगी करेंगे। और बजट में आप ने देखा कि ऐसा किया भी गया है।

फिर स्पीकर साहिब, सरदार प्रताप सिंह के सफाकाना कत्ल का सवाल उठाया गया।

चौधरी देवी लाल : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। क्या चीफ मिनिस्टर साहिब, ऐसा कर सकते हैं कि किसी की स्पीच का जवाब ही न दें। ऐजूकेशन मिनिस्टर साहिब, ने दो ही केसिज़ आफ डिसक्रिमीनेशन का जवाब दिया मगर मैं ने तो सारे हरियाणे के साथ डिस्क्रिमीनेशन की जाती बताई थी। क्या यह उस का जवाब देने के लिए पाबन्द हैं या नहीं ?

Mr. Speaker : please resume your seat.

मुख्य मंत्री : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि सरदार प्रताप सिंह कैरों का जो सफाकाना कत्ल हुआ है उस का हर शहरी को खेद है......

सरदार लच्छमन सिंह गिल : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। यह रैपीटीशन है। (विघ्न)।

श्री अध्यक्ष : आप औबस्ट्रक्ट करना चाहते हैं। प्लीज़ टेक युअर सीट। (The hon. Member is causing obstruction, he may please take his seat.)

सरदार लच्छमन सिंह गिल : मैं आप की रूलिंग चाहता हूं कि आया रैपीटीशन की जा सकती है। क्या कोई मेम्बर अपनी पहली कही बात को दोहरा सकता है ?

Mr. Speaker : It is for me to see whether it is a repetition or not.

सरदार लच्छमन सिंह गिल : आप रेसपैक्टफुली बोलें। ज़रा तहम्मल से काम लें और हमारी तसल्ली तो करा दें।

Mr. Speaker : The hon. Member may please take his seat. No hon. Member can say that it is a repetition.

चीफ पार्लियामेंट्री सैक्रेटरी : स्पीकर साहिब टाईम ऐक्सटैंड कर दें, इन्टरप्शन्ज़ बहुत रही हैं।

मुख्य मन्त्री : स्पीकर साहिब, श्री कैरों के कत्ल के बारे में यहां पर तकरीरें हुई। अच्छे २ मैम्बरों ने कहा कि जिस वक्त उन का कत्ल हुआ तो जो पुलिस वाले थे वह वक्त पर नहीं पहुंचे, रिपोर्ट लिखने वालों ने देर कर दी और तहकीकात के लिये जो फौरी कदम उठाये जाने ज़रूरी थे वह उन्होंने नहीं उठाए। इस के इलावा चौधरी देवी लाल जी ने जिस सरपंच हरकिशन लाल ने एफ. आई. आर. दर्ज कराई, उस की मौत का सवाल भी उठाया। आप की मार्फत मैं हाउस से अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमें इस सफाकाना कत्ल का बहुत दुख है मगर इस सारी चीज़ को यहां पर गलत तरीके से पेश करना किसी को ज़ेब नहीं देता जहां तक सरपंच का सवाल है उन को 17 तारीख को सुबह ब्लड प्रैशर हुआ और हार्ट अटैक हुआ। डाक्टर्ज़ बुलाए गए, उन को दवाई दी गई और 24 घंटे के बाद उन की तबियत ठीक हो गई और 21 तारीख को जब वह सुबह रफा हाज़त के लिये गए तो उस वक्त हार्ट अटैक से उन की मौत हुई। यह बिल्कुल नेचुरल डैथ हुई। मैं खुद उन के गांव गया था और उनकी पत्नी से मिला, लड़के लड़की से मिला। लड़का सिंगापुरा के अन्दर जमादार है, उन के भतीजे से मिला, गांव के सरकरदा आदमियों से मिला, बात चीत की। उन सब ने कहा कि बिल्कुल नैचुरल डैथ थी। हमें किसी किस्म की शिकायत नहीं है। मैं हाउस से कहना चाहता हूं कि अगर किसी को भी इस बारे में कोई शक है तो पंजाब राज इस बारे में उनको पूरी सहुलियत देने के लिये तैयार है। वह गांव में जाएं, लोगों से मिलें या और जो कुछ ज़रूरी हो करें। मगर मैं इस बारे में यह यकीन दिलाता हूं कि श्री हरकिश्न लाल जी की मौत अफसोसनाक ज़रूर है मगर इस का यह हरगिज़ मतलब नहीं है कि इस से किसी तरह से ऐवीडैंस खराब हो गई है जैसा कि यहां पर कहा गया। श्री हरकिश्न लाल चश्मदीद गवाह नहीं था, चश्मदीद गवाह तो और ही है। जब एक रिपोर्ट दर्ज हो जाती है तो फिर उस में कोई कहीं नहीं रह जाता। मैं यकीन दिलाता हूं कि पुलिस के पास सारी ऐवीडैंस मौजूद है, उस को किसी तरह से खलत मलत नहीं किया गया। मैं अर्ज़ करता हूं कि यह 12—15 पर असैसीनेशन हुई रसोई गांव के अन्दर जो कि दिल्ली से सवा 18 मील के फासले पर है। रसोई के थाने में 12.45 पर रिपोर्ट पहुंची जो कि श्री हरकिश्न लाल और उस के साथियों ने की। उस वक्त उस थाने में सब-इन्स्पैक्टर और चार पांच सिपाही थे। वह सब-इन्स्पैक्टर 20 मिनट के अन्दर यानी एक बज कर पांच मिनट पर वहां मौके पर पहुंच जाता है। यही नहीं बल्कि फौरन टैलीफोन पर मुहर्रिर को इतलाह दी, बार्डर पुलिस को इतलाह दी, ऐस० पी० रोहतक और करनाल को इतलाह दी, सम्भालके थाने में इत्लाह की और चंडीगढ़ आई. जी. और डी. आई. जी. को इतलाह की। उस वक्त

थाने में दो तीन सिपाहीं रह गये थे।

इस के इलावा जो ए. एस. आई. और पुलिस कान्सटेबल तफतीश पर बाहर गये हुए थे उन्हें भी इतलाह दे दी गई कि वह मौका पर पहुंच जाएं। डेढ़ बजे के करीब अम्बाला के डी. आई. जी. को इतलाह दी गई। स्पीकर साहिब, इस से बढ़कर और क्या बात हो सकती है कि यू. पी. के आई. जी. राजिस्थान के आई. जी., दिल्ली के आई. जी. और पंजाब के जितने एस. पी थे सब को वायरलैस के ज़रिए इतलाह दे दी गई थी। दिल्ली क डी. आई. जी. और एस. पी. क्राइम और तीन बजे एस. आई. करनाल और इस के ए. एस. आई और दूसरे सब अफसर मौके पर पहुंच गए। साढ़े तीन पौने चार बजे तक रोहतक की पुलिस के एस. आई. और सोनीपत के एस. आई. वहां पर पहुंच गए। जनरल हरभजन सिंह, जी. ओ. सी दिल्ली भी मौका पर पहुंच गए। स्पीकर साहिब, यही नहीं जब सारी पुलिस फोरस आई तो आस पास के सारे इलाके में 17 पुलिस पिक्टस बिठा दी गई। नहरों पर, पुलों पर, रास्तों पर और दुसरी जगहों पर पिक्ट बिठा दी गई। मेरे पास एक एक गांव के नाम हैं जहां पर कि पुलिस पिक्ट बिठाई गई। (विघ्न)

Pandit Chiranji Lal Sharma : Sir, since the matter is under investigation, will it not prejudice the investigation if the Chief Minister makes a detailed statement about all this ?

मुख्य मंत्री : मैं वही कह रहा हूं जो किसी भी शकल में तहकीकात पर असरअंदाज न होगी। मैं अर्ज़ कर रहा था कि 4 बजे के करीब हमारे डी. आई. जी. श्री माथुर वहां पर पहुंच गए। मैं खुद 6 तारीख को रात के साढ़े नौ बजे पहुंचा था जनरल हरभजन सिंह 1 बज कर 10 मिन्ट पर दो एस, आइज़. को साथ लेकर मौका पर पहुंच गये थे। 7 मील के रकबा में जगह जगह पर ब्रिजों पर पिक्ट बिठा दी गई थी। इस के इलावा सैंट्रल फोरस की पिक्ट दूसरी जगह पर बिठा दी गई थी। ट्रेनिंग सैंटर की फोरस की 8 जगहों पर पिक्ट बिठा दी गई थी। इस के इलावा सर्च पार्टियां मुख्तलिफ गांवों में नारी ठेंरी, मनीपूर वैस्टर्न जुमना कैनाल, हलालपुर नैहरा वगैरा गांवों में भेज दी गई। दूसरे दिन अढ़ाई बजे तक दिन रात एक करके सब जगह को देख लिया लेकिन यह हमारी बदकिस्मती है कि कातल किसी रास्ते से निकल गए। और हमारे काबू न आ सके। इसका यह मायना नहीं कि पुलिस ने अपने काम में कौताही की है और अपने फर्ज़ को निभाने से कासर रही है। इस के इलावा और भी डीटेलज़ मेरे पास हैं लेकिन शायद मेरे लिए इस स्टेज पर उनका बताना मुनासिब न हो लेकिन मैं आप की मार्फत हाउस को यकीन दिलाना चाहता हूं कि जिस किसी क्लू पर शक हो सकता था हमारी पुलिस ने छानबीन की है। मैं इस बात को भी आप के नोटिस में लाना चाहता हूं कि सिर्फ पंजाब की पुलिस ही नहीं सैंटर की पुलिस और इन्टैलीजैंस ब्योरो और हिन्दुस्तान के टाप मोस्ट एक्सपर्टस हमारी पुलिस के साथ पूरी तरह से कोआर्डीनेट कर रहे हैं। मैं हाउस को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारी कोशिश सिर्फ स्टेट में ही नहीं बाहर भी जारी है। एस. पी. और एस. आईज. राजिस्थान जमशेदपुर टाटा कलकता और दूसरी जगहों पर भी तफतीश कर रहे हैं। और हमारा यकीन है और मैं आशा रखता हूं कि हम इस कत्ल

[मुख्य मन्त्री]

का सुराग लगाने में कामयाब होंगे। इस में हमारी पुलिस का या हमारा कोई कसूर नहीं है। जो सही वाक्यात थे मैं ने आपके सामने रखे हैं।

एक बात यह कही गई कि इस इन्कवायरी को स्काटलैंड यार्ड के हवाले कर दिया जाये यह ठीक बात नहीं। इस के सम्बन्ध में है आप की तवज्जुह इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि 2 वाक्यात हमारे नोटिस में हैं कि आस्ट्रेलिया में कत्ल हुए और उन्होंने सारी वर्ल्ड की सरकारों को लिखा। दुनिया के बैस्ट पुलिस एक्सपर्टस को कात्लों का हुलिया भी दिया गया। एक साल से ऊपर हो गया है लेकिन आज तक कात्ल पकड़े नहीं जा सके। दोनों कत्ल एक ही नोइयत के थे। मैं यह कहना चाहता हूं कि इन्गलैंड में एक गाड़ी लूटी गई वहां पर पुसिल मौजूद थी, सारे स्काटलैंड यार्ड की पुलिस भी पास थी लेकिन ट्रेस आऊट ना हो सका। यही नहीं हमारे अमृतसर में गुरू राम दास सराए के बाहर खुशबख्त राए को गोली मार दी गई हालांकि 500 पुलिस के आदमी वहां पर मौजूद थे। और आज तक उस कत्ल का सुराग न मिल सका। इन सब बातों को देखें तो हमारे सामने मुख्तलिफ वाक्यात आएंगे लेकिन यह बात ठीक है कि हम इस कत्ल का सुराग लगाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे। हमारी नियत साफ है और कोशिश जारी है। इस लिये मैं हाउस को ठंडे दिल से इस बात को सोचने के लिये कहता हूं। जहां तक पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन का सम्बन्ध है वह रात दिन मेहनत कर रही है। मैं आप सब से प्रार्थना करूंगा कि अगर आपके पास कोई इनफारमेशन हो तो आप पुलिस को दें ताकि तहकीकात में मदद मिल सके और कोई तहरीर या तकरीर इस तरह की न करें जिस से इस तहकीकात पर ऊलटा असर पढ़े। हम ज़रूर सुराग लगाने में कामयाब होंगे। और हम ने कोशिश की है कि इस तरह के वाक्यात आगे के लिये हमेशा के लिये बंद हो जाएं। यह कत्ल इस स्टेट के नाम पर एक धब्बा है और हम इस धब्बे को धोना चाहते हैं। जो हमारा फर्ज़ है उस के मुताबिक छानबीन कर रहे हैं और दिल्ली और दूसरी जगहों की पुलिस का हम को कोआप्रेशन हासिल है। इस लिये हम जरूर कामयाब होंगे। इस इलफाज़ के साथ जो वोट आफ थैंक्स गवर्नर साहिब के एड्रेस पर मूव किया है को स्पोर्ट करता हूं और दरखास्त करता हूं कि इसको पास किया जाए।

WALK OUT

श्री जगननाथ : (खड़े होकर और चलते, चलते) चीफ मनिस्टर ने बैक वर्ड कलासिज़ का ज़िकर तक नहीं किया इस लिये मैं वाक आऊट करता हूं।

DISCUSSION ON GOVERNOR'S ADDRESS (RESUMPTION) (CONCLD)

चौधरी नेत राम : जनाब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है ..

Mr. Speaker : No point of Order, please.

(Interruption by Ch. Net Ram)

Mr. Speaker : Please resume your seat.

I will now put the amendments one by one to the vote of the House. The first amendment stands in the name of Shri Babu Dayal Sharma.

Shri Babu Dayal Sharma : Sir, I beg to withdraw my amendment.

Mr. Speaker : Has the hon. Member the leave of the House to withdraw his amendment ?

Voices : Yes.

The amendment was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Now, I will put amendment No. 2 to the vote of the House.

Question is —

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made —

(1) as to enforcement and implementation of prohibition in the State ;
(2) about the extension of co-operative farming in the State ;
(3) to nationalise the passenger bus service in the State ; and
(4) to fix ceiling on urban property."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made —

(1) regarding the appointment of Pay Commission as desired and demanded by the Government employees since long ;

(2) about the illegal and continued arrest of the Left Communist Party Members, including two members of this House ;

(3) for providing relief to be provided to the School Teachers who recently observed mass hunger-strikes and to the canal patwaris ;

(4) to tackle the problem of floods and water-logging in the State ;

(5) to concede the demands of the Republican Party put during its Satyagrah ;

(6) to provide relief to industrial workers and to link their daily wages with the cost of living ; and

(7) to adopt in *toto* State Trading in foodgrains and other essential commodities."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Next amendment (No. 8) stands in the name of Shri Roop Lal Mehta.

Shri Roop Lal Mehta : Sir, I beg to ask for leave to withdraw my amendment.

Mr. Speaker : Is it the pleasure of the House that leave be granted to the hon. Member to withdraw his amendment.

Voices : No.

Voices : Yes.

Mr. Speaker : Since leave is not granted, I will put the amendment to the vote of the House.

Question is.—

[Mr. Speaker]
That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made —

(1) regarding attack and firing in dead dark night on village Gurbari (Palwal) by U.P. Police and villager of Kani Kheri of Bulland Shahr District resulting capturing in all U.P. Police Arms Horse police constable as well ;

(2) regarding construction of Zehar Nala Bandh a stream of Jamuna River dividing 14 villages of Gurgaon District likely to be diverted to U.P. side ;

(3) regarding medical facilities to backward area of Gurgaon District neither upgrading of Civil Hospital Palwal is considered ;

(4) regarding rural industrial State of Palwal and to check the un-employment of the backward area of Gurgaon District ;

(5) to provide roads in Gurgaon District as important villages are missing from the mind of Government to link with national highways such as Palwal to Chanda, Mohana to Sikri, Gatpuri to Jaindapur ;

(6) to provide upgrading of rural middle schools of Bhagola and Dhatir the backward part of the State ;

(7) to nationalise the private Bus Service which are causing harassment to its employees ; and

(8) to fix ceiling to the Urban property so that socialism problem may be effective."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That in the motion, the following be added at the end, namely ,—

"but regret that no mention has been made of opening a new Degree College at Gohana in District Rohtak which is backward and flood affected tehsil while there is a mention of opening a new College in Kangra District."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That in the motion, the following be added at the end, namely ,—

"but regret —

(1) that no mention has been made of the tenancy problem in the State. No security or relief has been given to the tenants by existing land legislation. There has been no implementation of laws relating to security to tenants ;

(2) that no mention has been made about rural electrification and minor irrigation schemes in tehsil Una ;

(3) that no mention has been made of tackling the floods in the choes and Swan Nadi in tehsil Una ; and

(4) that no mention has been made of Technical and College Education in tehsil Una ;

(5) that no mention has been made of anti-waterlogging measures in tehsil Una."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made—

(a) of moving the Central Government and State Government for making due preparations for celebrating the 500th birthday of Shri Guru Nanak Dev Ji as was done in case of Lord Budha ;

(b) to restore and pay the arrears of pensions of those political sufferers who were arrested in the Punjabi Suba agitations of 1955 and 1960-61 ;

(c) about the steps taken to implement the assurances of late Prime Minister Shri Jawahar Lal Nehru regarding Punjabi language ;

(d) about the steps taken by the Government against the failure of several local bodies, market committtees and various district offices to switch over to Panjabi for their official work in the Punjabi region ;

(e) about the implementation of Sachar Formula and Pepsu Formula in regard to Punjabi language in the Punjabi region and no assurance has been given to stop its violation ;

(f) to secure all those concessions which are provided in the case of Hindu Harijans for those Harijans who have embraced Budhism ;

(g) for securing adequate funds for the welfare of Harijans and other backward classes in proportion to their needs in the Fourth Five-Year Plan ;

(h) about the steps for checking the growth of population indiscriminately nor promise has been made for securing adequate funds for family planning according to the dimensions of the problem ;

(i) that no mention has been made for securing decent treatment towards rural people in Government offices; and

(j) to publish the report of "Betterment Levy Committee" appointed by the Government some time back and of steps to suspend the collection of betterment levy in the meantime as has been done in the matter of Marla Tax."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made—

(a) regarding rural industrial State of Ajnala and to check the un-employment of the backward area of Amritsar District ;

(b) to provide roads in Ajnala Tehsil in Amritsar District as important villages as Khatrai Kalan, Jagdev Kalan, Loharka Kalan, Loharka Khurd and Malu Nangal, are missing from the mind of the Government ;

(c) to provide upgrading of rural middle schools of village Bopa Rai and Dial Bharang ;

(d) to fix ceiling to the urban property so that socialism problem may be effective ;

(e) for securing adequate funds for the welfare of Harijans and other backward classes in proportion to their needs in the Fourth Five-Year Plan ; and

(f) the steps for checking the growth of population indiscriminately no promise has been made for securing adequate funds for family planning according to the dimensions of the problem."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Next amendment (No. 13) stands in the name of Shri Rup Singh Phul.

Shri Rup Singh Phul : Sir, I beg to ask for leave to withdraw my amendment.

Mr. Speaker : Is it the pleasure of the House that leave be granted to the hon. Member to withdraw his amendment ?

Voices : No.

Voices : Yes.

Mr. Speaker : Since leave is not granted, I will put the amendment to the vote of the House.

Question is —

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made to —

(1) establish a Sainik School in district Kangra ;

(2) adopt speedy means for the road development in the Hill area so that communication and transport facilities be given to these areas ;

(3) develop the herbal wealth of hills by establishing Ayurvedic College-cum-Pharmacy in district Kangra ;

(4) establish medical, engineering and agricultural colleges in district Kangra ;

(5) establish a stadium in district Kangra ;

(6) construct high level bridges over the Beas at Sujanpur Tira and Nadaun ;

(7) give special attention to the upgrading of various categories of schools in the hilly areas in view of the educational backwardness prevailing there ;

(8) establish the cement and newsprint factories in the district of Kangra at an early date ;

(9) for the settlement of oustees of Bhakra and Pong Dams ;

(10) stop the ejectment of tenants in the State ;

(11) give proprietary rights to the classified tenants of Kangra District ;

(12) issue orders for the forest settlement of Kulu and Kangra Districts;

(13) set apart a substantial amount for the purpose of land for the Harijans of Kangra District where there is no surplus or evacuee land ;

(14) energise village in Hamirpur Sub-Division at top priority level on account of the meritorious military services of this martial area ;

(15) make industrial development of the hilly areas on top priority basis in order to do away with the unemployment and poverty prevailing there."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Next amendment (No. 14) stands in the name of Principal Rala Ram.

Principal Rala Ram : Sir, I beg to ask for leave to withdraw my amendment.

Mr. Speaker : Is it the pleasure of the House that leave be granted to the hon. Member to withdraw his amendment ?

Voices : No.

Voices : Yes.

Mr. Speaker : Since leave is not granted, I will put the amendment to the vote of the House.

Question is—

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made—

(1) about the steps taken by the Government to check adulteration of food-stuffs, etc. ;

(2) about the steps taken by the Government to improve standard of education in the State ; and

(3) about the steps taken by the Government to control the Cho menace in Hoshiarpur District."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Next amendment (No. 15) stands in the name of Shri Lal Chand Prarthi.

Shri Lal Chand Prarthi : Sir, I beg to ask for leave to withdraw my amendment.

Mr. Speaker : Is it the pleasure of the House that leave be granted to the hon. Member to withdraw his amendment ?

Voices : No.

Voices : Yes.

Mr. Speaker : Since leave is not granted, I will put the amendment to the vote of the House.

Question is—

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made—

(1) about the widening and remodelling of Kulu-Manali left Bank Road in Kulu District ;

(2) regarding the construction of bridges over Beas River at Raisan, Goshal and Bajaura ;

(3) about the steps taken by the Government to start a Degree College at Kulu ;

(4) about upgrading Primary School of Jagat Sukh to Middle Standard ;

(5) regarding setting up of a Fruit Preservation Factory at Kulu ;

(6) about establishment of Herbs Research Farm in Kulu District ;

(7) about the steps so far taken to construct a 100-bed hospital at Kulu to provide necessary medical aid to the poor people of farflunged and backward areas of Kulu, Lahaul and Spiti;

(8) about the withdrawal of Government order under which Nautors have been denied to the rightholders of Kulu District ;

(9) about the steps taken by the Government to re-build the small town of Manali, a beautiful tourist resort of the State ; which was reduced to ashes in October last ;

[Mr. Speakar]

(10) regarding the steps so far taken by the Government to develop the Tourist resort. beautiful spots and places of interest and pilgrimage in Kulu, the valley of gods."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Questionis —

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made —

(1) about the Government's intention to resort to State Trading in near future in spite of the soaring high and fluctuant prices of the necessities of life in the State ;

(2) about the uplift of lacs of petty landholders possessing less than ten acres of uneconomic land holdings throughout the State ;

(3) about the provision of industrial estate and technical training institute somewhere in the backward sub-division of Zira in the Ferozepore District ;

(4) for providing at least 50 per cent of the available electric energy for agricultural purposes as against only 12.99 per cent now proposed for this most essential purpose ;

(5) for providing an academic college in the backward area of Zira Sub-Division ;

(6) for installing a sugar mill somewhere in Zira Tehsil for the benefit of the agriculturists who are obliged to switch over to cane-growing due to the waterlogging of their lands ;

(7) for constructing a pucca road from Talwandi Bhai to Mallanwala in Ferozpore District linking thereby this vast area of agricultural production with the only market place at Talwandi Bhai and;

(8) for remodelling and harnessing the Zira and Talwandi Bhai Drains in such a way that they may not overflow and flood the area through which they flow."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made —

(1) regarding the issuing of instructions to all heads of departments in the State, for giving chances to the Scheduled Castes Government employees in the State, to officiate in higher posts even if the officiating period is less than a month ;

(2) regarding the reservation of 10 per cent posts, cadrewise, according to the total strength of posts in Government Departments for persons belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes in promotion cases, as the representation of the Scheduled Castes is inadequate in the Government services ; and

(3) regarding a High-Powered Commission to enquire into the discrimination done and is being done in cases of promotional cases for the Scheduled Castes Government employees in the State, by one or the other reasons."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That in the motion, the following be added at the end, namely ,—

"but regret that no mention has been made to —

(1) raise the standard of living of Scheduled Castes and Scheduled Tribes ;

(2) appoint High Power Commission to check up the real progress of Scheduled Castes and Scheduled Tribes after 1947 to date ;

(3) provide common land to Harijans for goats and sheep ;

(4) provide better methods to check up the water logging area of Hansi Tehsil ;

(5) provide work to the landless tenants in rural area ;

(6) stop the ejectment of Harijan tenants in the State ;

(7) develop the handloom and leather industries in the rural area ;

(8) provide lined water course from Rajthal to Hansi of Hissar Major and Petwar Distributary ;

(9) provide upgrading of schools in rural area of Hansi Tehsil ;

(10) provide industrial estate at Hansi ;

(11) provide pacca road from Hansi to Baroda and Bhiwani to Jind ;

(12) provide tube-well facilities in rural area of Hansi Tehsil ;

(13) provide electric facilities in big villages in Hissar District ;

(14) appoint enquiry officer at District Headquarter ; and

(15) provide and approach to the Union Government for permitting the Harijans for recruitment in all units of Army for which they are found fit without any discrimination whatsoever."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That in the motion, the following be added at the end, namely,—

"but regret that no mention has been made —

(1) to provide an industrial estate at Mansa or Sardulgarh in Bhatinda District ;

(2) to provide Pacca Road from Gurusar to Budhladha via Nangal and Baroh;

(3) to provide a link road from Bareh Kalan to the Budhladha-Ratia Road ;

(4) to provide electric facilities in villages of Mansa Sub-Division ;

(5) to provide for an academic college at Mansa ;

(6) of moving the Union Government to install a big Textile Mill in cotton-growing area of Mansa ;

(7) of remodelling the drains in such a way that they may not overflow and damage the crops of their respective catchments ; and

(8) of solving the linguistic problem of the State according to the spirit of commitments of the Union Government in spite of the changing political atmosphere of the State to the linguistic unrest in Southern India."

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is —

That an Address be presented to the Governor in the following terms :—

"That the members of the Vidhan Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the Governor for the Address which he has been pleased to deliver to both the Houses of the State Legi lature assembled together on the 22nd February, 1965."

After ascertaining the votes of the Members by voices, Mr. Speaker said "I think the Ayes have it'. This opinion was challenged. The bells were sounded. Mr. Speaker after calling upon those members who were for "Aye" and those who were for "No" respectively to rise in their places, declared that the motion was carried.

The motion was declared carried
(Thumping from the Treasury Benches)

Mr. Speaker : The House stands adjourned till 9.30 A.M. tomorrow.

The Sabha then, adjourned till 9.30 *A.M. on Thursday, the* 4th *March,* 1965.

APPENDIX
to
P.V.S. Debates, Volume I, No. 8, dated the 3rd March, 1965
(*Afternoon Sitting*)

Copy of letter, dated the 1st October, 1964, from Shri Hardwari Lal M.L.A., to the Hon'ble Speaker, Punjab Vidhan, Sabha, Chandigarh.

Subject.—Regarding Question No. 6275 included in the list of Starred Questions for 18th September, 1964.

The question cited above as subject has been subject of Supplementaries on 18th and 21st September and of half an hour discussion on 28th September, I maintain, as I did in the House that E.M. has made certain wrong statements in the House for example :—

1. Pt. Chiranji Lal Sharma put the following Supplementary on the 18th :—

"May I ask the hon. Minister if he is in a position to state that the office of the D.P.I. is standing in the way of starting the Campus at Rohtak?" To this the E.M. replied "*There is absolutely no truth in the statement made by the Hon'ble Minister.*"

2. On the 21st I put the following Supplementary question :—

"Is it a fact that so far as Rohtak is concerned the Government has already asked the University to abandon the proposal, if so, what the reasons for that decision are ?" To this the E.M's reply was "*No such proposal or suggestion has been made to the University by the Government.*"

The leading article in the Tribune of 27th July, 1964 and the proceedings of the Senate meeting of the Punjab University, held on 25th July, 1964 (page 12) (*Both enclosed*), would indicate that the Minister's statements in the House on the 18th and 21st September, 1964 were wrong. It is only fair that the Minister should apologise to the House.

Copy of D.O. letter No. EDI-20(51)-65, dated the 6th January, 1965 from the Minister for Education and Local Government to the Hon'ble Speaker, Punjab Vidhan Sabha.

Please refer to your D.O. letter No. SQ/64/56357, dated 29th December, 1964 enclosing therewith a copy of the relevant extract from the proceedings of the Senate meeting as also a copy each of the Starred Question and Supplementaries thereon, together with the replies.

2. I have looked into the replies given to the Supplementary Questions put up by Sarvshri Chiranji Lal Sharma and Hardwari Lal. I find no contradiction in the replies given to these two Supplementaries mentioned in your letter under reply. I may point out that Government is not responsible for the recording of the proceedings of the University Bodies and, therefore, I am not bound to be guided by these. The D.P.I. has simply advised the Punjab University not to go ahead with the setting up of the proposed centre at Rohtak and this does not tantamount to "standing in the way of starting a campus at Rohtak". The University is quite free to start its centres and is not bound by the advice of the Education Department under the Punjab University Act. So far as Government is concerned, they have not written anything about it to the University because obviously the case has yet to be finalized by the Government, keeping in view the decision taken by the High Powered Committee, a meeting of which took place on 30th October, 1964. I hope I have made the position quite clear and there is no inconsistency of facts in what I have stated in my replies to the Supplementaries.

N.B.—Please *see* Page (8) (127) of this Debate for reference.

4251 PVS—366—26-6-65 C., P. and S., Pb., Chandigarh.